अधार्मिक मनुष्य अधर्म द्वारा पहले बढ़ता है और अपनी अनेक प्रकार की भलाई करता है। फिर शत्रुओं को भी जीत लेता है। परन्तु बाद में घर-बार समेत पूर्णतः नष्ट हो जाता है।

A bad man makes progress with the help of immorality, looks desired things and also wins his enemies, but at last he is up-rooted and destroyed.

(57)

अध्यापिता ये गुरून्नाद्रियन्ते,
विप्रा वाचा मनसा कर्मणा वा।
यथैव ते न गुरोर्भोजनीया-
स्तथैव तान्न भुनक्ति श्रुतं तत्॥

निन्दनीय शिष्य निरुक्त/2/4

Adhyāpitā ye gurunnādriyante,
Viprā vācā manasā karmaṇā vā।
Yathaiva te na gurorbhojanīyā-
stathaiva tānna bhunakti śrutaṁ tat॥

Condemnable pupils Nirukta / 2 / 4

जो पढ़ाए गए शिष्य वाणी, मन और व्यवहार से अपने गुरु का आदर नहीं करते, वे गुरु की

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कृपा के पात्र नहीं हो पाते और उसी प्रकार उनका प्राप्त किया हुआ ज्ञान भी सफल नहीं होता।

The pupils who don't respect their teacher with tongue, mind and practice, don't deserve the favour of their teacher and also, the knowledge they have gained gives no success to them in the life.

(58)

अनन्तपारं किल शब्दशास्त्रम्,
स्वल्पं तथायुर्बहवश्च विघ्नाः।
सारं ततो ग्राह्यमपास्य फल्गु,
हंसैर्यथा क्षीरमिवाम्बुमध्यात्॥

ग्राह्य पञ्चतं./कथामुख/7

Anantapāraṁ kila śabdaśāstram,
Svalpaṁ tathāyurbahavaśca vighnāḥ।
Sāraṁ tato grāhyamapāsya phalgu,
Haṁsairyathā kṣīramivāmbumadhyāt॥

Adoptable Pañcata. / Kathāmukha / 7

आयु थोड़ी है और पठनीय साहित्य असीम है तथा विघ्न भी अनेक प्रकार से आ जाते हैं। इसलिए व्यर्थ का साहित्य छोड़कर साररूप को ग्रहण करना चाहिए; जिस प्रकार हंस पानी में से दूध का अंश ग्रहण कर लेता है।

The literature is very voluminous and boundless, but our age is very short and also full of many obstacles in it. So we should adopt only extracts and over-look trifle things, like the swan who drinks milk out of the mixture of water and milk.

(59)

अनन्तशास्त्रं बहु वेदितव्यम्,
अल्पश्च कालो बहवश्च विघ्नाः।
यत्सारभूतं तदुपासितव्यम्,
हंसो यथा क्षीरमिवाम्बुमिश्रम्॥

ग्राह्य नराभरण/994

Anantaśāstraṁ bahu veditavyam,
Alpaśca kālo bahavaśca vighnāḥ।
Yat sārabhūtaṁ tadupāsitavyam,
Haṁso yathā kṣīramivāmbumiśram॥

Adoptable Narābharaṇa / 994

जानने योग्य वाङ्मय बहुत अधिक है और समय बहुत अल्प है तथा विघ्न अनेक हैं। इसलिए जो अपने लिए महत्त्वपूर्ण हो, उसी साहित्य का अध्ययन करना चाहिए, जैसे पानी में मिले दूध में से हंस दूध को ग्रहण कर लेता है।

The knowable literature is very vast and the time, we have, is very short in which there are many obstacles. So the literature which is most important for a person, only that should be studied, as the swan takes out the milk which is mixed in the water.

(60)

अनभ्यासाच्च वेदानाम्, आचारस्य च वर्जनात्।
आलस्यादन्नदोषाच्च, मृत्युर्विप्रान् जिघांसति॥

मृत्यु के कारण मनु. / 5 / 4

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Anabhyāsācca Vedānām, ācārasya ca varjanāt।
Ālasyādannadoṣācca, mṛturviprān jighāṁsati॥

Causes of death Manu. / 5 / 4

वेदों के पठन-पाठन न करने, सदाचार के त्याग देने, आलस्य के कारण और दूषित अन्न खाने से मृत्यु विद्वानों को नष्ट कर देती है।

Due to lack of study of the Vedas, and relinquishing of morality, adopting laziness and defects of food, death kills the scholars.

(61)

अनभ्यासेन विद्यानामसंसर्गेण धीमताम्।
अनिग्रहेण चाक्षाणां, जायते व्यसनं नृणाम्॥

संकटों के कारण काव्यादर्श / 2 / 247

Anabhyāsena vidyānāmasaṁsargeṇa dhīmatām।
Anigraheṇa cākṣāṇāṁ, jāyate vyasanaṁ nṛṇām॥

Causes of tortures Kavyādarśa / 2 / 247

विद्याओं का अभ्यास न करने, बुद्धिमानों की संगति त्यागने और इन्द्रियों को वश में न रखने से मनुष्य संकट में पड़ जाते हैं।

Rejecting the practice of sciences, relinquishing the company of wise men and having no control on the senses, people suffer with many difficulties.

(62)

अनभ्यासे विषं विद्या, अजीर्णे भोजनं विषम्।
विषं सभा दरिद्रस्य, वृद्धस्य तरुणी विषम्॥

हानि के कारण हितोपदेश/प्र./22

Anabhyāse viṣaṁ vidyā, ajīrṇe bhojanaṁ viṣam।
Viṣaṁ sabhā daridrasya, vṛddhasya taruṇī viṣam॥

Causes of losses Hitopadeśa / Pr. / 22

अभ्यास न करने से विद्या नष्ट हो जाती है, बदहजमी के समय खाया-पिया विष बन जाता है, गरीब का सभा में सम्मान नहीं होता और बूढ़े व्यक्ति के लिए जवान स्त्री विष के समान घातक हो जाती है।

Knowledge becomes useless if it is not practised. The food becomes poison in the condition of indigestion. A poor person doesn't get respect in a society. And a young lady is like a poison for an old man.

(63)

अनर्थकं विप्रवासं गृहेभ्यः,
पापैः सन्धिं परदाराभिमर्शम्।
दम्भं स्तैन्यं पैशुनं मद्यपानम्,
न सेवते यः स सुखी सदैव॥

सुख की विधि महाभा./उद्योगपर्व/33/113

Anarthakaṁ vipravāsaṁ gṛhebhyaḥ,
Pāpaiḥ sandhiṁ paradārābhimarśam।
Dambhaṁ stainyaṁ paiśunaṁ madyapānam,
na sevate yaḥ sa sukhī sadaiva॥

Mahābhā. / Udyoga. / 33 / 113

Method to happiness

जो व्यक्ति घर छोड़कर व्यर्थ ही विदेश नहीं जाता, पापी लोगों से मेल-मिलाप नहीं रखता, दूसरे की स्त्री के प्रति आकृष्ट नहीं होता तथा पाखण्ड,

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चोरी, चुगलखोरी और मद्यपान नहीं करता, वह हमेशा ही सुखी रहता है।

The person who remains remote from these things lives happily — uselessly going away from home, joining the sinners, contacting other's wife, hypocrisy, stealing, backbiting and drinking of wine.

(64)

अनागतविधाता प्रत्युत्पन्नमतिश्च यः।
द्वावेव सुखमेधेते, दीर्घसूत्री विनश्यति॥

विलम्ब से हानि महाभा./शान्तिप./936/9

Anāgatavidhātā pratyutpannamatiśca yaḥ।
Dvāveva sukhamedhete, dīrghasūtrī vinaśyati॥

Loss due to delay Mahābhā. / Śānti. / 936 / 9

जो भविष्य के लिए पहले ही प्रबन्ध कर लेता है और जो सूझ-बूझ वाला है, इस प्रकार के दोनों व्यक्ति सुखपूर्वक जीवन बिताते हैं और जो प्रत्येक काम देर से करता है, वह नष्ट हो जाता है।

One who manages for future earlier and other who is quick-thinker, these two make progress happily, but who is late in doing his work, is ruined,

(65)

अनादेयं नाददीत, परिक्षीणोऽपि पार्थिवः।
आदेयं न समृद्धोऽपि सूक्ष्ममप्यर्थमुत्सृजेत्॥

शासक का कर्त्तव्य मनु. 8 / 170

Anādeyaṁ nādadīta, parikṣīṇo'pi pārthivaḥ।
Ādeyaṁ na samṛddho'pi sūkṣmamapyarthamutsṛjet॥

Duty of ruler Manu. / 8 / 170

चाहे राजा कितना ही निर्धन क्यों न हो जाये, तो भी जो ग्रहण-योग्य वस्तु नहीं है, उसे ग्रहण न करे। और, जो वस्तु ग्रहण करने योग्य हो, चाहे वह तुच्छ भी हो और राजा सम्पन्न भी हो, तब भी उसका त्याग न करे, अर्थात् उसे अवश्य ग्रहण कर ले।

In spite of deadly disaster the king should not accept the thing which is not acceptable. He also should not reject the thing which is acceptable, though he is prosperous and the thing is of less value.

(66)

अन्नाद् भवन्ति भूतानि, पर्जन्यादन्नसम्भवः।
यज्ञाद् भवति पर्जन्यो, यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥

कर्म का महत्त्व महाभा./भीष्मप./27/14

Annād bhavanti bhūtāni, parjanyādannasambhavaḥ।
Yajñād bhavati parjanyo, yajñaḥ karmasamudbhavaḥ॥

Mahābhā. / Bhīṣma / 27 / 14

Importance of efforts

अन्न द्वारा ही प्राणियों का अस्तित्व होता है, अन्न मेघ द्वारा उत्पन्न होता है, मेघ की उत्पत्ति यज्ञ से होती है और यज्ञ कर्म द्वारा उत्पन्न होता है।

Creatures get life from edibles, edibles grow from the cloud, the cloud comes into existence from the sacrifice

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(Yajña) and the sacrifice is generated by works.

(67)

अनारोग्यमनायुष्यमस्वर्ग्यं चातिभोजनम्।
अपुण्यं लोकविद्विष्टं, तस्मात्तत् परिवर्जयेत्॥

अतिभोजन से हानि महाभा./भीष्म / 41/8

Anārogyamanāyuṣyamasvargyaṁ cātibhojanam।
Apuṇyaṁ lokavidviṣṭaṁ, tasmāttat parivarjayet॥

Mahābhā. / Bhīṣma / 41 / 8

Disadvantage of over eating

सीमा से अधिक खाने से स्वास्थ्य बिगड़ जाता है और आयु घट जाती है। यह कष्टदायक, पापकर्म तथा संसार से द्वेषकारी है। अतः अधिक भोजन नहीं करना चाहिए।

Eating too much causes diseases, lessens age, brings difficulties, is contrary to morality and is hated by public. So, one should not eat too much.

(68)

अनार्यवृत्तमप्राज्ञमसूयकमधार्मिकम् ।
अनर्थाः क्षिप्रमायान्ति, वाग्दुष्टं क्रोधनं तथा॥

अनर्थों के कारण महाभा./उद्योग/38/35

Anāryavṛttamaprājñamasūyakamadhārmikam।
Anarthāḥ kṣipramāyānti, vāgduṣṭaṁ krodhanaṁ tathā॥

Mahābhā. / Udyoga. / 38 / 35

Causes of adversities

जिस व्यक्ति का चरित्र निम्न होता है, जो निर्बुद्धि होता है, जो दूसरों से डाह करता है और धर्मविरुद्ध चलता है, जो कटु भाषण करता है और चिड़चिड़े स्वभाव का होता है, ऐसा व्यक्ति अनेक प्रकार के कष्टों से शीघ्र घिर जाता है।

Misfortunes come to such person very soon, who possesses bad character, has no understanding, is jealous and irreligious, speaks bitter and becomes irritated.

(69)

अनाहूतः प्रविशति, ह्यपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति, मूढचेता नराधमः॥

मूढ़ का लक्षण महाभा./उद्यो./33/36

Anāhūtaḥ praviśati, hyapṛṣṭo bahu bhāṣate।
Aviśvaste viśvasiti, mūḍhacetā narādhamaḥ॥

Definition of a fool Mahābhā. / Udyoga. / 33 / 36

जो बिना बुलाये घुस आता है, बिना पूछे ही बहुत बोलने लगता है और धोखेबाजों पर विश्वास करता है, ऐसा व्यक्ति महामूर्ख और नीच कहलाता है।

That is a foolishminded person who enters without any call, speaks too much without asking and believes in such person who is not trust-worthy.

(70)

अनित्यानि शरीराणि, विभवो नैव शाश्वतः।
नित्यं सन्निहितो मृत्युः, कर्त्तव्यो धर्मसञ्चयः॥

जीवन में कर्त्तव्य पञ्च. / काको./92

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Anityāni śarīrāṇi, vibhavo naiva śāśvataḥ।
Nityaṁ sannihito mṛtyuḥ, karttavyo dharmasañcayaḥ॥

Duties in life Pañcata. / Kako. / 92

हमारे शरीर सदा रहने वाले नहीं हैं, धन भी हमेशा टिका नहीं रहता और मृत्यु सदा साथ रहती है, अतः मनुष्य को चाहिए कि वह धर्म के कार्यों को करता रहे। न जाने जीवन कब समाप्त हो जाए!

Our bodies are perishable, wealth does not remain for ever and death remains close with all of us; so we should perform the works of morality and religion.

(71)

अनिर्वेदः श्रियो मूलं, लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः, सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

उत्साह के लाभ महाभा. / उद्योग / 39 / 57

Anirvedaḥ śṛyo mūlaṁ, lābhasya ca śubhasya ca।
Mahān bhavatyanirviṇṇaḥ, sukhaṁ cānantyamaśnute॥

Mahābhā. / Udyoga. / 39 / 57

Advantages of zeal

निरन्तर श्रम या लगन ही लक्ष्मी के लाभ और कल्याण का आधार है। निरन्तर श्रम करने वाला ही महान् बन जाता है और निरन्तर सुख को भोगता है।

Devotion to work is the root cause of prosperity, profit and welfare. One, who is devoted to his work becomes great and enjoys unlimited happiness.

(72)

अनिर्वेदं च दाक्ष्यं च, मनसश्चापराजयम्।
कार्यसिद्धिकराण्याहुस्तस्मादेतद् ब्रवीम्यहम्॥

सफलता के साधन महाभा. / वन. / 313 / 116

Anirvedaṁ ca dākṣyaṁ ca, manasaścāparājayam।
Kāryasiddhikarāṇyāhustasmādetad bravīmyaham॥

Mahābhā. / Vana. / 313 / 116

Means to success

निरन्तर श्रम, कार्यकुशलता तथा मन में निराशा न आने देना — ये सब बातें कार्यसिद्धि के साधन हैं। इसीलिए मैं तुम्हें इन्हें बता रहा हूँ।

Devotion, dexterity and lack of disappointment of the mind bring success in any work. So I indicate these three things to you.

(73)

अनुमन्ता विशसिता, निहन्ता क्रयविक्रयी।
संस्कर्त्ता चोपहर्त्ता च, खादकश्चेति घातकाः॥

हत्या के भागी मनु. / 5 / 5

Anumantā viśasitā, nihantā krayavikrayī।
Saṁskarttā copahartta ca, khādakaśceti ghātakāḥ॥

Partners in death Manu. / 5 / 5

हत्या करवाने वाला, मारने वाला, टुकड़े-टुकड़े करने वाला, खरीदने वाला, बेचने वाला, पकाने वाला, परोसने वाला और खाने वाला ये घातक कहलाते हैं। अर्थात् ये सभी किसी भी पशु-पक्षी के वध के पापी होते हैं।

These eight persons are called

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

murderers :- (1) who advises, (2) who kills, (3) who cuts into pieces, (4) who buys, (5) who sells, (6) who cooks, (7) who distributes and (8) who eats the meat.

(74)

अनुगन्तुं सतां वर्त्म, कृत्स्नं यदि न शक्यते।
स्वल्पमप्यनुगन्तव्यं, मार्गस्थो नावसीदति॥

सन्मार्ग अपनाओ शार्ङ्गधर-पद्धति / 1420

Anugantuṁ satāṁ vartma, kṛtsnaṁ yadi na śakyate।
Svalpamapyanugantavyaṁ, mārgastho nāvasīdati॥

Adopt good path Śarṅga. / 1420

यदि श्रेष्ठ पुरुषों के मार्ग पर पूर्णरूप से न चला जा सके, तो थोड़ा ही चल लेना चाहिए। इस प्रकार मार्ग के मध्य में भी पहुँचा हुआ व्यक्ति दुःखी नहीं होता।

If the path of noble persons can not be accepted completely, then at least some part of that must be accepted, as going on this path, the person never feels sadness, inspite of reaching up to the midway.

(75)

अनुव्रतः पितुः पुत्रो, मात्रा भवतु सम्मनाः।
जाया पत्ये मधुमतीं, वाचं वदतु शन्तिवाम्॥

गृहस्थ में कर्त्तव्य अथर्व./3/30/2

Anuvrataḥ pituḥ putro, mātrā bhavatu sammanāḥ।
Jāyā patye madhumatīṁ, vācaṁ vadatu śantivām॥

Atharva. / 3 / 30 / 2

House holder's duties

पुत्र को चाहिए कि वह पिता के श्रेष्ठ कर्मों का पालन करे और माता से मन मिलाये रखे, अर्थात् उसके विरुद्ध आचरण न करे। पत्नी को चाहिए कि वह पति से शान्ति देने वाली मधुर वाणी ही बोले।

A son should carry on good works of his father. His mind should work according to his mother's mind without going against her. The wife should speak sweet tongue to her husband, which may bring peace in his mind.

(76)

अनृणा अस्मिन्ननृणाः परस्मिन्
तृतीये लोके अनृणाः स्याम।
ये देवयानाः पितृयाणाश्च लोकाः,
सर्वान् पथो अनृणा आ क्षियेम॥

ऋणहीन रहें अथर्व./6/117/3

Anṛṇā asminnanṛṇāḥ paraṣmin,
tṛtīye loke anṛṇāḥ syāma।
Ye devayānāḥ pitṛyāṇaśca lokāḥ,
Sarvān patho anṛṇā ā kṣiyema॥

Let us be debtless Atharva. / 6 / 117 / 3

हम बचपन, जवानी तथा बुढ़ापे में अथवा जन्म-जन्मान्तर में भी ऋणी (कर्जदार) न रहें। चाहे हम मुक्ति के मार्ग पर चलें अथवा गृहस्थ जीवन बितायें, इन सभी दशाओं में हमें ऋणमुक्त ही रहना चाहिए।

We should be debtless in our child-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

hood, in youth and in old age. We should not be indebted in other lives also. We should be indebted in all the conditions, whether we go on the spritual path or remain in the family life.

(77)

अनेकदोषदुष्टोऽपि, कायः कस्य न वल्लभः।
कुर्वन्नपि व्यलीकानि, यः प्रियः प्रिय एव सः॥

प्यारा व्यक्ति पञ्च/मित्रभेद/186

Aneka-doṣaduṣto'pi, kāyaḥ kasya na vallabhaḥ।
Kurvannapi vyalīkāni, yaḥ priyaḥ priya eva saḥ॥

Dear one Pancata. / Mitrabhe. / 186

शरीर चाहे लूला, लँगड़ा, अन्धा या किसी भी दोष से सम्पन्न हो, तो भी अपना शरीर सभी को प्रिय लगता है। इसी प्रकार यदि कोई प्रिय व्यक्ति बुरे कार्य भी करता है, तो भी वह प्यारा ही लगता है।

One loves his own body, though it is full of defects. In the same way the person, whom one loves, is loved always, inspite of his bad deeds.

(78)

अनेकसंशयोच्छेदि, परोक्षार्थस्य दर्शकम्।
सर्वस्य लोचनं शास्त्रं, यस्य नास्त्यन्ध एव सः॥

शास्त्रज्ञान हितो./प्र./10

Aneka-saṁśayocchedi, parokṣārthasya darśakam।
Sarvasya locanaṁ śāstraṁ, yasya nāstyandha eva saḥ॥

Knowledge of scriptures Hito. / Pra. / 10

जिस व्यक्ति ने अनेक संदेहों को नष्ट करने वाले, अज्ञात विषयों को समझाने वाले और प्रत्येक व्यक्ति के लिए विषय को स्पष्ट करने वाले शास्त्र को नहीं जाना, वह तो अंधा ही है।

The person is blind in true sense of word who has not studied such a scripture which removes all doubts, shows unknown things and explains the problems for every person.

(79)

अनेन किं न पर्याप्तं मांसस्य परिवर्जनम्।
यत्पाटितं तृणेनापि स्वमङ्गं परिदूयते॥

मांस-भक्षण-निषेध वल्लभ. सुभा. / 2983

Anena kiṁ na paryāptaṁ māṁsasya parivarjanam।
Yatpāṭitaṁ tṛṇenāpi svamaṅgaṁ paridūyate॥

Eating of meat condemnable Vallabha. Subhā. / 2983

क्या केवल यही युक्ति मांसभक्षण का त्याग करने के लिए पर्याप्त नहीं है कि यदि हमारा अंग केवल तिनके से भी छिल जाए, तो कितना कष्ट प्रतीत होता है।

Is this reason not sufficient for rejection of meat-eating, that a man feels much pain when he is pierced even with a straw.

(80)

अन्ति सन्तं न जहात्यन्ति सन्तं न पश्यति।
देवस्य पश्य काव्यं न ममार न जीर्यति॥

ईश्वर की रचना अथर्व/10/8/32

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Anti santaṁ na jahātyanti santaṁ na paśyati।
Devasya paśya kāvyaṁ na mamāra na jīryati॥

Creation of God Atharva. / 10 / 8 / 32

जो दिव्यशक्तियों का भण्डार परमेश्वर सदा मनुष्य के निकट है और साथ नहीं छोड़ता, जिसे पास होने पर भी मानव देख नहीं पाता, उसके सृष्टि रूपी काव्य को देखो, जो स्थायी है; जो न मरता है और नाहीं बूढ़ा होता है। भाव यह है कि परमात्मा की रचना निरन्तर अपनी स्थिति बनाए हुए है। उसे देखकर उस स्रष्टा को जानने का प्रयास करो।

God, who is the store of all divine powers, always remains with us and never leaves us, we cannot see Him. So look at the poetry of His creation, which is everlasting, never dies and never be-comes old. It means that though we cannot see God with our eyes, yet we can look His creation and feel His existence everywhere.

(81)

अन्तवन्त इमे देहाः, नित्यस्योक्ताः शरीरिणः।
अनाशिनोऽप्रमेयस्य, तस्माद् युध्यस्व भारत॥

आत्मा की नित्यता महाभा. / भीष्म / 26 / 18

Antavanta ime dehāḥ, nityasyoktāḥ śarīriṇaḥ।
Anāśino'prameyasya, tasmād yudhyasva Bhārata॥

Mahābhā. / Bhīṣm / 26 / 18

Everlasting of soul

हे भरतवंश में उत्पन्न अर्जुन! यह समझ लो कि सदा रहने वाले, नष्ट न होने वाले और न मापे जाने योग्य इस जीवात्मा के शरीर नष्ट हो जाते हैं, वे सदा टिके नहीं रहते। इसलिए तू अपना कर्त्तव्य पालन करने के लिए युद्ध कर।

O offspring of Bharata (Arjun), you must understand that this soul is ever-lasting. It never dies and it cannot be measured. The bodies in which the soul remains are destructible and are not everlasting. So, you should act accor-ding to your duty and fight against your enemies.

(82)

अन्धीकरोमि भुवनं बधिरीकरोमि,
धीरं सचेतनमचेतनतां नयामि।
कृत्यं न पश्यति न येन हितं शृणोति,
धीमानधीतमपि न प्रतिसन्दधाति॥

क्रोध का प्रभाव प्रबन्चन्द्रोदय. / 2 / 29

Andhīkaromi bhuvanaṁ badhirīkaromi,
Dhīraṁ sachetanamacetanatāṁ nayāmi।
Kṛtyaṁ na paśyati na yena hitaṁ śṛṇoti,
Dhīmānadhītamapi na pratisandadhāti॥

Anger's effect Prabandhaca. / 2 / 29

क्रोध आने पर मनुष्य अन्धा हो जाता है, वह अपने-पराये की पहचान नहीं कर पाता। इसी प्रकार वह बहरा होकर किसी की भी हितकारी बात सुनने को तैयार नहीं होता। क्रोध समझदार और धैर्यशाली मनुष्य को नासमझ बना देता है,

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जिससे वह न कर्त्तव्य को देखता है और नाहीं लाभप्रद बात को सुनता है। क्रोध से भरा बुद्धिमान् व्यक्ति भी अपने अध्ययन द्वारा उपार्जित ज्ञान पर ध्यान नहीं देता।

Anger makes a man blind, as he cannot recognize his well-wisher or others. In the same way angry man becomes deaf, as he does not hear the thing which is useful for him. Anger makes even a wise and grave person foolish as he neither looks his duty nor listens his useful thing. Even an angry wise man doesnot care his knowledge gained by study.

(83)

अन्नेन धार्यते देहः, कुलं शीलेन धार्यते।
प्राणा मित्रेण धार्यन्ते, क्रोधः सत्येन धार्यते॥

धारक वस्तुएँ पद्मपुराण

Annena dhāryate dehaḥ, kulaṁ śīlena dhāryate।
Prāṇā mitreṇa dhāryante, krodhaḥ satyena dhāryate॥

Helper things Padmapurāna

शरीर को बनाए रखने के लिए अन्न की आवश्यकता होती है, खानदान की शोभा उत्तम आचरण से होती है, संकट के समय मित्र ही प्राणों के रक्षक बनते हैं और सच्चाई के सामने क्रोध शान्त हो जाता है।

The body is maintained with food, the family is maintained with morality, life is maintained by a friend and anger is controlled by the truth.

(84)

अन्यदीये तृणे रत्ने काञ्चने मौक्तिकेऽपि च।
मनसो विनिवृत्तिर्या, तदस्तेयं विदुर्बुधाः॥

अस्तेय का स्वरूप जाबालयोग / 1 / 11

Anyadīye tṛṇe ratne kāñcane mauktike'pi ca।
Manaso vinivṛttiryā, tadasteyaṁ vidurbudhāḥ॥

Absence of theft Jābālayoga. / 1 / 11

किसी दूसरे की किसी वस्तु से चाहे वह तिनका, रत्न, सोना या मोती भी क्यों न हो, मन को दूर रखने अर्थात् उसकी कामना न करने को ही बुद्धिमान् लोग अस्तेय (चोरी न करना) कहते हैं।

Absence of theft means to keep one's mind off from the straw, the gem, gold and the pearl which are possession of any other. In brief, having no desire for a thing which is possessed by others, is really called absence of theft (Asteya).

(85)

अन्यान् परिवदन् साधुर्यथा हि परितप्यते।
तथा परिवदन्नन्यान्, तुष्टो भवति दुर्जनः॥

सज्जन और दुर्जन कवितामृतकूप / 80

Anyān parivadan sādhuryathā hi paritapyate।
Tathā parivadannanyān, tuṣṭo bhavati durjanaḥ॥

Good and bad ones Kavitāmṛtakūpa / 80

भला व्यक्ति तो दूसरों की निन्दा करते समय दुःखी होता है, परन्तु दुष्ट व्यक्ति दूसरों की निन्दा करते हुए प्रसन्न होता है।

A noble person feels sadness while insulting any one but the bad per-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

son feels happiness while disgracing others.

(86)

अन्ये जायां परिमृशन्त्यस्य
यस्यागृधद्वेदने वाज्यक्षः।
पिता माता भ्रातर एनमाहु-
र्न जानीमो नयता बद्धमेतम्॥

जुआरी की दुर्दशा ऋ./10/34/4

Anye jāyāṁ parimṛṣantyasya,
Yasyāgṛdhadvedane vājyakṣaḥ।
Pitā mātā bhrātara enamāhur-
na jānīmo nayatā baddhametam॥

Gambler's bad condition Ṛg./10/34/4

जिसके घर में शक्तिशाली पासा (जुआ) लोभ के साथ रहता है, उस व्यक्ति की पत्नी का संसर्ग अन्य लोगों से होने लगता है। उसके विषय में पिता, माता और भाई यहाँ तक कह देते हैं कि "हम इसको नहीं जानते; इसे बाँधकर ले जाओ।"

The man in whose house the powerful gamble remains, loses his wife because she begins to make contact with other persons. Even his father, mother and brothers say, "We don't know him, arrest and take him off".

(87)

अपकुर्वन्नपि प्रायः प्राप्नोति महतः शुभम्।
दहन्तमप्यौर्वमग्निं सन्तर्पयति वारिधिः॥

महापुरुषों के गुण वल्लभ-सुभाषिता / 227

Apakurvannapi prāyaḥ prāpnoti mahataḥ śubham।
Dahantamapyaurvamagniṁ santarpayati vāridhiḥ॥

Vallabha. Subhā. / 227

Qualities of great men

बुराई करने वाला भी व्यक्ति बड़ों से सुख ही प्राप्त करता है। जैसे वाडवाग्नि समुद्र को जलाती है, परन्तु समुद्र उसे तृप्त ही करता रहता है।

Even harmful person gets welfare from a greatman, as though the submarine fire burns the ocean, yet the ocean makes the fire contented with its water.

(88)

अपत्यं धर्मकार्याणि, शुश्रूषा रतिरुत्तमा।
दाराधीनस्तथा स्वर्गः, पितॄणामात्मनश्च ह॥

पत्नी का महत्त्व मनु./9/28

Apatyaṁ dharmakāryāṇi, śuśrūṣā ratiruttamā।
Dārādhīnastathā svargaḥ, pitṛṇāmātmanaśca ha॥

Importance of a wife Manu./9/28

सन्तान की प्राप्ति का, धर्म के कार्यों का, सेवा और श्रेष्ठ प्रेम का तथा पितरों और अपने सुखों का साधन पत्नी ही है।

Offsprings, good works, service, extraordinary love, happiness of the parents and one's own happiness all depend on the wife.

(89)

अपरे बन्धुवर्गे वा मित्रे द्वेष्टरि वा सदा।
आत्मवत् वर्तनं यत् स्यात्, सा दया परिकीर्तिता॥

दया का स्वरूप भविष्यपुराण/1/2/158

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Apare bandhuvarge vā, mitre dveṣṭari vā sadā।
Ātmavat vartanaṁ yat syāt, sā dayā parikīrtitā॥

Bhaviṣya. purāna / 1 / 2 / 158

Real kindness

पराये लोगों के साथ, बन्धुओं के साथ, मित्र के साथ अथवा शत्रु के साथ भी अपने जैसा व्यवहार करना ही वस्तुतः दया कहलाती है।

The behaviour which is liked by oneself if practised with others, relatives, friends and even with enemies, then it is called 'kindness' in real sense.

(90)

अपहृत्यार्त्तिमार्त्तानां, सुखं यदुपजायते।
तस्य स्वर्गोऽपवर्गो वा, कलां नार्हति षोडशीम्॥

दुःखियों का भला महाभा./अनुशासन/50/20

Apahṛtyārttimārttānāṁ, sukhaṁ yadupajāyate।
Tasya svargo'pavargo vā, kalāṁ nārhati ṣoḍaśīm॥

Help the poor Mahābhā. / Anu. / 50 / 20

दुःखियों की पीड़ा को दूर करके जो आनन्द प्राप्त होता है, उसकी तुलना में स्वर्ग या मोक्ष का आनन्द सोलहवाँ हिस्सा भी नहीं है।

The happiness which one gets in heaven or in salvation, cannot compare the sixteenth part of the happiness which is gained by removing the troubles of the distressed persons.

(91)

अपां मध्ये तस्थिवांसं तृष्णाविदज्जरितारम्।
मृडा सुक्षत्र मृडय॥

सुख की कामना ऋ./7/89/4

Apāṁ madhye tasthivaṁsaṁ, tṛṣṇāvidajjaritāram।
Mṛḍā sukṣatra mṛḍaya॥

Desire of happiness Ṛg. / 7 / 89 / 4

प्रभो, मैं आनन्दस्वरूप आप के आनन्दरूपी जल में ही रहता हूँ, क्योंकि आप तो सर्वव्यापक हैं। परन्तु फिर भी मुझ उपासक को प्यास लगी रहती है; अर्थात् मैं उस आनन्द का उपभोग नहीं कर सकता। हे परम रक्षक! मुझे सुखी करो और अपने आनन्द से तृप्त करो।

अथवा

कर्मों के मध्य विचरण करता हुआ मैं वृद्धावस्था को प्राप्त हो गया हूँ, परन्तु अभी मेरी मोहमाया की तृष्णा शान्त नहीं हुई। हे परमरक्षक प्रभो! ऐसी कृपा करो कि मैं वासनाओं से दूर होकर आपका चिन्तन कर सकूँ। मुझे अपने आनन्द का पान करा कर सुखी कीजिए।

O God! I live in you as you are omnipresent and embodiment of bliss. In spite of this, I feel thirsty and cann't enjoy your bliss. O saviour, make me happy and bestow your bliss upon me.

OR

I have become old doing different works. Still my desires have not appeased. O Supreme Protector, be kind and abolish my worldly desires, so that I may enjoy your bliss.

(92)

अपां समीपे नियतो, नैत्यकं विधिमास्थितः।
सावित्रीमप्यधीयीत, गत्वारण्यं समाहितः॥

गायत्री का जाप मनु./2/104

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Apāṁ samīpe niyato, naityakaṁ vidhimāsthitaḥ।
Sāvitrīmapyadhīyīta, gatvāraṇyaṁ samāhitaḥ॥

Muttering of Gāyatrī Manu. / 2 / 104

मनुष्य को चाहिए कि वह दैनिक नियमों का पालन करता हुआ जंगल में जाकर नदी आदि के तट पर समाधिस्थ होकर गायत्री मन्त्र का भी जाप करे।

A man carrying on his daily principles, should go into the forest and sit on the bank of a river or tank or lake and then should meditate, muttering the 'Gayatri Mantra'.

(93)

अपूजिताश्च यत्रैताः, सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।
तदा चैतत् कुलं नास्ति, यदा शोचन्ति जामयः॥

पीड़ित नारियाँ महाभा. / अनुशासन / 46 / 6

Apūjitāśca yatraitāḥ, sarvāstatrāphalāḥ kṛiyāḥ।
Tadā caitat kulaṁ nāṣti, yadā śocanti jāmayaḥ॥

Tortured ladies Mahābhā. / Anu. / 46 / 6

जहाँ स्त्रियों का मान नहीं होता, वहाँ सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। जब स्त्रियाँ शोक से पीड़ित रहती हैं, तब खानदान नष्ट हो जाता है।

The house where ladies are not respected, all good works end in smoke and become useless. The family is destroyed in which ladies feel pain.

(94)

अपूज्या यत्र पूज्यन्ते, पूज्यानामवमानना।
त्रीणि तत्र प्रवर्तन्ते, दुर्भिक्षं मरणं भयम्॥

पूज्यों का अपमान पञ्चतन्त्र / काकोलूकीय / 183

Apūjyā yatra pūjyante, pūjyānāmavamānanā।
Triṇi tatra pravartante, durbhikṣaṁ maranaṁ bhayam॥

Pancata. / Kāko / 183

Dishonour of honorables

जहाँ अपूज्य लोगों की पूजा होती है और पूज्यों का अपमान होता है, वहाँ अकाल, मृत्यु और डर ये तीन बुरी बातें प्रकट हो जाती हैं।

The place where undesereving persons are respected and deserved persons are insulted, there these three things – famine, death and terror come into existence.

(95)

अपूर्वः कोऽपि कोशोऽयं विद्यते तव भारति।
व्ययतो वृद्धिमायाति, क्षयमायाति सञ्चयात्॥

विद्या का कोश अज्ञात

Apūrvaḥ ko'pi kośo'yaṁ vidyate tava Bhārati।
Vyayato vṛddhimāyāti, kṣayamāyāti sañcayāt॥

Treasury of knowledge Unknown

हे विद्या देवी! तुम्हारा यह खजाना बड़ा विचित्र है, जो खर्च करने से तो बढ़ता है और जमा रखने से नष्ट हो जाता है।

O godess of knowledge, this treasury

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

of yours is very strange, because when it is consumed, it increases and when it is stored, it decreases.

(96)

अपेक्षन्ते न च स्नेहम्, न पात्रं न दशान्तरम्।
सदा लोकहिते युक्ता, रत्नदीपा इवोत्तमाः॥

श्रेष्ठ पुरुषों के गुण सुभाषितावली / 224

Apekṣante na ca sneham, na pātram na daśāṇtaram।
Sadā lokahite yuktā. ratnadīpā ivottamāḥ॥

Qualities of the good Subhāṣitavalī / 224

जैसे रत्नरूपी दीपक बिना तेल, पात्र और बत्ती के ही प्रकाश देते रहते हैं, इसी प्रकार श्रेष्ठ व्यक्ति किसी से प्यार की अपेक्षा नहीं करते, किसी विशेष व्यक्ति को नहीं देखते, और नाही किसी भी दशा में किसी से कुछ चाहते हैं; फिर भी वे निरन्तर लोक-कल्याण में लगे रहते हैं।

(विशेष — यहाँ 'स्नेह – तेल और प्रेम' तथा 'दशा – हालत और बत्ती' ये शब्द इन दो-दो अर्थों में प्रयुक्त हुए हैं।)

As the shining jewels give light without oil, a pot and a wick, similarly the good persons, who have devotion to help others, never desire love, don't care for a deserving or underserving person and do not wait for any other condition.

(97)

अप्रणोद्योऽतिथिः सायं, सूर्योढो गृहमेधिना।
काले प्राप्तस्त्वकाले वा, नास्यानश्नन् गृहे वसेत्॥

अतिथि-सेवा मनु./3/105

Apraṇodyo'tithiḥ sāyaṁ, sūryoḍho gṛhamedhinā।
Kāle prāptastvakāle vā, nāsyānaśnan gṛhe vaset॥

Service of guests Manu. / 3 / 105

सायंकाल सूर्यास्त के समय पर आए अतिथि को गृहस्थी अपना ले। चाहे अतिथि समय पर और चाहे समय बीत जाने पर भी पहुँचे, सभी दशाओं में अतिथि को बिना भोजन कराये न रहने दे; अर्थात् भोजन करा कर ही घर में ठहराए।

The house-master should accept the guest who has come at the time of the sunset. Whether the guest reaches in time or not, he should be given food. In the house he should not be stayed without eating the food.

(98)

अप्राप्तकालं वचनं बृहस्पतिरपि ब्रुवन्।
लभते बुद्ध्यवज्ञानमवमानं च भारत॥

निन्दनीय वचन महाभा./उद्योग/39/2

Aprāptakālaṁ vacanaṁ Bṛhaspatirapi bruvan।
Labhate buddhyavajñānamavamānaṁ ca Bhārat॥

Mahābhā / Udyoga / 39 / 2

Condemnable talk

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे भरतवंशीय (धृतराष्ट्र), यदि बृहस्पति भी समय को समझ कर बात नहीं करता और बेमौके ही बोलता है, तो वह मूर्ख माना जाता है और अपमानित होता है। अतः समय को देखकर ही बात करनी चाहिए।

O offspring of Bharata (Dhṛtarāṣṭra), if even Bṛhaspati, the preacher of gods, does not speak according to the time, he is considered a fool and is insulted. So, everybody should speak according to the time and the place.

(99)

अप्रियवचनदरिद्रैः प्रियवचना-
ढ्यैः स्वदारपरितुष्टैः।
परपरिवादनिवृत्तैः क्वचित्
क्वचिन्मण्डिता वसुधा॥

श्रेष्ठ व्यक्ति नीतिशतक/106

Apriyavacanadaridraiḥ, priyavacanā-
ḍhyaiḥ svadāraparituṣṭaiḥ।
Paraparivādanivṛttaiḥ kvacit
kvacinmaṇḍitā vasudhā॥

Good persons Nītiśataka / 106

जो लोग कठोर नहीं बोलते, सदा मधुर भाषण ही करते हैं, अपनी पत्नियों से ही सन्तुष्ट हैं तथा दूसरों की निन्दा नहीं करते, ऐसे लोगों से यह भूमि कहीं-कहीं ही शोभित हो रही है।

Such persons, who never tell bitter words and always use sweet ones, who are satisfied only with their own wives and who never defame others are rare on this earth.

(100)

अप्रियैः सह संवासः प्रियैश्चापि विनाभवः।
असद्भिः सम्प्रयोगश्च, तद्दुःखं चिरजीविनाम्॥

दीर्घ आयु के दुःख महाभा./वनपर्व/193/18

Apriyaiḥ saha saṁvāsaḥ, priyaiścāpi vinābhavaḥ।
Asadbhiḥ samprayogaśca, tadduḥkhaṁ cirajīvināṁ॥

Mahābhā / Vanaparva / 193 / 18

Woes of the long age

लम्बी आयु जीने वालों को इन बातों से दुःख प्राप्त होता है— प्रथम तो अनचाहे लोगों के साथ रहना, दूसरे प्रिय लोगों का वियोग तथा तीसरे दुष्ट लोगों की संगति।

The persons who live long have to face these bitter things – (1) living with undesired persons, (2) separation of dear persons and (3) the company of bad persons.

(101)

अभयं नः करत्यन्तरिक्ष-
मभयं द्यावापृथिवी उभे इमे।
अभयं पश्चादभयं पुरस्ता-
दुत्तरादधरादभयं नो अस्तु॥

अभय की कामना अथर्व./19/15/5

Abhayaṁ naḥ karatyantarikṣa-
mabhayaṁ dyāvāpṛthivī ubhe ime।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Abhayaṁ paścādabhayaṁ purastā-
duttarādadharādabhayaṁ no astu ll

Atharva / 19 / 15 / 5

Desire of fearlessness

अन्तरिक्ष, द्युलोक और पृथ्वी सभी स्थान हमारे लिए निडरता के साधन हों। हमें न पीछे से, न आगे से, नाहीं ऊपर से और नाहीं नीचे से डर हो। अर्थात् हम सभी ओर से निर्भय होकर जीवन-यापन करें।

The atmospheric and the light region and the earth, all places should remove our fear. We should not have fear from backside, from frontside, from the above and from the downwards. In brief, we may be fearless from all sides.

(102)

अभयं मित्रादभयममित्रा-
दभयं ज्ञातादभयं परोक्षात्।
अभयं नक्तमभयं दिवा नः
सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु॥

अभय की कामना अथर्व./19/15/6

Abhayaṁ mitrādabhayamamitrā-
dabhayaṁ jñātādabhayaṁ parokṣāt l
Abhayaṁ naktamabhayaṁ divā naḥ
sarvā āśā mama mitraṁ bhavantu ll

Atharva / 19 / 15 / 6

Desire of fearlessness

हमारा मित्र हम से धोखा न करे, हम उससे भी निडर रहें, शत्रु से भी हम निडर रहें, जाना-पहचाना भी व्यक्ति हमारे डर का कारण न बने और अनजाना भी भयकारी न हो। हम दिन में भी और रात में भी निडर रहें। हमारा ऐसा व्यवहार हो कि सभी दिशाएँ हमारे लिए मित्रवत् हो जाएँ।

We may not have fear from our friend (of deception), from our enemy, from known and unknown persons. The night and the day both should be sources of our fearlessness. All the directions should be our friends. In brief, our behaviour should be in such a way that all sides may become our friends.

(103)

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्द्धन्ते, आयुर्विद्या यशो बलम्॥

बड़ों के मान का लाभ मनु. 2/122

Abhivādanaśīlasya nityaṁ vṛddhopasevinaḥ l
Catvāri tasya varddhante, āyurvidyā yaśo balam ll

Advantage of respecting elders Manu. / 2 / 122

जो व्यक्ति ज्ञान, अनुभव तथा आयु में बड़े लोगों को प्रणाम करते रहते हैं तथा उनकी संगति करते हैं, उनकी आयु, विद्या, कीर्ति और शक्ति ये चार वस्तुएँ बढ़ती हैं; अर्थात् उन्हें इससे बहुत लाभ होता है।

The person who respectfully salutes the elders and remains in their company gets his age, education, fame and power increased.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(104)

अभ्यासः कर्मणां सम्यगुत्पादयति कौशलम्।
विधिना तावदभ्यस्तं यावत्सृष्टा मृगेक्षणा॥

अभ्यास का महत्त्व सुभाषितावलि – 1454

Abhyāsaḥ karmaṇāṁ samyagutpādayati kauśalam।
Vidhinā tāvadabhyastaṁ yāvatsṛṣṭā mṛgekṣaṇā॥

Subhāṣitavali-1454

Advantage of practice

कर्मों का अच्छी प्रकार अभ्यास करने से मनुष्य को उन कर्मों में कुशलता प्राप्त हो जाती है। ऐसा प्रतीत होता है कि ब्रह्मा ने भी रचनाओं का निरन्तर अभ्यास करके ही मृग की आँखों के समान आँखों वाली सुन्दर नारी की रचना की थी।

Practice makes a man perfect in all works. So it seems that the Creator, Brahma, had practised so long till he became successful to create the charming beauty of the woman, whose eyes are compared with those of a deer.

(105)

अभ्रच्छाया खलप्रीतिः सिद्धमन्नं च योषितः।
किञ्चित्कालोपभोग्यानि यौवनानि धनानि च॥

परिवर्तनशीलता हितोपदेश

Abhracchāyā khalaprītiḥ siddhamannaṁ ca yoṣitaḥ।
Kiñcitkālopabhogyāni yauvanāni dhanāni ca॥

Changeability Hitopadeśa

बादलों की छाया, दुष्ट व्यक्ति का प्रेम, बढ़िया भोजन तथा, स्त्रियों, जवानी और धनों का उपभोग मनुष्य केवल थोड़े समय तक ही कर सकता है।

The shadow of a cloud, the love of a mean fellow, delicious food, women, youth and money give happiness only for a short time. So these are temporary things.

(106)

अभ्यूर्णौति यन्नग्नं भिषक्ति विश्वं यत्तुरम्।
प्रेमन्धः ख्यन् निःश्रोणो भूत्॥

ईश्वर के कार्य ऋ./8/79/2

Abhyūrṇauti yannagnaṁ bhiṣakti viśvaṁ yatturam।
Premandhaḥ khyan niḥśroṇo bhūt॥

God's work Ṛg/8/79/2

जो सर्वोत्पादक सर्वप्रेरक ईश्वर नग्न को ढकता है और सम्पूर्ण रोगियों को शीघ्र स्वस्थ करता है, उसकी कृपा से अन्धा भी देखने लगता है और लँगड़ा भी चलने लगता है।

The Creator of this world, God, covers the naked person and gives health to the diseased immediately. A blind person can see and a lame of both legs can walk when He shows kindness to them.

(107)

अमित्रं कुरुते मित्रम्, मित्रं द्वेष्टि हिनस्ति च।
शुभं वेत्त्यशुभं पापं भद्रं दैवहतो नरः॥

भाग्यहीन पञ्च/काको/196

Amitraṁ kurute mitram, mitraṁ dveṣṭi hinasti ca।
Śubhaṁ vettyaśubhaṁ pāpaṁ bhadraṁ daivahato naraḥ॥

Unlucky Pañcata./Kako/196

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दुर्भाग्य से मारा हुआ व्यक्ति शत्रु को मित्र बना लेता है और मित्र से शत्रुता करता है तथा उसे मार देता है। वह बुराई को भलाई और पुण्य को पाप समझने लगता है।

When fortune becomes adverse, the man makes friendship with an enemy, hates his friend and also kills him, takes the good as a bad one and a sin as a good work.

(108)

अमीषां प्राणानां तुलितबिसनीपत्रपयसाम्,
कृते किं नास्माभिर्विगलितविवेकैर्व्यवसितम्।
यदाढ्यानामग्रे द्रविणमदनिःशङ्कमनसाम्,
कृतं वीतव्रीडैर्निजगुणकथापातकमपि॥

लोभ वैराग्य. शतक/32

Amīṣāṁ prāṇānāṁ tulita-bisanīpatrapayasām,
Kṛte kiṁ nāsmābhirvigalitavivekairvyavasitaml
Yadāḍhyānāmagre draviṇamadaniḥśaṅkamanasām,
Kṛtaṁ vītavrīḍairnijaguṇakathāpātakamapi ll

Greed Vairā. Śataka / 32

कमलपत्र पर पड़े जल के समान अस्थिर इन प्राणों के लिए अपनी विवेक-बुद्धि का परित्याग करके हमने क्या-क्या नहीं किया? हमने तो इसके लिए लज्जा को भी एक ओर रखकर धन के मद से उद्धत मन वाले धनी लोगों के आगे अपने गुणों की प्रशंसा करने का पाप भी कर लिया है।

What has not been done by us for our life which is unstable like a drop of water lying on the leaf of a lotus? We have kept even our shame aside and became sinful by praising our qualities in front of such persons, who have haughty minds due to their wealth.

(109)

अमृतं शिशिरे वह्निरमृतं प्रियदर्शनम्।
अमृतं राजसम्मानममृतं क्षीरभोजनम्॥

प्रिय वस्तुएँ पञ्चतन्त्र/मित्रभेद/135

Amṛtaṁ śiśire vahniramṛtaṁ priyadarśanaml
Amṛtaṁ rājasammānamamṛtaṁ kṣīrabhojanam ll

Pancata. / Mitrabhe. /135

Loving things

सर्दियों में अग्नि प्रिय लगती है, अपने प्रिय व्यक्ति से मिलना भी बहुत अच्छा लगता है, शासन द्वारा मिला सम्मान भी प्रिय लगता है और खीर आदि दूध से बने पदार्थ भी बहुत आनन्द देते हैं।

Fire gives us happiness in winter. Sight of a loving person makes us happy. Honour gained from the goverment causes happiness. And the food prepared with milk, as a khīra, makes the eater happy.

(110)

अमृतस्येव सन्तृप्येदवमानस्य तत्त्ववित्।
विषस्येवोद्विजेन्नित्यं, सम्मानस्य विचक्षणः॥

ज्ञानी का कर्त्तव्य महाभा./शान्ति./229/2

Amṛtasyeva santṛpyedavamānasya tattvavit l
Viṣasyevodvijennityaṁ, sammānasya vicakṣaṇaḥ ll

Mahābhā / Śānti. / 229 / 2

Duty of a knowledgeable

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर ज्ञानी व्यक्ति को चाहिए कि वह अपमान को अमृत के तुल्य मानकर प्रसन्न हो और सम्मान को विष के समान समझकर उससे उद्विग्न हो जाये। भावार्थः- अपमान मनुष्य को गुणी बनाता है और सम्मान अभिमान पैदा करता है, इसीलिए अपमान होने पर प्रसन्न और सम्मान होने पर असन्तुष्ट होना चाहिए।

The man who knows the truth should be happy with his insult taking it as the nectar. The expert man should hate his respect taking it as a poison. Insult helps for goodness and honour or respect causes haughtiness, which is an enemy of goodness.

(111)

अम्भसा भिद्यते सेतुस्तथा मन्त्रोऽप्यरक्षितः।
पैशुन्याद् भिद्यते स्नेहो, भिद्यते वाग्भिरातुरः॥

नाश के कारण पञ्चतन्त्र/मित्रभेद/107

Ambhasā bhidyate setustathā mantro'pyarakṣitaḥ।
Paiśunyād bhidyate sncho, bhidyate vāgbhirāturaḥ॥

Pañcata. / Mitrabhe. / 107

Causes of destruction

पानी के वेग से बाँध या पुल टूट जाता है, गुप्त सलाह यदि सबमें प्रकट हो जाए तो योजना सफल नहीं होती, चुगलखोरी से प्यार समाप्त हो जाता है और बातें करने से रोगी व्यक्ति व्याकुल हो जाता है।

The velocity of water breaks a bridge. If a secret plan is known by others, it fails. Backbiting ends love and talking too much makes the patient grieved.

(112)

अम्भोजिनी - वनविहार - विलासमेव,
हंसस्य हन्ति नितरां कुपितो विधाता।
न त्वस्य दुग्धजलभेदविधौ प्रसिद्धाम्,
वैदग्ध्यकीर्तिमपहर्तुमसौ समर्थः॥

सद्गुण नीतिशतक/17

Ambhojinī - vanavihāra - vilāsameva,
Haṁsasya hanti nitarāṁ kupito vidhātā।
Na tvasya dugdha-jala-bhedavidhau prasiddhām,
Vaidagdhya-kīrtimapahartumasau samarthaḥ॥

Good quality Nītiśataka / 17

यदि विधाता हंस से रुष्ट हो जाए तो वह उसके कमलों के मध्य घूम-फिरकर आनन्द लेने के कार्य को तो समाप्त कर सकता है, परन्तु नीर-क्षीर विवेक रूपी उसकी प्रसिद्ध कार्यकुशलता की कीर्ति को वह नहीं छीन सकता।

If the Creator gets annoyed with a swan, he may hinder his enjoyment of walking in the groves of lotuses, but the fame he has gained of separating milk from water can not be removed by Him.

(113)

अयं च सुरतज्वालः कामाग्निः प्रणयेन्धनः।
नराणां यत्र हूयन्ते यौवनानि धनानि च॥

कामवासना मृच्छकटिक

Ayaṁ ca suratajvālaḥ kāmāgniḥ praṇayendhanaḥ।
Narāṇāṁ yatra hūyante yauvanāni dhanāni ca॥

Sexuality Mṛcchakaṭika

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यह काम की अग्नि प्रेम-रूपी इन्धन से दीप्त होती है और सम्भोग की ज्वालाओं से वह वृद्धि को प्राप्त होती है। इस कामाग्नि में पुरुषों की जवानियाँ और धन सब आहुति बन जाते हैं। तात्पर्य यह है कि कामाग्नि को तृप्त करने में लगे मानव अपनी जवानी और धन को बरबाद करके नष्ट-भ्रष्ट हो जाते हैं।

This fire of sex is ignited with the fuel of love and increases with the flames of sexual attachment. The youth of the men and their money is burnt as oblations in this love-fire. It means that lustful persons destroy their youth and wealth in this way.

(114)

अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानान्तु वसुधैव कुटुम्बकम्॥

महापुरुषों का चरित्र पञ्चतन्त्र/अपरीक्षितकारकम्/35

Ayaṁ nijaḥ paro veti gaṇanā laghucetasām।
Udāracaritānāntu vasudhaiva kuṭumbakam॥

Pancatan. / Aparīkṣita / 35

Character of great

यह अपना है और वह पराया है, यह भेद-बुद्धि छोटे दिल वालों के अन्दर होती है। विशाल हृदय वाले तो सारी पृथ्वी को ही अपना परिवार समझते हैं।

"This is our own and that is of others," this kind of thinking remains in the minds of low persons, but for the generous people the whole world is their family; they love everyone.

(115)

अयं मे हस्तो भगवान् अयं मे भगवत्तरः।
अयं मे विश्वभेषजोऽयं शिवाभिमर्शनः॥

कर्मशीलता ऋ./10/60/12

Ayaṁ me hasto bhagavān, ayaṁ me bhagavattaraḥ।
Ayaṁ me viśvabheśajo'yaṁ śivābhimarśanaḥ॥

Working spirit Ṛg. / 10 / 60 / 12

मेरा एक हाथ ऐश्वर्य देने वाला है तो दूसरा उससे भी अधिक ऐश्वर्य का दाता है। यदि एक हाथ सब बीमारियों को दूर करने का साधन है, तो दूसरा हाथ सभी मंगलकारी कार्य करने में कुशल है। तात्पर्य यह है कि हाथों से ही हम सभी सुख के साधन जुटा सकते हैं।

My one hand is the source of prosperity and the other one is more active in this work. This one removes all diseases, while the other hand is expert to perform auspicious deeds. It means, our hands are the sources of all happiness, as they are able to work.

(116)

अया पवस्व धारया, यया सूर्यमरोचयः।
हिन्वानो मानुषीरपः॥

प्रार्थना ऋ./9/63/7

Ayā pavasva dhārayā, yayā suryamarocayaḥ।
Hinvāno mānuṣīrapaḥ॥

Prayer Ṛg. / 9/ 63 / 7

हे परमेश्वर! आपने तेज की एक धारा सूर्य

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

को देकर उसे प्रकाशमय बना दिया है। उसी प्रकार हम मनुष्यों को सत्कर्मों में प्रवृत्त करने की प्रेरणा देकर हमें भी ज्ञानरूपी प्रकाश से पवित्र कर दीजिए।

O God! you have given a current to the sun and enlightened that. In the same way, you should motivate us for good works and make us enlightened, so that we may be sinless and pure-minded.

(117)

अयि मलयज! महिमाऽयं कस्य गिरामस्तु विषयस्ते।
उद्गिरतो यद्गरलं फणिनः पुष्णासि परिमलोद्गारैः॥

श्रेष्ठ पुरुष भामिनीविलास/1/10

Ayi malayaja! Mahimā'yaṁ kasya girāmastu viṣayaste।
Udgirato yadgaralaṁ phaṇinaḥ puṣṇāsi parimalodgāraiḥ॥

The great Bhāminīvilāsa / 1 / 10

हे चन्दन के वृक्ष! तेरी यह महिमा किसकी वाणी ने प्रकट की है कि तू विष उगलने वाले साँपों को भी अपनी सुगन्ध की धाराओं से पुष्ट करता है।

भावार्थ यह है कि सज्जन लोग अपना बुरा करने वालों का भी उपकार ही करते हैं।

O sandle tree! who has expressed your this greatness that with your sweet smell, you make happy to those snakes, who throw their poison upon you?

It means that good persons are kind towards even their enemies.

(118)

अरक्षितं तिष्ठति दैवरक्षितम्,
सुरक्षितं दैवहतं विनश्यति।
जीवत्यनाथोऽपि वने विसर्जितः,
कृतप्रयत्नोऽपि गृहे विनश्यति॥

परमात्मा का संरक्षण पञ्चतन्त्र/मित्रभेद/273

Arakṣitaṁ tiṣṭhati daivarakṣitam,
Surakṣitaṁ daivahataṁ vinaśyati।
Jīvatyanātho'pi vane visarjitaḥ,
Kṛtaprayatno'pi gṛhe vinaśyati॥

Pancata. / Mitrabheda / 273

Protection of God

जिसकी रक्षा करने वाला कोई नहीं है, विधाता उसकी रक्षा करके उसे बचा लेता है। इसके विपरीत, लोगों द्वारा सुरक्षित भी वस्तु या प्राणी विधाता के विपरीत होने पर नष्ट हो जाता है। वन में छोड़ा हुआ अनाथ भी भाग्य के कारण जीता रहता है परन्तु घर में बहुत प्रयत्न करने पर भी भाग्य से मारा हुआ नष्ट हो जाता है।

God gives protection to those who are deserted by others. Contrary to this, if God is unhappy He destroys that thing which is protected by the people. An orphan deserted in a forest survives if the luck is favourable, but the person protected carefully in a house is killed by the destiny, if it is unfavourable.

(119)

अरक्षितारं नृपतिं ब्राह्मणं चातपस्विनम्।
धनिकं चाप्रदातारं देवा घ्नन्ति त्यजन्त्यधः॥

निन्दनीय लोग शुक्रनीति/1/120

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Arakṣitāraṁ nṛpatiṁ Brāhmaṇaṁ cātapasvinam।
Dhanikaṁ cāpradātāraṁ devā ghnanti tyajantyadhaḥ॥

Śukranīti. / 1 / 120

Condemnable persons

जो राजा प्रजा की रक्षा नहीं करता, जो ब्राह्मण तपस्वी नहीं होता और जो धनी दान नहीं देता, देवता ऐसों को मार देते और नीचे गिरा देते हैं।

The king who doesn't protect his people, the Brahmaṇa who does not practise penance and the richman who doesn't give alms, are killed by gods and thrown down-ward.

(120)

अरणीमन्थने जातु यो विरन्तुं न चेष्टते।
स एव लभते वह्निमेवं सिद्धेरपि प्रथा॥

निरन्तर श्रम बुद्धचरितम्/26/64

Araṇīmanthane jātu yo virantuṁ na ceṣṭate।
Sa eva labhate vahnimevaṁ siddherapi prathā॥

Continuous efforts Buddhacarita / 26 / 64

जो व्यक्ति अरणियों को मथते हुए बीच में रुकने की चेष्टा नहीं करता, वही अग्नि को प्राप्त करता है। यही नियम किसी भी कार्य की सफलता के लिए है। अर्थात् निरन्तर परिश्रम करने से ही सफलता प्राप्त होती है।

The man who doesn't stop while churning the two pieces of wood, gets fire. In the same way one can get success in everywork. It means continuous effort surely leads to success.

(121)

अरण्योर्निहितो जातवेदा
गर्भ इव सुधितो गर्भिणीषु।
दिवेदिव ईड्यो जागृवद्भि-
र्हविष्मद्भिर्मनुष्येभिरग्निः॥

ईश्वर की सर्वव्यापकता ऋ./1/29/2

Araṇyormihito jātavedā
garbha iva sudhito garbhiṇīṣu।
Dive diva īḍyo jāgṛvadbhi-
rhaviṣmadbhirmanuṣyebhiragniḥ॥

Omnipresece of God Ṛg. / 1 / 29 / 2

जैसे अग्नि दो अरणियों के मध्य स्थित होती है और जैसे गर्भ धारण करने वाली स्त्रियों में गर्भ अंदर स्थित होता है, ठीक उसी प्रकार परमात्मा हम सबके अंदर विद्यमान है। उसे प्राप्त करने के लिए मनुष्यों को जागकर (ज्ञानपूर्वक), समर्पण भाव से उसकी प्रतिदिन स्तुति करनी चाहिए।

As fire remains inside two pieces of wood, and as an embryo is also adopted inside the body of the pregnant lady, in the same way God has his existence in all of us. To know Him the men should be awaken and praise Him with dedication.

(122)

अरविन्दमशोकं च चूतं च नवमल्लिका।
नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्चबाणस्य सायकाः॥

कामोत्तेजक साहित्यदर्पण / 3

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Aravindamaśokaṁ ca cūtaṁ ca navamallikāl
Nīlotpalaṁ ca pañcaite pañcabāṇasya sāyakāḥ ll

Sāhityadarpaṇa / 3

Promoters of sexaulity

कामदेव के ये पाँच बाण हैं :- कमल, अशोक, आम, नवमल्लिका और नील कमल

The lotus, the ashoka, the mango, a kind of the jasamine and blue-lotus these are five arrows of god Cupid.

(123)

अर्थनाशं मनस्तापं गृहे दुश्चरितानि च।
वञ्चनं चापमानं च मतिमान् न प्रकाशयेत्॥

गोपनीय वस्तुएँ चाणक्यशतक/34

Arthanāśaṁ manstāpaṁ gṛhe duścaritāni ca।
Vañcanaṁ cāpamānaṁ ca matimān na prakāśayet ll

To be concealed Cānakyasataka / 34

बुद्धिमान् व्यक्ति को चाहिए कि वह निम्न पाँच बातों को दूसरों के सामने प्रकट न करे :- धन का नाश, मन की पीड़ा, घर की बुराइयाँ, ठगा जाना और अपमान।

One should not tell the following five thigs to others :- (1) loss of one's money, (2) anxiety of the mind, (3) bad incident of homely character, (4) cheating by some one and (5) own insult.

(124)

अर्थसिद्धिं परामिच्छन्, धर्ममेवादितश्चरेत्।
न हि धर्मादपेत्यर्थः, स्वर्गलोकादिवामृतम्॥

धर्म का महत्त्व महाभा./उद्योग/37/48

Arthasiddhiṁ parāmicchan, dharmamevāditaścaret।
Na hi dharmādapetyarthaḥ, Svargalokādivāmṛtam ll

Mahābhā. / Udyoga / 37 / 48

Importance of morality

यदि मनुष्य श्रेष्ठ धन की प्राप्ति करना चाहता है, तो उसे आरम्भ से ही धर्म का पालन करना चाहिए। धन धर्म से पृथक् नहीं किया जा सकता; जैसे स्वर्ग लोक से अमृत पृथक् नहीं हो सकता। भावार्थ यह है कि धर्मपूर्वक कमाया हुआ धन ही स्थायी और सुख का साधन होता है।

If a man desires to get ideal riches, he should act according to morality from the beginning. Riches can never be gained without morality, as the nector comes from the heaven only.

(125)

अर्थहीनोऽपि मधुरः, शब्दो लोकप्रियङ्करः।
वीणावेणुमृदङ्गादीन्यत्रोदाहरणानि नः ॥

मधुर शब्द सभारञ्जनशतक/24

Arthahīno'pi madhuraḥ, śabdo lokapriyaṅkaraḥ।
Viṇāveṇumṛdaṅgādīnyatrodāharaṇāni naḥ ll

Sweet word Sabhārañjana../ 24

चाहे शब्द सार्थक हो या न हो, परन्तु मधुर होना चाहिए, क्योंकि वही संसार को प्रिय लगता है। इस विषय में वीणा, बांसुरी, मृदङ्ग आदि के उदाहरण दिये जा सकते हैं।

In spite of being meaningless, the sweet word is liked by the people. The lute, the flute and the timbrel are its examples.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(126)

अर्थागमो नित्यमरोगिता च,
प्रिया च भार्या प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या,
षड् जीवलोकस्य सुखानि राजन्॥

संसार के सुख महाभा./उद्योग./33/82

Arthāgamo nityamarogitā ca,
Priyā ca bhāryā priyavādinī ca।
Vaśyaśca putro'rthakarī ca vidyā,
Ṣaḍ jīvalokasya sukhāni rājan॥

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 82

Worldly happiness

हे राजन् (धृतराष्ट्र), इस संसार में छह सुख हैं :- पहला धन का निरन्तर आना, दूसरा सदा नीरोग रहना, तीसरा प्यारी पत्नी का होना, चौथा मीठा बोलने वाली पत्नी का होना, पाँचवाँ पुत्र का आज्ञाकारी होना और छठा धन देने वाली विद्या का होना।

O king, there are the following six sources of happiness in this world; (1) coming of money daily, (2) good health, (3) loving wife, (4) sweet-speaking wife, (5) an obedient son, and (6) money-oriented education.

(127)

अर्थातुराणां न गुरुर्न बन्धुः,
कामातुराणां न भयं न लज्जा।
चिन्तातुराणां न सुखं न निद्रा,
क्षुधातुराणां न बलं न तेजः॥

गुणों के अभाव चाणक्यराजनीतिशास्त्र

Arthāturāṇāṁ na gururna bandhuḥ,
Kāmāturāṇāṁ na bhayaṁ na lajjā।
Cintāturāṇāṁ na sukhaṁ na nidrā,
Kṣudhāturāṇāṁ na balaṁ na tejaḥ॥

Cāṇakyarājanītiśāstra

Absence of some merits

धन के लोभियों के लिए न कोई बड़ा होता है और न कोई सम्बन्धी। काम से पीड़ित लोग न डरते हैं और न शरमाते हैं। चिन्ता से ग्रस्त लोगों को न सुख मिलता है और न नींद आती है। भूख से व्याकुल लोगों में न बल रहता है और न प्रभाव।

For getting money the greedy persons neither consider any elder person nor any relative. The persons under sexual desire don't feel fear or shame. The people who are disturbed by worries cannot enjoy happiness and sleep. And those who are suffering from hunger have neither power nor influence.

(128)

अर्थानामर्जने दुःखमर्जितानां च रक्षणे।
नाशे दुःखं व्यये दुःखं धिगर्थान् कष्टसंश्रयान्॥

धनार्जन से हानि पञ्चतन्त्र/मित्रसम्प्राप्ति/15

Arthānāmarjane duḥkhamarjitānāṁ ca rakṣaṇe।
Nāśe duḥkhaṁ vyaye duḥkhaṁ, dhigarthān kaṣṭasaṁśrayān॥

Pañca / Mitrasama. / 15

Painful—hoarding

धन के कमाते समय दुःख उठाना पड़ता है, कमाए हुए धन की रक्षा करने में भी कष्ट का

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सामना करना पड़ता है। यदि धन नष्ट हो जाये या खर्च हो जाए, तो भी दुःख होता है। इस प्रकार जो कष्ट का ही घर है, ऐसे धन को धिक्कार हो।

To earn money and to protect it are very troublesome. If money is destroyed or consumed, in these both conditions man feels pain. So, money is the only source of troubles. Hence fie to such money!

(129)

अर्थाः पादरजोनिभा, गिरिनदी-वेगोपमं यौवनम्।
आयुष्यं जलबिन्दुलोलचपलं, फेनोपमं जीवनम्॥
धर्मं यो न करोति निन्दितमतिः, स्वर्गार्गलोद्घाटनम्।
पश्चात्तापयुतो जरापरिगतः शोकाग्निना दह्यते॥

धर्माचरण आवश्यक हितोपदेश/मित्रलाभ/153

Arthāḥ pādarajonibhā girinadī-vegopamaṁ yauvanam।
कर्मानुसार फल ऋ./1/23/22

Idamāpaḥ pravahata yatkiñca duritaṁ mayi।
Yadvāhamabhidudroha yadvā śepa utānṛtam॥

Result of works Ṛg. / 1 / 23 / 22

मुझमें जो कुछ भी बुराई या जो भी अच्छाई है, या मैंने किसी से शत्रुता की है अथवा किसी को गाली दी है या कृपा की है, अथवा झूठ या सच बोला है, यह सभी कुछ मेरे प्राण को मेरे साथ ही प्राप्त होते हैं और प्रभु तदनुसार ही फल की व्यवस्था करता है।

Any bad or good thing which lies in me or if I showed enmity towards anybody, or abuse anybody or showed kindness, or told a lie or truth—all these my actions are got by my 'prānas' and God arranges their consequences according to our deeds.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(268)

इदं मे ज्योतिरमृतं हिरण्यं,
पक्वं क्षेत्रात् कामदुघा म एषा।
इदं धनं निदधे ब्राह्मणेषु,
कृण्वे पन्थां पितृषु यः स्वर्गः॥

धन का सदुपयोग अथर्व./11/1/28

Idaṁ me jyotiramṛtaṁ hiraṇyaṁ,
pakvaṁ kṣetrāt kāmadughā ma eṣā।
Idaṁ dhanaṁ nidadhe Brāhmaṇeṣu,
kṛṇve panthāṁ pitṛṣu yaḥ svargaḥ॥

God use of wealth Atharva./11/1/28

यह मेरा चमकता हुआ, मृत्यु से बचाने वाला खेत से लाया हुआ सुवर्ण रूप अन्न है और यह मेरी कामनाओं को पूर्ण करने वाली गाय है। इस धन को मैं वेद-प्रचार के कार्यों में लगाकर पालन करने वाले विज्ञानियों के बीच सुख पहुँचाने वाले रास्ते को बना रहा हूँ।

This corn, which is shining, protector from the death, and brought from the fields has golden colour and this is my cow, which fulfils all desires. I am using this money in the publicity of the Vedas and making a path for happiness of the scientists who help the nation.

(269)

इन्दुं रिहन्ति महिषा अदब्धा पदे रेभन्ति कवयो न गृध्राः।
हिन्वन्ति धीरा दशभिः क्षिपाभिः समञ्जते रूपमपां रसेन॥

प्राणायाम के लाभ ऋ.9/97/57

Induṁ rihanti mahiṣā adabdhā pade rebhanti kavayo na gṛdhrāḥ।
Hinvanti dhīrā daśabhiḥ kṣipābhiḥ samañjate rūpamapāṁ rasena॥

Ṛg./9/97/57

Advantage of controling breaths

दृढ़ प्रतिज्ञा वाले महान् पुरुष आनन्दमय प्रभु को प्राप्त कर लेते हैं। वे क्रान्तप्रज्ञ यज्ञ रूपी वेदी पर ऐसे शब्दायमान होते हैं, जैसे लोभी व्यक्ति किसी इच्छित वस्तु पर आ टपकते हैं। धीर लोग दस प्राणों की गति से और सत्कर्मों के परिपाक से उस आनन्दमय परमात्मा का साक्षात्कार करते हैं। भावार्थ यह है कि प्राणों के संयम से हम परमात्मा तक पहुँच सकते हैं।

The great men of determination can obtain God, the embodiment of bliss. Those highly wise people speak in such a way on the alter of sacrifice as greed persons get together for some desired things. The sages feel God's bliss with the help of the gait of 'Prānas' and resuls of their good deeds. It means that the control on 'Prānas' leads obtaining of God.

(270)

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्।
एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः॥

परमात्मा के अनेक नाम ऋ.1/164/46

Indraṁ mitraṁ varuṇamagnimāhurātho divyaḥ sa suparṇo garutmān।
Ekaṁ sad viprā bahudhā vadantyagniṁ yamaṁ mātariśvānamāhuḥ॥

Many names of God Ṛg./1/164/46

उस एक अग्नि रूप प्रभु को ही ज्ञानी लोग

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विविध नामों से पुकारते हैं। उसे ही इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि, दिव्य, सुपर्ण, गरुत्मान्, यम और मातरिश्वा भी कहते हैं।

The scholars call 'Agni' (God) by different names. He is called Indra, Mitra, Varuna, Agni, Divya, Suparna, Garutmān, Yama and Matariṣvā also.

(271)

इन्द्रं वर्धन्तु नो गिर इन्द्रं सुतास इन्दवः।
इन्द्रे हविष्मतीर्विशो अराणिषुः॥

परमेश्वर की स्तुतियाँ ऋ./8/13/16

Indraṁ vardhantu no gira Indraṁ sutāsa indavaḥ।
Indre haviṣmatīrviśo arāṇiṣuḥ ॥

Ṛg./8/13/16

Song of God's qualities

हमारी वाणियाँ ईश्वर के गुणगान में प्रवृत्त हों। हमारे उपार्जित उत्तम-उत्तम रसीले पदार्थ भगवान् के यश को ही बढ़ावें। सब उपासना करने वाली प्रजाएँ परमैश्वर्यशाली इन्द्र में रमण कर आनन्द प्राप्त करें।

Our tongues may be busy in the singing of the qualities of God. The earned best and delicious things may increase the fame of God. All the people who worship Him should enjoy the bliss of the glorious God with deep meditation of Him.

(272)

इन्द्रं वर्धन्तो अप्तुरः कृण्वन्तो विश्वमार्यम्।
अपघ्नन्तो अराव्णः॥

संसार को श्रेष्ठ बनाओ ऋ./9/63/5

Indraṁ vardhanto apturaḥ kṛṇvanto viśvamāryam।
Apaghnanto arāvṇaḥ ॥

हम लोग कर्मशील होकर ऐश्वर्य को बढ़ाते हुए, सम्पूर्ण विश्व को आर्य (श्रेष्ठ) बनाते हुए तथा सब दुष्ट शत्रुओं को नष्ट करते हुए परमात्मा को प्राप्त हों।

(**विशेष :-** अगले मन्त्र से 'अन्वभ्यर्षन्ति' शेष लिया है)

We must be active and then increasing our wealth, making all the world good and noble and killing all the unjust enemies obtain the supreme power, God.

(273)

इन्द्रस्यार्कस्य वायोश्च यमस्य वरुणस्य च।
चन्द्रस्याग्नेः पृथिव्याश्च तेजो वृत्तं नृपश्चरेत्॥

शासक के गुण मनु./9/303

Indrasyārkasya Vayośca Yamasya Varuṇasya ca।
Candrasyāgneḥ prithivyāśca tejo vṛttaṁ nṛpaścaret ॥

Qualities of a ruler Manu./9/303

राजा इन्द्र, सूर्य, वायु, यम, वरुण, चन्द्रमा, अग्नि और पृथ्वी के तेजस्वी स्वभाव के अनुसार ही आचरण तथा व्यवहार करे।

The king should act and behave according to the glory of gods – Indra, the Sun, Air, Yarna, Varuna, Candramā, Agni and the Earth.

(274)

इन्द्र आशाभ्यस्परि सर्वाभ्यो अभयं करत्।
जेता शत्रून् विचर्षणिः॥

निर्भयता की कामना ऋ./2/41/12

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Indra āśābhyaspari sarvābhyo abhayaṁ karatl
Jetā śatrūn vicarṣaṇiḥ ll

Desire of fearlessness Ṛg. / 2 / 41 / 12

शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने वाला, सबका द्रष्टा, परमैश्वर्यशाली परमात्मा सभी दिशाओं से हमें निर्भय बना दे अर्थात् उसकी कृपा और अपने व्यवहार से हम सभी ओर निर्भय होकर विचर सकें।

The victorious and omniscient, supreme prosperous God may make us fearless from all the directions. We should try in such a way that by blessings of God we may remain fearless at any place.

(275)

इन्द्र क्रतुं न आभर पिता पुत्रेभ्यो यथा।
शिक्षा णो अस्मिन् पुरुहूत यामनि जीवा ज्योतिरशीमहि॥

सुशिक्षा की कामना ऋ. / 7 / 32 / 26

Indra kratuṁ na ābhara pitā putrebhyo yathā l
Śikṣā ṇo asmin puruhūta yāmani jīvā jyotiraśīmahi ll

Desire of good education Ṛg. / 7 / 32 26

हे अनेक लोगों से पुकारे जाने वाले परमैश्वर्य-शाली परमात्मन्! जैसे पिता पुत्रों के लिए धर्मानुकूल बुद्धि (ज्ञान) देता है, वैसा ही ज्ञान (प्रेरणा) हमें दीजिए। इस वर्तमान काल में हमें ऐसी शिक्षा प्रदान कीजिए कि हम जीव-विज्ञान को और आप को प्राप्त कर सकें।

God, you are recalled by many people, so we also request you that as a father gives a good advice to his sons, so you should induce in us good knowledge and instruct us in such a way as we may obtain true spiritual light and your company also.

(276)

इन्द्र जहि पुमांसं यातुधानमुत स्त्रियं मायया शाशदानाम्।
विग्रीवासो मूरदेवा ऋदन्तु, मा ते दृशन्त्सूर्यमुच्चरन्तम्॥

शासक का कर्त्तव्य ऋ. / 7 / 104 / 24

Indra jahi pumaṁsaṁ yātudhānamuta striyaṁ māyayā śāśadānām l
Vigrīvāso mūradevā ṛdantu, mā te dṛśantsūryamuccarantam ll

Ruler's duty Ṛg. / 7 / 104 / 24

हे राजन्! अन्यायकारी दण्डनीय डाकू को और वंचना करके धर्म की हानि करने वाली अन्यायकारिणी स्त्री को भी नष्ट कर दीजिए। हिंसारूपी क्रिया से क्रीड़ा करने वालों की गर्दनें कटी हुई दिखाई दें। वे उदय होते हुए सूर्य को भी न देख पायें, अर्थात् उनका शीघ्र ही वध कर देना चाहिए।

O king, kill the unjust and punishable robber and the lady who deprives others, acts immorally and practises unjustice. The necks of those, who feel enjoyment in the murder of others, should be cut off. They must be killed immediately, so that they cannot see even the rising sun.

(277)

इन्द्र त्रिधातु शरणं त्रिवरूथम् स्वस्तिमत्।
छर्दिर्यच्छ मघवद्भ्यश्च मह्यं च यावया दिद्युमेभ्यः॥

उत्तम घरों की कामना अथर्व. / 20 / 83 / 1

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Indra tridhātu śaraṇaṁ trivarūtham svastimat।
Chardiryaccha maghavadbhyaśca mahyaṁ ca yāvayā didyumebhyaḥ॥

Atharva. / 20 / 83 / 1

Desire of good houses

हे इन्द्र (राजन् अथवा परमेश्वर)! सोना, चाँदी और लोहे की तीन धातुओं वाले, शीत, ताप और वर्षा— इन तीन ऋतुओं के कष्टों को सहन करने वाले उत्तम आश्रय के योग्य और बहुत सुखों वाले घर धनिकों को और मुझे भी दीजिए और सबके लिए प्रकाश का भी प्रबन्ध कीजिए।

O Indra (God or our king), give such houses to the wealthy persons and to me also, which contain the things of three metals of gold, silver and iron, which are useful in the winter, the summer and the rainy seasons and which are full of all conveniences and amenities and manage light also in all such houses.

(278)

इन्द्रमिद्गाथिनो बृहदिन्द्रमर्केभिरर्किणः।
इन्द्रं वाणीरनूषत॥

देवों के गुण ऋ./1/7/1

Indramidgāthino bṛhadindramarkebhirarkiṇaḥ।
Indraṁ vāṇīranūṣata॥

Qualities of Gods Ṛg. / 1 / 7 / 1

गाने वाले और विचारशील विद्वान् अपने उत्तम कर्मों द्वारा इन्द्र (वायु, सूर्य और परमात्मा) की गुणानुसार स्तुति करें अर्थात् सबके गुणों का वर्णन करें।

The singers and thoughtful scholars should describe the qualities of Indras (air, the sun and God) and praise them according to their merits.

(279)

इन्द्र वाजेषु नोऽव सहस्रप्रधनेषु च।
उग्र उग्राभिरूतिभिः॥

इन्द्र हमारी रक्षा करे ऋ./1/7/4

Indra vājeṣu no'va sahasrapradhaneṣu ca।
Ugra ugrābhirūtibhiḥ॥

May Indra protect us Ṛg. / 1 / 7 / 4

हे पराक्रमी परमैश्वर्यशाली परमात्मन् अथवा शासक! महायुद्धों में तथा असंख्य दुःख देने वाले कर्मों में अत्यन्त दुःखनाशक और सुख देने वाले रक्षा-साधनों से हमारी रक्षा कीजिए अर्थात् हमें ऐसी प्रेरणा दीजिए कि युद्धों में विजय तथा धन के कार्यों में धन को प्राप्त करते हुए हम सुरक्षित रहें।

O the most valient and the most glorious God or the Ruler, in great wars and in the troublesome deeds, protect us with your means of protection by removing our woes and increasing sources of happiness.

(280)

इन्द्र शुद्धो न आ गहि शुद्धो शुद्धाभिरूतिभिः।
शुद्धो रयिं नि धारय शुद्धो ममद्धिः सोम्यः॥

पवित्र जीवन की कामना ऋ./8/95/8

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Indra śuddho na ā gahi śuddho śudhābhirūtibhiḥ |
Śuddho rayiṁ ni dhāraya śuddho mamaddhiḥ somyaḥ ||

Desire of pious life Ṛg. / 8 / 95 / 8

हे परमैश्वर्यशाली परमात्मन्! आप परम पवित्र हैं, हमें भी अपनी निर्दोष सामग्री से पवित्र बनाइए। हम आप की प्रेरणा से पवित्र धन को ही प्राप्त करें। प्रभो! हमारी आत्माएँ सोम-गुण से सम्पन्न, शुद्ध और पवित्र होकर आनन्दमय बन जाएँ।

O most glorious God, you are the most holy. So make us also pure through your defectless means. May all of us obtain only holy wealth! O God, our souls may be full of the qualities of spiritual peace and purity and then enjoy your bliss by your grace!

(281)

इन्द्र श्रेष्ठानि द्रविणानि धेहि चित्तिं दक्षस्य सुभगत्वमस्मे।
पोषं रयीणामरिष्टिं तनूनां स्वाद्मानं वाचः सुदिनत्वमह्नाम्॥

शुभ वस्तुओं की कामना ऋ./2/21/6

Indra śreṣṭhāni draviṇāni dhehi cittiṁ dakṣasya subhagatvamasme |
Poṣaṁ rayīṇāmariṣṭiṁ tanūnāṁ svādmānaṁ vācaḥ sudinatvamahnām ||

Desire of good things Ṛg. / 2 / 21 / 6

हे परमैश्वर्यशाली प्रभो! आप हमें श्रेष्ठ धन दीजिए, बल के लिए चेतना शक्ति, अत्युत्तम ऐश्वर्य, पुष्टि देने वाला धन, शरीर का स्वास्थ्य, वाणी की मधुरता और दिनों को सुखपूर्वक बिताने वाला ज्ञान प्रदान कीजिए, अर्थात् हम लोग इन वस्तुओं को प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील रहें।

O most glorious God, please give us holy riches, consciousness for power, the best wealth, money for growth, the good health of body, sweetness in our tongues and knowledge to spend our days in good manner. It means, that we should also try to achieve the said things.

(282)

इन्द्रियाणां पृथग्भावमुदयास्तमयौ च यत्।
पृथगुत्पद्यमानानां मत्वा धीरो न शोचति॥

त्याज्य — शोक कठोपनिषद/6/6

Indriyāṇāṁ pṛthagbhāvamudayāstamayau ca yat |
Pṛthagutpadyamānānāṁ matvā dhīro na śocati ||

Avoid sadness Kaṭhopanisad / 6 / 6

आत्मा से पृथक् अपने कारणों से उत्पन्न होने वाली इन्द्रियों के होने को आत्मा से भिन्न और उत्पन्न होने वाली और नश्वर जानकर धीर पुरुष शोक नहीं करता।

When a thoughtful person knows that the senses and physical organs are separate from the soul which get birth from their sources and are destructible then he does not feel sadness.

(283)

इन्द्रियाणां प्रसङ्गेन दोषमृच्छत्यसंशयम्।
सन्नियम्य तु तान्येव, ततः सिद्धिं नियच्छति॥

इन्द्रिय-संयम मनु./2/93

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Indriyāṇāṁ prasaṅgena doṣamṛcchatyasaṁśayam।
Sanniyamya tu tānyeva, tataḥ siddhiṁ niyacchati॥

Control on senses Manu. / 2 / 93

इन्द्रियों के वश में न होने से मनुष्य में कई त्रुटियाँ आ जाती हैं। परन्तु जब वह उन्हें संयम में रखता है, तो उन्हीं द्वारा उसे प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त हो जाती है।

If a man follows his senses, he gains many deficiencies. But when he has control on them, he can get success in every field.

(284)

इन्द्रियाणां विचरतां विषयेष्वपहारिषु।
संयमे यत्नमातिष्ठेद्, विद्वान् यन्तेव वाजिनाम्॥

इन्द्रिय-संयम मनु. / 2/ 88

Indriyāṇāṁ vicaratāṁ viṣayeṣvapahāriṣu।
Saṁyame yatnamātiṣṭhed, vidvān yanteva vājinām॥

Control on senses Manu. / 2 / 88

जब इन्द्रियाँ आकर्षक विषयों की ओर मनुष्य को खींचें तो उनको संयम में इस प्रकार रखने का प्रयत्न करना चाहिए, जैसे रथ-चालक घोड़ों को वश में रखता है।

When the senses attract the man towards the attractive things, then he should try to have control on them like the driver of a chariot, who controls the horses.

(285)

इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनु विधीयते।
तदस्य हरति प्रज्ञां, वायुर्नावमिवाम्भसि॥

असंयमित इन्द्रियाँ महाभा. / भीष्म. / 26 / 67

Indriyāṇāṁ hi caratāṁ yanmano'nu vidhīyate।
Tadasya harati prajñāṁ, vāyurnāvamivāmbhasi॥

Mahābhā. / Bhiṣma / 26 / 6

Uncontrolled senses

चञ्चल इन्द्रियों के पीछे जब मन चल पड़ता है, तो इससे मनुष्य की बुद्धि विचलित हो जाती है, जैसे जल में नौका वायु द्वारा डगमगा जाती है।

When the mind follows the unsteady senses, then the thinking power of a man wavers, like the boat which becomes unsteady in the water by the wind.

(286)

इन्द्रियाणामनुत्सर्गो मृत्युनापि विशिष्यते।
अत्यर्थं पुनरुत्सर्गः सादयेद् देवतामपि॥

उचित इन्द्रिय-संयम महाभा. / उद्योग / 39 / 5

Indriyāṇāmanutsargo mṛtyunāpi viśiṣyate।
Atyarthaṁ punarutsargaḥ sādayed devatāmapi॥

Mahābhā. / Udyoga / 39 / 5

Useful control on senses

इन्द्रियों को नियंत्रण में रखना मृत्यु से भी भयंकर कार्य है, परन्तु उनको स्वतन्त्र छोड़ने से देवता भी कष्टों में पड़ जाते हैं। (अतः धीरे-धीरे इन्हें वश में करने का अभ्यास डालना चाहिए।)

To control the senses abruptly is more dreadful than death. But to set them free throws even the deities in difficulty. (So one should try day by day gradually to control the senses.)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(287)

इन्द्रियाणि जयन्त्याशु निराहारा मनीषिणः।
वर्जयित्वा तु रसनं, तन्निरन्नस्य वर्धते॥

इन्द्रिय-विजय-विधि भागवतपु./11/8/20

Indriyāṇi jayantyāśu nirāhārā manīṣiṇaḥ।
Varjayitvā tu rasanaṁ, tannirannasya vardhate॥

Bhāgavata pu./11/8/20

Method to control senses

जो संयमी भोजन त्याग देते हैं, वे रसनेन्द्रिय को छोड़कर अन्य सब इन्द्रियों पर विजय पा लेते हैं, परन्तु भूखे रहने से रसनेन्द्रिय की रस की इच्छा बढ़ जाती है।

The sages who do not eat the food can control their all senses except the tongue which desires more to have tastes.

(288)

इन्द्रियाणि प्रसक्तानि प्रविश्य विषयोदधौ।
आहृत्य यो निगृह्णाति, प्रत्याहारः स उच्यते॥

प्रत्याहार का लक्षण अग्निपुराण/द्वि. भाग/184/20

Indriyāṇi prasaktāni praviśya viṣayodadhau।
Āhṛtya yo nigṛhṇāti, pratyāhāraḥ sa ucyate॥

Agnipra./II Part/184/20

Definition of Pratyāhāra

विषयों के सागर में प्रवेश कर उन विषयों में लगी हुई इन्द्रियों को खींचकर अपने वश में करना ही प्रत्याहार कहलाता है।

The senses when go into the sea of their tastes and enjoy them, then taking them back and controlling them is called abstraction of senses (pratyāhāra).

(289)

इन्द्रियाणि शतक्रतो या ते जनेषु पञ्चसु।
इन्द्र तानि त आ वृणे॥

पाँच मंत्रियों का चयन ऋ./3/37/9

Indriyāṇi śatakrato yā te janeṣu pañcasu।
Indra tāni ta ā vṛṇe॥

Selection of five ministers Ṛg./3/37/9

हे सैकड़ों कार्यों का ज्ञान रखने वाले राजन्! मैं, प्रधानमन्त्री, आप के सहायक इन पाँच महत्त्वपूर्ण अधिकारियों का आपके मंगलमय प्रशासन के लिए चयन करता हूँ :- (1) गृह-मन्त्री, (2) वित्त-मन्त्री, (3) विदेश-मन्त्री, (4) रक्षा-मन्त्री और (5) न्याय-मन्त्री।

O king, you have different kinds of wisdom to understand the hundred of works of your kingdom. I, your Prime Minister, select the following five important ministers to govern your kingdom smoothly :- (1) Home Minister, (2) Finance Minister, (3) Foreign Minister, (4) Defence Minister and (5) The Minister of Justice.

(290)

इन्द्रियाण्येव तत्सर्वं यत्स्वर्गनरकावुभौ।
निगृहीतविसृष्टानि स्वर्गाय नरकाय च॥

इन्द्रियों का महत्त्व अग्निपुराण/द्वि. खंड/184/16

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Indriyāṇyeva tatsarvaṁ yatsvarga-narakāvubhau |
Nigṛhītavisṛṣṭāni svargāya narakāya ca ||

Agnipu. / II / 184 / 16

Importance of senses

स्वर्ग (सुख) और नरक (दुःख) का कारण ये इन्द्रियाँ ही हैं। यदि ये वश में रहें तो सुखदायी होती हैं और यदि ये स्वतन्त्र हो कर विषयों में भटकें , तो ये ही दुःखों का कारण बन जाती हैं।

These senses are the sources of the both—heaven (happiness) and hell (woe). If they are controlled, they give us happiness and peace and if they are free to wander in their tastes, they become the source of disaster (hell).

(291)

इन्द्रियार्थेषु सर्वेषु न प्रसज्येत कामतः।
अतिप्रसक्तिं चैतेषां मनसा सन्निवर्तयेत्॥

इन्द्रियों को अति आसक्ति से बचाओ मनु./4/16

indriyārtheṣu sarveṣu na prasajyeta kāmataḥ|
Ati prasaktiṁ caiteṣāṁ manasā sannivartayet||

Manu. / 4 / 16

Avoid too much sensuality

इन्द्रियों के विषयों में रुचिपूर्वक व्यस्त नहीं होना चाहिए। विषयों में इनकी अधिक रुचि मन के संयम द्वारा दूर कर देनी चाहिए।

One should not take interest in the sensual subjects. He should try to remove his senses from their subjects by controlling own mind.

(292)

इन्द्रो जयाति न परा जयाता अधिराजो राजसु राजयातै।
चर्कृत्य ईड्यो वन्द्यश्चोपसद्यो नमस्यो भवेह॥

परमात्मा की शरण अथर्व./6/98/1

Indro jayāti na parā jayātā adhirājo rājasu rājayātai|
Carkṛtya īḍyo vandyaścopasadyo namasyo bhaveha||

God's shelter Atharva. / 6 / 98 / 1

वह इन्द्र, परमैश्वर्यशाली परमात्मा हमें विजयी बनाए। उसकी कृपा से हम कभी पराजित न हों। वह महाराजाधिराज परमेश्वर! यश से सम्पन्न लोगों में हमें शोभाशाली बनाए। हे प्रभो! आप ही चर्कृत्य अर्थात् सभी श्रेष्ठ कर्मों को करने में चतुर हैं, अतः आप स्तुत्य, वन्दनीय, उपासनीय और नमस्करणीय हैं; इसलिए हम आपकी शरण में आते हैं।

May God, the superglorious make us victorious by his kindness and we may not be defeated. The supreme king, God, may make us ornamented in the famous people! O God, it is you, who is able to do all good works beautifully. So, you deserve our praise, greetings, worship and solutations. Due to this, we are approaching to your kind refuge.

(293)

इन्द्रो दधीचो अस्थभिर्वृत्राण्यप्रतिष्कुतः।
जघान नवतीर्नव॥

सेनापति का कर्त्तव्य ऋ./1/84/13

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Indro dadhīco asthabhirvṛtrāṇyapratiṣkutaḥ ।
Jaghāna navatīrnava ॥

Duty of the commander Ṛg. / 1 / 84 / 13

जैसे सब ओर से नियमबद्ध सूर्यलोक अस्थिर किरणों से निन्यानवें प्रकार धारण करने वाले वायु के आधार पर टिके मेघों के अवयवों को तोड़ता-फोड़ता है, वैसे ही हे सेनापति! तू भी हमारे सभी दुष्ट शत्रुओं को नष्ट कर दे।

As the regular world of the sun breaks the clouds into countless pieces which are supported by the air, in the same way, O the cammander of our army, you should destroy all our enemies.

(294)

इन्धानास्त्वा शतं हिमा द्युमन्तं समिधीमहि,
वयस्वन्तो वयस्कृतं सहस्वन्तः सहस्कृतम्।
अग्ने सपत्नदम्भनमदब्धासोऽअदाभ्यम्,
चित्रावसो स्वस्ति ते पारमशीय॥

उत्तम कामनाएँ यजु. / 3 / 18

Indhānāstvā śataṁ himā dyumantaṁ samidhīmahi,
Vayasvanto vayaskṛtaṁ sahasvantaḥ sahaskṛtam ।
Agne sapatnadambhanamadabdhāso'adābhyam,
Citrāvaso svasti te pāramaśīya ॥

Good desires Yaju. / 3 / 18

हे चित्रावसो, आश्चर्यमय धन वाले परमेश्वर! हम लोग दम्भ, अहङ्कार और हिंसा आदि दोषों से रहित होकर दीर्घ आयु और सहनशीलता को प्राप्त कर सौ वर्षों तक प्रकाश-स्वरूप आप की उपासना करते हुए तेजस्वी बनकर जियें। न दबने वाले और शत्रुओं को नष्ट करने वाले अस्त्र-शस्त्रों से हम सम्पन्न हों। तेरी कृपा से हम सब प्रकार के कल्याण का उपभोग कर सकें, यही कामना है।

O God, you have wonderful wealth. We pray and request you that may we live a long life in such a way, where fraud, pride and violence and such other sins should not take place! At least in the life of hundred years we should remain tolerant and glorious and worship you, the embodiment of light. Besides, we may remain always unyieded and should have due weapons to kill our enemies. This is also our desire that with your blessings, we may enjoy all kind of welfare.

(295)

इमं गोष्ठं पशवः संस्रवन्तु बृहस्पतिरानयतु प्रजानन्।
सिनीवाली नयत्वाग्रमेषामाजग्मुषो अनुमते नियच्छ॥

पशुओं के प्रति कर्त्तव्य अथर्व. / 2 / 26 / 2

Imaṁ goṣṭhaṁ paśavaḥ saṁsravantu bṛhaspatirānayatu prajānan।
Sinīvālī nayatvāgrameṣāmājagmuṣo anumate niyacha॥

Atharva. / 2 / 26 / 2

Duties towards animals

सभी पशु इस गोष्ठ (गोशाला) में आकर मिलें। इन पशुओं का स्वामी उन्हें पहचान कर उचित स्थान दे। खाद्य देने वाली गृहपत्नी इन को उचित आहार दे और नियम में बाँधकर रखे।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

All the animals may join in this cowshed. The master of these animals arrange them, after recognizing them, at due places. The house-wife, who is incharge of their food, may give them wholesome food and tie them at respective sites.

(296)

इमं जीवेभ्यः परिधिं दधामि मैषां नु गादपरो अर्थमेतम्।
शतं जीवन्तु शरदः पुरूचीरन्तर्मृत्युं दधतां पर्वतेन॥

सौ वर्ष का जीवन यजु./35/15

Imaṁ jīvebhyaḥ paridhiṁ dadhāmi maiṣāṁ nu gādaparo arthametam।
Śataṁ jīvantu śaradaḥ purucīrantarmṛtyuṁ dadhatāṁ parvatena॥

Life of hundred years Yaju./35/15

हे मनुष्यो! जीवों के परिश्रम से प्राप्त किए धन को कोई अन्य प्राप्त न कर ले, यह मर्यादा मैं सब प्राणियों के लिए निश्चित करता हूँ। इस प्रकार दूसरे के धन का लोभ न करते हुए तुम मनुष्य सौ वर्षों की दीर्घ आयु को प्राप्त करो और मृत्यु को ब्रह्मचर्य तथा ज्ञानादि द्वारा दूर कर दो।

O human beings, I (God) set a ideal rule for all creatures that nobody should usurp the wealth earned by others with their hard work. In this way, keeping off the greediness for others' money all of the men may gain age of hundred years and remove away their death with the help of brahmacarya and good knowledge etc.

(297)

इमं मा हिंसीरेकशफं पशुं
कनिक्रदं वाजिनं वाजिनेषु।
गौरमारण्यमनु ते दिशामि
तेन चिन्वानस्तन्वो निषीद॥

पशु-हिंसा का निषेध यजु./13/48

Imaṁ mā hiṁsīrekaśaphaṁ paśuṁ
kanikradaṁ vājinaṁ vājineṣu।
Gauramāraṇyamanu te diśāmi
tena cinvānastanvo niṣīda॥

Be off from killing animals Yaju./13/48

हे राजन्! संग्रामों में और तेजी के कार्यों में काम आने वाले इन एक खुर वाले, हिनहिनाने और वेग वाले घोड़े, गधे आदि पशुओं को मत मारो और जंगली गौर पशु की ओर भी मैं, ईश्वर, तुम्हें संकेत करता हूँ कि उसे भी मत मारो और उपयोग में लाकर अपनी वृद्धि करो।

O king, don't kill the one-hoofed animals like the horses and donkeys which are useful in the battlefield and other quick-works and which neigh. I, God also advise you that you should also not kill the wild gaura animal and take some use from it also to make your progress.

(298)

इमं मा हिंसीर्द्विपादं पशुं सहस्राक्षो मेधाय चीयमानः।
मयुं पशुं मेधमग्ने जुषस्व तेन चिन्वानस्तन्वो निषीद॥

पशु-हिंसा का निषेध यजु./13/47

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Imaṁ mā hiṁsīrdvipādaṁ paśuṁ sahasrākṣo medhāya cīyamānaḥ।
Mayuṁ paśuṁ medhamagne juṣasva tena cinvānastanvo niṣīdaII

Be off violence of animals Yaju. / 13 / 47

हे तेजस्वी राजन्! आप कई प्रकार की दृष्टि रखने वाले हैं, अतः सुख की प्राप्ति के लिए एवम् अपनी वृद्धि हेतु द्विपद प्राणी—मनुष्य तथा पवित्रकारक जंगली गवादि पशुओं को मत मारो। उस पशु की सेवा करके उस से लाभ उठाते हुए शरीर को निरन्तर स्थिर बनाओ।

O glorious king! you have many kinds of views. So, to get happiness and for your advancement you should not kill the biped animals like a man and sacred wild animals like a cow. Serving such animals, get advantages and make your life happy and established.

(299)

इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या।
असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया॥

नदियों के भेद ऋ. / 10/75/5

Imaṁ me gaṅge yamune sarasvati śutudri stomaṁ sacatā paruṣṇyā।
Asiknyā marudvṛdhe vitastayārjīkīye śṛṇuhyā suṣomayā II

Kinds of rivers Ṛg. / 10 / 75 / 5

मेरे इस प्रशंसा-वचन को ये नदियाँ सब प्रकार से सिद्ध करती हैं और सुनवाती हैं। इनमें से 'गङ्गा' अर्थात् अति गमनशील, 'यमुना' अर्थात् मिलकर तथा पृथक् चलने वाली भी नदी, 'सरस्वती' अधिक जल वाली नदी, 'शुतुद्री' शीघ्र बहने वाली नदी, 'परुष्णी' कुटिल बहने वाली नदी, 'असिक्नी' नीले पानी की नदी, 'मरुद्वृधा' मानसून में चलने वाली नदी, 'वितस्ता' विस्तार वाली नदी, 'आर्जीकीया' सीधी बहने वाली नदी और 'सुषोमा' सुन्दर औषधियों के किनारों वाली नदियाँ हैं।

विशेष :- ये सभी नाम गुणवाचक हैं। इन्हीं से बाद में नदियों के व्यक्तिवाचक नाम रखे गए हैं। ये नाम विभिन्न रक्तवाहिनियों के भी हैं।

These rivers prove and make others hear my following words of praise. All these names are meaningful showing the properties of different kinds of rivers. These names are qualitative only and not personal, as-Gangā which goes swiftly, Yamunā which flows with others and separately, Sarsvatī which has sufficient water, śutudrī which flows very fast, Parusṇī which flows in curves, Asiknī which has blue water, Marudvṛdhā which flows in rainy season, Vitastā which is very large, Arjikīyā which flows in right line and Suṣomā which has beautiful herbs on its shores. These names are also of different kinds of blood vessels.

(300)

इमं हि सर्व-वर्णानां पश्यन्तो धर्ममुत्तमम्।
यतन्ते रक्षितुं भार्यां भर्तारो दुर्बला अपि॥

पतियों कर्त्तव्य मनु. / 9/6

Imaṁ hi sarva-varṇānāṁ paśyanto dharmamuttamam।
Yatante rakṣituṁ bhāryāṁ bhartāro durbalā apII

Duties of husbands Manu. / 9 / 6

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्त्रियों की रक्षा करना सब वर्णों का परम धर्म है, ऐसा मानकर दुर्बल पति भी अपनी पत्नियों की रक्षा करने में तत्पर रहते हैं।

It is the duty of all castes to protect their wives. According to this, even weak husbands also try to save their wives always.

(301)

इममूर्णायुं वरुणस्य नाभिं
त्वचं पशूनां द्विपदां चतुष्पदाम्।
त्वष्टुः प्रजानां प्रथमं जनित्र-
मग्ने मा हिंसीः परमे व्योमन्॥

पशु-हिंसा का निषेध यजु./13/50

Imamūrṇāyuṁ varuṇasya nābhiṁ
tvacaṁ paśūnāṁ dvipadāṁ catuṣpadām।
Tvaṣṭuḥ prajānāṁ prathamaṁ janitram
agne mā hiṁsīḥ parame vyoman॥

Not to kill animals Yaju./13/50

हे अग्नि के समान ज्ञान और प्रभाव से सम्पन्न राजन्! श्रेष्ठ सुख के केन्द्र तथा द्विपद और चतुष्पद प्राणियों को अपनी ऊन से ढकने वाले, संसार के निर्माता प्रभु की प्रजाओं में प्रथम स्थान रखने वाले तथा सबको जीवन देने वाले भेड़ आदि ऊन वाले पशुओं की हत्या न करो और न होने दो।

O king, you are equal to fire in light (knowledge) and glory, so it is requested that you should not kill or allow to kill the woolly animals like the sheep, which are the centre of good happiness and which cover the biped and quadruped animals like man and others with their wool. These animals take first place in the creation of that Creator God and give life to all of us.

(302)

इमां धियं शिक्षमाणस्य देव, क्रतुं दक्षं वरुण सं शिशाधि।
ययाति विश्वा दुरिता तरेम, सुतर्माणमधिनावं रुहेम॥

कुशलता-पूर्वक कार्य ऋ./8/42/3

Imāṁ dhiyaṁ śikṣamāṇasya deva, kratuṁ dakṣaṁ Varuṇa saṁ śiśādhi।
Yayāti viśvā duritā tarema, sutarmāṇamadhināvaṁ ruhema॥

Work in good way Ṛg./84/42/3

हे पापनिवारक वरुणदेव! शिक्षा प्राप्त करने वाले हम लोगों की बुद्धि में सुक्रिया और शक्ति में तीव्रता लाइए, जिससे हम लोग सब पापों और कष्टों को पार कर सकें और ठीक प्रकार से पार लगाने वाली श्रेष्ठ क्रिया-रूपी नौका पर सवार होकर आपके पास पहुँच सकें।

O remover of sins God Varuna, we are being taught by you. So you should sharpen our intellect, good actions and energy so that we may cross all sins and difficulties and be able to sit into the boat of good actions which may carry us to you.

(303)

इमा गिर आदित्येभ्यो घृतस्नूः सनाद् राजभ्यो जुह्वा जुहोमि।
शृणोतु मित्रो अर्यमा भगो नस्तुविजातो वरुणो दक्षो अंशः॥

शासक का कर्त्तव्य ऋ./2/27/1

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Imā gira ādityebhyo ghṛtasnūḥ sanād rājabhyo juhvā juhomi I
Śṛṇotu mitro aryamā bhago nastuvijāto varuṇo dakṣo aṁśaḥ II

Duty of the Ruler Ṛg. / 2 / 27 / 1

जैसे मैं बारह महीनों के लिए घृत से तृप्त करने वाली वाणियों द्वारा यज्ञ करता हूँ, वैसे ही राजपुरुषों को भी कर आदि देकर उन्हें पूर्ण करता हूँ। हमारी वाणियों को हे राजन्! आप सुनिए क्योंकि आप ही हमारे मित्र, नियामक, ऐश्वर्य और बलादि गुणों से प्रसिद्ध, श्रेष्ठ, चतुर और दुष्टों के विनाशक हैं। आप अपने साधनों से हमारी रक्षा कीजिए।

As I perform sacrifice with the sentences which accompany with ghee during twelve months, in the same way I satisfy the ruling persons by offering taxes to them. O king, listen to our request, because it is you, who is our friend, controller and famous due to your prosperity, power and other qualities, noble, clever and destroyer of bad persons. Kindly, protect us with your means of protection.

(304)

इमा नारीरविधवाः सुपत्नीराञ्जनेन सर्पिषा संविशन्तु।
अनश्रवोऽनमीवाः सुरत्ना आरोहन्तु जनयो योनिमग्रे॥

सुहागिन के कर्त्तव्य ऋ. / 10/18/7

Imā narīravidhavāḥ supatnīrāñjanena sarpiṣā saṁviśantu I
Anaśravo'namīvāḥ suratnā ārohantu janayo yonimagre II

Duties of lucky wives Ṛg. / 10 / 18 / 7

सौभाग्यशालिनी उत्तम पत्नियाँ अंजन और घृत आदि सुगन्धित पदार्थों से युक्त होकर अपने घरों में जायें तथा बिना आँसू बहाये, रोगरहित रहकर उत्तम रत्नों से सुसज्जित होकर सन्तानोत्पन्न करने वाली बनें तथा अपने घरों में सुखपूर्वक स्थित रहें। (किसी की मृत्यु के पश्चात् के लिए यह निर्देश है।)

The good wives, whose husbands are alive should enter into their houses decorating themselves with collyrium and fragrant things like ghee. They should not shed tears and being healthy and decorated with ornaments be fit to bear their offsprings and stay in their houses happily.

(This is an instruction given to ladies after performing the ceremoney for a dead person.)

(305)

इमे ये नार्वाङ् न परश्चरन्ति न ब्राह्मणासो न सुते करासः।
त एते वाचमभिपद्य पापया सिरीस्तन्त्रं तन्वते अप्रजज्ञयः॥

शिक्षाहीनों के कर्त्तव्य ऋ. / 10/71/9

Ime ye nārvāṅ na paraścaranti na brāhmaṇāso na sute karāsaḥ I
Ta ete vācamabhipadya pāpayā sirīstantraṁ tanvate aprajajñayaḥ II

Occupations of illiterates Ṛg. / 10 / 71 / 9

जो न अपरा विद्या में निपुण हैं और जो न परा विद्या को जानते हैं, न वेदविद्या में पारंगत हैं और नाहीं कर्मकाण्ड को जानते हैं, वे अविद्वान् लोग पापमय वाणी से युक्त होकर केवल सांसारिक व्यवहार करते हुए हल चलाकर कृषि आदि का ही कार्य करते हैं, वे आध्यात्मिक

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उन्नति नहीं कर सकते।

Those who are neither expert in the worldly knowledge nor in the spiritual one and who have neither the Vedic education nor know the performance of ritual sacrifices, such illiterate persons use only sinful language and only with worldly practice use to plough the fields and make both ends meet. Such persons cannot make progress in spiritual life.

(306)

इयं विसृष्टिर्यत आ बभूव यदि वा दधे यदि वा न।
यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन्त्सो अङ्ग वेद यदि वा न वेद॥

सृष्टिकर्ता को जानो ऋ./10/129/7

Iyaṁ visṛṣṭiryata ā babhūva yadi vā dadhe yadi vā na।
Yo asyādhyakṣaḥ parame vyomantso aṅga veda yadi vā na veda॥

Know the Creator Ṛg./10/129/7

यह विविध सृष्टि जिससे उत्पन्न होती और जिसमें टिकी हुई है अथवा किसी के विचार में नहीं टिकी हुई है, वही इस का अधिष्ठाता एवं आधार है। वह परमोत्कृष्ट प्रकाशरूप में स्थित है। केवल वही इसके रहस्य को जानता है और दूसरा कोई नहीं जानता।

He, who creates this different kinds of creation and holds also it. It is He, who is the master of it and supports it. He is the domain of supreme light. It is He who knows its secret and nobody else.

(307)

इष्टाधिगमनिमित्तं प्रयोगमेकान्तसाधुमपि मत्वा।
सन्दिग्धमेव सिद्धौ कातरमाशङ्कते चेतः॥

कायर का अवगुण मालविकाग्निमित्रम्/4/5

Iṣṭādhigamanimittaṁ prayogamekāntasādhumapi matvā।
Sandigdhameva siddhau kātaramāśaṅkate cetaḥ॥

Mālavikāgni./4/5

A defect of a coward

इच्छित वस्तु की प्राप्ति के लिए किए जाने वाले उपाय को पूर्णरूप से अनुकूल जानकर भी कायर हृदय उसकी सफलता पर सन्देह ही करता है और अधीर होकर डरता ही रहता है।

To gain desired result though one adopts completely suitable method, yet the coward mind remains doubtful in its success and feels impatience.

(308)

इह क्षेत्रे क्रियते पार्थ कार्यम्,
न वै किञ्चित् क्रियते प्रेत्य कर्म।
कृतं त्वया पारलौक्यं च कर्म,
पुण्यं महत् सद्भिरतिप्रशस्तम्॥

संसार—एक कर्मक्षेत्र महाभा./उद्योग/27/12

Iha kṣetre kriyate Pārtha kāryam,
Na vai kiñcit kriyate pretya karma।
Kṛtaṁ tvayā pāralaukyaṁ ca karma,
Puṇyaṁ mahat sadbhiratipraśastam॥

Mahābhā./Udyoga/27/12

The world — place of work

हे पृथापुत्र युधिष्ठिर! इसी शरीर के द्वारा कार्य

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

किया जा सकता है। मरने के पश्चात् कुछ भी नहीं किया जा सकता। तुमने इसी शरीर द्वारा परलोक सुधारने का और इस लोक में सज्जनों द्वारा पवित्र और प्रशंसनीय माना हुआ कार्य किया है।

O Yuddhiṣṭhira! "A man can do works only through this present body. Nobody can do anywork after death. You have done good works for this and next world, which are sacred and appreciated by the noble persons."

(309)

इह गावः प्रजायेध्वमिहाश्वा इह पूरुषाः।
इहो सहस्रदक्षिणोऽपि पूषा निषीदति॥

श्रेष्ठ घर अथर्व./20/127/12

Iha gāvaḥ prajāyedhvamihāśvā iha pūruṣāḥ।
Iho sahasradakṣiṇo'pi pūṣā niṣīdati॥

A good house Atharva/20/127/12

इसी घर में गौएँ, घोड़े और पुरुष अपनी सन्तानों द्वारा वृद्धि को प्राप्त हों और हजारों को दक्षिणा देने वाला पोषक गृहपति भी इसी घर में रहे। भाव यह है कि घर ऐसा होना चाहिए जिसमें पशुओं और मनुष्यों दोनों के रहने की व्यवस्था हो।

In this very house cows, horses and men live and get their growth. The house master, who donates thousands should also reside in the same house. As a substance, it is said that the house should be built in such a way in which the human beings and animals also have sufficient place.

(310)

इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति
न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः।
भूतेषु भूतेषु विचित्य धीराः
प्रेत्यास्माल्लोकादमृताः भवन्ति॥

जीवन का लक्ष्य केनोपनिषत्/3/5

Iha cedavedīdatha satyamasti,
Na cedihāvedīnmahatī vinaṣṭiḥ।
Bhūteṣu bhuteṣu vicitya dhīrāḥ,
Pretyāsmāllokādamṛtāḥ bhavanti॥

The aim of life Kenopani./3/5

यदि इसी जीवन में तुम प्रभु को जान जाओ तो बहुत अच्छी बात है। यदि नहीं जानोगे तो समझो तुमने अपना मानव-जीवन नष्ट कर बड़ी हानि उठाई है। ज्ञानी लोग प्राणियों की जन्म-मृत्यु की दशा को देखकर और तत्त्वज्ञान प्राप्त करके प्राणों को छोड़कर इस लोक से जाकर अमर-पद प्राप्त कर लेते हैं।

If you know God in this human life, it is very profitable and if you don't know Him then you have spoiled human birth and it is a great loss. The wisemen seeing the birth and death of the creatures know the reality of the world and so they after leaving this world attain everlasting stage, that is salvation.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(311)

इह पुष्टिरिह रस इह सहस्रसातमा भव।
पशून् यमिनि पोषय॥

उपयोगी वस्तुएँ अथर्व./3/28/4

Iha puṣṭiriha rasa iha sahasrasātamā bhava |
Paśūṇ yamini poṣaya ||

Useful things Atharva. / 3 / 28 / 4

हे उत्तम नियमों के पालन कराने वाली बुद्धि के स्वामी! तुम्हारे घर में पोषण और आनन्द देने वाले सब पदार्थ होने चाहिएँ। बहुतों को तुम सुख देने वाले बनो और पशुओं को भी पालो-पोसो।

O the master of such wisdom, which induces you to carry on best principles, there should be all nourishing and mirthful things in your house. May you be able to make others happy and rear also domestic animals!

(312)

इह रतिरिह रमध्वमिह धृतिरिह स्वधृतिः स्वाहा।
उपसृजन् धरुणं मात्रे धरुणो मातरं धयन्।
रायस्पोषमस्मासु दीधरत् स्वाहा॥

आवश्यक वस्तुएँ यजु./8/51

Iha ratiriha ramadhvamiha dhṛtiriha svadhṛtiḥ svāhā |
Upasṛjan dharuṇaṁ mātre dharuṇo mātaraṁ dhayan |
Rāyaspoṣamasmāsu dīdharat svāhā ||

Necessary things Yaju. / 8 / 51

हे गृहस्थो! तुम्हारे इस गृहस्थाश्रम में प्रीति हो, यहाँ धैर्य हो, सब पदार्थों को धारण करने की क्षमता हो और तुम्हारी वाणी और क्रिया सत्य हो। इस घर में शुभ क्रियाओं द्वारा माता में गर्भ धारण की क्षमता हो और पुत्र माता का दूध पीकर बढ़े। इसके अतिरिक्त राज्य को चलाने के लिए भी धन को बढ़ाओ।

O family men! May you live in your houses with love, patience and ability to hold all the things desired for the house! you should always speak the truth and your actions should be truthful. In this house, ladies should be able to get pregnancy with good performances and the babies should grow up sucking mother's milk. Besides, you should earn more money to help your nation.

(313)

इह लोके धनिनां, परोऽपि स्वजनायते।
स्वजनोऽपि दरिद्राणां सर्वदा दुर्जनायते॥

धन का लाभ पञ्च./मित्रभेद./5

Iha loke dhanināṁ paro'pi svajanāyate |
Svajano'pi daridrāṇāṁ sarvadā durjanāyate ||

Pañcata. / Mitrabhe. / 5

Advantage of money

इस संसार में धनिकों के लिए दूसरे भी अपने बन जाया करते हैं, परन्तु निर्धनों के अपने भी सदा उनसे दुष्ट व्यवहार करने लगते हैं।

The persons who have no relations become relatives of the wealthy per-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

sons and the relatives of poor persons become aliens.

(314)

इह विरचयन्साध्वीं शिष्यः क्रियां न निवार्यते,
त्यजति तु यदा मार्गं मोहात्तदा गुरुरङ्कुशः।
विनयरुचयस्तस्मात्सन्तः सदैव निरङ्कुशाः,
परतरमतः स्वातन्त्र्येभ्यो वयं हि पराङ्मुखाः॥

गुरु और शिष्य के कर्त्तव्य मुद्राराक्षस/3/6

Iha viracayansādhvīṁ śiṣyaḥ kriyāṁ na nivāryate,
Tyajati tu yadā mārgaṁ mohāttadā gururaṅkuśaḥ।
Vinayarucayastasmāt santaḥ sadaiva niraṅkuśāḥ,
Parataramataḥ svātantrebhyo vayaṁ hi parāṅmukhāḥ॥

Mudrārā./3/6

Duties of the teacher and the pupil

जब शिष्य अच्छे कार्य करता है, तो उसे कोई रोकता नहीं है, परन्तु जब अज्ञानवश ठीक मार्ग छोड़ देता है, तब गुरु अंकुश के समान तीक्ष्ण हो जाता है। इसलिए विनम्र रहने वाले अच्छे शिष्यों को कभी भी दण्ड का भय नहीं रहता। इसीलिए हम अत्यन्त स्वतन्त्रता नहीं चाहते, नियमों में ही बंधे रहना चाहते हैं।

When a pupil does good work, he is not checked, but if he leaves good path due to his ignorance, then the preacher becomes harsh like a goad. So, all humble and good students don't have fear of checking. So, we are also against too much freedom and wish to be tied by principles.

(315)

इह वैकस्य नामुत्र अमुत्रैकस्य नो इह।
इह वाऽमुत्र चैकस्य नामुत्रैकस्य नो इह॥

प्राणियों के भेद महाभा./वनपर्व/183/88

Iha vaikasya nāmutra amutraikasya no iha।
Iha vā'mutra caikasya, nāmutraikasya no iha॥

Mahābhā./Vanap./183/88

Kinds of creatures

कोई तो पिछले शुभ कर्मों के कारण इस संसार में सुख पाता है परन्तु परलोक में नहीं, दूसरा शुभ कर्मों द्वारा परलोक में सुख पाता है, परन्तु यहाँ नहीं, तीसरे प्रकार का व्यक्ति इस लोक में भी और परलोक में भी सुख पाता है, परन्तु कुछ दुर्भाग्यशाली ऐसे होते हैं कि वे पिछले कुकर्मों के कारण यहाँ भी सुख नहीं पाते और नये कुकर्मों के कारण परलोक में भी दुखी रहते हैं।

Some people are happy in this world due to their noble deeds of previous birth but in the next world they are deprived of happiness due to their bad works. The second type of people enjoy happiness in the next world due to their good works now, but they are not happy here. The third kind of persons enjoy happiness here and in the next world also, but the fourth kind of persons neither in this world nor in the next world enjoy happiness due to their bad works.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(316)

इहैव स्तं मा वि यौष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतम्।
क्रीडन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानौ स्वगृहे॥

गृहस्थ के लिए आशीर्वाद ऋ./10/85/42

Ihaiva staṁ mā vi yauṣṭaṁ viśvamāyurvyaśnutam।
Krīḍantau putrairnaptṛbhirmodamānau svagṛhe॥

Ṛg./10/85/42

Blessings for family life

हे वर और वधू! तुम दोनों इस गृहस्थ आश्रम में स्थिर रहकर और वियुक्त न होकर पूर्ण आयु का भोग करो तथा अपने घर में रहकर पुत्रों और पौत्रों के साथ खेलते हुए प्रसन्नतापूर्वक अपना जीवन बिताओ।

O bridegroom and bride! Both of you remain in this house-life steadily. Being united enjoy your full life and playing with your sons and grandsons get pleasure in your house.

ई = ī

(317)

ईर्ष्या मादोऽतिवादश्च संज्ञानाशोऽभ्यसूयता।
तस्मात् प्राज्ञो न माद्येत, सदा ह्येतत् विगर्हितम्॥

अभिमान पापों की जड़ महाभा./उद्योग/45/11

Īrṣyā mādo'tivādaśca sañjñānāśo'bhyasūyatā।
Tasmāt prajño na mādyeta, sadā hyetat vigarhitam॥

Mahābhā./Udyoga/45/11

Pride — the source of sins

अभिमान के कारण ही ईर्ष्या, प्रमाद, बहुत बकवास, अविवेक और गुणों में दोष देखने का स्वभाव बन जाता है। अतः अभिमान नहीं करना चाहिए। यह निंदनीय कार्य है।

Arrogance is the source of jealousy, carelessness, too much talking, absence of discrimination and the nature of finding fault in merits. So one should not be arrogant.

(318)

ईर्ष्याया ध्राजिं प्रथमां प्रथमस्या उतापराम्।
अग्निं हृदय्यं शोकं तं ते निर्वापयामसि॥

ईर्ष्या से बचो अथर्व./6/18/1

Īrṣyāyā dhrājiṁ prāthamāṁ prathamasyā utāparām।
Agniṁ hṛdayyaṁ śokaṁ taṁ te nirvāpayāmasi॥

Keep off jealousy Atharva./6/18/1

हे मनुष्य! तेरी डाह की पहली तथा दूसरी अवस्था को और उससे उत्पन्न हृदयस्थ शोकाग्नि को हम सर्वथा नष्ट करते हैं। भाव यह है कि ईर्ष्या करने से हृदय जलने लगता है, अतः इससे दूर रहना चाहिए।

O man! we, the preachers, destroy fully the first and the second stage of jealousy and the heat of distress generated due to this in your mind. It means that one should not be jealous as it is the source of distress and harm.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(319)

ईर्ष्यी घृणी न सन्तुष्टः क्रोधनो नित्यशङ्कितः।
परभाग्योपजीवी च षडेते नित्यदुःखिताः॥

दुखी व्यक्ति महाभारत/ उद्योग/ प्रजागर / 33 / 90

Īrṣyī ghṛṇī na santuṣṭaḥ krodhano nityaśaṅkitaḥ।
Parabhāgyopajīvī ca ṣaḍete nityaduḥkhitāḥ॥

Mahābhā. / Udyoga / Prajāgara. / 33 / 90

Sad persons

छह प्रकार के ये लोग सदा दुखी रहते हैं – (1) डाह करने वाला, (2) नफरत करने वाला (3) तृप्त न होने वाला, (4) क्रोधी स्वभाव वाला, (5) सदा सन्देह करने वाला, और (6) दूसरों के भाग्य से जीने वाला, अर्थात् दूसरों पर आश्रित रहने वाला।

Six kinds of people always remain in trouble :- (1) jealous, (2) full of hatred, (3) unsatisfied, (4) irritated, (5) incredulous, and (6) depending on the fortune of others or a dependant.

(320)

ईशाना वार्याणां क्षयन्तीश्चर्षणीनाम्।
अपो याचामि भेषजम्॥

जल – एक दवाई ऋ. / 10/9/5

Iśānā vāryāṇāṁ kṣayantīścarṣaṇīnām।
Apo yācāmi bheṣajam॥

Water — a medicine Ṛg. / 10 / 9 / 5

अन्न आदि श्रेष्ठ वस्तुओं के उत्पादक तथा मनुष्यों को जीवन देने वाले जलों द्वारा हम औषध का भी कार्य लें अर्थात् जलों द्वारा चिकित्सा करें।

Water is useful in production of edibles and many other things and all the creatures depend on water for living. Let water be used in medical treatment also.

(321)

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम्॥

लोभ का त्याग यजु. / 40 / 1

Īśāvāsyamidaṁ sarvaṁ yatkiñca jagatyāṁ jagat।
Tena tyaktena bhuñjīthāḥ, mā gṛdhaḥ kasya sviddhanam॥

Avoid greed Yaju. / 40 / 1

हे मानव! सृष्टि में जो भी जड़ या चेतन हैं, वे सब उस ऐश्वर्यमय प्रभु से आच्छादित हैं। उस प्रभु द्वारा प्रदत्त पदार्थों से ही तू जीवन में भोग कर। किसी अन्य के धन का लोभ मत कर। (अथवा धन किसका है, वह तो ईश्वर का है। अतः त्यागपूर्वक भोग कर।)

O man, all the things, animate or inanimate are covered by omnipresent God. You should enjoy the things which are given by God to you. Never covet greedily for other's things. (Or Who is the master of this wealth? God is only the master of the wealth. So enjoy it without attachment.)

(322)

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।
भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानीव मायया॥

ईश्वर का स्थान महाभा. / भीष्मपर्व / 42 / 61

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Iśvaraḥ sarvabhūtānāṁ hṛddeśe'rjuna tiṣṭhati।
Bhrāmayan sarvabhūtani yantrārūḍhānīva māyayā॥

Mahābhā. / Bhīṣma / 42 / 61

God's place

हे अर्जुन! वह परमेश्वर सभी उत्पन्न पदार्थों में बैठकर सभी को अपनी माया से इस प्रकार घुमा रहा है, जैसे कोई चालक रथ में बैठी सवारियों को ले जाता है।

O Arjuna! God, is turning all His creation sitting in their heart with His art in such a way as a driver takes away the passengers in a vehicle.

(323)

ईश्वरा भूरिदानेन यल्लभन्ते फलं किल।
दरिद्रस्तच्च काकिण्या प्राप्नुयादिति नः श्रुतिः॥

दान का फल पञ्च. / मित्रसम्प्राप्तिः / 73

Iśvarā bhūridānena yallabhante phalaṁ kila।
Daridrastacca kākiṇyā prāpnuyāditi naḥ śrutiḥ॥

Pañcata. / Mitrasam. / 73

Fruit of donation

कोई धनवान् व्यक्ति बहुत दान देकर पुण्य का जो फल प्राप्त करता है, निर्धन व्यक्ति उतना ही फल एक कौड़ी भी दान करके प्राप्त कर लेता है, ऐसा श्रेष्ठ लोग कहते हैं।

Good persons say that a poor person may gain as much profit by donating even one cowrie as a wealthy person by donating a huge amount.

उ = U

(324)

उक्तो भवति यः पूर्वम्, गुणवानिति संसदि।
न तस्य दोषो वक्तव्यः, प्रतिज्ञाभङ्गभीरुणा॥

प्रशंसित अनिन्द्य है पञ्च. / मित्रभेद / 374

Ukto bhavati yaḥ pūrvaṁ, guṇavāniti saṁsadi।
Na tasya doṣo vaktavyaḥ, pratijñābhaṅgabhīruṇā॥

Pañcata. / Mitrabhe. / 374

Praised doesn't deserve slander

जो अपनी कही हुई बात को झुठलाना नहीं चाहता, उसे ऐसे व्यक्ति के दोष प्रकट नहीं करने चाहिए, जिसे वह किसी सभा में गुणवान् बता चुका है।

One who does not want to be called liar should not tell his fault whom he had praised for his merit in a meeting.

(325)

उचितमनुचितं वा कुर्वता कार्यमादौ,
परिणतिरवधार्या यत्नतः पण्डितेन।
अतिरभसकृतानां कर्मणामाविपत्ते-
र्भवति हृदयदाही शल्यतुल्यो विपाकः॥

सोचकर करो भोजप्रबन्ध / 24

Ucitamanucitaṁ vā kurvata kāryamādau,
Pariṇatiravadhāryā yatnataḥ paṇḍitena।
Atirabhasakṛtānāṁ karmaṇāmāvipatte-
rbhavati hṛdayadāhī śalyatulyo vipākaḥ॥

Think before action Bhojaprabandha / 24

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बुद्धिमान् व्यक्ति का कर्त्तव्य है कि उचित या अनुचित कार्य करने से पूर्व उसके परिणाम को अच्छी प्रकार समझ ले, क्योंकि जो कार्य अविवेकपूर्वक अतिशीघ्रता में किए जाते हैं, उनका परिणाम जीवन की समाप्ति तक काँटे के समान हृदय में चुभता रहता है।

A wise man should consider seriously the result of good or bad work before beginning it, because the results of the works which are begun in haste, their result goes on piercing the heart till the death of the person.

(326)

उत त्वं सख्ये स्थिरपीतमाहुर्नैनं हिन्वन्त्यपि वाजिनेषु।
अधेन्वा चरति माययैष वाचं शुश्रुवाँ अफलामपुष्पाम्॥

सार्थक शिक्षा ऋ. / 10 / 71 / 5

Uta tvaṁ sakhye sthirapītamāhurnainaṁ hinvantyapi vājineṣu।
Adhenvā carati māyayaiṣa vācaṁ śuśruvāṁ aphalāmapuspām॥

Meaningful education Ṛg. / 10 / 71 / 5

विद्वानों की गोष्ठी में एक को तो ज्ञान से पूर्ण कहा जाता है, जिसे वाणी के व्यवहार में कोई हरा नहीं सकता। वाणी और उसके अर्थ को न जानने वाला केवल शब्दाडम्बर द्वारा ही व्यवहार करता है, क्योंकि उसने बिना फलों और फूलों वाली वाणी को ही सुना है; उसकी गहराई तक नहीं पहुँचा।

A person is called learned in the company of scholars because no body can defeat him in the use of language. But those who neither know the language nor its meaning, behave by using bombastic words because he has heard such a language which has neither flowers nor fruits and has not been learnt it seriously.

(327)

उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम्।
उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्ये उशती सुवासाः॥

लाभप्रद वाणी ऋ. / 10 / 71 / 4

Uta tvaḥ paśyanna dadarśa vācamuta tvaḥ śṛṇvanna śṛṇotyenāṁ।
Uto tvasmai tanvaṁ visasre jāyeva patye uśatī suvāsāḥ॥

Useful tongue Ṛg. / 10 / 71 / 4

एक मनुष्य तो वाणी को देखता हुआ भी (पढ़ता हुआ भी) अर्थ न समझने के कारण नहीं देख पाता और एक सुनता हुआ भी उसका अर्थ न समझने के कारण नहीं सुन पाता, परन्तु एक प्रकार के मानव के लिए वाणी अपने शरीर को इस प्रकार खोल देती है, जैसे कामना करने वाली पत्नी पति के सामने अपना शरीर निर्वस्त्र कर देती है। अर्थात् जो व्यक्ति वाणी के अर्थों को समझता है, वही उसका पूर्ण लाभ और आनन्द ले सकता है।

Some persons seeing the language cannot see it, because they don't know its meanings. Others hearing it, don't hear, as they cannot know its meanings. But the third kind of persons can enjoy the beauty of the

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

language, as it discovers its complete meanings towards them, like well-dressed wife who removes all clothes towards her husband desiring his full love.

(328)

उत देवा अवहितं, देवा उन्नयथा पुनः।
उतागः चक्रुशं देवा देवा जीवयथा पुनः॥

विद्वानों के कर्त्तव्य ऋ. / 10 / 137 / 1

Uta devā avahitaṁ, devā unnayathā punaḥ।
Utāgaḥ cakruśaṁ devā devā jīvayathā punaḥ॥

Duties of scholars Ṛg. / 10 / 137 / 1

हे विद्वानो! नीचे गिरे हुए को ऊपर उठाओ। और विद्वानो! अपराध करने वाले को भी फिर अपराध करने से बचाकर उसे नया जीवन प्रदान करो।

O learned persons! Pick up the person who has fallen and give a new life to a criminal, and save him from doing crimes.

(329)

उत बालाय पाण्डित्यं पण्डितायोत बालताम्।
ददाति सर्वमीशानः पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरन्॥

कर्मानुसार फल —महाभा. / उद्योग / 31 / 2

Uta bālāya pāṇḍityaṁ paṇḍitāyota bālatām।
Dadāti sarvamīśānaḥ purastācchukramuccaran॥

Mahābhā. / Udyoga / 31 / 2

As fruits as works

वह शुद्ध स्वरूप परमात्मा कर्मानुसार सभी को फल देता हुआ विद्वान् को मूर्ख और मूर्ख को विद्वान् बना देता है।

God, the most pure one, gives the fruits of deeds to every one. So, it is He who makes a fool in to a learned man, while a learned man into a fool.

(330)

उत सन्तमसन्तं वा, बालं वृद्धं च संजय।
उताबलं बलीयांसम्, धाता प्रकुरुते वशे॥

सबका नियंत्रक परमेश्वर महाभा. / उद्योग / 31 / 1

Uta santamasantaṁ vā, bālaṁ vṛdhaṁ ca sañjaya।
Utābalaṁ balīyāṁsaṁ, Dhātā prakurute vaśe॥

Mahābhā. / Udyoga / 31 / 1

Controller of all — God

हे संजय, अच्छे अथवा बुरे व्यक्ति को, बच्चे अथवा बूढ़े को और दुर्बल अथवा बलवान् को वह परमात्मा ही अपने वश में रखता है।

O Sanjay, a good or a bad person, a child or an old one, a weak or a strong person, all are in the control of God.

(331)

उत्क्राम महते सौभगायास्मादास्थानात् द्रविणोदा वाजिन्।
वयं स्याम सुमतौ पृथिव्या अग्निं खनन्त उपस्थे अस्याः॥

ऐश्वर्य-प्राप्ति की शिक्षा यजु. / 11 / 21

Utkrāma mahate saubhagāyāsmādāsthānāt draviṇodā vājin।
Vayaṁ syāma sumatau pṛthivyā agniṁ khananta upasthe asyāḥ॥

Education for wealth Yaju. / 11 / 21

हे धन को उत्पन्न करने की विद्या के विद्वान्,

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हमारे महान सौभाग्य को जगाने के लिए आप गुरु बनकर हमें ऐसा ज्ञान दीजिए कि हम अग्निविद्या को अच्छी प्रकार जानकर इस पृथ्वी की गोदी में से रत्नादि को प्राप्त कर ऐश्वर्य सम्पन्न बन सकें।

(471)

किं कुलेन विशालेन विद्याहीने च देहिनाम्।
दुष्कुलं चापि विदुषो देवैरपि हि पूज्यते॥

विद्या का महत्त्व चाणक्यनीति / 8 / 19

Kiṁ kulena viśālena vidyāhīne ca dehinām |
Duṣkulaṁ cāpi viduṣo devairapi hi pūjyate ||

Cāṇakyanīti / 8 / 19

Advantage of knowledge

यदि मानव विद्याहीन है, तो उसके ऊँचे खानदान में जन्म लेने का कोई लाभ नहीं। विद्वान् व्यक्ति के नीच कुल की भी देवता लोग पूजा किया करते हैं।

If a man is uneducated inspite of taking birth in a high family, that is useless. We see that even the lower family of an educated person gets respect from even gods.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(472)

किं कुलेनोपदिष्टेन शीलमेवात्र कारणम्।
भवन्ति नितरां स्फीताः सुक्षेत्रे कण्टकिद्रुमाः॥

शील की प्रधानता मृच्छकटिक / 8 / 29

Kiṁ kulenopadiṣṭena śīlamevātra kāraṇaṁ।
Bhavanti nitarāṁ sphītāḥ sukṣetre kaṅṭakidrumāḥ॥

Mercchakaṭika / 8 / 29

Superiority of morality

किसी के खानदान का कोई महत्त्व नहीं होता बल्कि उसका उत्तम स्वभाव ही श्रेष्ठ माना जाता है। क्या हम देखते नहीं हैं कि अच्छे खेतों में काँटेदार झाड़ियाँ भी उग आती हैं। अतः वंश का महत्त्व नहीं है, प्रत्युत उत्तम स्वभाव ही महत्त्व-शाली है।

Borning in a high family is not a place of credit but it is the good nature which counts. We see that thorny plants grow even in good fields. So the family has no value but it is good nature which gets respect.

(473)

किञ्चित् परस्वं न हरेन्नाल्पमप्रियं वदेत्।
प्रियं च नानृतं ब्रूयान्नान्यदोषान्नुदीरयेत्॥

मनुष्य के कर्त्तव्य विष्णुपुराण / 3 / 12 / 4

Kiñcit parasvaṁ na harennālpamapriyaṁ vadet।
Priyaṁ ca nānṛtaṁ brūyānnānyadoṣānnudīrayet॥

Duties of a man Viṣṇupu. / 3 / 12 / 4

मनुष्य को चाहिए कि वह दूसरे का धन न छीने या चोरी करे, तनिक भी कठोर न बोले, प्रिय बोले परन्तु झूठ न बोले और दूसरों की त्रुटियों को मत कहे।

One should neither forcefully take nor steal other's things, nor speak bitter. He should speak sweet but not a lie and should not say the drawbacks of others.

(474)

किं चन्दनैः सकर्पूरैस्तुहिनैः किं च शीतलैः।
सर्वे ते मित्रगात्रस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्॥

मित्र का महत्त्व पञ्च. / मित्रसम्प्राप्ति / 60

Kiṁ candanaiḥ sakarpūraistuhinaiḥ kiṁ ca śītalaiḥ।
Sarve te mitragātrasya kalāṁ nārhanti ṣoḍaśīm॥

Pañca. / Mitrasam. / 60

Importance of a friend

कपूर सहित चन्दन और ठण्डी-ठण्डी बरफ भी मित्र के शरीर की शीतलता की तुलना में सोलहवाँ अंश भी नहीं हैं, अर्थात् मित्र का प्रेम सबसे अद्भुत और पूर्ण शान्तिदायक होता है।

Sandal wood with camphor and cold ice cannot be compared with the cool body of a friend, as they are not equal even to its sixteenth part. It means that the love shown by a friend is superior to all things in appeasing one's mind.

(475)

किं जातैः बहुभिः पुत्रैः शोकसन्तापकारकैः।
वरमेकः कुलालम्बी, यत्र विश्राम्यते कुलम्॥

प्रशंसनीय पुत्र चाणक्यनीति / 3 / 17

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Kiṁ jātaiḥ bahubhiḥ putraiḥ śokasantāpakārakaiḥ |
Varamekaḥ kulālambī, yatra viśrāmyate kulam ||

Admirable son Cāṇkyanīti / 3 / 17

दुःख देने वाले अनेक पुत्रों के जन्म का क्या लाभ है? अर्थात् कुछ नहीं। खानदान का आश्रय-भूत एक ही ऐसा पुत्र अच्छा है, जिसके सहारे कुल सुख और शान्ति प्राप्त कर सके।

There is no use of so many sons, who are source of sadness and trouble. Only one such son is suficient, due to whom the family feels peace and happiness.

(476)

किं तया क्रियते धेन्वा, या न सूते न दुग्धदा।
कोऽर्थः पुत्रेण जातेन, यो न विद्वान्न भक्तिमान्॥

निन्दनीय पुत्र पञ्चतन्त्र / कथामुख / 5

Kim tayā kriyate dhenvā, yā na sūte na dugdhadā|
Ko'rthaḥ putreṇa jātena, yo na vidvānna bhaktimān ||

Pancata. / Kathāmukha / 5

Condemnable son

उस गाय का कोई लाभ नहीं, जो न तो दूध देती है और न ही बच्चे। ऐसे ही उस पुत्र का कुछ भी लाभ नहीं, जो न तो विद्वान् है और न भक्ति वाला ही है।

The cow which neither gives milk nor produces calves, is useless. In the same way, the son who is neither learned nor devotee of parents, is useless.

(477)

किं तु कालपरीणामो द्रष्टव्यः साधु पश्यता।
धर्मश्चार्थश्च कामश्च कालक्रमसमाहिताः॥

समय की महिमा वा. रामायण / किष्किन्धा / 25 / 8

Kiṁ tu kālaparīṇāmo draṣṭavyaḥ sādhu paśyatā |
Dharmaścārthaśca kāmaśca kālakramasamāhitāḥ ||

Vā. Rā. / Kiṣkindhā / 25 / 8

Superiority of time

सोच-समझ वाले मनुष्य को तो समय का परिणाम (प्रभाव) समझना चाहिए; क्योंकि धर्म, अर्थ और काम कालक्रम में ही समाये हुए हैं।

A wise man should understand the result or effect of the time, as it is time only on which morality, wealth and completion of desires depend.

(478)

किं तेन हेमगिरिणा रजताद्रिणा वा,
यत्राश्रिताश्च तरवस्तरवस्त एव।
मन्यामहे मलयमेव यदाश्रयेण,
कङ्कोलनिम्बकुटजा अपि चन्दनाः स्युः॥

सत्सङ्गति का लाभ नीतिशतक / 75

Kiṁ tena Hemagiriṇā Rajatādriṇā vā,
Yatrāśritāśca taravastaravasta eva |
Manyāmahe Malayameva yadāśrayeṇa,
Kaṅkola-nimba-kuṭajā api candanāḥ syuḥ ||

Nītiśataka / 75

Advantages of good company

उस सुवर्ण-पर्वत (सुमेरु) अथवा चाँदी-पर्वत (कैलास) का क्या महत्त्व है, जहाँ उगे हुए

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पेड़, वैसे ही पहले जैसे ही हैं। हम तो मलय-पर्वत को ही महत्त्व देंगे, जहाँ उगने वाले लालचीनी, नीम तथा पत्थर-फूल भी चन्दनों के साथ रहने से उनके समान ही सुगन्धित हो जाते हैं।

What is the importance of the golden mountain (Sumeru) or the silver mountain (Kailāsa), where the full grown trees remain as they had been. We shall give the importance to the Malaya mountain, where sandal trees grow and living in their company Kaṅkola, Margosa and Kutaja trees become sweet scented like the sandal trees.

(479)

किं दुःसहं साधूनां, विदुषां किमपेक्षितम्।
किमकार्यं कदर्याणाम्, दुस्त्यजं किं धृतात्मनाम्॥

कर्ता और कार्य श्रीमद्भागवत / 10 / 1 / 58

Kiṁ duḥsahaṁ sādhūnāṁ, viduṣāṁ kimapekṣitam।
Kimakāryaṁ kadaryāṇām, dustyajaṁ kiṁ dhṛtātmanām॥

Doers and deeds Bhāgavata / 10 / 1 / 58

उत्तम स्वभाव वाले सब कुछ सह लेते हैं, विद्वानों को किसी की सहायता की चाह नहीं होती, बुरे व्यापारी सब प्रकार के बुरे कार्य कर लेते हैं और उन्नत आत्मा वाले व्यक्ति किसी भी वस्तु का परित्याग कर सकते हैं।

Men having good habits can tolerate everything, learned people don't depend on others, bad businessmen can do any bad work, and spiritual people can detach themselves from any thing.

(480)

किं मधुना किं विधुना किं सुधया किं च वसुधयाऽखिलया।
यदि हृदयहारिचरितः पुरुषः पुनरेति नयनयोरयनम्॥

सदाचार का महत्त्व अज्ञात

Kiṁ madhunā kiṁ vidhunā kiṁ sudhayā kiṁ ca vasudhayā'khilayā।
yadi hṛdayahāricaritaḥ puruṣaḥ punareti nayanayorayanam॥

Importance of morality Unknown

यद्यपि शहद, चन्द्रमा, अमृत और सम्पूर्ण पृथ्वी सभी आकर्षक वस्तुएँ हैं, तो भी यदि कोई ऐसा महापुरुष दृष्टिगोचर हो जाता है, जिसका चरित्र हृदयहारी है तो सभी आकर्षक वस्तुएँ उसकी तुलना में तुच्छ प्रतीत होने लगती हैं।

Though honey, the moon, nectar and the whole earth are very attractive, yet if a greatman, whose character attracts at once our minds, is seen, then all other attractive things seen are useless.

(481)

किं यज्ञैस्तपसा तस्य प्रजा यस्य न रक्षिताः।
सुरक्षिताः प्रजा यस्य स्वर्गस्तस्य गृहोपमः॥

अग्निपुराण / 87 (1) / 9

निन्दनीय या प्रशंसनीय शासक

Kiṁ yajñaistapasā tasya prajā yasya na rakṣitāḥ।
Surakṣitāḥ prajā yasya svargastasya gṛhopamaḥ॥

Agnipu. / 87 (1) / 9

Condemnable or admirable ruler

उस राजा के यज्ञ और तप करने का क्या लाभ है, जिसकी प्रजाएँ सुरक्षित नहीं हैं। जिस

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

राजा की प्रजाएँ सुरक्षित हैं, उसके लिए घर ही स्वर्ग है।

There is no use of sacrifices and penance for a king whose subjects are not protected. The king whose subjects are well-protected, his house is like the heaven for him.

(482)

किंशुके किं शुकः कुर्यात् फलितेऽपि बुभुक्षितः।
अदातरि समृद्धेऽपि किं कुर्युरुपजीविनः॥

अदानी धनी सुभाषितावलि / 402

Kiṁśuke kiṁ śukaḥ kuryāt, phalite'pi bubhukṣitaḥ।
Adātari samṛddhe'pi kiṁ kuryurupajīvinaḥ॥

Subhāṣitāvali / 402

The rich without charity

केसू (ढाक) के फलने पर भी तोता क्या करे, क्योंकि वहाँ उसके खाने योग्य कुछ भी नहीं है। इसी प्रकार यदि स्वामी धनी भी हो मगर कञ्जूस हो तो नौकर-चाकरों को उससे क्या लाभ?

For a parrot what is the use of the beautiful flowers of the 'Dhāka' tree where there is nothing to eat for him? In the same way if the master is very wealthy but not generous, the servants cannot enjoy in his service.

(483)

किं शेषस्य भरव्यथा न वपुषि क्ष्मां न क्षिपत्येष यत्,
किं वा नास्ति परिश्रमो दिनपतेरास्ते न यन्निश्चलः।
किन्त्वङ्गीकृतमुत्सृजन् कृपणवत् श्लाघ्यो जनो लज्जते,
निर्वाहः प्रतिपन्नवस्तुषु सतामेतद्धि गोत्रव्रतम्॥

श्रेष्ठों का चरित्र मुद्राराक्षस / 2 / 18

Kiṁ śeṣasya bharavyathā na vapuṣi kṣmāṁ na kṣipatyeṣa yat,
Kiṁ vā nāsti pariśramo dinapaterāste na yanniścalaḥ।
Kintvaṅgīkṛtamutsṛjan kṛpaṇavat ślāghyo jano lajjate,
Nirvāhaḥ pratipannavastuṣu satāmetaddhi gotravratam॥

Mudrārākṣasa / 2 / 18

Character of the great

क्या शेषनाग के शरीर में पीड़ा नहीं होती, जो कि वह पृथ्वी को फेंक नहीं देता? क्या सूर्य थकता नहीं है जो कि वह प्रकाश देना छोड़कर निष्क्रिय होकर बैठ नहीं जाता? किन्तु महान् व्यक्ति जिस कार्य का उत्तरदायित्व ले लेते हैं, वे उसे छोड़ते हुए लज्जा अनुभव करते हैं। श्रेष्ठ लोगों के कुल का यही उत्तम नियम है कि उन्होंने जो जिम्मेदारी ले ली हैं उसे प्राणपण से ही निभाते हैं।

Does Śeṣanāga not feel pain as he does not throw the weight of the earth? Does the sun not feel tiresome, as it does not stop to rest. But great persons feel ashamed to give up the duty, they have accepted. It is the noble family principle of the great persons to carry on the responsibility, which they have accepted.

(484)

कीटोऽपि सुमनःसङ्गादारोहति सतां शिरः।
अश्मापि याति देवत्वं महद्भिः सुप्रतिष्ठितः॥

सत्संगति का महत्त्व हितोपदेश / प्र. / 2

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Kiṭo'pi sumanaḥsaṅgādārohati satāṁ śiraḥ |
Aśmāpi yāti devatvaṁ mahadbhiḥ supratiṣṭhitaḥ ||

Hitopadeśa / Pra / 2

Advantage of a good company

जब बड़े लोगों को मालाएँ पहनाई जाती हैं या उन पर फूल बरसाये जाते हैं तो फूलों के साथ उनमें रहने वाला कीड़ा भी श्रेष्ठ मनुष्यों के सिर पर जा पहुँचता है। महान् लोगों द्वारा अच्छी प्रकार स्थापित किया गया पत्थर भी देवता बन जाता है। सत्संग का यही महत्त्व है।

When greatmen are garlanded or flowers are thrown upon their heads, insects staying in the flowers automatically ride on the heads of great men. In the sameway, a stone when set in a ceremonial way by the great men becomes God. This is the result of good company.

(485)

कुग्रामवासः कुलहीनसेवा,
कुभोजनं क्रोधमुखी च भार्या।
पुत्रश्च मूर्खो विधवा च कन्या,
विनाग्निना ते प्रदहन्ति कायम्॥

कष्टप्रद वस्तुएँ चाणक्यनीति / 3 / 8

Kugrāmavāsaḥ kulahīnasevā,
Kubhojanaṁ krodhamukhī ca bhāryā |
Putraśca mūrkho vidhavā ca kanyā,
Vināgninā te naḥ pradahanti kāyam ||

Torturing things Cāṇakyaniti / 3 / 8

किसी बुरे गाँव में रहना, नीच घराने की नौकरी, कुत्सित भोजन, क्रोधी चेहरे वाली पत्नी, मूर्ख पुत्र और विधवा लड़की – ये सभी बिना आग के भी शरीर को जलाते रहते हैं; अर्थात् ये गम्भीर दुःख के कारण होते हैं।

To reside in a bad village, service in a low family, bad food, an irritating wife, a foolish son and a widowed daughter - all these burn without fire. It means that these are the sources of keen sadness.

(486)

कुचैलिनं दन्तमलोपधारिणम्,
बह्वाशिनं निष्ठुरभाषिणं च।
सूर्योदये चास्तमिते शयानम्,
विमुञ्चति श्रीर्यदि चक्रपाणिः॥

लक्ष्मी द्वारा त्याज्य चाणक्यनीति / 15 / 4

Kucailinaṁ dantamalopadhāriṇam,
Bahvāśinaṁ niṣṭhurabhāṣiṇaṁ ca |
Sūryodaye cāstamite śayānam,
Vimuñcati śrīryadi cakrapāṇiḥ ||

Cāṇakyaniti / 15 / 4

Discarded by wealth

यदि विष्णु भगवान् भी गन्दे वस्त्र पहने हों, दाँतों पर मैल जमी हो, अधिक खाते हों, कठोर बोलते हों, सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सोते हों, तो लक्ष्मी उन्हें भी छोड़ देती है, अन्य की तो बात ही क्या?

If even God Viṣṇu wears dirty clothes, has dirty teeth, eats too much, speaks harsh, and sleeps at the time

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

of the sunrise and the sun-set, then the goddess of wealth rejects him; what to say about other people?

(487)

कुटुम्बचिन्ताकुलितस्य पुंसः,
श्रुतञ्च शीलञ्च गुणाश्च सर्वे।
अपक्वकुम्भे निहिता इवापः,
प्रयान्ति देहेन समं विनाशम्॥

पारिवारिक चिन्ताएँ पद्मपुराण / 2 / 26 / 158

Kuṭumbacintākulitasya puṁsaḥ,
Śrutañca, śīlañca guṇāśca sarve।
Apakvakumbhe nihitā ivāpaḥ,
Prayānti dehena samaṁ vināśam॥

Family worries Padmapu. / 2 / 26 / 158

जो मनुष्य परिवार की चिन्ताओं में डूबा रहता है, उसका ज्ञान, उत्तम स्वभाव और सारे गुण शरीर के साथ ही इस प्रकार नष्ट हो जाते हैं, जैसे कच्चे घड़े में रखा हुआ पानी घड़े सहित ही नष्ट हो जाता है।

Knowledge, morality and all merits of the person who is always perplexed with the anxieties of his family, comes to an end with his own body like the water kept in a unbaked pitcher which gets destroyed along with the pot.

(488)

कुतो निद्रा दरिद्रस्य, परप्रेष्यकस्य च।
परनारी-प्रसक्तस्य, परद्रव्यहरस्य च॥

नींद से वञ्चित चाणक्यनीतिशास्त्र / 8 / 66

Kuto nidrā daridrasya, parapreṣyakasya ca।
Paranārīprasaktasya, paradravyaharasya ca॥

Cāṇkyanītiśāstra / 8 / 66

Deprived of sleep

कंगाल मनुष्य को, समाचार ले जाने वाले दूत को, पराई स्त्री में अनुरक्त को और दूसरों के धन लूटने वालों को सुखद नींद नहीं आ सकती।

A poor man, a messenger, the man who is fallen in love with other's wife and the plunderer of others money cannot enjoy a good and sound sleep.

(489)

कुपितोऽपि गुणायैव गुणवान् भवति ध्रुवम्।
स्वभावमधुरं क्षीरं मथितं तु रसोत्तरम्॥

गुणवालों से लाभ नराभरण / 30

Kupito'pi guṇāyaiva, guṇavān bhavati dhruvam।
Svabhāvamadhuraṁ kṣīraṁ mathitaṁ tu rasottaram॥

Narābharaṇa / 30

Advantage from meritorious

गुणवान् व्यक्ति यदि नाराज भी हो जाए, तो भी उससे लाभ ही होता है। दूध स्वभावतः ही मीठा होता है, परन्तु मथने पर उससे निकला मक्खन और भी मधुर होता है।

If a meritorious person becomes angry, even then he is more useful, as milk is sweet naturally, but when it is churned its product butter is gained and that is more sweet.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(490)

कुभोज्येन दिनं नष्टं, कुकलत्रेण शर्वरी।
कुपुत्रेण कुलं नष्टं, तन्नष्टं यन्न दीयते॥

नाश के कारण शार्ङ्गधरपद्धति

Kubhojyena dinaṁ naṣṭaṁ, kukalatreṇa śarvarī।
Kuputreṇa kulaṁ naṣṭaṁ, tannaṣṭaṁ yanna dīyate॥

Reasons for destruction Śārṅgadhar.

खराब भोजन करने से दिन-भर कष्ट रहता है, बुरी पत्नी से रात बरबाद हो जाती है, बुरे पुत्र से खानदान नष्ट हो जाता है, और भोग तथा दान में काम न आने वाला धन भी नष्ट हो जाता है।

Bad food causes trouble during the whole day, a bad wife disturbs the whole night, a bad son destroys the family and the money which is neither enjoyed nor given as alms, is spoiled.

(491)

कुमुदवनमपश्रि श्रीमदम्भोजषण्डम्,
त्यजति मुदमुलूकः प्रीतिमांश्चक्रवाकः।
उदयमहिमरश्मिर्याति शीतांशुरस्तम्,
हतविधिनिहतानां ही विचित्रो विपाकः॥

दुर्भाग्य का परिणाम भोजप्रबन्ध / 279

Kumudavanamapaśri śrīmadambhojaṣaṇḍam,
Tyajati mudamulūkaḥ prītimāṁścakravākaḥ।
Udayamahimaraśmiryāti śītāṁśurastam,
Hatavidhinihatānāṁ hī vicitro vipākaḥ॥

Result of bad luck Bhojapra. / 279

प्रातःकाल होते ही कुमुदों का समूह शोभाहीन हो रहा है, कमलों का झुण्ड सौन्दर्य से भरपूर हो रहा है, उल्लू की खुशी समाप्त हो रही है, चकवा प्रसन्न हो रहा है (क्योंकि वह चकवी से अब मिल रहा है), सूर्यदेव उदय हो रहे हैं, परन्तु चन्द्रमा अब डूब रहा है। दुःख से कहना पड़ता है कि दुर्भाग्य से मारे हुओं का बहुत ही विचित्र और दुःखद परिणाम होता है, जैसे उल्लू और चाँद का हो रहा है।

At morning the grove of lilies is withering but the grove of the lotuses is enjoing its beauty, the owl is being unhappy while the ruddy goose is enjoying love, the sun is rising now but the moon is setting. It is sad to say that the things which are troubled by bad luck get sorrowful results as owls and the moon.

(492)

कुरङ्ग-मातङ्ग-पतङ्ग-भृङ्ग-,
मीना हताः पञ्चभिरेव पञ्च।
एकः प्रमादी स कथं न हन्यते,
यः सेवते पञ्चभिरेव पञ्च॥

विषयासक्ति से हानि गरुडपुराण

Kuraṅga-mātaṅga-pataṅga-bhṛṅga-,
mīnā hatāḥ pañcabhireva pañca।
Ekaḥ pramādī sa kathaṁ na hanyate,
Yaḥ sevate pañcabhireva pañca॥

Harm due to passions Garuḍpu.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हिरण, हाथी, पतंगा, भौंरा और मछली क्रमशः कान के विषय ध्वनि, त्वचा के विषय स्पर्श, आँख के विषय रूप, नाक के विषय गंध और जिह्वा के विषय स्वाद के कारण मारे जाते हैं। ये तो एक-एक विषय के सम्बन्ध से मारे जाते हैं, परन्तु जो लापरवाह मनुष्य पाँचों इन्द्रियों से पाँचों विषयों का सेवन करता है, उसकी दुर्दशा क्या होगी? वह तो निश्चय ही मारा जाएगा।

A deer, an elephant, a moth, a black bee and a fish etc. are killed due to their attachment with one subject only; such, as sound, touch, beauty, smell and taste, but what to say about the careless man who enjoys five things with his five senses? Certainly, such a man is destroyed completely.

(493)

कुराजराज्येन कुतः प्रजासुखम्,
कुमित्रमित्रेण कुतोऽभिनिर्वृतिः।
कुदारदारैश्च कुतो गृहे रतिः,
कुशिष्यमध्यापयतः कुतो यशः॥

दुःख के कारण चाणक्यनीति / 6 / 14

Kurājarājyena kutaḥ prajāsukham,
Kumitramitreṇa kuto'bhinirvṛtiḥ।
Kudāradāraiśca kuto gṛhe ratiḥ,
Kuśiṣyamadhyāpayataḥ kuto yaśaḥ॥

Causes of pain Caṇakyanīti / 6 / 14

बुरे राजा के राज्य से प्रजा सुखी नहीं हो सकती, बुरे मित्र के कारण मन में शान्ति नहीं आ सकती, बुरी स्त्री से घर में प्यार नहीं हो सकता और बुरे शिष्य को पढ़ाने वाले को यश प्राप्त नहीं हो सकता।

The people cannot be happy in the rule of a bad king, a bad friend cannot bring peace in mind, a bad wife cannot generate love in the house and the teacher who teaches a bad pupil cannot be famous.

(494)

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति, न कर्म लिप्यते नरे॥

कर्म का महत्त्व यजु. / 40 / 2

Kurvanneveha karmāṇi jijīviṣecchataṁ samāḥ।
Evaṁ tvayi nānyatheto'sti, na karma lipyate nare॥

Importance of works Yaju. / 40 / 2

हे मानव! तू इस संसार में शुभ कर्म करता हुआ ही सौ वर्ष तक जीने की इच्छा कर। इस प्रकार कर्मशील रहने पर दूसरों का मार्ग-प्रदर्शन करने वाले तुझमें कर्मों के प्रति आसक्ति उत्पन्न नहीं होगी।

O man! You should desire to live upto hundred of years, doing good works. If you remain active in this manner, you will guide others and there will be no your attachment with the work.

(495)

कुलं च शीलं च सनाथता च,
विद्या च वित्तं च वपुर्वयश्च।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एतान् गुणान् सप्त विचिन्त्य देया,
कन्या बुधैः शेषमचिन्तनीयम् ॥

कन्यादान पञ्चतन्त्र / काकोलूकीय / 188

Kulaṁ ca śīlaṁ ca sanāthatā ca,
Vidyā ca vittaṁ ca vapurvayaśca |
Etān guṇān sapta vicintya deyā,
Kanyā budhaiḥ śeṣamacintanīyam ||

Pañcata. / Kāko. / 188

Giving of a daughter

निम्नलिखित सात गुणों को विचार कर ही किसी को कन्या देनी चाहिए, शेष पर विचार करने की आवश्यकता नहीं है :-

(1) खानदान, (2) स्वभाव, (3) सहायक-जन, (4) विद्या, (5) धन, (6) शरीर की रचना, (7) आयु।

The following seven things should be considered while giving one's daughter :-

(1) Family, (2) Nature, (3) Helpers, (4) Education, (5) Wealth, (6) Physique and (7) Age.

Other things may be ignored.

(496)

कुलं वृत्तं श्रुतं शौर्यं सर्वमेतन्न गण्यते।
दुर्वृत्ते वा सुवृत्ते वा, जनो दातरि रज्यते॥

दाता की महत्ता कामनन्दकीयनीतिसार / 5 / 61

Kulaṁ vṛttaṁ śrutaṁ śauryaṁ sarvametanna gaṇyate |
Durvṛtte vā suvṛtte vā, jano dātari rajyate ||

Kāmandakīya. / 5 / 61

Superirity of charity

जो उदार और मुक्त हस्त से दान देने वाला व्यक्ति है, चाहे वह चरित्रवान् हो या दुश्चरित्र, उसका परिवार, चरित्र, ज्ञान या वीरता इत्यादि कुछ भी नहीं देखा जाता; लोग उसकी दानशीलता पर ही आकर्षित हो जाते हैं।

If a man is generous and gives alms frankly, people praise him inspite of his bad or good character. No body cares for his family, character, knowledge, or bravery.

(497)

कुलीनः शीलसम्पन्नो वाग्मी दक्षः प्रियंवदः।
यथोक्तवादी स्मृतिमान् दूतः स्यात् सप्तभिर्गुणैः॥

प्रशंसनीय दूत सुभाषितावलि / 2821

Kulīnaḥ śīlasampanno vāgmī dakṣaḥ priyaṁvadaḥ |
Yathoktavādī smṛtimān dūtaḥ syāt saptabhirguṇaiḥ ||

Admirable messenger Subhāsitā. / 2821

दूत निम्नलिखित सात गुणों वाला होना चाहिए :-

(1) खानदानी, (2) उत्तम स्वभाव वाला, (3) बोलने में निपुण, (4) कार्य में दक्ष, (5) मधुरभाषी, (6) यथार्थवक्ता और (7) स्मरण रखने वाला।

The messenger should have the following seven qualities :-

(1) Belonging to a good family, (2) of good nature, (3) eloquent, (4) expert, (5) sweet speaking, (6) practical talker and (7) having good memory.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(498)

कुले जातो बलवान् यो यशस्वी,
बहुश्रुतः सुखजीवी यतात्मा।
धर्माधर्मौ ग्रथितौ यो बिभर्त्ति,
स ह्यस्य दिष्टस्य वशादुपैति॥

भाग्यशाली के गुण महाभा. / उद्योग / 32 / 19

Kule jāto balavān yo yaśasvī,
Bahuśrutaḥ sukhajīvī yatātmā।
Dharmādharmau grathitau yo bibhartti,
Sa hyasya diṣṭasya vaśādupaiti॥

Mahābhā / Udyoga / 32 / 19

Merits of a lucky person

जो कुलीन, बलवान्, यशस्वी, बहुत ज्ञानी, सुख से जीने और मन को वश में रखने वाला तथा जो परस्पर गुँथे हुए धर्म या अधर्म को धारण करता है, वही भाग्यवश अभीष्ट गुण-सम्पत्ति प्राप्त करता है।

The person who belongs to a good family, and has power, fame, vast knowledge and happy life and who controls his mind and adopts morality and immorality according to the occasion, only luckily he can get desired results and wealth.

(499)

कुसुमस्तबकस्येव द्वयीवृत्तिर्मनस्विनः।
मूर्ध्नि वा सर्वलोकानां शीर्यते वन एव वा॥

श्रेष्ठ व्यक्ति का जीवन नीतिशतक / 15

Kusumastabakasyeva dvayīvṛttirmanasvinaḥ।
Mūrdhni vā sarvalokānāṁ, śīryate vana eva vā॥

Life of the great Nītiśataka. / 15

फूलों के गुच्छे के समान मनस्वी व्यक्ति की दो ही स्थितियाँ हुआ करती है, या तो वह सबके सिर पर रहता है, अर्थात् नेतृत्व करता है, या वन में ही समाप्त हो जाता है, अर्थात् तपस्या में ही अपना जीवन लगा देता है।

Like a banquet of flowers, there are two states of the man of determination. Either he remains as the head of people being a leader of them or spends his life in a forest performing penance.

(500)

कुसुमान्यपि गात्रसंगमात् प्रभवन्त्यायुरपोहितुं यदि।
न भविष्यति हन्त साधनं किमिवान्यत् प्रहरिष्यतो विधेः॥

दुर्भाग्य का परिणाम रघुवंश / 8 / 44

Kusumānyapi gātrasaṅgamāt prabhavantyāyurapohituṁ yadi।
Na bhaviṣyati hanta sādhanaṁ kimivānyat praharisyato vidheḥ॥

Result of bad luck Raghuvaṁ. / 8 / 44

यदि फूल भी शरीर के साथ लगकर जीवन को नष्ट कर सकते हैं, तो फिर विधाता को प्रहार करने के लिए अन्य साधनों को ग्रहण करने की आवश्यकता ही क्या है?

If the flowers attached with a body of a person can kill him, then all other means of killing have no value for the Creator.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(501)

कूपोदकं वटच्छाया, श्यामा स्त्री चेष्टकालयः।
शीतकाले भवेदुष्णमुष्णकाले च शीतलम्॥

ऋतु के अनुकूल वस्तुएँ चाणक्यशतक

Kūpodakaṁ vaṭacchāyā, śyāmā strī ceṣṭakālayaḥ।
Śitakāle bhavedusṇamusṇakāle ca śītalam॥

Cāṇkyaśataka

Things favourable in seasons

कुएँ का पानी, बरगद की छाया, नवयौवना स्त्री, और ईंटों से बना घर सर्दियों में गर्म होते हैं और गर्मियों में ठंडे।

The water of a well, shadow of the banyan tree, young beautiful lady and a house made of bricks are warm in winters and cool in summers.

(502)

कृतं मे दक्षिणे हस्ते, जयो मे सव्य आहितः।
गोजिद्भूयासमश्वजिद्, धनञ्जयो, हिरण्यजित्॥

परिश्रम सफलता की कुंजी अथर्व. / 7 / 50 / 8

Kṛtaṁ me dakṣiṇe haste, jayo me savya āhitaḥ।
Gojid-bhūyāsamaśvajid, dhanañjayo, hiraṇyajit॥

Atharva. / 7 / 50 / 8

Hardwork leads to success

मेरे दायें हाथ में यदि मेरा कार्य है, तो विजय मेरे बायें हाथ का स्वतः चुम्बन करेगी। मैं परिश्रम द्वारा गौओं, घोड़ों, धन-सम्पत्तियों और सोने का भी स्वामी बन सकता हूँ। अर्थात् परिश्रम द्वारा ही मनुष्य सब प्रकार की सफलता प्राप्त कर सकता है।

If my work is in my right hand, then success will be obtained by my left hand. Due to my hard-work, I can get cows, horses, wealth and even gold. It means that hard-work is the source of all kinds of prosperity.

(503)

कृतवैरे न विश्वासः कार्यस्त्विह सुहृद्यपि।
छन्नं संतिष्ठते वैरं, गूढोऽग्निरिव दारुषु॥

अविश्वसनीय महाभा. / शान्ति. / 139 / 44

Kṛtavaire na viśvāsaḥ kāryastviha suhṛdyapi।
Channaṁ saṁtiṣṭhate vairaṁ, gūḍho'gniriva dāruṣu॥

Mahābhā. / Śānti / 139 / 44

Not to be trusted

जो पहले शत्रु रहा हो और फिर मित्र भी बन गया हो, उस पर विश्वास नहीं करना चाहिए। शत्रुता तो इस प्रकार से छिपी रहती है, जैसे लकड़ियों में आग गुप्त रूप से छिपी रहती है।

One, who had been an enemy and now has become a friend should not be trusted. Enmity re-mains hidden in such a manner as fire quietly remains hidden in wood.

(504)

कृतान्तपाशबद्धानां दैवोपहतचेतसाम्।
बुद्धयः कुब्जगामिन्यो भवन्ति महतामपि॥

दुर्भाग्य बुद्धिनाशक पञ्च. / मित्रसम्प्राप्ति / 5

Kṛtāntapāśabaddhānāṁ daivopahatacetasām।
Buddhayaḥ kubjagāminyo bhavanti mahatāmapi॥

Pañca. / Mitrasam. / 5

Bad luck destroys wit

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यमराज के जाल में फँसने वालों और दुर्भाग्य से जिनके मन सोचने में असमर्थ हो गये हैं, ऐसे महान् लोगों की भी बुद्धियाँ निकम्मी हो जाती हैं; वे अच्छे-बुरे का विवेक नहीं कर पातीं।

The persons, even great ones, who are trapped by the god of death and whose minds unluckily do not work, cannot think properly with their intellect, which has become quite unable. They cannot distinguish between right or wrong.

(505)

कृतार्था ह्यकृतार्थानां मित्राणां न भवन्ति ये।
तान् मृतानपि क्रव्यादाः कृतघ्नान् नोपभुञ्जते॥

वा.रामायण / किष्किन्धा / 31 / 73

कृतघ्नता का दुष्परिणाम

Kṛtārthā hyakṛtārthānāṁ mitrāṇāṁ na bhavanti ye।
Tān mṛtānapi kravyādāḥ kṛtaghnān nopabhuñjate॥

Vā. Rā. / Kiṣkindhā / 31 / 73

Bad result of ungratefulness

अपना कार्य सिद्ध करा लेने के पश्चात् जो मित्रों के कार्यों में सहायक नहीं बनते, ऐसे कृतघ्नों के मर जाने पर उनके शरीर को मांसाहारी पशु भी नहीं खाते। भाव यह है कि ऐसे लोग बहुत नीच होते हैं।

After getting success with the help of friends who don't help those friends in their work, such ungrateful persons when die, their bodies are not eaten even by the wild animals. It means that such kind of persons are very mean fellows.

(506)

कृते प्रतिकृतिं कुर्यात्, हिंसने प्रतिहिंसनम्।
तत्र दोषो न पतति, दुष्टे दौष्ट्यं समाचरेत्॥

जैसे को तैसा चाणक्यनीति / 17 / 2

Kṛte pratikṛtiṁ kuryāt, hiṁsane pratihiṁsanam।
Tatra doṣo na patati, duṣṭe dauṣṭyaṁ samācareṭ॥

Tit for tat Cāṇkyanīti / 17 / 2

भला करने वाले का भला करना चाहिए, परन्तु यदि कोई हानि पहुँचाता है, तो उससे वैसा ही व्यवहार करना चाहिए। दुष्ट के प्रति दुष्टता का व्यवहार करने में कोई बुराई नहीं है।

One who helps, help him but one who tries to kill, should be killed. There is no fault in treating badly against a bad person.

(507)

कृत्याकृत्यं न मन्येत क्षत्रियो युधि सङ्गतः।
प्रसुप्तो द्रोणपुत्रेण धृष्टद्युम्नः पुरा हतः॥

युद्ध में कर्तव्याकर्तव्य पञ्च. / मित्रभेद / 22

Kṛtyākṛtyaṁ na manyeta kṣatriyo yudhi saṅgataḥ।
Prasupto Droṇaputreṇa Dhṛṣṭadyumnaḥ purā hataḥ॥

Pañca. / Mitrabhe. / 22

No morality in war

युद्ध के समय करने योग्य या न करने योग्य बातों पर विचार नहीं करना चाहिए। पूर्वकाल में सोए हुए अपने पिता के हत्यारे धृष्टद्युम्न को द्रोण-पुत्र अश्वत्थामा ने मार डाला था।

One should not consider what is to be done or not to be done at the time

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

of war. In past, Aśvatthāmā killed his father's killer Dhṛṣṭadyumna when he was sleeping.

(508)

कृपणोऽप्यकुलीनोऽपि सज्जनैर्वर्जितः सदा।
सेव्यते स नरो लोके यस्य स्याद् वित्तसंचयः॥

धन का महत्त्व पञ्चतन्त्र / मित्रसम्प्राप्ति / 132

Kṛpaṇo'pyakulīno'pi sajjanairvarjitaḥ sadā।
Sevyate sa naro loke, yasya syād vittasaṁcayaḥ॥

Pañca. / Mitrasam. / 132

Advantage of riches

जिसके पास धन जमा है, ऐसा व्यक्ति चाहे कंजूस, नीच कुल वाला या सज्जनों से छोड़ा भी क्यों न गया हो, उसके यहाँ नौकरी करने को लोग तैयार रहते हैं।

People intend to serve such a person who has lot of money, though he may be hardfisted, born in a low family and rejected by good persons.

(509)

कृषितो नास्ति दुर्भिक्षं, जपतो नास्ति पातकम्।
मौनतः कलहो नास्ति, नास्ति जागरतो भयम्॥

संकटों से बचने के उपाय नीतिशास्त्र / 46

Kṛṣito nāsti durbhikṣaṁ, japato nāsti pātakam।
Maunataḥ kalaho nāsti, nāsti jāgarato bhayam॥

Methods to save oneself Nītiśāstra / 46

खेती करने से अकाल नष्ट हो जाता है, जप करने से पाप नष्ट हो जाता है, चुप्पी साध लेने पर झगड़ा समाप्त हो जाता है और सावधान रहने पर डर नहीं रहता।

Agriculture removes famine, muttering of prayers keeps off sins, silence ends quarrel and alertness removes fear.

(510)

कृषेर्वृष्टिसमायोगात्, काले स्युः फलसिद्धयः।
सधर्मं पौरुषं कुर्यात्, नालसो न च दैववान्॥

पुरुषार्थ का महत्त्व अग्निपुराण / 89 / 4

Kṛṣervṛṣṭisamāyogāt, kāle syuḥ phalasiddhayaḥ।
Śadharmaṁ pauruṣaṁ kuryāt, nālaso na ca daivavān॥

Agnipu. / 89 / 4

Importance of hard work

वर्षा ठीक समय पर हो जाने पर खेती-बाड़ी ठीक समय पर फसल देती है। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह धर्मपूर्वक परिश्रम करे और न आलस्य करे और न ही भाग्य पर आश्रित रहे।

If it rains timely, farming gives its fruit well in time. So, one should do hard-work with morality. He should neither remain idle, nor depend on his fortune.

(511)

केतकीकुसुमं भृङ्गः, पीड्यमानोऽपि सेवते।
दोषाः किं नाम कुर्वन्ति, गुणापहृतचेतसः॥

गुणों का आकर्षण सुभाषितावलि / 726

Ketakīkusumaṁ bhṛṅgaḥ, pīḍyamāno'pi sevate।
Doṣāḥ kiṁ nāma kurvanti, guṇāpahṛtacetasaḥ॥

Attraction of merits Subhāsitāvali / 726

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भौंरा काँटेदार केवड़े के फूल का कष्ट सहता हुआ भी सेवन करता है। जिसके गुणों ने दिल को जीत लिया है, उसकी त्रुटियों पर ध्यान नहीं दिया जाता।

A black-bee enjoys the nectar of the flower of 'Kevaḍā' a thorny plant, inspite of troubles. Defects are ignored of that thing which has attracted the minds of others.

(512)

केतुं कृण्वन्नकेतवे, पेशो मर्या अपेशसे।
समुषद्भिरजायथाः ॥

आत्मा का कार्य ऋ. / 1 / 6 / 3

Ketuṁ kṛṇvannaketave, peśo maryā apeśase |
Samuṣadbhirajāyathāḥ ||

Work of the soul Ṛg. / 1 / 6 / 3

हे जीवात्मा! ज्ञानरहित मरणशील इस देह में ज्ञान और चेतना उत्पन्न करता हुआ और सौन्दर्यहीन पार्थिव स्वरूप में सौन्दर्य पैदा करता हुआ तू जागरण-शक्तियों के साथ उत्तम प्रकार से जन्म लेता है, अर्थात् शरीर धारण करता है।

O soul! This body is senseless and destructive, but it is you who generates sense (feelings) in it. This earthly body has no beauty but on account of you it becomes beautiful. You take birth with wakeful forces in a body.

(513)

केनामृतमिदं सृष्टं मित्रमित्यक्षरद्वयम्।
आपदां च परित्राणं शोकसन्तापभेषजम् ॥

मित्र का गुण पञ्च. / मित्रसम्प्राप्ति / 61

Kenāmṛtāmidaṁ sṛṣṭaṁ, mitramityakṣaradvayam |
Āpadāṁ ca paritrāṇaṁ, śokasantāpabheṣajam ||

Pañca. / Mitrasam. / 61

Quality of a friend

भला 'मित्र' यह दो अक्षरों वाला अमृतरूप शब्द किसने रच डाला है, जो संकटों से बचाता है और शोक तथा व्याकुलता की दवाई है?

Who has constructed this 'mitra' word having only two syllables, which is as sweet as the nectar, and is also protector from woes and medicine of sadness and anxiety?

(514)

केयूरा न विभूषयन्ति पुरुषं हारा न चन्द्रोज्ज्वलाः,
न स्नानं न विलेपनं न कुसुमं नालङ्कृता मूर्धजाः।
वाण्येका समलङ्करोति पुरुषं या संस्कृता धार्यते,
क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम् ॥

वाणी का भूषण नीतिशतक / 19

Keyūrā na vibhūṣayanti puruṣaṁ hārā na candrojjvalāḥ,
Na snānaṁ na vilepanaṁ na kusumaṁ nālaṅkṛtā mūrdhajāḥ |
Vāṇyekā samalaṅkaroti puruṣaṁ yā saṁskṛtā dhāryate,
Kṣīyante khalu bhūṣaṇāni satataṁ vāgbhūṣaṇaṁ bhūṣaṇam ||

Ornament of speech Nītiśataka / 19

बाजूबन्द, चन्द्रमा जैसे चमकते हार, स्नान, सुगन्धित वस्तुओं का लेप, फूल और सजाए हुए बाल मनुष्य को वह शोभा नहीं देते जो शुद्ध, स्पष्ट, और सुन्दर वाणी उसे देती है। अन्य भूषण तो धीरे-धीरे नष्ट हो जाते हैं, परन्तु वाणी का भूषण ही स्थायी रूप से उसे सजाता है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Armlets, garlands shining like the moon, bath, cosmetics, flowers and well dressed hair don't adorn a person in such a manner as refined language does. Other ornaments diminish gradually, but it is only the good tongue which is a permament beauty of a person.

(515)

केशः काशस्तबक-विकासः,
कायः प्रकटितकरभविलासः।
चक्षुर्दग्ध-वराटककल्पं,
त्यजति न चेतः काममनल्पम्॥

सा. दर्पण / 10 / कारिका 6 पर

कामनाओं की शक्ति

Keśaḥ kāśastabakavikāsaḥ,
Kāyaḥ prakaṭita-karabhavilāsaḥ।
Cakṣurdagdha-varāṭakakalpaṁ,
Tyajati na cetaḥ kāmamanalpam॥

Sā. Darpana / 10 / Kar. 6

Power of desires

वृद्धावस्था आने पर बाल कास के पुष्पगुच्छ के समान सफेद हो जाते हैं, शरीर हाथी के बच्चे के समान डगमगाने लगता है, आँखें जली हुई कौड़ी के समान हो जाती हैं परन्तु फिर भी वासनाएँ तनिक भी पीछा नहीं छोड़तीं।

In old age, hair becomes as white as a cluster of reed flowers, the body shows the actions like a baby elephant, eyes become like a burnt cowrie, but still the mind doesn't keep off desires.

(516)

कोकिलश्चूतशिखरे मञ्जरीरेणुपिञ्जरः।
गदितैर्व्यक्ततामेति कुलीनश्चेष्टितैरिव॥

गुणों से मान सुभाषितावलिः / 1673

Kokilaścūtaśikhare mañjarīreṇupiñjaraḥ।
gaditairvyaktatāmeti kulīnaśceṣṭitairiva॥

Subhāṣitāvali / 1673

Merits, the sources of respect

आम के वृक्ष की चोटी पर आम्र-बौर की धूल से भरी हुई कोयल उसी प्रकार अपनी बोली से पहचान ली जाती है, जैसे उत्तम कुल का व्यक्ति अपनी चेष्टाओं से पहचाना जाता है।

On the top of a mango tree, a cuckoo covered with the dust of clusters of mango flowers, is recognized by its sweet sound like a person of noble family who is recognized by his actions.

(517)

कोकिलानां स्वरो रूपम्, लज्जा रूपं कुलस्त्रियः।
विद्यायाः पटुता रूपं, रूपं मूर्खस्य मौनता॥

सुन्दरता के साधन चाणक्य-राजनीतिशास्त्र

Kokilānāṁ svaro rūpam, Lajjā rūpaṁ kulastriyaḥ।
Vidyāyāḥ paṭutā rūpaṁ, rūpaṁ mūrkhasya maunatā॥

Means of beauty Cāṇkya-Rājnītiśāstra

कोयलों का सौन्दर्य उनकी मीठी आवाज है,

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुलीन नारी का सौन्दर्य लज्जा है, विद्या का सौन्दर्य कार्यकुशलता है और मूर्ख की शोभा चुप रहने में ही है।

The beauty of cuckoos is in their sweet sound, the beauty of the woman of noble family is shyness, dexterity is the beauty of learning and silence is the beauty of an ignorant or fool person.

(518)

कोऽतिभारः समर्थानां, किं दूरं व्यवसायिनाम्।
को विदेशः सविद्यानाम्, कः परः प्रियवादिनाम्॥

कठिनता में सरलता पञ्च. / मित्रसम्प्राप्ति / 57

Ko'tibhāraḥ samarthānāṁ, kiṁ dūraṁ vyavasāyinām |
Ko videśaḥ savidyānām, kaḥ paraḥ priyavādinām ||

Pañca. / Mitrasam. / 57

Lightness in difficulty

समर्थ व्यक्तियों के लिए भार क्या है? अर्थात् कुछ भी नहीं। व्यापार करने वालों के लिए दूर क्या है? अर्थात् कुछ भी नहीं। विद्वानों के लिए विदेश कौन-सा है? अर्थात् कोई भी नहीं। मीठा बोलने वालों के लिए पराया कौन है? अर्थात् कोई भी नहीं।

Able persons can carry on all kinds of burden. There is nothing far for the persons who want some business. There is no foreign country for the learned people. And there is not any alien person for the sweet speakers.

(519)

को धर्मो भूतदया, किं सौख्यमरोगिता जन्तोः।
कः स्नेहः सद्भावः, किं पाण्डित्यं परिच्छेदः॥

धर्मादि का स्वरूप हितोपदेश / 1 / 51

Ko dharmo bhutadayā, kiṁ saukhyamarogitā jantoḥ |
Kaḥ snehaḥ sadbhāvaḥ, kiṁ pāṇḍityaṁ paricchedaḥ ||

Hitopa. / 1 / 51

True definition of Dharma etc.

धर्म क्या है? प्राणियों पर दया करना। सुख क्या है? शरीर का नीरोग रहना। प्रेम क्या है? शुभचिन्तन। बुद्धिमत्ता क्या है? अच्छे-बुरे का विवेक (पहचान)।

What is morality? Kindness to all creatures. What is happiness? Health of the body. What is love? Well-wishing. What is wisdom? Discrimination of good and bad.

(520)

कोऽर्थान् प्राप्य न गर्वितो, विषयिणः, कस्यापदोऽस्तं गताः,
स्त्रीभिः कस्य न खण्डितं भुवि मनः, को नाम राज्यप्रियः।
कः कालस्य न गोचरत्वमगमत्, कोऽर्थी गतो गौरवम्,
को वा दुर्जन-दुर्गुणेषु पतितः क्षेमेण यातः पथि॥

दुःख के कारण चाणक्यनीति / 16 / 4

Ko'rthān prāpya na garvito viṣayiṇaḥ, kasyāpado'staṁ gatāḥ,
Strībhiḥ kasya na khaṇḍitaṁ bhuvi manaḥ, ko nāma rājya-priyaḥ |
Kaḥ kālasya na gocaratvamagamat, ko'rthī gato gauravam,
Ko vā durjanadurguṇeṣu patitaḥ kṣemeṇa yātaḥ pathi ||

Causes of woes Cāṇkyanīti / 16 / 4

धन प्राप्त करने के बाद कौन नहीं अभिमानी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हुआ? किसकी मुसीबतें समाप्त हो गई हैं? किसके मन को स्त्रियों ने संसार में निराश नहीं किया? राज्य का प्रिय कौन बना? काल के वश में कौन नहीं हुआ? किस भिखारी ने मान प्राप्त किया है? अथवा कौन ऐसा व्यक्ति है, जो दुष्टों के दुर्गुणों में फँसने के कारण शान्ति से अपने मार्ग पर चल सका है?

Who didn't become proudy after being rich? Whose difficulties have finished? Whose mind has not been disappointed by women? Who gained love of the state? Who has not been controlled by the time? Which beggar gained honour? Or who is such a man who has not been troubled by the wicked actions of bad persons and could walk on his path peacefully?

(521)

को हि तुलामधिरोहति शुचिना दुग्धेन सहजमधुरेण।
तप्तं विकृतं मथितं तथापि यत्स्नेहमुद्गिरति॥

श्रेष्ठ व्यक्तित्व शार्ङ्गधरपद्धति

Ko hi tulāmadhirohati śucinā dugdhen sahajamadhureṇa।
Taptaṁ vikṛtaṁ mathitaṁ tathāpi yatsnehamudgirati॥

Admirable personality Śārṅgadharp.

शुद्ध और स्वाभाविक मिठास वाले दूध के साथ किसकी तुलना की जा सकती है, जो कि तपाने पर, खराब होने पर और मथ जाने पर भी प्रेमरूपी घी उगलता है। इसी प्रकार सज्जन लोग भी सभी अवस्थाओं में प्रेमपूर्ण व्यवहार ही करते हैं।

Who can be compared with pure milk which is naturally sweet and if it is boiled, deformed or churned, it always gives out lovely butter like the love given by good persons in every circumstance.

(522)

कौशेयं कृमिजं सुवर्णमुपलाद् दूर्वापि गोरोमतः,
पङ्कात्तामरसं शशाङ्क उदधेरिन्दीवरं गोमयात्।
काष्ठादग्निरहेः फणादपि मणिर्गोपित्ततो रोचना,
प्राकाश्यं स्वगुणोदयेन गुणिनो गच्छन्ति, किं जन्मना॥

गुण ही मान के कारण पञ्च./मित्रभेद/99

Kauśeyaṁ kṛmijaṁ suvarṇamupalād dūrvāpi goromataḥ,
Pañkāttāmarasaṁ śaśāṅka udadherindīvaraṁ gomayāt।
Kāṣṭhādagniraheḥ phanādapi maṇirgopittato rocanā,
Prākāśyaṁ svaguṇodayena guṇino gacchanti kiṁ janmanā॥

Pañcata./Mitrabhe./99

Merits give respect

रेशम कीड़े से, सोना पत्थर में से, दूब गाय के रोम से, कमल कीचड़ से, चाँद समुद्र से, नील-कमल गोबर से, आग लकड़ी से, मणि साँप के फण से और रोचना नाम की ओषधि गाय के पित्त से उत्पन्न हुई मानी जाती है। इस प्रकार सभी गुणी अपने गुणों के द्वारा ही प्रसिद्धि प्राप्त करते हैं; किसी का जन्म किससे हुआ इस बात का कोई महत्त्व नहीं होता।

Silk from insects, gold from a stone, 'dūba', a kind of grass from the hair of cow, lotus from the mud, the moon from the sea, the blue lotus from the cowdung, fire

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

from the wood, a jewel from the hood of the snake and 'Rocanā', a herb from the gall of cow are produced. So all meritorious things become famous due to their merits. The source of birth has no importance.

(523)

क्रमेलकं निन्दति कोमलेच्छुः,
क्रमेलकः कण्टकलम्पटस्तम्।
प्रीतौ तयोरिष्टभुजोः सभायां,
मध्यस्थता नैकतरोपहासः॥

मध्यस्थ का कर्त्तव्य नैषधीय-चरित / 6 / 106

Kramelakaṁ nindati komalecchuḥ,
Kramelakaḥ kaṇṭakalampaṭastam।
Prītau tayoriṣṭabhujoḥ sabhāyāṁ,
Madhyasthatā naikataropahāsaḥ॥

Naiṣadhīyaca. / 6 / 106

Duty of a mediator

कोमल वस्तुएँ खाने वाला, काँटे आदि तीक्ष्ण वस्तुओं को खाने वाले ऊँट की निन्दा करता है और काँटों से प्यार करने वाला ऊँट उसकी (कोमल वस्तु खाने वाले की) निन्दा करता है। अपनी-अपनी इच्छित वस्तुओं के खाने वाले उन दोनों की रुचि के सम्बन्ध में सभा में मध्यस्थता करते समय किसी एक का उपहास करना ठीक नहीं है। अर्थात् सभी की रुचि भिन्न-भिन्न होती है, अतः कोई उपहासास्पद नहीं है।

The soft-eater insults the camel which eats sharp thorns, and the camel insults the soft-eater as he himself likes thorns. Both of them eat according to their likings. Therefore if somebody in a meeting wants to mediate, he should not pass jokes of any one's liking, as there are different types of likings in this world.

(524)

क्रुद्धः पापं न कुर्यात्, क्रुद्धो हन्याद् गुरूनपि।
क्रुद्धः परुषया वाचा, नरः साधूनधिक्षिपेत्॥

क्रोध से हानियाँ वा.रामा. / सुन्दरका. /55 / 4

Kruddhaḥ pāpaṁ na kuryāt, kruddho hanyād gurūnapi।
Kruddhaḥ paruṣayā vācā, naraḥ sādhūnadhikṣipet॥

Vā. Rā. / Sunder. / 55 / 4

Loss due to anger

गुस्सा आने पर कोई बुरा काम नहीं करना चाहिए; क्योंकि गुस्से से भरा मनुष्य बड़ों को भी मार डालता है और गुस्सैल कठोर वाणी से श्रेष्ठ लोगों का भी अपमान कर बैठता है।

One should not commit any bad work when he is in rage, as an angry man may kill even his elders and may insult good persons with his harsh voice.

(525)

क्रूरो लुब्धोऽलसोऽसत्यः प्रमादी भीरुरस्थिरः।
मूढो युद्धावमन्ता च सुखोच्छेद्यो भवेद् रिपुः॥

विजेतव्य शत्रु पञ्चतन्त्र / काकोलूकीय / 25

Krūro lubdho'laso'satyaḥ pramādī bhīrurasthiraḥ।
Muḍho yuddhāvamantā ca sakhocchedyo bhaved ripuḥ॥

To be won easily Pañcat. / Kāko. / 25

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जो शत्रु क्रूर, लोभी, आलसी, झूठा, लापरवाह, डरपोक, अस्थिर प्रकृति का, बेवकूफ और युद्ध से घबराता है, उसे सरलता से नष्ट किया जा सकता है।

The enemy, who is cruel, greedy, idle, liar, negligent, coward, fickle-minded, foolish and shirker from the struggle can be killed easily.

(526)

क्रोधो वैवस्वतो राजा, तृष्णा वैतरणी नदी।
विद्या कामदुहा धेनुः, सन्तोषो नन्दनं वनम्॥

देव और असुर चाणक्यनीति / 8 / 14

Krodho vaivasvato rājā, tṛṣṇā vaitaraṇī nadī |
Vidyā kāmaduhā dhenuḥ, santoṣo nandanaṁ vanam ||

Gods and demons Cāṇkyanīti / 8 / 14

क्रोध ही यमराज है, लोभ वैतरणी नदी है, विद्या ही कामधेनु है और सन्तोष ही स्वर्ग का नन्दन-वन है।

Anger is the god of death, greed is the Vaitaraṇī river, education is the cow who fulfils all the desires and contentment is the Nandana forest of heaven.

(527)

क्रोधो मूलमनर्थानां, क्रोधः संसारबन्धनम्।
धर्मक्षयकरः क्रोधस्तस्मात् क्रोधं विवर्जयेत्॥

त्याज्य — क्रोध बृहन्नारदीयपुराण / 32 / 54

Krodho mūlamanarthānāṁ, krodhaḥ saṁsārabandhanam |
Dharmakṣayakaraḥ krodhastasmāt krodhaṁ vivarjayet ||

Bṛ / Naradapu. / 32 / 54

Abandonable — anger

क्रोध सब संकटों की जड़ है, क्रोध ही जन्म-मरण के चक्कर में फँसाने वाला है, क्रोध धर्म का विनाश कर देता है, अतः क्रोध कभी भी नहीं करना चाहिए।

Anger is the root cause of all troubles. It is anger which traps us in death and birth. Anger destroys morality. Therefore, one should always keep off anger.

(528)

क्रोधो हर्षश्च दर्पश्च, ह्रीः स्तम्भो मान्यमानिता।
यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

प्रशंसनीय व्यक्ति महाभा. / उद्योग / 33 / 17

Krodho harṣaśca darpaśca, hrīḥ stambho mānyamānitā |
Yamarthānnāpakarṣanti sa vai paṇḍita ucyate ||

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 17

Admirable person

क्रोध, प्रसन्नता, लज्जा, उद्दण्डता तथा अपने को पूज्य समझना – ये भाव जिसको अपने लक्ष्य से विचलित नहीं करते, वही बुद्धिमान् व्यक्ति है।

The person to whom rage, pleasure, shame, obstinacy and self-respect cannot remove from his path, is called a wise-man or Paṇḍita.

(529)

क्वचिद्धर्मः क्वचिन्मैत्री क्वचिदर्थः क्वचिद्यशः।
कर्माभ्यासः क्वचिच्चेति चिकित्सा नास्ति निष्फला॥

चिकित्सा के लाभ योगरत्नाकर

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Kvaciddharmaḥ kvacinmaitrī, kvacidarthaḥ kvacidyaśaḥ |
Karmābhyāsaḥ kvacicceti cikitsā nāsti niṣphalā ||

Advantages of treatment Yogaratnākara

इलाज करना अथवा चिकित्सा कभी निष्फल नहीं होती, क्योंकि कहीं इससे धर्मलाभ होता है, कहीं किसी की मित्रता प्राप्त हो जाती है, कहीं से धन मिल जाता है, कहीं से यश प्राप्त हो जाता है और साथ-साथ चिकित्सा का अभ्यास भी होता जाता है।

Treatment of diseases is never useless as sometimes it is a work of religion, sometimes it makes friends, sometimes it pays in the form of money, sometimes it becomes the source of fame and besides all, man becomes expert at practi-sing it.

(530)

क्वचिद् भूमौ शय्या क्वचिदपि च पर्यङ्कशयनः,
क्वचिच्छाकाहारी क्वचिदपि च शाल्योदनरुचिः।
क्वचित्कन्थाधारी क्वचिदपि च दिव्याम्बरधरो,
मनस्वी कार्यार्थी गणयति न दुःखं न च सुखम्॥

कार्यार्थी की विशेषता नीतिशतक / 82

Kvacid bhūmau śayyā kvacidapi ca paryaṅkaśayanaḥ,
Kvacicchākāhārī kvacidapi ca śālyodanaṛuciḥ |
Kvacitkanthādhārī kvacidapi ca divyāmbaradharo,
Manasvī kāryārthī gaṇayati na duḥkhaṁ na ca sukham ||

Quality of determined Nītisataka / 82

अपने कार्य की सिद्धि में लगा हुआ संकल्पशील मनुष्य अपने दुःख और सुख की चिन्ता न करते हुए कभी भूमि पर सो जाता है और कभी पलंग पर, कभी साग-पात खाकर ही गुजारा कर लेता है, तो कभी उत्तम जाति के चावलों के भात का आनन्द ले लेता है, और कभी फटे-पुराने कपड़े पहनकर ही काम चला लेता है, तो कभी सुन्दर-सुन्दर वस्त्रों को पहन लेता है।

For getting success in his own work, a strong-minded man never cares for his troubles or conveniences. Sometimes he takes rest on the ground, while at another time on a bedstead, sometimes he eats any type of vegetables only, while at other time gets enjoyment by eating high quality boiled rice, and sometimes he wears patch-worked garments while at other times he wears a grand and beautiful dress.

(531)

क्व दोषोऽत्र मया लभ्य इति सञ्चिन्त्य चेतसा।
खलः काव्येषु साधूनां श्रवणाय प्रवर्त्तते॥

दोष-दर्शन सुभाषितावलि / 141

Kva doṣo'tra mayā labhya iti sañcintya cetasā |
Khalaḥ kāvyeṣu sādhūnāṁ śravaṇāya pravarttate ||

Finding fault Subhāṣitāvali / 141

दुष्ट व्यक्ति मन में यह सोचकर कि 'मैं अमुक् काव्य में कहाँ त्रुटि ढूँढूँ' श्रेष्ठ व्यक्तियों के काव्यों को सुनने लगता है।

With the thought in mind that where he can find fault in the poetry, a badman starts reading the poems of great persons.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(532)

क्षणक्षयिणि सापाये भोगे रज्यन्ति नोत्तमाः।
सन्त्यज्याम्भोजकिञ्जल्कं हंसाः प्राश्नन्ति शैवलम्॥

प्रशंसनीय व्यक्ति सुभाषितावलि / 299

Kṣaṇakṣayiṇi sāpāye bhoge rajyanti nottamāḥ।
Santyajyāmbhojakiñjalkaṁ haṁsāḥ prāśnanti śaivalam॥

Admirable persons Subhāsitāvali / 299

श्रेष्ठ व्यक्ति क्षणमात्र में नष्ट हो जाने वाले तथा संकटों से पूर्ण भोगों में लिप्त नहीं होते, जैसे हंस कमलों के पुष्पतन्तुओं को छोड़कर सेवाल खा लेते हैं।

Greatmen do not indulge in enjoyment from the enjoyable things which are momentary and full of troubles, as swans eat only mosses leaving the petals of lotus.

(533)

क्षणे रुष्टाः क्षणे तुष्टाः, रुष्टास्तुष्टाः क्षणे-क्षणे।
अव्यवस्थितचित्तानां, प्रसादोऽपि भयङ्करः॥

हानिकर कृपा अज्ञात

Kṣaṇe ruṣṭāḥ kṣaṇe tuṣṭāḥ, ruṣṭāstuṣṭāḥ kṣaṇe kṣaṇe।
Avyavasthitacittānāṁ, prasādo'pi bhayaṅkaraḥ॥

Harmful favour Unknown

अनिश्चित विचारों वाले लोग क्षणभर में रूठ जाते हैं और क्षणभर में मान जाते हैं। क्षण-क्षण में उनका रूठना और मनौती चलती रहती है। यदि ऐसे लोग कोई कृपा भी करते हैं, तो वह भी दुःखदायी हो सकती है।

The fickle-minded persons sometime become angry and after sometime are pleased. This happens again and again. So the favour shown by such people, may be dreadful at any time.

(534)

क्षतात् किल त्रायत इत्युदग्रः,
क्षत्रस्य शब्दो भुवनेषु रूढः।
राज्येन किं तद्विपरीतवृत्तेः,
प्राणैरुपक्रोशमलीमसैर्वा॥

क्षत्रिय का कर्त्तव्य रघुवंश / 2 / 53

Kṣatāt kila trāyata ityudagraḥ,
kṣatrasya śabdo bhuvaneṣu rūḍhaḥ।
Rājyena kiṁ tadviparītavṛtteḥ,
Prāṇairupakrośamalīmasairvā॥

Duty of the warrior Raghvaṁśa / 2 / 53

संसार में 'क्षत्र' यह महत्त्वपूर्ण शब्द 'चोट से बचाने वाला' इस अर्थ में प्रसिद्ध है। जो राज्य किसी की रक्षा नहीं कर सकता, उसका क्या लाभ है अथवा उस जीवन का भी क्या लाभ है, जो कर्त्तव्य न निभा सकने के कारण निन्दित हो रहा है!

'Kṣatra' this important word is famous in the meaning of 'Protector from a wound'. If the king is unable to save its dependents, there is no use of it, or the life which is defamed due to not performing its duty, is also useless.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(535)

क्षते प्रहारा निपतन्त्यभीक्ष्णम्,
धनक्षये दीव्यति जाठराग्निः।
आपत्सु वैराणि समुल्लसन्ति,
छिद्रेष्वनर्था बहुलीभवन्ति॥

संकट पर संकट पञ्चतन्त्र / मित्रसम्प्राप्ति / 180

Kṣate prahārā nipatantyabhīkṣṇam,
Dhanakṣaye dīvyati jāṭharāgniḥ।
Āpatsu vairāṇi samullasanti,
Chidreṣvanarthā bahulībhavanti॥

Pañcata. / Mitrasam. / 180

Adversity leads adversity

चोट पर बारम्बार चोट लगती है, धन के समाप्त हो जाने पर भूख तेज हो जाती है और संकटों के समय शत्रुताएँ बढ़ने लगती हैं। इस प्रकार जहाँ कमियाँ होती हैं, वहाँ अनेक संकट आकर उपस्थित हो जाते हैं।

A wound is hurt again and again. When a man becomes poor he feels hunger keenly. Enmities grow at the time of adversity. So, many troubles attack at the time of adversity.

(536)

क्षमा दानं, क्षमा सत्यं, क्षमा यज्ञाश्च पुत्रिकाः।
क्षमा यशः, क्षमा धर्मः, क्षमायां विष्ठितं जगत्॥

क्षमा का महत्त्व वाल्मीकिरामायण / बालकाण्ड / 33 / 8-9

Kṣamā dānaṁ, kṣamā satyaṁ, kṣamā yajñāsca putrikāḥ।
Kṣamā yaśaḥ, kṣamā dharmaḥ, kṣamāyāṁ viṣṭhitaṁ jagat॥

Vā. Rā. / Bālkā. / 33 / 8-9

Importance of tolerance

राजा कुशनाभ अपनी पुत्रियों को समझा रहे हैं — "हे पुत्रियो! क्षमा ही दान है, क्षमा ही सत्य है और क्षमा ही अनेक प्रकार का यज्ञ है, क्षमा ही यश है और क्षमा ही धर्म है। क्षमा से ही सारा संसार टिका हुआ है।" भावार्थ यह है कि क्षमा या सहनशीलता सर्वोत्तम गुण है।

The king Kuśhanābha is telling his daughters :- "O daughters! It is forbearance that is donation, truth, many kinds of sacrifices, fame and morality. The whole world is supported by forbearance." It means that forbearance is the best quality of all.

(537)

क्षमा शस्त्रं करे यस्य, दुर्जनः किं करिष्यति।
अतृणे पतितो वह्निः स्वयमेवोपशाम्यति॥

क्षमा का महत्त्व सुभाषितरत्नाकर / 89 / 5

Kṣamā śastraṁ kare yasya, durjanaḥ kiṁ kariṣyati।
Atṛṇe patito vahniḥ svayamevopaśāmyati॥

Subhāśitaratnā. / 89 / 5

Advantage of tolerance

क्षमा (सहनशीलता) रूपी हथियार जिसके हाथ में है, दुष्ट व्यक्ति उसका क्या बिगाड़ेगा? जब जलाने को तिनका तक भी नहीं रहता, तब आग स्वयं ही शान्त हो जाया करती है।

A man who has the weapon of toleration, a bad man can not harm him. When there is not even a straw to burn, fire will get appeased itself.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(538)

क्षमी दाता गुणग्राही स्वामी दुःखेन लभ्यते।
अनुकूलः शुचिर्दक्षो राजन् भृत्योऽपि दुर्लभः॥

दुर्लभ स्वामी और भृत्य भोजप्रबन्ध / 93

Kṣamī dātā guṇagrāhī svāmī duḥkhena labhyate |
Anukūlaḥ śucirdakṣo rājan bhṛtyo'pi durlabhaḥ ||

Rare — a master and a servent Bhojapra. / 93

हे राजन्! सहनशील, उदार और गुणों की पहचान करने वाला स्वामी बड़ी कठिनाई से प्राप्त होता है, परन्तु हितचिन्तक, पवित्र मन वाला और कार्यकुशल नौकर भी बड़ी कठिनाई से मिलता है।

A man should perform his religious duties even in troubles and staying in any āśrama, behaving equally with all creatures. Any kind of sign is not necessary for performance of religious duties.

(741)

दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः।
वीतरागभयक्रोधः, स्थितधीर्मुनिरुच्यते॥

स्थिरबुद्धि का लक्षण महाभा./भीष्मप./26/56

Duḥkheṣvanudvignamanāḥ sukheṣu vigataspṛhaḥ |
Vītarāgabhayakrodhaḥ, sthitadhīrmunirucyate ||

Mahābhā. / Bhīṣmap. / 26 / 56

Definition of stable mind

जो दुःखों से व्याकुल नहीं होता, सुख-साधनों की कामना नहीं करता और जो राग, भय और क्रोध से प्रभावित नहीं होता, वही स्थिर बुद्धि वाला मुनि कहा जाता है।

A man who does not become perplexed, does not desire means of happiness and who is not influenced by attachment, fear and anger is called well-determind sage.

(742)

दुःशीलः कामवृत्तो वा धनैर्वा परिवर्जितः।
स्त्रीणामार्यस्वभावानां परमं दैवतं पतिः॥

श्रेष्ठ नारियों का देवता — पति वा. रा. /अयोध्या./116/22

Duḥśīlaḥ kāmavṛtto vā dhanairvā parivarjītaḥ |
Strīṇāmāryasvabhāvānāṁ paramaṁ daivataṁ patiḥ ||

Vā. Rā. / Ayodhyā / 116 / 22

Husband as a god for good wives

भले ही पति दुष्ट प्रकृत्ति का, कामवृत्ति का या मनमानी करने वाला अथवा धनहीन हो, तो भी श्रेष्ठ स्वभाव वाली स्त्रियों के लिए पति ही परम देवता है।

In spite of the bad temperament, having tendency of lust or being poor, the husband is the supreme god for the women of noble nature.

(743)

दुराचारो हि पुरुषो, लोके भवति निन्दितः।
दुःखभागी च सततं, व्याधितोऽल्पायुरेव च॥

दुराचार से हानियाँ मनु./4/157

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Durācāro hi puruṣo, loke bhavati ninditaḥ ।
Duḥkhabhāgī ca satataṁ, vyādhito'lpāyureva ca ॥

Loss due to bad character Manu. / 4 / 157

बुरे चाल-चलन वाला पुरुष संसार में बदनाम हो जाता है तथा लगातार दुःखी रहता है। उसे रोग घेरे रखते हैं और उसकी आयु कम हो जाती है।

A man of bad character becomes defamed in the world and alway remains sad. Diseases attack him and his age decreases.

(744)

दुरधीता विषं विद्या, अजीर्णे भोजनं विषम्।
विषं गोष्ठी दरिद्रस्य वृद्धस्य तरुणी विषम्॥

विष सदृश वस्तुएँ चाणक्यशतक

Duradhitā viṣaṁ vidyā, ajīrṇe bhojanaṁ viṣam ।
Viṣaṁ goṣṭhī daridrasya, vṛddhasya taruṇī viṣam ॥

Things like poison Cāṇakyaśataka

ठीक न पढ़ी हुई विद्या, अजीर्ण होने पर सेवन किया हुआ भोजन, दरिद्र के लिए गपशप द्वारा समय नष्ट करना और वृद्ध के लिए तरुण पत्नी का होना विषसम (हानिकर) होते हैं।

Learning without understanding, eating food in the condition of indigestion, wasting time in useless talks by the poor and a young wife for an old person are poisonous, i.e. very harmful.

(745)

दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययाऽलङ्कृतोऽपि सन्।
मणिना भूषितः सर्पः किमसौ न भयङ्करः॥

दुष्टों से दूर रहो नीतिशतक/53

Durjanaḥ parihartavyoḥ, vidyayā'laṅkṛto'pi san ।
Maṇinā bhūṣitaḥ sarpaḥ kimasau na bhayaṅkaraḥ ॥

Keep off bad persons Nītiśataka / 53

दुष्ट व्यक्ति का, भले ही वह विद्या से सुशोभित भी क्यों न हो, परित्याग ही करना चाहिए। क्या मणि से भूषित साँप भयंकर नहीं होता? अर्थात् निश्चय ही होता है और इसी प्रकार पढ़ा हुआ दुष्ट व्यक्ति भी हानिकर होने के कारण त्याज्य है।

In spite of decorated with learning, an evil person is to be avoided. Is the snake which is decorated with it's gem, not dreadful? Certainly, it is dreadful. In the same manner a learned bad man is also dreadful and so he should be avoided.

(746)

दुर्जनः प्रियवादी च नैतद् विश्वासकारणम्।
मधु तिष्ठति जिह्वाग्रे हृदि हालाहलं विषम्॥

दुष्ट विश्वसनीय नहीं हितोपदेश / I / 32

Durjanaḥ priyavādī ca naitad viśvāsakāraṇam ।
Madhu tiṣṭhati jihvāgre hṛdi hālāhalaṁ viṣam ॥

Bad man not to be trusted Hitopa / I / 32

यदि दुष्ट व्यक्ति मीठा बोले तो भी वह विश्वास के योग्य नहीं है। उसकी जिह्वा पर तो शहद है, परन्तु उसका हृदय घातक विष से भरा होता है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

If a wicked person speaks sweetly, he is not trustworthy. Though the front part of his tongue contains honey, yet his mind is full of fatal poison.

(747)

दुर्जनदूषितमनसः सुजनेष्वपि नास्ति विश्वासः।
बालः पायसदग्धो दध्यपि फूत्कृत्य भक्षयति॥

धोखा खाया व्यक्ति हितोपदेश/4/12

Durjanadūṣitamanasaḥ, sujaneṣvapi nāsti viśvāsaḥ |
Bālaḥ pāyasadagdho dadhyapi phūtkṛtya bhakṣayati ||

A deceived person Hitopa. / 4 / 12

दुर्जनों से धोखा खाने वाला व्यक्ति सज्जनों पर भी विश्वास नहीं करता। खीर से जला हुआ बालक दही भी फूँक-फूँक कर खाता है।

A person deceived by a wicked person loses faith even in good people. A child burnt by milk-food eats even curd by blowing to make it cool.

(748)

दुर्जनहुताशतप्तं काव्यसुवर्णं विशुद्धिमुपयाति।
दर्शयितव्यं तस्मान्मत्सरिमनसः प्रयत्नेन॥

ईर्ष्यालु का लाभ सुभाषितावलि / 151

Durjanahutāśataptaṁ kāvyasuvarṇaṁ viśuddhimupayāti |
Darśayitavyaṁ tasmānmatsarimanasaḥ prayatnena ||

Subhāśitāvali / 151

Advantage of the jealous

दुर्जन-रूपी अग्नि में तपाया गया काव्य-रूपी सुवर्ण शुद्ध हो जाता है, अतः कवि को ईर्ष्यालु चित्त वालों को अपना काव्य प्रयत्न-पूर्वक सुनाना चाहिए।

As gold is purified with the heat of fire, in the same way a poetry book becomes like gold purified by placing in the fire of a jealous person. Therefore a poet must recite his poetry to a jealous one.

(749)

दुर्जनेषु च सर्पेषु वरं सर्पो न दुर्जनः।
सर्पो दशति कालेन दुर्जनस्तु पदे पदे॥

दुर्जन और साँप चाणक्यनीति/3/4

Durjaneṣu ca sarpeṣu varaṁ sarpo na durjanaḥ |
Sarpo daśati kālena, durjanastu pade pade ||

Cāṇakyanīti / 3 / 4

Bad person and a snake

दुर्जनों और साँपों की यदि तुलना करें तो साँप अच्छा है, न कि दुर्जन, क्योंकि साँप तो किसी एक समय पर ही काटेगा, परन्तु दुष्ट व्यक्ति तो कदम-कदम पर हानि पहुँचाएगा।

If bad men and snakes are compared, the snake is better than a bad man, because the snake will sting only once, but the bad man will cause trouble at every step.

(750)

दुर्जनैरुच्यमानानि सस्मितानि प्रियाण्यपि।
अकालकुसुमानीव भयं संजनयन्ति हि॥

दुर्जनों के वचन हितोपदेश / विग्रह / 23

Durjanairucyamānāni sasmitāni priyāṇyapi |
Akālakusumānīva bhayaṁ saṁjanayanti hi ||

Words of bad men Hitopa. / Vigraha / 23

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यदि दुष्ट व्यक्ति हँसते हुए मीठी-मीठी बातें भी करे, तो उनसे इसी प्रकार डर लगता है, जैसे बिना मौसम के खिले फूलों को अपशकुन मानकर डर लगता है।

Even the sweet things, accompanied with smiles, said by a wicked person, causes fear, like the flowers which grow out of season.

(751)

दुष्टानां शासनाद्राजा शिष्टानां परिपालनात्।
प्राप्नोत्यमिताँल्लोकान् वर्णसंस्थां करोति यः॥

कर्त्तव्यनिष्ठ शासक को लाभ विष्णुपुराण/3/8/29

Duṣṭānāṁ śāsanādrājā śiṣṭānāṁ paripālanāt।
Prāpnotyamitaṁllokān varṇaṣaṁsthāṁ karoti yaḥ॥

Viṣṇupu. / 3 / 8 / 29

Advantages to the dutiful ruler

राजा दुष्टों को दण्ड देकर तथा श्रेष्ठ लोगों की रक्षा करके अनन्त सुख को प्राप्त होता है और क्षत्रिय वर्ण के कर्त्तव्य को निभाता है।

By punishing bad fellows and protecting good ones the king gets a position of everlasting happiness and carries on duty of his Kṣatṛiya caste;.

(752)

दुष्टा भार्या शठं मित्रं, भृत्यश्चोत्तरदायकः।
ससर्पे च गृहे वासो, मृत्युरेव न संशयः॥

मृत्यु के कारण चाणक्यनीति/1/5

Duṣṭā bhāryā śaṭhaṁ mitraṁ, bhṛtyaścottaradāyakaḥ।
śasarpe ca gṛhe vāso, mṛtyureva na saṁśayaḥ॥

Sources of death Cāṇkyaniti / 1 / 5

यदि पत्नी दुष्ट हो, मित्र धोखेबाज हो, नौकर आगे बोलने वाला हो और साँप वाले घर में निवास हो, तो समझ लेना चाहिए कि मृत्यु आने ही वाली है; इसमें कोई सन्देह नहीं।

If the wife is cunning, the friend is wicked, the servant is obstinate and one lives in such a house where a snake resides, then death is certain; there is no doubt.

(753)

दूरस्थोऽपि न दूरस्थो, यो यस्य मनसि स्थितः।
यो यस्य हृदये नास्ति, समीपस्थोऽपि दूरतः॥

समीपता तथा दूरी चाणक्यनीति/14/8

Dūrastho'pi na dūrastho, yo yasya manasi sthitaḥ।
Yo yasya hṛdaye nāsti, samīpastho'pi duratah॥

Nearness and far place Cāṇkyaniti / 14 / 8

यदि कोई व्यक्ति मन में स्थान बना चुका है, तो वह दूर रहते हुए भी दूर नहीं है, परन्तु जिसने मन में स्थान नहीं बनाया, वह पास रहते हुए भी दूर ही है।

If a person has some position in one's mind, being at distant place, he is near, but if one has no place in other's mind, he is at distance, in spite of staying near.

(754)

दुर्लभं भारते वर्षे, जन्म तस्मान्मनुष्यता।
मानुषे दुर्लभं चापि, स्व-स्वधर्मे प्रवर्तिता॥

दुर्लभ वस्तुएँ पद्मपुराण/80/3

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Durlabhaṁ Bhārate varṣe, janma tasmānmanuṣyatā |
Mānuṣe durlabhaṁ cāpi, sva-sva-dharme pravartitā ||

Rare things Padmapu. / 80 / 3

भारतवर्ष में जन्म लेना ही कठिन है, उससे भी कठिन है मानव-रूप पाना और उससे भी कठिन है अपने धर्म में प्रवृत्ति।

To get birth in Bhāratavarṣa is difficult and attaining human life is more difficult and then performing of one's duty is the most difficult thing.

(755)

दुष्कराण्यपि कार्याणि, सिध्यन्ति प्रोद्यमेन वै।
शिलापि तनुतां याति, प्रपातेनार्णसो मुहुः॥

निरन्तर श्रम का सुफल बुद्धचरित/26/63

Duṣkarāṇyapi kāryāṇi, sidhyanti prodyamena vai |
Śilāpi tanutāṁ yāti, prapātenārṇaso muhuḥ ||

Buddhaca. / 26 / 63

Good result of doing continuously

उद्यम से कठिन से कठिन कार्य भी सिद्ध हो जाते हैं। बार-बार पानी के गिरने से शिला भी पतली हो जाती है।

Continuous effort completes even very difficult works. Falling of water repeatedly makes even a rock thin.

(756)

दृढं विमृश्य कर्तृणां, सदा वदनमुज्ज्वलम्।
निन्दापङ्कावृतं चापि, कार्ये साहसकारिणाम्॥

विचारपूर्वक कार्य करने के लाभ नीतिकल्पतरु/6/45

Dṛḍhaṁ vimṛśya kartṛnāṁ, sadā vadanamujjvalam |
Nindā-pankāvṛtaṁ cāpi, kārye sāhasakāriṇām ||

Nītikalpataru / 6 / 45

Good result of doing after thinking

अच्छी तरह विचार-विमर्श करके कार्य करने वालों का मुख सदा उज्ज्वल रहता है, पर उनके कार्य में जो विघ्न डालते हैं, उनका मुख निन्दारूपी कीचड़ से ढक जाता है।

The face of those shines always who work after proper thinking but those who disturb their work without thinking their faces become covered with the mud of defame.

(757)

दृढं सतां संगतं चापि नित्यम्,
ब्रूह्याच्चार्थं ह्यर्थकृच्छ्रेषु धीरः।
महार्थवत् सत्पुरुषेण संगतम्,
तस्मात् सन्तं न जिघांसेत धीरः॥

सत्संगति का लाभ महाभा./उद्योग/10/24

Dṛḍhaṁ satāṁ saṁgataṁ cāpi nityam,
Brūhyāccārthaṁ hyarthakṛcchreṣu dhīraḥ |
Mahārthavat satpuruṣeṇa saṅgatam,
Tasmāt santaṁ na jighāṁset dhīraḥ ||

Mahābhā. / Udyoga / 10 / 24

Advantage of good company

श्रेष्ठ पुरुषों की संगति सदा दृढ़ता से करनी चाहिए और धन का या अन्य संकट आने पर उन जैसे विचारशील व्यक्ति को अपना कष्ट बता देना चाहिए। श्रेष्ठ पुरुषों की संगति महान् प्रयोजन सिद्ध कर देती है; अतः विचारशील व्यक्ति को चाहिए कि वह

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कभी भी श्रेष्ठ पुरुष को हानि पहुँचाने की कामना नहीं करे।

The company of good people should be adopted with determination regularly. If there is some crisis of finance or something else that should be stated to them. The company of good people solves many problems; so a thoughtful person should never try to harm a good person.

(758)

दृते दृंह मा। ज्योक् ते संदृशि जीव्यासम्। ज्योक् ते संदृशि जीव्यासम्॥

हम प्रभु की दृष्टि में श्रेष्ठ रहें यजु./32 /19

Dṛte dṛṁha mā | Jyok te saṁdṛśi jīvyāsam | Jyok te saṁdṛśi jīvyāsam ||

Yaju. / 32 / 19

May we remain good in eyes of God

हे दुष्टों को दण्ड देने वाले परमात्मन्! मुझे अच्छे कार्यों को करने में दृढ़ बना दो। मैं आप की शुभ दृष्टि में जीना चाहता हूँ, मैं आपकी दृष्टि में गिरना नहीं चाहता।

O punitive of sinners God, give me such determination, by which I remain strict on good actions. I desire to live in your good impression and do not wish to fall from your favouring sight.

(759)

दृते दृंह मा, मित्रस्य मा।
चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्।
मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे।
मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे ॥

हम मित्र की दृष्टि से देखें यजु./36/18

Dṛte dṛṁha mā |
Mitrasya mā cakṣuṣā sarvāṇi bhūtāni samīkṣantām |
Mitrasyāhaṁ cakṣuṣā sarvāni bhūtani samikṣe |
Mitrasya cakṣuṣā samīkṣāmahe ||

Let us see as friends Yaju. / 36 / 18

अपने नियमों में दृढ़ रहने वाले परमेश्वर, हमें भी नियम-पालन में दृढ़ बनाओ। मेरा ऐसा सद्-व्यवहार हो कि सब प्राणी मुझे मित्र की दृष्टि से देखें, मै सबको मित्र की दृष्टि से देखूँ और हम सभी एक-दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखें।

O God, you maintain your principles strictly, so make us strict to carry on our good principles. May I behave in such a good manner, that all creatures take me as their friend. Also, I should see them as my friend. All of us should see each other as our friends.

(760)

दृष्टिपूतं न्यसेत्पादं, वस्त्रपूतं जलं पिबेत्।
सत्यपूतां वदेद्वाचं, मनःपूतं समाचरेत्॥

हम पवित्रता-पूर्वक कार्य करें मनुस्मृति/6/46

Dṛṣṭipūtaṁ nyasetpādaṁ, vastrapūtaṁ jalaṁ pibet |
Satyapūtāṁ vadedvācaṁ, manaḥ-pūtaṁ samācaret ||

Cleanliness in works Manu. / 6 / 46

मनुष्य को चाहिए कि वह सामने देखकर ही पाँव रखे, पानी को कपड़े से छानकर पिये, सत्यपूर्ण

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाणी बोले और मन से सोच-समझ कर ही कार्य करे।

One should put his foot after seeing in front, drink water filtered with a piece of cloth, speak the truth and act after thinking with intellect.

(761)

दृष्ट्वापि दृश्यते दृश्यं, श्रुत्वापि श्रूयते पुनः।
सत्यं न साधुवृत्तस्य, दृश्यते पुनरुक्तता॥

महापुरुष दोहराते नहीं है सुभाषितावलि / 228

Dṛṣṭvāpi dṛśyate dṛśyaṁ, śrutvā'pi śrūyate punaḥ।
Satyaṁ na sādhuvṛttasya, dṛśyate punaruktatā॥

Subhāśitāvali / 228

Great persons never repeat

संसार में सामान्य रूप से बहुत से देखे हुए दृश्य पुनः देखने को मिलते हैं, सुने हुए विषय पुनः सुनने को मिलते हैं, किन्तु सदाचारी पुरुषों के वचन "पुनरुक्त" नहीं होते — यह सत्य है। जो एक बार कह दिया उसका अनुसरण वे अवश्य करते हैं; वे कहकर बदल नहीं जाते। जैसे – "रामो द्विर्नाभिभाषते।"

In the world many scenes are seen again and again, many things heard are heard again, but the greatmen when they say one thing, they remain strict on that and do not repeat it, as Rāma used to stick on his own words.

(762)

दृष्ट्वा विमिश्रां सुखदुःखतां मे,
राज्यं च दास्यं च मतं समानम्।
नित्यं हसत्येव हि नैव राजा,
न चापि संतप्यत एव दासः॥

राज्य और दास्य की समता अज्ञात

Dṛṣṭvā vimiśrāṁ sukhaduḥkhatāṁ me,
Rajyaṁ ca dāsyaṁ ca mataṁ samānam।
Nityaṁ hasatyeva hi naiva rājā,
na cāpi saṁtapyata eva dāsaḥ॥

Equality of slavery and kingdom Unknown

सुख और दुःख को मिला हुआ जानकर मेरे लिए राज्य और दासता समान ही हैं। न तो राजा प्रतिदिन हँसता ही रहता है और नाहीं दास सदा दुखी होता रहता है।

Noticing pleasure and pain mixed, I hold kingdom and slavery equal. Neither a king laughs always nor a slave is unhappy forever.

(763)

देव-गो-ब्राह्मणान् सिद्धान् वृद्धाचार्यांस्तथाऽर्चयेत्।
द्विकालं च नयेत् सन्ध्यामग्नीनुपचरेत्तथा॥

दैनिककृत्य विष्णुपुराण/3/12

Deva-go-brāhmaṇān siddhān vṛddhācāryāṁstathā'rcayet।
Dvikālaṁ ca nayet sandhyāmagnīnupacarettathā॥

Daily works Viṣṇupurāṇa / 3 / 12

देवों, गौओं, ब्राह्मणों, योगियों, बूढ़ों तथा आचार्यों की पूजा तथा दोनों समय सन्ध्या एवं हवन करना चाहिए।

One should honour gods, cows, brāhmans, yogīs, elders and preachers.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Besides, he should worship and sacrifice into fire in the morning and in the evening.

(764)

देवानां भद्रा सुमतिर्ऋजूयतां, देवानां रातिरभि नो निवर्तताम्। देवानां सख्यमुपसेदिमा वयम्। देवा न आयुः प्रतिरन्तु जीवसे ॥

विद्वानों से लाभ उठायें ऋ./1 /89/1

Devānāṁ bhadrā sumatirṛjūyatāṁ, Devānāṁ rātirabhi no nivartatāṁ. Devānāṁ sakhyamupasedimā vayam. Devā na āyuḥ pratirantu jīvase ll

Let us avail Ṛg. / 1 / 89 / 1

advantages from the learned

विद्वानों का सत्परामर्श हमारे जीवन में सरलता लाये। विद्वानों द्वारा हमें विद्या आदि सद्गुण प्राप्त हों। हम विद्वानों से मित्रता करें और विद्वान् हमें दीर्घ आयु प्राप्त करने की विधियाँ बताकर हमें दीर्घायु बनायें।

May the good advice of the learned persons bring righteousness in our life! May we receive education and other qualities from the learned persons! May we have friendship of learned persons! Let the learned persons teach us the manners of living a long life and make our life longer.

(765)

देवीं वाचमजनयन्त देवा-
स्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।
सा नो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना
धेनुर्वागस्मानुप सुष्टुतैतु ॥

हम वाणी का ठीक प्रयोग करें ऋ./8/100/11

Devīṁ vācamajanayanta devā-
stāṁ viśvarūpāḥ paśavo vadanti l
Sā no mandreṣamūrjaṁ duhānā
dhenurvāgasmānupa suṣṭutaitu ll

Ṛg. / 8 / 100 / 11

Let us use tongue in good manner

विद्वान् ज्ञान देने वाली और पदार्थों को स्पष्ट बताने वाली वाणी को प्रकट करते हैं। अनेक प्रकार के लोग उसी वाणी को बोलते हैं। वह वाणी हमें हर्ष प्रदान करती हुई इष्ट वस्तुएँ – अन्न, दूध, पराक्रम, बल आदि देती हुई, दूध देने वाली गाय के समान प्रशंसित होकर हमें प्राप्त हो। अर्थात् हम वाणी को समझें और उसका प्रयोग करना सीखें, तभी हम भावों को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त कर सकते हैं।

The learned people discover such a language which explains the ideas clearly. Different kinds of people speak the same. May this kind of language give us happiness and as a milking cow gives milk, this language may be helpful in giving us desired things like edibles, milk, valour, strength etc. So all of us should understand the language and know how to use it, so that we may be able to express our ideas and understand others.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(766)

देवे तीर्थे द्विजे मन्त्रे, दैवज्ञे भैषज्ये गुरौ।
यादृशी भावना यस्य, सिद्धिर्भवति तादृशी॥

भावनानुसार सफलता पंचतन्त्र / अपरीक्षितकारक / 60

Deve tirthe dvije mantre daivajñe bhaiṣajye gurau |
Yādṛśī bhāvanā yasya, siddhirbhavati tādṛśī ||

Pañca. / Apa. / 60

Success according to one's belief

देवता, तीर्थ, ब्राह्मण, मन्त्र, ज्योतिषी, औषध और गुरु - इनके संबंध में जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वैसी ही उसको फल-प्राप्ति हुआ करती है।

A man gets success from the following things according to his belief and devotion :- God, holy place, a Brahmaṇa, a hymn, an astronomer, medicine and a preacher.

(767)

देवो देवानामसि मित्रो अद्भुतो,
वसुर्वसूनामसि चारुरध्वरे।
शर्मन्त्स्याम तव सप्रथस्तमेऽग्ने,
सख्ये मा रिषामा वयं तव॥

हम प्रभु की शरण में दुखी न हों ऋ./1/94/13

Devo devānāmasi mitro adbhuto,
vasurvasūnāmasi cāruradhvare |
Śarmantsyāma tava saprathastame'gne,
sakhye mā riṣāmā vayaṁ tava ||

Let we not feel woes in the sheter of God Ṛg. / 1 / 94 / 13

हे ईश्वर! आप देवों में परम देव हैं, अद्भुत स्नेह से सम्पन्न मित्र हैं, ऐश्वर्यवानों में सबसे श्रेष्ठ ऐश्वर्य वाले हैं और यज्ञादि शुभ कर्मों में सर्वोत्तम वरणीय हैं। हे प्रकाशस्वरूप! आप द्वारा दिए गए विस्तृत सुख में ही हम सदा वर्तमान रहें और आप की मित्रता में रहते हुए कभी दुःखी न हों।

O God, you are Super-god out of all gods and you are a good friend full of strange affection. You are the master of super most wealth among the wealthy ones. It is you who is to be adopted best in all the sacrifices. O, the embodiment of light! May all of us enjoy the extended happiness granted by you and never fall into adversity while enjoying your friendship.

(768)

देशकालौ समासाद्य, विक्रमेत विचक्षणः।
देशकाल-व्यतीतो हि, विक्रमो निष्फलो भवेत्॥

उचित स्थान और समय महाभा./शान्तिपर्व./140/28

Deśakālau samāsādya, vikrameta vicakṣaṇaḥ |
Deśakāla-vyatīto hi, vikramo niṣphalo bhavet ||

Mahābhā. / Śāntip. / 140 / 28

Due place and time

बुद्धिमान व्यक्ति को चाहिए कि देशकाल के सुअवसर को प्राप्त कर प्रयत्न करे। देश-काल के प्रतिकूल किया गया प्रयत्न विफल हो जाता है।

A wise man should display his power considering time and place. If those are not favourable, power becomes useless.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(769)

देशान्तरेषु बहुविधभाषा-वेशादि येन न ज्ञातम्।
भ्रमता धरणीपीठे तस्य फलं जन्मनो व्यर्थम्॥

विदेश-भ्रमण का लाभ पञ्च./मित्रभेद/349

Deśāntareṣu bahuvidha-bhāsā-veśādi yena na jñātam |
Bhramatā dharaṇīpīṭhe tasya phalaṁ janmano vyartham ||

Advantage of journey in foreign countries Pañca. / Mitrabhe. / 349

पृथ्वी पर घूमते-फिरते अन्य देशों की विविध भाषाएँ और वेश आदि को जिसने नहीं जाना, उसके जन्म का कोई फल नहीं, अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ ही बीत गया।

While touring on this earth, if a man does not know the different languages and dresses of other countries, he has spent his life uselessly.

(770)

देहप्रवृत्तिर्या काचिद्, वर्त्तते परपीडया।
स्त्रीभोग-स्तेय-हिंसाद्या, तस्या वेगान् विधारयेत्॥

त्याज्य वस्तुएँ चरक/सूत्रस्थान/7/29

Dehapravṛttiryā kācid, varttate parapīḍayā |
Strībhoga-steya-hiṁsādyā, tasyā vegān vidhārayet ||

To be avoided Caraka / Sūtra. / 7 / 29

किसी को पीड़ा देकर स्त्री-सम्भोग, चोरी या हिंसा आदि जो भी शरीर की ऐसी प्रवृत्ति हो, उसके वेग को विशेष रूप से रोकना चाहिए।

A man should have control on the excitment of such tendencies which are fulfilled by troubling others as sexual enjoyment, theft and violence etc.

(771)

देहि मे ददामि ते, नि मे धेहि, नि ते दधे।
निहारं च हरासि मे, निहारं नि हराणि ते स्वाहा॥

परस्पर आदान-प्रदान यजु./3 /50

Dehi me dadāmi te, ni me dhehi, ni te dadhe |
Nihāraṁ ca harāsi me, nihāraṁ ni harāṇi te svāhā ||

Mutually exchange Yaju. / 3 / 50

मित्र! तुम मुझे दो, मैं तुम्हे दूँ। तुम मेरी वस्तु धारण करो, मैं तुम्हारी धारण करूँ। तुम मेरे लिए खरीदने योग्य वस्तु खरीद कर ले आओ और मैं तुम्हें उसका मूल्य दे दूँ। इस प्रकार हमारा व्यवहार मित्रतापूर्ण और सत्य होना चाहिए।

O friend! You should give me and I shall give you. You should take my thing and I shall take yours. You should buy a thing for me which suits me and I shall pay you for it. In this way our behaviour should be friendly and truthful.

(772)

देहे पातिनि का रक्षा, यशो रक्ष्यमपातवत्।
नरः पतितकायोऽपि, यशःकायेन जीवति॥

यश द्वारा अमरता भोजप्रबन्ध/53

Dehe pātini kā rakṣā, yaśo rakṣyamapātavat |
Naraḥ patitakāyo'pi, yaśaḥ-kāyena jīvati ||

Immortality by good name Bhojupra. / 53

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शरीर तो नष्ट होगा ही, इसे बचाया नहीं जा सकता। इसलिए न नष्ट होने वाले यश की रक्षा करनी चाहिए। शरीर के नष्ट हो जाने पर भी मनुष्य यश-रूपी शरीर से सदा जीता रहता है।

This body is perishable and one cannot save it for ever, so he should save his good name which is not perishable. After the destruction of the body, man lives only with the body of good name.

(773)

दैवीर्गिरः केऽपि कृतार्थयन्ति,
ताः कुण्ठयन्त्येव पुनर्विमूढाः।
या विप्रुषः शुक्तिमुखेषु दैव्या-
स्ता एव मुक्ता न तु चातकेषु॥

दान का लाभ सुभाषितावलि / 194

Devairgiraḥ ke'pi kṛtārthayanti,
Tāḥ kuṇṭhayantyeva punarvimūḍhāḥ।
Yā vipruṣaḥ śuktīmukheṣu daivyā-
stā eva muktā na to cātakeṣu॥

Advantage of charity Subhāṣitāvali / 194

प्रतिभा-सम्पन्न कुछ लोग तो देव-प्रदत्त वाणी को अपनी रचना से कृतार्थ कर देते हैं। किन्तु मूर्ख उसे कुण्ठित ही कर देते हैं। आकाश से गिरी हुई जल की जो बूँदें सीपी में पड़ती हैं, वही मोती बनती हैं, न कि चातक के मुख में पड़ी हुई।

Some genious persons make the best use of their tongue in composing good literature but some fools make it unexpressive. The drops of water fallen from the sky into the mouth of an oyster become pearls but not into the mouth of cātaka.

(774)

दोषभीतेरनारम्भस्तत्कापुरुषलक्षणम्।
कैरजीर्णभयाद् भ्रातर्भोजनं परिहीयते॥

कायर पुरुष का अवगुण हितोपदेश/सुहृद्भेद/57

Doṣabhīteranārambhastatkāpuruṣalakṣaṇam।
Kairajīrṇabhayād bhrātarbhojanaṁ parihīyate॥

Hitopa. / Suhṛdbhe. / 57

A defect of a coward

कोई त्रुटि न हो जाये, यह सोचकर कार्य को शुरू न करना कायरता की निशानी है। भैया, क्या कभी कोई 'अपच न हो जाए,' इस भय से खाना छोड़ देता है?

'There may be some defect,' thinking this who don't begin any work are called cowards. O brother, who is such a person which doesn't eat fearing from indigestion?

(775)

दोषानपि गुणीकर्तुं, दोषीकर्तुं गुणानपि।
शक्तो वादी न तत्तथ्यं, दोषा दोषा गुणा गुणाः॥

गुण या दोष बदलते नहीं सुभाषितावलि / 215

Doṣānapi guṇīkartuṁ, doṣīkartuṁ guṇānapi।
śakto vādī na tattathyaṁ, doṣā doṣā gūṇā guṇāḥ॥

Merits and demerits remain as they are Subhāṣitāvali / 215

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाद-विवाद करने में कुशल व्यक्ति दोषों को भी गुण और गुणों को भी दोष सिद्ध करने में समर्थ हो सकता है किन्तु वह सत्य नहीं होता। दोष दोष ही हैं और गुणं गुण ही हैं।

A logician can prove defects as merits and merits as defects with his reasoning-power, but that is not true. Defects are defects and merits are merits.

(776)

दौर्गत्यं देहिनां दुःखमपमानकरं परम्।
येन स्वैरपि मन्यन्ते, जीवन्तोऽपि मृता इव॥

दरिद्रता से हानि पञ्च./मित्रसम्प्राप्ति/100

Daurgatyaṁ dehināṁ duḥkhamapamānakaraṁ param |
yena svairapi manyante, jivanto'pi mṛtā iva ||

Pañca. / Mitrasam. / 100

Loss due to poverty

दरिद्रता प्राणियों के लिए दुःखदायी और अपमान-जनक होती है, जिसके कारण अपने सम्बन्धियों द्वारा भी दरिद्र व्यक्ति जीते हुए भी मरे हुओं के समान माने जाते हैं।

Misery is very troublesome and insulting, due to which even relatives take the living poor persons as dead ones.

(777)

दौर्मन्त्र्यान्नृपतिर्विनश्यति यतिः सङ्गात् सुतो लालनात्,
विप्रोऽनध्ययनात् कुलं कुतनयाच्छीलं खलोपासनात्।
ह्रीर्मद्यादनवेक्षणादपि कृषिः स्नेहः प्रवासाश्रयात्,
मैत्री चाप्रणयात् समृद्धिरनयात् त्यागात्प्रमादाद्धनम्॥

नाश के कारण नीतिशतक/38

Daurmantryānnṛpatirvinaśyati yatiḥ saṅgāt suto lālanāt,
Vipro'nadhyayanāt kulaṁ kutanayācchīlaṁ khalopāsanāt |
Hrīrmadyādanavekṣaṇādapi kṛṣiḥ snehaḥ pravāsāśrayāt,
Maitrī cāpraṇayāt samṛddhiranayāt tyāgātpramādāddhanam ||

Causes of destruction Nītiśataka / 38

बुरी सलाह से राजा का नाश हो जाता है। यति सङ्ग करने से, पुत्र लाड़-प्यार से, ब्राह्मण स्वाध्याय न करने से, परिवार दुष्ट पुत्र के कारण, उत्तम स्वभाव दुष्टों के संग से, लज्जा शराब से, खेती लापरवाही से, प्यार विदेश में बस जाने से, मित्रता प्रेम न दिखाने से, ऐश्वर्य दुर्नीति से तथा खर्च करने और लापरवाही से धन नष्ट हो जाता है।

The following things are destroyed due to the following reasons :-

A king by bad advice, an ascetic by company, a son by pampering, a Brahmaṇa by leaving his study, a family by a bad son, nobility by company of bad persons, shame by wine, farming by carelessness, love by settling in a foreign country, friend-ship by absence of love, wealth by bad policy and money by expenses and carelessness.

(778)

द्रव्यनाशे तथोत्पत्तौ, पालने च सदा नृणाम्।
भवन्त्यनेकदुःखानि, तथैवेष्टविपत्तिषु॥

दुःखों के कारण विष्णुपुराण/6/5/54

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Dravyanāśe tathotpattau, pālane ca sadā nṛṇām ।
Bhavantyanekaduḥkhāni, tathaiveṣṭavipattiṣu ॥

Causes of woes Viṣṇupu. / 6 / 5 / 54

धन के नष्ट होने पर, कमाते समय और इसकी रक्षा करते समय तथा सम्बन्धियों व इष्ट मित्रों के विपत्ति-ग्रस्त होने पर मनुष्य को अनेक कष्टों का सामना करना पड़ता है।

When money is destroyed or earned or protected and when relatives and friends are in trouble, a man has to face many difficulties.

(779)

द्रव्ययज्ञैर्यक्ष्यमाणं, दृष्ट्वा भूतानि बिभ्यति।
एष माऽकरुणो हन्यादतज्ज्ञोऽसुतृप् ध्रुवम् ॥

दुष्टों से भय श्रीमद्भागवत/7/5/10

Dravya-yajñairyakṣyamāṇaṁ, dṛṣṭvā bhūtāni bibhyati ।
Eṣa mā'karuṇo hanyādatajjño'sutṛp dhruvaṃ ॥

Fear from the cruel Bhāgavata / 7 / 5 / 10

वस्तुओं के हवनों से यज्ञ करते हुए को देखकर प्राणी डरने लगते हैं कि यह क्रूर राक्षस जो यज्ञ के तत्त्व को नहीं समझता, कहीं मुझे भी न मार डाले।

The creatures become afraid of the man who is sacrificing with common things to think that this cruel demon who doesn't know the real meaning of 'Yajña' may kill me also.

(780)

द्राक्षा म्लानमुखी जाता, शर्करा चाश्मतां गता।
सुभाषित-रसस्याग्रे, सुधा भीता दिवं गता ॥

सुभाषितों का रस अज्ञात

Drākṣā mlānamukhī jātā, śarkarā cāśmatāṁ gatā ।
Subhāṣita-rasasyāgre, sudhā bhītā divaṁ gatā ॥

Taste of good sayings Unknown

सुभाषितों के रस का महत्त्व देखकर अंगूर का मुँह काला पड़ गया, खाँड पत्थर बन गई और अमृत डर कर स्वर्गलोक को चला गया।

After knowing the grace of good quotations, the face of the grapes blackened, sugar turned into a stone and nectar being frightened went to the heaven.

(781)

द्वन्द्वो द्विगुरपि चाहं, मद्गेहे नित्यमव्ययीभावः।
तत्पुरुष कर्मधारय, येनाहं स्यां बहुव्रीहिः ॥

अन्न की कामना सुभाषितावलि / 2343

Dvandvo dvigurapi cāhaṁ, madgehe nityamavyayībhāvaḥ ।
Tatpuruṣa karma dhāraya, yenāhaṁ syāṁ bahuvrīhiḥ ॥

Desire of corm Subhāśitāvali / 2343

मैं द्वन्द्व भी हूँ, क्योंकि मैं और मेरी पत्नी दो घर में रहते हैं। मैं द्विगु भी हूँ क्योंकि मेरे घर में दो गौएँ हैं। मेरे घर में अव्ययीभाव भी है, अर्थात् सब कुछ खर्च नहीं हो जाता और किसी वस्तु की कमी भी नहीं। हे पुरुष, वह (तत्पुरुष) कर्म कर (कर्मधारय) जिससे मैं बहुत अनाज वाला (बहुव्रीहि) बन जाऊँ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

I am compound called 'द्वन्द्व' (in the form of pair of two — husband and wife, I am 'द्विगु' (i.e., I have two cows) and in my house there is always अव्ययी-भाव (i.e. no exhaustion of commodities). O man, resort to that action (पुरुष तत् कर्म धारय) whereby I may be having abundant grain. (बहुः व्रीहिर्यस्य सः)।

(782)

द्वाविमावम्भसि क्षेप्यौ, गाढं बध्वा गले शिलाम्।
धनिनं चाप्रदातारं, दरिद्रञ्चातपस्विनम्॥

डुबोने योग्य महाभा. / उद्योग / 33 / 65

Dvāvimāvambhasi kṣepyau, gāḍhaṁ badhvā gale śilām |
Dhaninaṁ cāpradātāraṁ, daridrañcātapasvinam ||

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 65

Deserving drowning

निम्नलिखित दो को गले में चट्टान बाँधकर पानी में डुबो देना चाहिए :- एक तो दान न देने वाले धनी को और दूसरे परिश्रम न करने वाले निर्धन व्यक्ति को।

These two persons should be thrown into water with a stone tied firmly to their necks — a rich person who does not give charity and a poor person who is not a hard-worker.

(783)

द्वाविमौ कण्टकौ तीक्ष्णौ, शरीरपरिशोषिणौ।
यश्चाधनः कामयते, यश्च कुप्यत्यनीश्वरः॥

तेज काँटे महाभारत/उद्योग/33/62

Dvāvimau kaṇṭakau tikṣṇau, śarīrapariśoṣiṇau |
Yaścādhanaḥ kāmayate, yaśca kupyatyanīśvaraḥ ||

Sharp thorns Mahābhā. / Udyoga / 33 / 62

मनुष्य को दो ही बातें तेज काँटों के समान शरीर को कष्ट देती हैं - एक तो निर्धन होने पर बड़ी-बड़ी कामनाएँ करना और दूसरे असमर्थ होने पर भी अधिक क्रोध करना।

There are two things which trouble the body of a man like a sharp thorn; one of them is to desire unavailable things inspite of poverty and the second is to be angry in spite of being unable to act accordingly.

(784)

द्वाविमौ पुरुषौ राजन्, स्वर्गस्योपरि तिष्ठतः।
प्रभुश्च क्षमया युक्तो, दरिद्रश्च प्रदानवान्॥

प्रशंसनीय दो व्यक्ति महाभा. / उद्योग / 33 / 63

Dvāvimau puruṣau loke, svargasyopari tiṣṭhataḥ |
Prabhuśca kṣamayā yukto, daridraśca pradānavān ||

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 63

Admirable two persons

हे राजन् ये दो व्यक्ति स्वर्ग से भी ऊपर स्थित होते हैं :- एक तो क्षमाशील समर्थ व्यक्ति और दूसरा निर्धन होते हुए भी दान देने वाला।

Two persons in this world stand above the heaven; a powerful man endowed with the endurance and a poor man who gives charity.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(785)

द्वाविमौ पुरुष व्याघ्र, सूर्यमण्डलभेदिनौ।
परिव्राड्योगयुक्तश्च, रणे चाभिमुखो हतः॥

महाभा. / उद्योग / 33 / 66

प्रशंसनीय संन्यासी और योद्धा

Dvāvimau puruṣau loke, suryamaṇḍalabhedinau |
Parivrāḍyogayuktaśca, raṇe cābhimukho hataḥ ||

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 66

Admirable a saṁnyāsī and a warrior

हे वीर शासक! योग से युक्त संन्यासी और युद्ध में लड़ते-लड़ते सामने आए हुए प्रहार द्वारा मारे जाने वाला योद्धा ये दोनों पुरुष सूर्य के मण्डल को भी फोड़ देने वाले हैं, अर्थात् ये बहुत सम्मान के योग्य हैं।

A saṁnyāsi who performs yoga and a brave person who dies while facing attack of an enemy go above the sphere of the sun. It means that these two persons are praised by every one.

(786)

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यः अभिचाकशीति॥

जीव और ब्रह्म का निवास ऋ./1/164/20

Dvā suparṇā sayujā sakhāyā samānaṁ vṛkṣaṁ pariṣasvajāte |
Tayoranyaḥ pippalaṁ svādvattyanaśnannanyaḥ abhicākaśīti ||

Two birds on a tree Ṛg. / 1 / 164 / 20

दो सुन्दर पंखों वाले, साथ-साथ मित्र रूप से रहने वाले पक्षी (जीव और ब्रह्म) एक ही वृक्ष (प्रकृति) पर टिके हुए हैं। उन दोनों में से एक (जीव) स्वादु फल (कर्मफल) का उपभोग करता है और दूसरा (ब्रह्म) साक्षी रूप में प्रकाशित हो रहा है।

There are two birds (soul and God) which have beautiful wings (qualities) and live together as friends on one tree (Nature). One of them (the soul) enjoys fruits (fruits of his deeds) and other (God) is shining as a witness.

(787)

द्विषद्भिः शत्रुभिः कश्चित्कदाचित्पीड्यते न वा।
इन्द्रियैर्बाध्यते सर्वः, सर्वत्र च सदैव च॥

दुःख का मुख्य कारण सौन्दरनन्द/13/32

Dviṣadbhiḥ śatrubhiḥ kaścitkadācitpīḍyate na vā |
Indriyairbādhyate sarvaḥ, sarvatra ca sadaiva ca ||

Saundamanda / 13 / 32

Main cause of adversity

द्वेषी शत्रुओं से कोई कभी पीड़ित होता हो या न होता हो परन्तु इन्द्रियों से सभी, सब जगह और सदैव पीड़ित होते हैं।

Somebody may or may not be tormented by terrible enemies, but everybody is tormented, everywhere and always by senses.

(788)

द्वे कर्मणी नरः कुर्वन्नस्मिंल्लोके विरोचते।
अब्रुवन् परुषं किञ्चिदसतोऽनर्चयंस्तथा॥

दो प्रशंसनीय कर्म महाभारत/उद्योग/33/61

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Dve karmanī naraḥ kurvannasmiṅlloke virocate |
Abruvan paruṣaṁ kiñcidasato'narcayaṁstathā ||

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 61

Two admirable works

इस संसार में मनुष्य ये दो कर्म करते हुए ही विशेष शोभा पाता है; एक तो कटु शब्द न बोलना और दूसरे दुष्टों का सम्मान न करना।

A man who practises these two things in his life in this world becomes glorious :- one of them is not to speak harshly and the other is not to respect mean persons.

ध = Dha

(789)

धनं लभेत दानेन, मौनेनाज्ञां विशाम्पते।
उपभोगांश्च तपसा, ब्रह्मचर्येण जीवितम्॥

उत्तम साधन अज्ञात

Dhanaṁ labheta dānena, maunenājñāṁ viśāmpate |
Upabhogāṁśca tapasā, brahmacaryeṇa jīvitam ||

Admirable means Unknown

हे राजन्! दान से धन मिलता है, मौन से आज्ञा पालने वाले मिलते हैं, तप (परिश्रम) से विविध उपभोग प्राप्त होते हैं और ब्रह्मचर्य से दीर्घ जीवन का लाभ होता है।

O king! Donation is helpful in getting wealth, silence is helpful to get the power of order, hardwork is helpful to obtain the things of enjoyment and long life is attained by Brahmacarya (saving of semen).

(790)

धनधान्यप्रयोगेषु, तथा विद्यागमेषु च।
आहारे च व्यवहारे, त्यक्तलज्जः सुखी भवेत्॥

लज्जा के अयोग्य स्थान चाणक्यशतक/35

Dhana-dhānyaprayogesu, tathā vidyāgameṣu ca |
Āhāre ca vyavahāre, tyaktalajjaḥ sukhī bhavet ||

Cāṇkyaśatak / 35

Places not to feel shame

धन-धान्य के लेन-देन में, विद्या-लाभ में, खाने-पीने में तथा व्यवहार में लज्जा न करने वाला ही सुखी रहता है।

One should not feel shame in transactions of money and grains, acquisition of knowledge, taking food and social dealings. In this way he remains happy.

(791)

धनस्य यस्यास्ति न राजतो वा
न चोरतो वाऽपि भयं कदाचित्।
विद्याख्यमन्तर्धनमर्जयत्त-
दन्यद्धनं नश्यति सर्वमेव॥

विद्या-धन कमाओ सुभाषितसंग्रह / 2 / 30

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Dhanasya yasyāstī na rājato vā
na corato vā'pi bhayaṁ kadācit |
Vidyākhyamantardhanamarjayett-
danyddhanaṁ naśyati sarvamevall

Earn education Subhāṣitaśanghara / 2 / 30

जिस धन के लिए न राजा से कोई डर है और न चोर से ही तथा मरने पर भी जो साथ नहीं छोड़ता, तुम उस धन अर्थात् विद्या का अर्जन करो।

You should earn such money, for which you have no fear from a king or from a thief and which will not depart from you even when you die. All other riches end soon.

(792)

धनानि जीवितं चैव, परार्थे प्राज्ञ उत्सृजेत्।
सन्निमित्ते वरं त्यागो, विनाशे नियते सति॥

जीवन की सफलता अज्ञात

Dhanāni jīvitaṁ caiva, parārthe prājña utsṛjet |
Sannimitte varaṁ tyāgo, vināśe niyate sati ll

Success of life Unknown

बुद्धिमान को चाहिए कि वह परोपकार के लिए धन और शरीर का त्याग करे, क्योंकि जब इनका नाश होना ही है, तो अच्छे कार्य के लिए त्याग क्यों न किया जाए?

For the sake of others, a wise man should give up his riches and even the life. When death is certain, it is better to give up for a good cause.

(793)

धनानि भूमौ पशवश्च गोष्ठे,
नारी गृहद्वारि जनाः श्मशाने।
देहश्चितायां परलोकमार्गे,
धर्मानुगो गच्छति जीव एकः॥

धर्म — सच्चा साथी अज्ञात

Dhanāni bhūmau paśavaśca goṣṭhe,
Nārī gṛhadvāri janāḥ śmaśāne |
Dehaścitāyāṁ paralokamārge,
Dharmānugo gacchati jīva ekaḥ ll

Good deeds — good companion Unknown

मृत्यु होते ही धन भूमि में पड़े रह जाते हैं, पशु पशुशाला में, पत्नी घर के दरवाजे तक, लोग श्मशान-भूमि तक और शरीर चिता में स्थान पाता है। उस समय जीवात्मा के साथ केवल धर्म ही जाता है।

As a man dies, his wealth remains in the earth, animals stay in the cowshed, the wife goes only upto the gate, the people upto the cremation ground and the body is put on the pyre. It is only good deeds which go with the soul to the next world.

(794)

धन्यानां गिरि कन्दरे निवसतां, ज्योतिः परं पश्यताम्,
आनन्दाश्रुकणान् पिबन्ति शकुनाः निश्शंकमङ्केशयाः।
अस्माकं तु मनोरथोपरचित - प्रासाद - वापी - तट-
क्रीडाकाननकेलिकौतुकजुषामायुः परं क्षीयते॥

जीवन की सफलता वैराग्यशतक./90

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Dhanyānāṁ girikandare nivasatāṁ jyotiḥ paraṁ paśyatām,
Ānandāśrukaṇān pibanti śakunāḥ niśśaṅkamaṅkeśayāḥ ।
Asmākaṁ tu manorathoparacita-prāsāda-vāpī-taṭa-
Krīḍākānanakelikautukajuṣāmāyuḥ paraṁ kṣīyate ॥

Successful life Vairagyaśataka / 90

पहाड़ों की गुफाओं में रहने वाले और भगवान् की परम ज्योति को देखने वाले उन योगियों की आँखों से निकलते हुए आँसुओं के कणों को निर्भयता-पूर्वक गोद में बैठे हुए पक्षी पीते हैं। परन्तु हम लोग तो अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने में लगे हुए महलों और बावड़ियों के किनारों पर या खेल के मैदानों में खेल-कूद तथा आश्चर्यजनक कार्यों से प्रीति कर रहे हैं और इस प्रकार अपनी आयु को व्यर्थ ही नष्ट कर रहे हैं।

Those are lucky persons who are living in the caves of mountains and enjoying the super light of God and whose particles of tears burst out due to the spiritual happiness are being drunk by the birds sitting in their laps feeling no fear. Opposite to this, we have many desires, to make palaces and tanks and on their banks we are busy in enjoying different kinds of plays and in this way, spending our lives uselessly.

(795)

धन्यानामुत्तमं दाक्ष्यं, धनानामुत्तमं श्रुतम्।
लाभानां श्रेय आरोग्यं, सुखानां तुष्टिरुत्तमा॥

प्रशंसनीय वस्तुएँ महाभारत वन० प०/313/74

Dhanyānāmuttamaṁ dākṣyaṁ, dhanānāmuttamaṁ śrutam ।
Lābhānāṁ śreya ārogyaṁ, sukhānāṁ tuṣṭiruttamā ॥

• Mahābhā. / Vana. / 313 / 74

Admirable things

धन्यों में दक्षता, धनों में विद्या, लाभों में आरोग्य और सुखों में सन्तुष्टि सबसे उत्तम हैं।

Skilfulness is the best of all objects, knowledge is the best of all sorts of wealth, health is the best gain and contentment is the best happiness.

(796)

धन्या पतिव्रता नारी, मान्या पूज्या विशेषतः।
पावनी सर्वलोकानां, सर्वपापौघनाशिनी॥

पतिव्रता नारी की महिमा शिवपुराण/3/54/8

Dhanyā pativratā nārī, mānyā pūjyā viśeṣataḥ ।
Pāvanī sarvalokānāṁ, sarva-pāpaughanāśinī ॥

Sivapu. / 3 / 54 / 8

Greatness of a loyal wife

पतिव्रता नारी धन्य है। वह विशेष रूप में माननीय और पूजनीय है। वह समस्त लोकों को पवित्र करने वाली और समस्त पापों का नाश करने वाली है।

Blessed is the wife who is faithful to her husband. She deserves special respect and honour. She purfies all the worlds and removes all the sins.

(797)

धनैर्निष्कुलीनाः कुलीनाः क्रियन्ते,
धनैरापदो मानवा निस्तरन्ति।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

धनेभ्यो न कश्चित् सुहृद्विद्यतेऽन्यो,
धनान्यर्जयध्वं धनान्यर्जयध्वम् ॥

धनों का महत्त्व कवितामृतकूप/47

Dhanairniṣkulīnāḥ kulīnāḥ kriyante,
Dhanairāpado mānavā nistaranti |
Dhanebhyo na kaścit suhṛdvidyate'nyo,
Dhanānyarjayadhvaṁ dhanānyarjayadhvam ||

Importance of riches Kavitāmṛtakūpa. / 47

धन से अकुलीन भी कुलीन बना दिये जाते हैं, धन से मनुष्य विपदाओं को पार कर जाते हैं। धन से बढ़कर और कोई मित्र नहीं है; अतः धन कमाओ, धन कमाओ।

By wealth the low-bred are turned into high-bred, by wealth men cross-over calamities. There is no better friend than wealth. So, earn wealth, earn wealth.

(798)

धर्मं कृत्वा कर्मणां तात मुख्यम्,
महाप्रतापः सवितेव भाति।
हीनो हि धर्मेण महीमपीमाम्,
लब्ध्वा नरः सीदति पापबुद्धिः ॥

धर्म-सुख का साधन महाभा./उद्योग/27/6

Dharmaṁ kṛtvā karmaṇāṁ tāta mukhyam,
Mahāpratāpaḥ saviteva bhāti |
Hīno hi dharmeṇa mahīmapīmām,
Labdhvā naraḥ sīdati pāpabuddhiḥ ||

Mahābhā. / Udyoga / 27 / 6

Only morality—The source of happiness

हे प्रिय! कर्मों में मुख्य धर्म ही है, जिसे करके मनुष्य महाप्रतापी बनकर सूर्य के समान चमकता है। जो दुष्ट बुद्धि वाला धर्म से हीन है, वह इस सम्पूर्ण पृथ्वी को पाकर भी असंतुष्ट और दुःखी रहता है।

O dear! It is Dharma which is the best of all works. The man who practises Dharma shines like the sun with his glory. The person who thinks badly and does anti-dharma, remains unsatisfied and sad even after occupying the whole of earth.

(799)

धर्मः पिता क्षमा माता, दया भार्या गुणाः सुताः।
कुटुम्बं सुधियस्तस्य, ह्येतदन्ये तु विभ्रमाः ॥

बुद्धिमान् व्यक्ति के सम्बन्धी उद्भटश्लोक

Dharmaḥ pitā kṣamā mātā, dayā bhāryā guṇāḥ sutāḥ |
Kuṭumbaṁ sudhiyastasya, hyetadanye tu vibhramāḥ ||

Relatives of the wise Udbhaṭaśloka

बुद्धिमान् व्यक्ति के परिवार में तो धर्म ही पिता है, क्षमा ही माता है, दया ही पत्नी है और गुण ही पुत्र हैं। उसके लौकिक सम्बन्धी तो भ्रान्ति-मात्र हैं।

In the family of a wise man, religion is his father, forbearance is his mother, kindness is his wife and his qualities are his sons. All other worldly relatives are illusion only.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(800)

धर्मज्ञं च कृतज्ञं च, तुष्टप्रकृतिमेव च।
अनुरक्तं स्थिरारम्भं, लघुमित्रं प्रशस्यते॥

प्रशंसनीय मित्र मनु. / 7 / 209

Dharmajñaṁ ca kṛtajñaṁ ca, tuṣṭaprakṛtimeva ca |
Anuraktaṁ sthirārambhaṁ, lagumitraṁ praśasyate ||

Admirable friend Manu. / 7 / 209

धर्मज्ञ, कृतज्ञ, संतोषी स्वभाव वाला, अनुरक्त और सुदृढ़ रूप से कार्य प्रारम्भ करने वाला छोटा-सा मित्र भी प्रशंसा के योग्य होता है।

Even a small friend who knows Dharma, is grateful and is contented by nature deserves appreciation.

(801)

धर्मार्थं नार्थकामार्थमायुर्वेदो महर्षिभिः।
प्रकाशितो धर्मपरैरिच्छद्भिः स्थानमक्षरम्॥

आयुर्वेद का उद्देश्य चरक/सूत्रस्थान

Dharmārthaṁ nārthakāmārthamāyurvedo maharṣibhiḥ |
Prakāśito dharmaparairicchadbhiḥ sthānamakṣaram ||

Aim of Āyurveda Caraka / Sūtra.

स्वर्ग में अक्षय स्थान प्राप्त करने की इच्छा करने वाले धर्मनिष्ठ महर्षियों ने आयुर्वेद का प्रकाशन धर्म करने की दृष्टि से किया है, न कि काम की और धन प्राप्त करने की दृष्टि से।

The great sages who desired to attain permanent place in the heaven and who practised religion discovered Āyurveda only for charity, not for money and lust.

(802)

धर्मार्थं यततामपीह विपदो दैवाद्यदि स्युः क्वचित्,
तत्तासामुपशान्तये सुमतिभिः कार्यो विशेषान्नयः।
लोके ख्यातिमुपागतात्र सकले लोकोक्तिरेषा यतो,
दग्धानां किल वह्निना हितकरः सेकोऽपि तस्योद्भवः॥

कष्ट सहकर भी धर्म करो पञ्च./मित्रभेद/322

Dharmārthaṁ yatatāmapīha vipado daivādyadi syuḥ kvacit,
Tattāsāmupaśāntaye sumatibhiḥ kāryo viśeṣānnayaḥ |
Loke khyātimupāgatātra sakale lokoktireṣā yato,
Dagdhānāṁ kila vahninā hitakaraḥ seko'pi tasyodbhavaḥ ||

Pañca. / Mitrabhe. / 322

Do good even in troubles

धर्म के कार्य करते हुए भी यदि दुर्भाग्य से विपत्तियाँ आ जाएँ तो बुद्धिमानों को चाहिए कि उन विपत्तियों को दूर करने के लिए विशेष धार्मिक कार्य ही करें। संसार में यह लोकोक्ति प्रसिद्ध हो चुकी है कि आग से जले हुए स्थान पर आग का ही सेक लाभ पहुँचाता है।

If some people have to face troubles while practising religious works, then to remove those troubles the wise-men should do some other religious work. A proverb is very famous in this world that the part burnt with fire should be tomented with fire to heal it.

(803)

धर्मार्थं यस्य वित्तेहा, वरं तस्य निरीहता।
प्रक्षालनाद्धि पङ्कस्य, दूरादस्पर्शनं वरम्॥

धर्मार्थ धन की कामना सुभाषितावलि / 3001

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Dharmārtham yasya vittehā, varam tasya nirīhatā |
Prakṣālanāddhi paṅkasya, dūrādasparśanam varam ||

Subhāṣitāvali / 3001

To earn money for Dharma

दान-धर्म करने के लिए जिसको धन की इच्छा होती है, उसके लिए धन की इच्छा न करना ही श्रेयस्कर है। कीचड़ को धोने की अपेक्षा यही अच्छा है कि उससे दूर ही रहकर उसे छुआ न जाए।

One who desires to earn money for religious works, it is better for him to keep off such desire. It is better to remain away from the mud than to be muddy and then to wash it.

(804)

धर्मार्थकाममोक्षाणां, यस्यैकोऽपि न विद्यते।
अजागलस्तनस्येव, तस्य जन्म निरर्थकम्॥

निन्दनीय जीवन चाणक्यनीति/3/20

Dharmārtha-kāma-mokṣāṇāṁ, yasyaiko'pi na vidyate |
Ajāgalastanasyeva, tasya janma nirarthakam ||

Condemnable life Cāṇakyanīti / 3 / 20

धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष में से एक भी जिसने नहीं कमाया है, बकरी के गले के स्तन की तरह उसका जन्म निरर्थक है। (किसी-किसी बकरी के ही गले में स्तन जैसे मांसपिंड होते हैं।)

A life of such a person is futile like the nipples of a goat's throat, if he does not possess even one of the four — morality, riches, enjoyment of life and salvation. (Only some goats have hanging nipples under their necks.)

(805)

धर्म्यं यशस्यमायुष्यं, लोकद्वयरसायनम्।
अनुमोदामहे ब्रह्मचर्यमेकान्तनिर्मलम्॥

ब्रह्मचर्य की महिमा (अष्टांगहृदय)

Dharmyaṁ yaśasyamāyuṣyaṁ, lokadvaya-rasāyanam |
Anumodāmahe brahmacaryamekāntanirmalam ||

Advantages of Brahmacarya Aṣṭaṅgahṛdaya

नैष्ठिक ब्रह्मचर्य धर्मप्रद, यशवर्धक, दीर्घायुप्रद, इहलोक और परलोक में रसायन के समान फलप्रद और शरीर तथा मन की निर्मलता करने वालों में सर्वश्रेष्ठ होता है, इसलिए हम उसका समर्थन करते हैं।

Celibacy (protection of sperm) is useful for religion, fame, long life and like a fruitful alchemy for this and the next world. So we recommend celibacy, which is quite pure and spotless.

(806)

धिक् तस्य जन्म यः पित्रा, लोके विज्ञायते नरः।
यः पुत्रात् ख्यातिमभ्येति, तस्य जन्म सुजन्मनः॥

निन्दनीय और प्रशंसनीय जन्म अज्ञात

Dhik tasya janma yaḥ pitrā, loke vijñāyate naraḥ |
Yaḥ putrāt khyātimabhyeti, tasya janma sujanmanaḥ ||

Unknown

Condemnable and admirable lives

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उस मनुष्य के जन्म को धिक्कार है जो संसार में पिता के कारण (नाम से) जाना जाता है। जन्म तो उस सुजन्मा का है, जिसे पुत्र के कारण ख्याति मिलती है।

Fie upon the birth of the man who is known in this world through his father. The birth is praiseworthy of that well-born who becomes famous through his son.

(807)

धीरस्सदा रचयते हि परोपकारं,
वाक्यं कठोरमपि तस्य दयार्द्रगर्भम्।
निर्वान्त-तोयनिवहैर्जलदैर्विसृष्टा-
वर्षोपला दधति शीतलवारिगर्भम्॥

सूक्तिमुक्तावली/125

महापुरुषों के कठोर वाक्य

Dhirassadā racayate hi paropakāraṁ,
Vākyaṁ kaṭhoramapi tasya dayārdragarbham |
Nirvānta-toyanivahairjaladairvisṛṣṭā-
Varṣopalā dadhati śītalavārigarbham ||

Sūktimu. / 125

Even harsh words of the great

धीर पुरुष सदा परोपकार ही करता है। उसका कठोर वचन भी भीतर से दया से भीगा रहता है। भरपूर जल बरसाने के बाद बादलों के द्वारा गिराये गये ओले अपने अन्दर ठंडा पानी लिये रहते हैं।

A strong-minded person always does good to others. Even his harsh words remain full of mercy. The hailstones showered by clouds after they have emptied contain cold water in themselves.

(808)

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं, शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो, दशकं धर्मलक्षणम्॥

धर्म के दस लक्षण मनु./6/92

Dhṛtiḥ kṣamā damo'steyaṁ, śaucamindriyanigrahaḥ |
Dhirvidyā satyamakrodho, daśakaṁ dharmalakṣaṇam ||

Ten signs of morality Manu. / 6 / 92

धैर्य, क्षमा, संयम, चोरी न करना, शुचिता, इन्द्रिय-निग्रह, बुद्धि, विद्या, सत्य और क्रोध न करना – ये धर्म की पहचान के दस चिह्न हैं।

The following are the ten signs of morality by which one can be recognized as a religious person :- (1) patience, (2) forbearance, (3) control of mind, (4) rejection of theft, (5) cleanliness, (6) control on senses, (7) thoughtfulness, (8) learning, (9) truth and (10) absence of anger.

(809)

धृतिर्दाक्ष्यं संयमो बुद्धिरात्मा,
धैर्यं शौर्यं देश-कालाप्रमादः।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अल्पस्य वा बहुनो वा विवृद्धौ,
धनस्यैतान्यष्ट समिन्धनानि ॥

धन बढ़ाने के साधन महाभारत/शान्तिपर्व/120/37

Dhṛtirdākṣyaṁ saṁyamo buddhirātmā,
Dhairyaṁ śauryaṁ deśakālāpramādaḥ ।
Alpasya vā bahuno vā vivṛddhau,
Dhanasyaitānyaṣṭa samindhanāṇi ॥

Mahābhā. / Śāntipa. / 120 / 37

Helpers to increase wealth

धन को संभालना, कार्यकुशलता, संयम, विचार-शीलता, स्वावलम्बन, धैर्य, वीरता और स्थान तथा समय की लापरवाही न करना – ये आठ धन को थोड़ा या अधिक बढ़ाने के साधन हैं।

The following are eight means by which money grows in less or big quantity :- (1) control on money, (2) efficiency, (3) control on senses and mind, (4) thoughtfulness, (5) self-dependence, (6) patience, (7) bravery, (8) carefulness for the place and the time.

न = Na

(810)

न करोति यतः पातं, पित्रोः शोकमहोदधौ।
अपत्यत्वमपत्यस्य, तद्वदन्ति सुमेधसः ॥

अपत्य का लक्षण पद्मपुराण/31/153

Na karoti yataḥ pātaṁ, pitroḥ śokamahodadhau ।
Apatyatvamapatyasya, tadvadanti sumedhasaḥ ॥

Padmapu. / 31 / 153

Definition of offspring

क्योंकि वह (पुत्र) माता-पिता को शोक-सागर में नहीं गिराता, इस कारण बुद्धिमान् पुत्र को अपत्य कहते हैं।

Because he (son) does not make the parents fall into the ocean of sorrow, he is called 'apatya', (which means offspring) by wise persons.

(811)

न कर्मणां विप्रणाशोऽस्त्यमुत्र,
पुण्यानामथवा पापकानाम्।
पूर्वं कर्तुर्गच्छति पुण्यपापम्,
पश्चात् त्वेनमनुयात्येव कर्ता ॥

कर्मों का क्षय नहीं महाभा./उद्योग/27/10

Na karmaṇāṁ vipraṇāśo'styamutra,
Puṇyānāmathavā pāpakānām ।
Pūrvaṁ karturgacchati puṇyapāpam,
Paścāt tvenamanuyātyeva kartā ॥

Mahābhā. / Udyoga / 27 / 10

Deeds are not destroyed

पुण्य वाले अथवा पाप वाले कर्मों का नाश दूसरे लोक में नहीं होता। कर्म करने वाले से पूर्व उसके पुण्य तथा पाप उस लोक में पहुँच जाते हैं और उनके पीछे उन कर्मों को करने वाला जाता है।

No good or bad deeds done are destroyed in the next world. The good or bad deeds reach before their doer

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

Nāhatvā matsyaghātīva, prāpnoti mahatīṁ śriyam ||

Śuksaptati / Page 60

To be done for prosperity

दूसरे का मर्म-भेदन किये बिना, दुष्कर कर्म किये बिना, मछुआरे की तरह मछली मारे बिना व्यक्ति विपुल सम्पत्ति हासिल नहीं कर सकता।

One cannot earn large amount of wealth without piercing the vitals of others, without doing dificult deeds and without killing like a fisherman.

(885)

नाभिषेको न संस्कारः, सिंहस्य क्रियते वने।
विक्रमार्जितसत्त्वस्य, स्वयमेव मृगेन्द्रता॥

वीरता ही उन्नति का साधन है हितोपदेश / II / 11

Nabhiṣeko na saṁskāraḥ, siṁhasya kriyate vane |
Vikramārjitasattvasya, svayameva mṛgendratā ||

Hitopadeśa / II / 11

Only bravery leads to prosperity

वन में सिंह का न तो अभिषेक किया जाता है और न संस्कार ही, फिर भी वह अपने बल से अर्जित सामर्थ्य के आधार पर ही जानवरों का राजा बन जाता है।

Neither a bath for crowning nor a ceremony is observed for a lion in the forest. Having acquired dignity by his valour, he becomes king of animals of his own accord.

(886)

नाभ्युत्थानक्रिया यत्र, नालापो मधुराक्षरम्।
गुणदोषकथा नैव, स स्वर्गोऽपि न गम्यताम्॥

न जाने योग्य स्थान नराभरण/41

Nābhyutthānakriyā yatra, nālāpo madhurākṣaram |
Guṇa-doṣa-kathā naiva sa svargo'pi na gamyatām ||

Place not fit to go Narābharaṇa / 41

जहाँ उठकर किसी का स्वागत न हो, मीठे शब्दों में बातचीत न हो और गुण-दोष की भी चर्चा न हो, वह स्थान यदि स्वर्ग भी हो, तो भी वहाँ नहीं जाना चाहिए।

Where there is no welcome, no sweet talk, no statement about merits and demerits, that place, even if it were heaven, does not deserve visit.

(887)

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो, न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा वृणुते तनुं स्वाम्॥

आत्मज्ञान की प्राप्ति कठोपनिषद्/वल्ली 2/23

Nāyamātmā pravacanena labhyo,
Na medhayā na bahunā śrutena |
Yamevaiṣa vṛṇute tena labhya-
stasyaiṣa ātmā vṛṇute tanuṁ svām ||

Kaṭhopaniṣad / 2 / 23

Method to know self

यह परमात्मा वाग्जाल से नहीं मिल सकता, न

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बुद्धि से प्राप्त होता है और ना ही बहुत शास्त्र श्रवण से पाया जा सकता है। जिस भक्त को यह स्वीकार कर लेता है, उसी को यह प्राप्त होता है। उसी भक्त पर यह परमात्मा अपना स्वरूप प्रकाशित करता है।

God is neither obtained by net of words, nor by intellect and nor by hearing of many scriptures. It is only obtained by such a devotee whom God accepts. God shows his virtue to that devotee only.

(888)

नारिकेल-समाकारा, दृश्यन्ते हि सुहृज्जनाः।
अन्ये बदरिकाकारा, बहिरेव मनोहराः॥

नारियल और बेर के सदृश अज्ञात

Nārikela-samākārā, dṛśyante hi suhṛjjanāḥ |
Anye badarikākārā, bahireva manoharāḥ ||

Unknown

Persons like coconut and berry

सज्जन लोग नारियल के फल के समान बाहर से तो कठोर परन्तु अन्दर से उतने ही मुलायम होते हैं, ठीक इसके विपरीत कुछ लोग बेरी के फल के समान होते हैं जो बाहर से ही आकर्षक दिखाई देते हैं, परन्तु अन्दर से कठोर होते हैं।

Kind hearted people in this world are like coconut fruit i.e. rough outside, but having sweet flavour inside. There are others like berry fruit who are attractive only externally but hard internally.

(889)

नार्थमल्पं परिभवेन्नावमन्येत शात्रवान्।
बुद्ध्या तु बुद्ध्येदात्मानं, न चाबुद्धिषु विश्वसेत्॥

तिरस्कार मत करो महाभा./शान्ति/120/3

Nārthamalpaṁ paribhavennāvamanyeta śātravān |
Buddhyā tu buddhyedātmānaṁ, na cābuddhiṣu viśvaset ||

Mahābhā. / Śānti / 120 / 3

Don't degrade anybody

थोड़े धन का भी तिरस्कार नहीं करना चाहिए और शत्रुओं के साथियों का भी अपमान नहीं करना चाहिए। बुद्धि द्वारा अपने कर्त्तव्याकर्त्तव्य का निर्णय करना चाहिए और मूढ़ पुरुषों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

One should not overlook even a little money and should not dishonour even the friends of enemies. He should decide with his intellect what is to be done and what is not and he should not trust fools.

(890)

नालम्बते दैष्टिकतां, न निषीदति पौरुषे।
शब्दार्थौ सत्कविरिव, द्वयं विद्वानपेक्षते॥

भाग्य और पुरुषार्थ शिशुपालवध/2/86

Nālambate daiṣṭikatāṁ, na niṣīdati pauruṣe |
Śabdārthau satkaviriva, dvayaṁ vidvānapekṣate ||

Fate and efforts Śisupālav. / 2 / 86

जिस प्रकार अच्छा कवि शब्द और अर्थ दोनों को महत्त्व देता है, उसी प्रकार विद्वान् राजनीतिज्ञ

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न तो केवल भाग्य का ही भरोसा करता है और न केवल पुरुषार्थ पर ही आश्रित रहता है। वह तो दोनों का महत्त्व जानकर ही सब कार्य करता है।

As a good poet gives importance to the both, the words and the sense, in the same manner, a good politician neither depends on the fortune only and nor on the efforts only. He understands the importance of both of these and works accordingly.

(891)

नालसाः प्राप्नुवन्त्यर्थान्न क्लीबा न च मानिनः।
न च लोकरवाद् भीता, न च शश्वत्प्रतीक्षिणः॥

असफलता के कारण सुभाषितावलि / 2647

Nālasāḥ prāpnuvantyarthānna klībā na ca māninaḥ |
Na ca lokaravād bhītā, na ca śaśvatpratīkṣiṇaḥ ||

Reasons of failure Subhāśitā. / 2647

न तो आलसी, न कायर, न अभिमानी, न लोक-निन्दा से डरने वाले और ना ही सदा अवसर की प्रतीक्षा करने वाले ही धन को प्राप्त करते हैं। अर्थात् ऐसे लोग धन नहीं कमा सकते।

Neither lazy persons, nor cowards nor the proud, nor such persons who fear from the bad name in the public and nor those who always wait for a good opportunity can earn money. Such persons never enjoy riches.

(892)

नालोकः क्रियते सूर्ये, भूः प्रतीपं न धार्यते।
नहि प्रत्युपकाराणामपेक्षा सत्सु विद्यते॥

सज्जनों की विशेषता सुभाषितावलि / 226

Nālokaḥ kriyate surye, bhūḥ pratīpaṁ na dhāryate |
Na hi pratyupakārāṇāmapekṣā satsu vidyate ||

Subhāśitāv. / 226

Speciality of the good

सूर्य सबके लिए प्रकाश करता है, किन्तु सूर्य में कोई प्रकाश करने नहीं जाता, पृथ्वी सबके लिए अन्नादि उत्पन्न करती है किन्तु बदले में उसके लिए कोई कुछ नहीं करता। सत्पुरुष प्रत्युपकार की अपेक्षा नहीं करते।

Good persons never desire to be repaid their favours done for others, as the sun gives light but doesn't desire its repayment and the earth gives corns and other things also but wants nothing for the favours it does.

(893)

नासंवृतं मुखं कुर्यात्, सभायां च विचक्षणः।
कासं हासं तथोद्गारं, जृम्भणं क्षवथुं तथा॥

सभा में निषिद्ध भावप्रकाश/दिनचर्या-प्रकरण/262

Nāsaṁvṛtaṁ mukhaṁ kuryāt, sabhāyāṁ ca vicakṣaṇaḥ |
Kāsaṁ hāsaṁ tathodgāraṁ, jṛmbhaṇaṁ kṣavathuṁ tathā ||

Bhāvapr. / Dina. / 262

Objectionable in a meeting

समझदार व्यक्ति को चाहिए कि वह सभा में

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

खाँसने, हँसने, डकार लेने, जम्भाई लेने तथा छींक के समय मुँह नंगा न करे, प्रत्युत आगे हाथ रखकर अर्थात् मुँह को ढककर ये कार्य करे।

A wise man should not open his mouth for cough, laughter, belch, yawn and sneeze. He should keep his hand in front of his mouth while doing these things.

(894)

नास्ति कामसमो व्याधिर्नास्ति मोहसमो रिपुः।
नास्ति क्रोधसमो वह्निर्नास्ति ज्ञानात्परं सुखम्॥

निकृष्ट और उत्कृष्ट वस्तुएँ वृद्धचाणक्य

Nāsti kāmasamo vyādhirnāsti mohasamo ripuḥ |
Nāsti krodhasamo vahnirnāsti jñānātparaṁ sukham ||

Vṛddhacāṇakya

Condemnable and admirable things

काम-वासना जैसा कोई रोग नहीं है, मोह के समान कोई शत्रु नहीं है, क्रोध के समान कोई आग नहीं है और ज्ञान से बढ़कर कोई सुख नहीं है।

There is no such disease as lust, no such enemy as ignorance, no such fire as anger and no greater happiness than knowledge.

(895)

नास्ति जात्या रिपुर्नाम, मित्रं चापि न विद्यते।
सामर्थ्यादेव जायन्ते, मित्राणि रिपवस्तथा॥

मित्रता और शत्रुता के कारण सुभाषितावलि / 2652

Nāsti jātyā ripurnāma, mitraṁ cāpi na vidyate |
Sāmarthyādeva jāyante, mitrāṇi ripavastathā ||

Subhāśitā. / 2652

Causes of friendship and enmity

जन्म से न कोई शत्रु होता है और न मित्र। मनुष्य के अपने सामर्थ्य के अनुसार ही मित्र और शत्रु हुआ करते हैं।

Nobody is an enemy or a friend from his birth. Friends and enemies are created according to one's ability.

(896)

नास्थाने जातु वप्तव्यं, विद्याबीजं मनीषिणा।
दूरे तिष्ठतु तद्वृद्धिर्यतो मूलेऽपि संशयः॥

विद्या का सुपात्र नीतिकल्पतरु/36/1

Nāsthāne jātu vaptavyaṁ, vidyābījaṁ manīṣiṇā |
Dūre tiṣṭhatu tadvṛddhiryato mūle'pi saṁśayaḥ ||

Nītikalpataru / 36 / 1

Deserving education

बुद्धिमान को कभी भी अनुचित स्थान पर विद्या का बीज नहीं बोना चाहिए। इससे उसके बढ़ने की बात तो दूर, उसका मूल भी संशय में पड़ जाता है।

A wise man should in no case sow the seed of knowledge in a wrong place. Leave about its growth there, even its existence remains under doubt.

(897)

निंस्त्रिशं हृदयं कृत्वा, वाणीं क्षुरसमोपमाम्।
विकल्पोऽत्र न कर्त्तव्यो, हन्यात्तत्रापकारिणम्॥

अपकारी — हन्तव्य पञ्च./मित्रभेद/318

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nimstriśaṁ hṛdayaṁ kṛtvā, vāṇīṁ kṣurasamopamām |
Vikalpo'tra na karttavyo, hanyāttatrāpakāriṇam ||

Pañca. / Mitrabhe. / 318

Deserving death

अपकार करने वाले को मारते समय हृदय को तलवार और वाणी को छुरे के समान बना लेना चाहिए। इस विषय में द्विविधा में नहीं पड़ना चाहिए और उस अपकारी को मार ही देना चाहिए।

To kill a harmful person one should make his mind as a sword and the tongue like a razor. In this matter one should not hesitate and the harmful person must be killed.

(898)

निन्दन्तु नीतिनिपुणाः यदि वा स्तुवन्तु,
लक्ष्मीः समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम्।
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा,
न्याय्यात्पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः ॥

महापुरुषों का चरित्र नीतिशतक/79

Nindantu nītinipuṇāḥ yadi vā stuvantu,
Lakṣmīḥ samāviśatu gacchatu vā yatheṣṭam |
Adyaiva vā maraṇamastu yugāntare vā,
Nyāyyātpathaḥ pravicalanti padaṁ na dhīrāḥ ||

Character of the great Nītiśataka / 79

नीतिनिपुण व्यक्ति चाहे निन्दा करें या स्तुति, लक्ष्मी इच्छानुसार चाहे आए अथवा चली जाए, मृत्यु चाहे आज ही हो जाए या एक युग के बाद, धैर्यवान् व्यक्ति न्यायोचित मार्ग से एक कदम भी पीछे नहीं हटते।

Whether the politicians praise or defame, wealth comes or goes away, death takes place today or after a long time, the men of determination don't deviate even a step from the path of justice.

(899)

निबन्धनी ह्यर्थतृष्णेह पार्थ,
तामिच्छतां बाध्यते धर्म एव।
धर्मं तु यः प्रवृणीते स बुद्धः,
कामे गृध्नो हीयतेऽर्थानुरोधात् ॥

तृष्णा से हानि महाभा./उद्योग/27/5

Nibandhanī hyarthatṛṣṇeha Pārtha,
Tāmicchatāṁ bādhyate dharma eva |
Dharmaṁ tu yaḥ pravṛṇīte sa buddhaḥ,
Kāme gṛdhno hīyate'rthānurodhāt ||

Mahābhā. / Udyoga / 27 / 5

Loss due to greed

हे पृथापुत्र युधिष्ठिर! धन का लोभ ही इस संसार में बन्धन का कारण बना करता है। जो धन का लोभ करते हैं, उनके धर्म के कार्यों में विघ्न पड़ जाता है। जो व्यक्ति धर्म को विशेष महत्त्व देता है, वही समझदार है। लोभी व्यक्ति तो धन को पाने के लिए धर्म से पतित हो जाता है।

O Yudhiṣṭhira! the greed of money is the cause of confinement. Those who are greedy for money, their work of religion is disturbed. One who gives more importance to religion is really a learned person. On the other hand who is desirous of money deviates from the path of religion.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(900)

निमित्तमुद्दिश्य हि यः प्रकुप्यति,
ध्रुवं स तस्यापगमे प्रशाम्यति।
अकारणद्वेषपरो हि यो भवेत्,
कथं नरस्तं परितोषयिष्यति॥

अकारण शत्रु पञ्च./मित्रभेद/227

Nimittamuddiśya hi yaḥ prakupyati,
Druvaṁ sa tasyāpagame praśāmyati।
Akāraṇa-dveṣaparo hi yo bhavet,
Kathaṁ narastaṁ paritoṣayiṣyati॥

Pañca. / Mitrabhe. / 227

An enemy without any reason

यदि कोई किसी प्रयोजन से रूठता है, तो उस प्रयोजन के सिद्ध हो जाने पर उसका रोष समाप्त हो जाता है। परन्तु जो बिना किसी कारण से ही शत्रु बन जाए, तो उसे, प्रसन्न करना असम्भव है।

If one becomes angry due to some reason, he may be gratified when that reason is solved. But one who becomes an enemy without any reason, he cannot be gratified by any means.

(901)

निम्नेन तोयं हरितेन गावः, सान्त्वेन बाला विनयेन सन्तः।
अर्थेन नारी तपसा च देवाः, सर्वो हि लोको ह्रियते प्रियेण॥

वशकर्ता – प्रेम सुभाषितावलि / 2910

Nimnena toyaṁ haritena gāvaḥ,
Sāntvena bālā vinayena santaḥ।
Arthena nārī tapasā ca devāḥ,
Sarvo hi loko hriyate priyeṇa॥

Attractive — love Subhāṣitā. / 2910

नीची ढालू जमीन की ओर जल अपने आप बहता है, हरियाली की ओर गाय स्वयं जाती है, मधुर व्यवहार से बालक, विनय भाव से सत्पुरुष, पैसे से नारी और तप से देवता प्रसन्न होते हैं। इस प्रकार सभी लोग अपनी–अपनी प्रिय वस्तु से आकृष्ट हुआ करते हैं।

Water flows towards slope. Cows are attracted by greenery, children by sweet behaviour, great persons by politeness, wife by money and gods by devotion. In this way, all persons are attracted by their loving likings.

(902)

निम्ब! त्वदीयकटुता यदि दाहहन्त्री,
गायन्तु मूढमनुजास्तव दोषगाथाः।
तप्तास्त एव तपनोपमपित्ततापै-
र्गास्यन्ति मित्रवर! तावकगीतकानि॥

श्रेष्ठ पुरुषों के कटु वचन मुक्तिराम उपाध्याय

Nimba! Tvadīyakaṭutā yadi dāhahantrī,
Gāyantu mūḍhamanujāstava doṣagāthāḥ।
Taptāsta eva tapanopamapittatāpai-
rgāsyanti mitravara! Tāvakagītakāni॥

Muktirāma Upādhyāya

Bitter words of the great

हे नीम! तेरी कड़वाहट ताप को नष्ट करने वाली है। यदि मूढ़ मनुष्य तेरी बुराइयों (कड़वाहट आदि)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

की चर्चा करते हैं, तो करने दे। एक समय आएगा जब वे अग्नि के समान पित्त की गर्मी से तपेंगे। तब, हे मित्र, वे तेरे गुणों के ही गीत गाएँगे। (भाव यह है कि श्रेष्ठ लोगों के कटुवचन भी अन्त में सुखदायी होते हैं।)

O Morgosa tree! Your bitterness is a remedy for heat. If fools defame you for this reason, let them do as they like. A time will come when they will suffer with the heat of gall which burns like fire. Then my friend, they will sing the song of your merits. (The underlying sense is this that even bitter words of greatmen become advantageous in the end.)

(903)

निर्गुणमप्यनुरक्तं प्रायो,
न समाश्रितं जहति सन्तः।
समवृद्धिक्षयभाजं,
वहति शशाङ्कः कलङ्कमपि॥

श्रेष्ठ पुरुष निर्गुण को त्यागते नहीं सुभाषितावलि / 242

Nirguṇamapyanuraktaṁ prāyo,
Na samāṣritaṁ jahati santaḥ।
Samavṛddhi-kṣaya-bhājaṁ,
Vahati śaśāṅkaḥ kalañkamapi॥

Subhāṣitāvali / 242

The great never reject a dependent

सज्जन लोग प्रायः अपने आश्रित और अनुरागी निर्गुण व्यक्ति का भी त्याग नहीं करते। चन्द्रमा वृद्धि और क्षय के भागी कलङ्क को भी साथ रखता है।

Good persons never leave such a person who depends on them and loves them, though he may be without merits. The moon takes with its spot, which remains with it in the time of growth and even declination.

(904)

निर्गुणेष्वपि सत्त्वेषु, दयां कुर्वन्ति साधवः।
न हि संहरते ज्योत्स्नां, चन्द्रश्चाण्डालवेश्मनः॥

साधु सब पर दया दिखाते हैं चा. नीतिशास्त्र / 3 / 50

Nirguṇeṣvapi sattveṣu, dayāṁ kurvanti sādhavaḥ।
Na hi saṁharate jyotsnāṁ, candraścāṇḍālaveśmanaḥ॥

Cā. Nītiśā. / 3 / 50

The great show kindness

साधु जन अच्छे एवं बुरे दोनों के प्रति समान रूप से दया-भाव रखते हैं, जैसे चन्द्रमा अपनी रोशनी से चण्डालों के घर को भी आलोकित करता है।

Good people extend mercy even to creatures devoid of qualities. The moon does not withdraw its moonlight even from the houses of chandalas (persons belonging to the lowest of depressed classes).

(905)

निर्वनो वध्यते व्याघ्रो, निर्व्याघ्रं छिद्यते वनम्।
तस्माद् व्याघ्रो वनं रक्षेत्, वनं व्याघ्रं च पालयेत्॥

पारस्परिक सहायता महाभा./उद्योग/29/55

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nirvano vadhyate vyāghro, nirvyāghraṁ chidyate vanam |
Tasmād vyāghro vanaṁ rakṣet, vanaṁ vyāghraṁ ca pālayet ||

Mutual help Mahābhā. / Udyoga / 29 / 55

जंगल के बिना बाघ मारा जाता है और बिना बाघ के जंगल काट लिया जाता है। इसीलिए बाघ तो जंगल की रक्षा करे और जंगल बाघ को पाले।

A tiger is killed without a forest and a forest is cut down without a tiger. Therefore the tiger should protect the forest and the forest should bring up the tiger.

(906)

निर्वाणदीपे किमु तैलदानं,
चौरे गते वा किमु सावधानम्।
वयो-गते किं वनिता-विलासः,
पयो-गते किं खलु सेतुबन्धः ॥

समयचूकि पुनि का पछिताने (नीतिप्रदीप)

Nirvāṇadīpe kimu tailadānaṁ,
Caure gate vā kimu sāvadhānam |
Vayo-gate kiṁ vanitā-vilāsaḥ,
Payo-gate kiṁ khalu setubaṇdhaḥ ||

Nitipradipa

It is useless to work after due time

दीपक के बुझ जाने पर तेल डालने से क्या लाभ? चोर के निकल जाने पर सावधान होने का क्या उपयोग? यौवन समाप्त हो जाने पर वनिता-विलास से क्या आनंद? और पानी बह जाने पर पुल बाँधने का क्या फल?

There is no use of pouring oil when the lantern has been extinguished. It is also of no use to be alert when the thief has gone away. There is no use of enjoyment with a lady who has become old. And to construct a bridge is also useless when there is no water in the river.

(907)

निर्विण्णे निर्विण्णा मुदिते मुदिता,
समाकुलाऽऽकुलिते।
प्रतिबिम्बसमा कान्ता,
संक्रुद्धे केवलं भीता ॥

आदर्श पत्नी कुट्टिनीमत/441

Nirviṇṇe nirviṇṇā mudite muditā,
Samākulā'kulite |
Pratibimbasamā kāntā,
Saṁkruddhe kevalaṁ bhītā ||

An ideal wife Kuṭṭinīmata / 441

पति के प्रतिबिम्ब समान प्रिय पत्नी उसके खिन्न होने पर खेद का अनुभव करती है, प्रसन्न होने पर खिल उठती है, व्याकुल होने पर व्याकुल हो जाती है, परन्तु केवल उसके क्रुद्ध होने पर डर जाती है।

Like a reflection, the beloved wife feels sad at the sadness of her husband, she feels pleasure when he is pleased, she becomes troubled when

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

he is in trouble, but only when he is angry, she feels fear.

(908)

निर्विषेणापि सर्पेण, कर्त्तव्या महती फणा।
विषमस्तु मा वास्तु, फटाटोपो भयङ्करः॥

सामर्थ्य प्रकट करो पञ्चतन्त्र/काकोलूकीय/83

Nirviṣeṇāpi sarpeṇa, karttavyā mahatī phaṇā।
Viṣamastu mā vāstu, phaṭāṭopo bhayaṅkaraḥ॥

Show your ability Pañca. / Kāko. / 83

विषरहित साँप को भी अपना विस्तृत फण दिखा देना चाहिए। चाहे विष हो या न हो, फण का दिखावा ही अगले को डराने के लिए पर्याप्त होता है। भाव यह है कि चाहे दूसरे को हानि पहुँचाने का सामर्थ्य न भी हो, तो भी शत्रुओं को दूर रखने हेतु अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर ही देना चाहिए।

A snake which is not poisonous, should show its expanded hood. Whether there is poison or not, the show of the expanded hood is fearful. It means that whether one can harm other or not, still he should show his power to keep off the enemy.

(909)

निश्चित्य यः प्रक्रमते, नान्तर्वसति कर्मणः।
अवन्ध्यकालो वश्यात्मा, स वै पण्डित उच्यते॥

विचारशील ही बुद्धिमान् है महाभा./उद्योग/33/24

Niścitya yaḥ prakramate, nantarvasati karmaṇaḥ।
Avandhyakālo vaśyātmā, sa vai paṇḍita ucyate॥

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 24

Ony thoughtful is wise

जो व्यक्ति दृढ़ निश्चयपूर्वक कार्य को आरम्भ कर देता है और कार्य के बीच में नहीं रुकता, अपने समय को जो व्यर्थ नहीं गँवाता तथा अपने पर संयम रखता है, वही बुद्धिमान् तथा विद्वान् कहलाता है।

One who begins the work with full determination and does not stop without completing it, who does not spend his time in vain and has self-control is called a wise and learned man.

(910)

निषेवते प्रशस्तानि, निन्दितानि न सेवते।
अनास्तिकः श्रद्दधान, एतत् पण्डितलक्षणम्॥

बुद्धिमान् का आचरण महाभा./उद्योग/33/16

Niṣevate praśastāni, ninditāni na sevate।
Anāstikaḥ śraddadhāna, etat paṇḍita-lakṣaṇam॥

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 16

Behaviour of the wise

जो व्यक्ति शुभ कर्म ही करता है और निन्दनीय काम नहीं करता, वेद और ईश्वर को पूर्ण श्रद्धापूर्वक मानता है, वही पण्डित है, ज्ञानी है। यही उसका लक्षण है।

One who practises only good work and doesn't do bad work, who has full faith in God and the Vedas, is called paṇḍita, a learned man. This is his trait.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(911)

निस्सारस्य पदार्थस्य, प्रायेणाडम्बरो महान्।
नहि स्वर्णे ध्वनिस्तादृक्, यादृक् कंसे प्रजायते॥

थोथा चना बाजे घना यशस्तिलकचम्पू: / 1 / 35

Nissārasya padārthasya, prāyeṇāḍambaro mahān |
Nahi svarne dhvanistādṛk, yādṛk kaṁse prajāyate ||

Yaśastilakacampū / 1 / 35

Barking dogs seldome bite

प्राय: निस्सार पदार्थ का आडम्बर बड़ा होता है। सोने की वैसी ध्वनि नहीं होती जैसी कि कांसे की।

Generally, the show of a worthless thing is more than a good thing. Gold produces no such loud sound as the bell-metal.

(912)

नेच्छेद्बलवता युद्धं, न भारं शिरसा वहेत्।
गात्रं न वादयेत् केशान् हस्तेन धुनुयान्न च॥

त्याज्य कर्म भावप्रकाश/दिनचर्या/267

Necchedbalavatā yuddhaṁ, na bhāraṁ śirasā vahet |
Gātraṁ na vādayet keśān hastena dhunuyānna ca ||

To be abandoned Bhāvapra. / Din. / 267

बलवान् के साथ लड़ने की कामना नहीं करनी चाहिए, भार सिर पर रखकर नहीं ढोना चाहिए, शरीर को हाथों से नहीं बजाते रहना चाहिए और बालों को दूसरों के सामने सँवारना नहीं चाहिए।

One should not desire to fight with a strong person, load should not be carried on the head, the organs of body should not be beaten by hands and the hair should not be shaken in front of others.

(913)

नैतादृश: परो धर्मो, नृणां सद्धर्ममिच्छताम्।
न्यासो दण्डस्य भूतेषु, मनोवाक्कायजस्य य:॥

सर्वश्रेष्ठ कर्म श्रीमद्भागवत/7/15/8

Naitādṛśaḥ paro dharmo, nṛṇāṁ saddharmamicchatām |
Nyāso daṇḍasya bhūteṣu, manovākkāyajasya yaḥ ||

Bhāgavata / 7 / 15 / 8

Best morality — nonviolence

श्रेष्ठ धर्म को चाहने वाले मनुष्यों के लिए इससे बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है कि मन, वाणी या शरीर द्वारा प्राणियों को किसी प्रकार भी दु:ख न पहुँचाया जाए।

For those who like the best religion, should note that avoiding of violence of the creatures by mind, by tongue and by the body is the best religion and there is no better religion than this.

(914)

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावक:।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुत:॥

आत्मा अविनाशी है महाभा./भीष्म./26/23

Nainaṁ chindanti śastrāni, nainaṁ dahati pāvakaḥ |
Na cainaṁ kledayantyāpo, na śoṣayati mārutaḥ ||

Mahābhā. / Bhiṣma. / 26 / 23

Soul is imperishable

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते, आग जला नहीं सकती, पानी गला नहीं सकता और वायु सुखा नहीं सकती।

This soul cannot be cut with weapons, cannot be burnt by fire, cannot be drenched with water and cannot be dried with air.

(915)

नैर्गुण्यमेव साधीयो, धिगस्तु गुणगौरवम्।
शाखिनोऽन्ये विराजन्ते, खण्ड्यन्ते चन्दनद्रुमाः॥

गुणियों की दुर्दशा भामिनीविलास/1/86

Nairguṇyameva sādhīyo, dhigastu guṇagauravam।
Śākhino'nye virājante, khaṇḍyante candanadrumāḥ॥

Bhāminivi. / 1 / 86

Bad state of the meritorious

गुणहीन होना ही अच्छा है। गुणातिशय को धिक्कार है। देखो तो सही कि अन्य पेड़ तो मजे से रहते हैं, जबकि चन्दन के पेड़ अपने गुणों के कारण काट डाले जाते हैं।

To be without qualities is better. Fie upon qualities! Look! Other trees enjoy their existence, while the sandal-trees are cut down due to their qualities.

(916)

नोदन्वानर्थितामेति, न चाम्भोभिर्न पूर्यते।
आत्मा तु पात्रतां नेयः, पात्रमायान्ति सम्पदः॥

पात्र ही सम्पत्ति के आश्रय सुभाषितावलि / 2665

Nodanvānarthitāmeti, na cāmbhobhirna pūryate।
Ātmā tu pātratāṁ neyaḥ, pātramāyānti sampadaḥ॥

Subhāsitāvali / 2665

First deserve then desire

समुद्र किसी से याचना करने नहीं जाता, फिर भी वह जल से भरा रहता है अतः मनुष्य को स्वयं को योग्य बनाना चाहिए। योग्य पात्र के पास सम्पत्तियाँ स्वयं आती हैं।

The sea never goes for begging, but still it is filled with water. One should make himself dese.ving because riches come to the deserving person.

(917)

नोपरक्तं न चोद्यन्तं, नास्तं यातं दिवाकरम्।
सर्वथा न समीक्षेत, न जले प्रतिबिम्बितम्॥

सूर्य-दर्शन भावप्रकाश/दिनचर्या/265

Noparaktaṁ na codyantaṁ, nāstaṁ yātaṁ divākaram।
Sarvathā na samīkṣeta, na jale pratibimbitam॥

Seeing the sun Bhāvapra. / Dina. / 265

ग्रहण लगे हुए, उदय होते हुए और अस्त होते सूर्य को बिलकुल भी नहीं देखना चाहिए। साथ ही जल में भी उसकी परछाईं नहीं देखनी चाहिए।

The sun should not be seen at all when it is in the state of eclipse, when it is rising and when it is setting. Besides, its shadow in water also should not be seen.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प

(918)

पञ्च यत्र न विद्यन्ते, न कुर्यात्तत्र संस्थितिम्।
लोकयात्रा, भयं, लज्जा, दाक्षिण्यं, धर्मशीलता॥

निवास के अयोग्य स्थान चाणक्यनीति/2/108

Pañca yatra na vidyante, na kuryāttatra saṁsthitim |
Lokayātrā, bhayaṁ, lajjā, dakṣiṇyaṁ, dharmaśīlatā ||

Place not fit to live Cāṇkyanīti / 2 / 108

जीविका, भय, लज्जा, उदारता और धार्मिकता – ये पाँच जहाँ न हों, वहाँ न रहे।

One should not stay there, where the following five are not present; means of livelihood, fear, shame, generosity and morality.

(919)

पतिवाक्यमनादृत्य, स्वेच्छया वर्त्तते तु या।
सा नारी सततं घोरे, पतत्याचन्द्रतारकम्॥

निन्दनीय नारी स्कन्दपुराण वै० ख० वै० स०/26/82

Pativākyamanādṛtya, svecchayā varttate tu yā |
Sā nārī satataṁ ghore, patatyācandratārakam ||

Skandapu. / Vai. kha. Vai. Sa. / 26 / 82

Condemnable wife

पति का कहना न मान कर जो स्त्री मनमानी करती है, वह तब तक घोर नरक में प्रवास करती है, जब तक चन्द्रमा और तारों की सत्ता है।

The wife who ignoring the words of her husband does everything on her accord, remains in the hell as long as there are the moon and the stars.

(920)

पतिव्रता पतिप्राणा, पत्युः प्रियहिते रता।
यस्य स्यादीदृशी भार्या, धन्यः स पुरुषो भुवि॥

प्रशंसनीय पत्नी पञ्चतन्त्र/काकोलूकीय/142

Pativratā patiprāṇā, patyuḥ priyahite ratā |
Yasya syādīdṛśī bhāryā, dhanyaḥ sa puruṣo bhuvi ||

Admirable wife Pañca. / Kāko. / 142

जो पतिव्रता है और पति को ही अपना जीवन मानती है और जो पति की मंगलकामना में ही लगी रहती है, ऐसी जिसकी पत्नी है, वह पुरुष इस भूमि पर धन्य है।

The life of that husband is lucky whose wife is faithful to him, takes her husband as her life and who does every work for welfare of her husband.

(921)

पतिहीना तु या नारी, न सा शक्ष्यति जीवितुम्।
काममेवंविधं राम, त्वया मम निदर्शितम्॥

वा० रामायण/अयोध्या काण्ड/29/7

पतिहीन नारी की दशा

Patihīnā tu yā nārī, na sā śakṣyati jīvitum |
Kāmamevaṁvidhaṁ Rāma, tvayā mama nidarśitam ||

Vā. Rāmā. / Ayodhyā / 29 / 7

Condition of a wife without her husband

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सीता कह रही है — "हे राम जी! आपने ही मुझे यह बताया था कि जो नारी पतिहीन हो जाती है, वह जीने में असमर्थ हो जाती है।"

Sītā says, "Shri Rāma! It was stated even by you to me that the wife separated from her husband is unable to live."

(922)

पत्रं नैव यद करीरविटपे दोषो वसन्तस्य किम्?
नोलूकोऽप्यवलोकते यदि दिवा सूर्यस्य किं दूषणम्?
धारा नैव पतन्ति चातकमुखे मेघस्य किं दूषणम्?
यत्पूर्वं विधिना ललाट-लिखितं तन्मार्जितुं कः क्षमः??

विधाता का विधान — नीतिशतक/86

Patraṁ naiva yadā karīraviṭape, doṣo vasantasya kim?
Nolūko'pyavalokate yadi divā, sūryasya kiṁ dūṣaṇam?
Dhārā naiva patanti cātaka-mukhe meghasya kiṁ dūṣaṇam?
Yatpūrvaṁ Vidhinā lalāṭalikhitaṁ tanmārjituṁ kaḥ kṣamaḥ ||

Nītiśataka / 86

Fortune must takes place

यदि करीर के वृक्ष पर पत्ते नहीं आते, तो इसमें वसन्त का क्या दोष है? यदि उल्लू दिन में नहीं देख पाता तो इसमें सूर्य का क्या दोष है? यदि पपीहे के मुख में जल की धारा नहीं पड़ती तो इसमें बादल का क्या दोष है? विधाता ने जो पहले माथे पर लिख दिया है उसे कौन मिटा सकता है?

What fault is there of the spring if a Karira tree does not have leaves? What fault is there of the sun if an owl is not able to see during the day time? What fault is there of the cloud if the streams of water do not fall into the mouth of cātaka? Who can wipe out that which has been priviously written on one's forehead by the Creator.

(923)

पथ्ये सति गदार्त्तस्य, किमौषध-निषेवणैः।
पथ्येऽसति गदार्त्तस्य, किमौषध-निषेवणैः॥

पथ्य का महत्त्व — अज्ञात

Pathye sati gadārttasya, kimauṣadhaniṣevaṇaiḥ |
Pathye'sati gadārttasya, kimauṣadhaniṣevaṇaiḥ ||

Importance of prevention — Unknown

यदि परहेज़ किया जाए तो रोगी का रोग स्वयं शान्त हो जाता है, अतः दवाई लेने का कोई लाभ नहीं। और यदि परहेज़ नहीं किया जाता तब भी दवाई लेने का कोई लाभ नहीं, क्योंकि परहेज़ के बिना केवल दवाई से रोग ठीक नहीं हो सकता।

If preventive measures are taken against a disease, then there is no use of any medicine as prevention itself will cure the disease. On the other hand, if preventive measures are not taken, then taking of any medicine cannot remove the disease, as without prevention medicine becomes ineffective.

(924)

पद्माकरं दिनकरो विकचीकरोति,
चन्द्रो विकासयति कैरव-चक्रवालम्।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नाभ्यर्थितो जलधरोऽपि जलं ददाति,
सन्तः स्वयं परहितेषु कृताभियोगाः ॥

परोपकार — सन्तों का स्वभाव नीतिशतक/70

Padmākaraṁ dinakaro vikacīkaroti,
Candro vikāsayati kairava-cakravālam |
Nābhyarthito jaladharo'pi jalaṁ dadāti,
Santaḥ svayaṁ parahiteṣu kṛtābhiyogāḥ ||

Helping nature of the great Nitiśataka / 70

सूर्य स्वतः ही कमलवन को विकसित करता है, चन्द्रमा ऐसे ही कुमुद-वन को विकसित करता है और बादल भी बिना प्रार्थना किए ही पानी बरसा देता है। इसी प्रकार सज्जन लोग बिना किसी के कहे ही परोपकार में लगे रहते हैं।

The sun makes the group of lotuses bloom. In the same way the moon makes the grove of lillies bloom. A cloud gives water without demanding. In the same way, great persons always help others even without any request.

(925)

पन्था देयो ब्राह्मणाय, गवे राज्ञे ह्यचक्षुषे।
वृद्धाय भारतप्ताय, गर्भिण्यै दुर्बलाय च ॥

रास्ता देने योग्य बौधायन धर्मसूत्र/2/3/30

Panthā deyo Brahmaṇāya, gave rājñe hyacakṣuṣe |
Vṛddhāya bhārataptāya, garbhiṇyai durbalāya ca ||

Way to be given to Baudhāyan. / 2 / 3 / 30

ब्राह्मण, गाय, राजा, नेत्रहीन, वृद्ध, भार से परेशान, गर्भवती स्त्री तथा दुर्बल व्यक्ति को रास्ता दे देना चाहिए।

Way should be given to a Bráhmaïa, a cow, a king, a blind person, an old man, a man carrying a heavy load, a pregnant woman and a weak person.

(926)

पदद्वयस्य संधानं, कर्तुमप्रतिभाः खलाः।
तथापि परकाव्येषु, दुष्करेष्वप्यसंभ्रमाः ॥

दोष-दर्शन — दुष्ट का स्वभाव सुभाषितावलि / 140

Padadvayasya saṁdhānaṁ, kartumapratibhāḥ khalāḥ |
Tathāpi parakāvyeṣu, duṣkareṣvapyasaṁbhramāḥ ||

Subhāṣitāvali / 140

Nature of the bad to see faults

प्रतिभा-शून्य दुष्टजन स्वयं दो पदों की भी रचना करने में असमर्थ होते हुए भी दूसरे के दुष्कर अर्थात् श्रमपूर्वक रचे हुए काव्य में दोष निकालने के लिए सदा तत्पर रहते हैं।

The mean fellows who are not genious cannot compose even two stanzas of a poem, still they always are prepared to find faults in the poetry of others which has been composed with great labour.

(927)

पयःपानं भुजङ्गानां, केवलं विषवर्धनम्।
उपदेशो हि मूर्खाणां, प्रकोपाय न शान्तये ॥

मूर्खों को उपदेश देने से हानि हितोपदेश/3/4

Payaḥpānaṁ bhujaṅgānāṁ, kevalaṁ viṣavardhanam |
Upadeśo hi mūrkhāṇāṁ, prakopāya na śāntaye ||

Harm in preaching fools Hitopadeśa / 3 / 4

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

साँपों को दूध पिलाना केवल उनके विष को ही बढ़ाता है। मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उन्हें प्रकुपित ही करता है; न कि शान्त।

Feeding milk to serpents increases their poison only. Advice given to fools leads to their provocation and not appeasement.

(928)

परं क्षिपति दोषेण, वर्तमानः स्वयं तथा।
यश्च क्रुध्यत्यनीशानः, स च मूढतमो नरः॥

मूढ़ का लक्षण महाभा./उद्योग./33/37

Paraṁ kṣipati dosheṇa, vartamānaḥ svayaṁ tāthā।
Yaśca krudhyatyanīśānaḥ, sa ca muḍhatamo naraḥ॥

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 37

Definition of the most foolish

जो व्यक्ति दोषी तो स्वयं होता है, परन्तु दूसरे का दोष बताता है और जो अत्यन्त क्रोधी स्वभाव का होता है, उसे सबसे मूढ़ (नासमझ) कहा जाता है।

A man who commits a fault and blames others for that fault and becomes angry fiercely is called the most foolish man.

(929)

परं विवर्धनं बुद्धेरज्ञानतरुशातनम्।
समुत्सारणमाधीनां, विद्धि साधुसमागमम्॥

साधु-संगति का लाभ सुभाषितावलि / 210

Paraṁ vivardhanaṁ buddherajñānataruśātanam।
Samutsāraṇamādhīnāṁ, viddhi sādhusamāgamam॥

Subhāṣitāvali / 210

Advantages of good company

साधु-समागम को अत्यन्त बुद्धिवर्धक, अज्ञान-रूपी वृक्ष को काटने वाला तथा चित्त-व्यथा को नष्ट करने वाला जानना चाहिए।

It should be noted that an association with good persons increases understanding, removes ignorance and keeps away the mental agony.

(930)

परकार्य-विहन्ता च दाम्भिकः स्वार्थसाधकः।
छली द्वेषी मृदुक्रूरो, विप्रो मार्जार उच्यते॥

निन्दनीय ब्राह्मण चाणक्यनीति/11/15

Parakārya-vihantā ca, dāmbhikaḥ svārthasādhakaḥ।
Chalī dveṣī mṛdukrūro, vipro mārjāra ucyate॥

Cāṇkyaniti / 11 / 15

Condemnable Brāhmaṇa

दूसरों के काम में विघ्न डालने वाला, पाखण्डी, अपना स्वार्थ ही साधने में लगा हुआ, छल और द्वेष करने वाला तथा ऊपर से मीठा परन्तु मन से क्रूर ब्राह्मण बिलाव कहा जाता है।

A Brāhmaṇa, who disrupts the works of others, who is boastful, selfish, deceiver, has enmity and externally kind but cruel in mind is called a cat.

(931)

परदुःखं समाकर्ण्य, स्वभावसरलो जनः।
उपकारासमर्थत्वात्, प्राप्नोति हृदये व्यथाम्॥

सरल मनुष्य की व्यथा सुभाषितावलि / 231

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Paraduḥkhaṁ samākarṇya, svabhāva-saralo janaḥ ।
Upakārāsamarthatvāt, prāpnoti hṛdaye vyathām ॥

Pain to simple man Subhāṣītāvali / 231

सरल स्वभाव का मनुष्य दूसरे के दुःख को सुनकर और अपने को उपकार करने में असमर्थ पाकर हार्दिक क्लेश का अनुभव करता है।

A man having an honest nature when hears about one's trouble and finds himself unable to remove that trouble, feels pain in heart.

(932)

पराङ्मुखेऽपि दैवेऽत्र, कृत्यं कार्यं विपश्चिता।
आत्मदोषविनाशाय, स्वचित्तस्तम्भनाय च॥

पुरुषार्थ आवश्यक पञ्च./मित्रभेद/312

Paraṅmukhe'pi daive'tra, kṛtyaṁ kāryaṁ vipaścitā ।
Ātma-doṣavināśāya, svacittastambhanāya ca ॥

Pañca. / Mitrabhe. / 312

Importance of work

समझदार व्यक्ति को भाग्य के विपरीत होने पर भी अपना कार्य करते रहना चाहिए। इससे अपने परिश्रम की कमी नहीं अखरेगी, और हृदय को सान्त्वना मिलेगी कि "मैंने तो अपनी ओर से कसर नहीं छोड़ी।"

A wiseman should do his work inspite of the adverse fate. Doing this he will not feel his carelessness and also feel consolation that he has done his best, whatever he could.

(933)

परान्नं परवस्त्रं च, परशय्यां परस्त्रियम्।
परवादं परद्रव्यं, दूरतः परिवर्जयेत्॥

त्याज्य वस्तुएँ (चाणक्यराजनीति)

Parānnaṁ paravastraṁ ca, paraśayyām parastriyam ।
Paravādaṁ paradravyaṁ, dūrataḥ parivarjayet ॥

Things to be avoided (Cāṇkyarājnīti)

दूसरे का भोजन, दूसरे का कपड़ा, दूसरे का बिछौना, पराई स्त्री, दूसरे की निन्दा और दूसरे के धन को दूर से ही छोड़ देना चाहिए।

The following six things of others should be neglected at once :- (1) food, (2) clothes, (3) bed, (4) wife, (5) disgrace and (6) money.

(934)

परिक्षीणः कश्चित् स्पृहयति यवानां प्रसृतये,
स पश्चात् सम्पूर्णो गणयति धरित्रीं तृणसमाम्।
अतश्चानैकान्त्याद् गुरुलघुतयार्थेषु धनिना-
मवस्था वस्तूनि प्रथयति च सङ्कोचयति च॥

कामनाओं की वृद्धि नीतिशतक/41

Parikṣīṇaḥ kaścit spṛhayati yavānāṁ prasṛtaye,
Sa paścāt sampurṇo gaṇayati daritrīṁ tṛṇasamām ।
Ataścānaikāntyād gurulaghutayārtheṣu dhaninā-
mavasthā vastūni prathayati ca saṅkocayati ca ॥

Increasing of desires Nītisataka / 41

दरिद्र व्यक्ति दरिद्रता की अवस्था में केवल मुट्ठी-भर जौ (या अन्न) को ही चाहता है, परन्तु

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जब वही सम्पन्न हो जाता है तो इस संपूर्ण भूमि को भी तुच्छ समझने लगता है। इसलिए गुरुता और लघुता धनिकों की विभिन्न अवस्थाओं के कारण ही होती है; वे किसी एक के लिए निश्चित नहीं हैं। इससे सिद्ध होता है कि मनुष्य की अवस्था के अनुसार ही कोई वस्तु उसे बड़ी या छोटी लगती है।

When a man is poverty-stricken he desires only handful of corns, but when he becomes prosperous, the whole of the earth is like a straw for him. So, the conditions are not everlasting, but, change according to the circumstances of a man. If he has nothing he is called poor, but when he possesses much wealth he is rich.

(935)

परिवर्तिनि संसारे, मृतः को वा न जायते।
स जातो येन जातेन, याति वंशः समुन्नतिम्॥

सफल जीवन नीतिशतक/31

Parivartini saṁsāre, mṛtaḥ ko vā na jāyate |
Sa jāto yena jātena, yāti vaṁśaḥ samunnatim ||

Successful life Nītisataka / 31

भला कौन ऐसा व्यक्ति है जो मर कर इस परिवर्तनशील संसार में फिर पैदा नहीं होता? वस्तुतः पैदा हुआ उसे ही समझना चाहिए, जिसके जन्म से खानदान उन्नति को प्राप्त हो जाए।

Who is not born after death in this changing world? But he is really born by whose birth family becomes prosperous.

(936)

परिवर्ज्या भुजङ्गीव, वनिताऽन्यस्य दूरतः।
सा हि लोभवशा पापा, पुरुषस्य विनाशिका॥

पर स्त्री त्याज्य है पद्मपुराण/14/191

Parivarjyā bhujaṅgīva, vanitā'nyasya dūrataḥ |
Sā hi lobhavaśā pāpā, puruṣasya vināśikā ||

Keep off other's wife Padmapu. / 14 / 191

दूसरे की पत्नी को साँपिन की तरह दूर से त्याग देना चाहिए। लालच में पड़ी वह पापिनी पुरुष को नष्ट कर देती है।

One should keep off from a distance the wife of any other thinking her like a female snake, because due to greed she becomes a sinner and a destroyer of a man.

(937)

परीक्षका यत्र न सन्ति देशे,
नार्घन्ति रत्नानि समुद्रजानि।
आभीरदेशे किल चन्द्रकान्तं,
त्रिभिर्वराटैर्विपणन्ति गोपाः॥

परीक्षकों का लाभ पञ्च./मित्रभेद/80

Parīkṣakā yatra na santi deśe,
Nārghanti ratnāni samudrajāni |
Ābhīradeśe kila candrakāntaṁ,
Tribhirvarāṭairvipaṇanti gopāḥ ||

Pañca. / Mitrabhe. / 80

Advantage of examiners

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जिस देश में पहचान करने वाले (पारखी) नहीं होते, वहाँ समुद्र से प्राप्त किए हुए बहुमूल्य रत्नों का भी मूल्य नहीं मिलता। अहीरों के प्रदेश में तो ग्वाले लोग चन्द्रकान्त मणि को भी तीन कौड़ियों में ही बेच देते हैं।

The very precious gems which are derived from the sea have no value at the place where their examiners are not available. In the region of cowherds, those people sell even a moonstone for three cowries only.

(938)

परोक्षे कार्यहन्तारं, प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं, विषकुम्भं पयोमुखम्॥

त्याज्य मित्र हितोपदेश/मित्रलाभ/77

Parokṣe kāryahantāraṁ, pratyakṣe priyavādinam |
Varjayettādṛśam mitraṁ, viṣakumbhaṁ payomukham ||

Avoidable friend Hitopa. / Mitralā. / 77

पीठ पीछे कार्य बिगाड़ने वाले और सामने प्रिय वचन बोलने वाले मित्र को त्याग देना चाहिए। वह मित्र विष से भरे उस घड़े के समान है, जिसके केवल मुख पर ही थोड़ा सा दूध है।

A man should discard such a friend who is harmful in absence and speaks sweet words on the face. Such friend is like that pitcher which is full of poison but has only a little milk at its mouth.

(939)

परोपदेशे पाण्डित्यं, सर्वेषां सुकरं नृणाम्।
धर्मे स्वीयमनुष्ठानं, कस्यचित्तु महात्मनः॥

पर-उपदेश कुशल बहुतेरे हितोपदेश/1/107

Paropadeśe pāṇḍityaṁ, sarveṣāṁ sukaraṁ nṛṇām |
Dharme svīyamanuṣṭhānaṁ, kasyacittu mahātmanaḥ ||

Hitopa. / 1 / 107

To preach others is very easy

सभी मनुष्य दूसरों को उपदेश देने में ही सहज विद्वत्ता समझते हैं, परन्तु कोई महात्मा ही अपने धार्मिक कृत्यों को नियमपूर्वक कर पाता है। इसीलिए कहा गया है – 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे।'

All people are prepared to preach others showing their natural knowledge but only a few great souls perform their religious duties honestly.

(940)

पश्यन्ति मां दशदिशो वनदेवताश्च,
चन्द्रश्च दीप्त-किरणश्च दिवाकरोऽयम्।
धर्मानिलौ च गगनं च तथान्तरात्मा,
भूमिस्तथा सुकृतदुष्कृत-साक्षिभूता॥

सुकृत और दुष्कृत के साक्षी अज्ञात

Paśyanti māṁ daśadiśo vanadevatāśca,
Candraśca dīptakiraṇaśca divākaro'yam |
Dharmānilau ca gaganaṁ ca tathāntarātmā,
Bhūmistathā sukṛtaduṣkṛta-sākṣibhūtā ||

Unknown

Witnesses of good or bad deeds

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दसों दिशाएँ, वन-देवता, चन्द्रमा, चमकती किरणों वाला सूर्य, धर्म, वायु, आकाश, मेरी अन्तरात्मा तथा अच्छे और बुरे कर्मों की गवाह बनी हुई इस पृथ्वी सहित सभी मुझे देख रहे हैं।

Ten quarters, the forest-deities, the moon and the sun with its brilliant rays, righteousness, wind, the sky, the inner soul and also the earth, which is the witness of all good and bad deeds—all are observing me.

(941)

पाटीर तव पटीयान् कः परिपाटीमिमामुरीकर्तुम्।
यत्पिषतामपि नृणां पिष्टोऽपि तनोषि परिमलैः पुष्टिम्॥

श्रेष्ठ व्यक्तियों की विशेषता भामिनीविलास/1/11

Paṭīra tava paṭīyān kaḥ paripāṭīmimāmurīkartum।
Yatpiṣatāmapi nṛṇāṁ piṣṭo'pi tanoṣi parimalaiḥ puṣṭim॥

Quality of the great Bhāminīvilāsa / 1 / 11

हे चन्दन, तुम्हारी इस परिपाटी को स्वीकार करने में तुमसे भी अधिक पटु और कौन हो सकता है कि घिसे जाने पर भी तुम घिसने वालों को (भी) अपनी सुगन्ध से तृप्त कर देते हो।

O sandalwood, who could be cleverer than you to follow this path of yours that you, even when rubbed, fill with your fragrance even those who rub you.

(942)

पाणिमद्भ्यः स्पृहास्माकं, यथा तव धनस्य वै।
न पाणिलाभादधिको, लाभः कश्चन विद्यते॥

हाथों का महत्त्व महाभा/शान्ति./180/12

Pāṇimadbhyaḥ spṛhāsmākaṁ, yathā tava dhanasya vai।
Na pāṇilābhādadhiko, lābhaḥ kaścana vidyate॥

Mahābhā. / Śānti. / 180 / 12

Usefulness of hands

"जैसे तेरी इच्छा धन पाने की है, वैसे ही हम शृगालों की इच्छा हाथ पाने की है। हाथ मिलने से बढ़कर कोई दूसरा लाभ नहीं हो सकता।" ये वाक्य शृगाल-वेषधारी इन्द्र आत्महत्या के इच्छुक एक ब्राह्मण को कह रहा है।

In the disguise of a jackal, Indra is saying following words to the Brahmana who is going to commit suicide, "As your desire is to get money, in the same way we, the jackals, desire hands, because there is no other better gain than hands."

(943)

पाणिमन्तो बलवन्तो, धनवन्तो न संशयः।
मनुष्या मानुषैरेव, दासत्वमुपपादिताः॥

अधिक हाथों की शक्ति महाभा./शान्ति./180/34

Pāṇimanto balavanto, dhanavanto na saṁśayaḥ।
Manuṣyā mānuṣaireva, dāsatvamupapāditāḥ॥

Mahābhā. / Śānti. / 180 / 34

Power of many hands

जिनके जितने हाथ होते हैं, उतने ही अधिक वे धनवान् और बलवान् होते हैं। अधिक हाथ वाले (अधिक साथियों वाले) मनुष्यों ने ही कम हाथों वाले (साथियों वाले) मनुष्यों को गुलाम बना रखा है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Those who have more hands (men) are more powerful and rich. Having more hands (men) people enslave other men who possess less hands (men).

(944)

पातितोऽपि कराघातैरुत्पतत्येव कन्दुकः।
प्रायेण हि सुवृत्तानामस्थायिन्यो विपत्तयः॥

स्थायी या अस्थायी विपत्तियाँ सुभाषितावलि / 222

Pātito'pi karāghātairutpatatyeva kandukaḥ।
Prāyeṇa hi suvṛttānāmasthāyinyo vipattayaḥ॥

Subhāṣitavali / 222

Temporary or permanent troubles

कर के आघात से बारम्बार नीचे की ओर फेंका गया गेंद पुनः ऊपर ही उछलता है। सुन्दर आचार से सम्पन्न व्यक्तियों की विपत्तियाँ प्रायः अस्थायी हुआ करती हैं और वे समय पाकर गेंद के समान ही ऊपर पहुँच जाते हैं।

By a stroke of a hand a ball first goes down, but at the same time it jumps up. In the same way men of good character fallen in adversity go up soon. So the troubles which come in the way of such persons are inconstant.

(945)

पातेन कन्दुक इवोत्पतत्यार्यः पतन्नपि।
तथापि त्वनार्यः पतति मृत्पिण्डपतनं यथा॥

आर्य और अनार्य पर संकट सुभाषितावलि / 221

Pātena kanduka ivotpatatyāryaḥ patannapi।
Tathāpi tvanāryaḥ patati mṛtpiṇḍapatanaṁ yathā॥

Subhāṣitāvali / 221

The good and bad men in adversities

ऊँचे चरित्र वाला व्यक्ति दैवी विपत्ति आने पर गेंद के समान नीचे गिर कर फिर उठ खड़ा होता है, परन्तु चरित्रहीन व्यक्ति मिट्टी के ढेले के समान गिर कर फिर नहीं उठ पाता।

A man of high-character if falls down due to some bad luck, he makes his progress soon as a ball gone down jumps up at once, but a low-character man if falls, he makes no progress again and remains like a lump of earth fallen down.

(946)

पात्रविशेषे न्यस्तं गुणान्तरं व्रजति शिल्पमाधातुः।
जलमिव समुद्रशुक्तौ मुक्ताफलतां पयोदस्य॥

मालविकाग्निमित्र/1/6

योग्य पात्र में ही गुणों का लाभ

Pātraviśeṣe nyastaṁ guṇāntaraṁ vrajati śilpamādhātuḥ।
Jalamiva samudraśuktau muktāphalatāṁ payodasya॥

Mālavikā. / 1 / 6

Glory of merits in deserving person

जब कोई व्यक्ति अपनी कारीगरी किसी विशेष पात्र को सिखाता है, तो उसका स्वरूप कुछ निखर जाता है; जैसे बादल का पानी समुद्र की सीप के मुँह में जाकर मोती बन जाता है।

When a man teaches his art to some special person, then it changes into a better thing; as the water of

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

a cloud when falls in the mouth of an oyster then it gets the form of a pearl.

(947)

पादाभ्यां न स्पृशेदग्निं, गुरुं ब्राह्मणमेव च।
नैव गाञ्च कुमारीं च, न वृद्धं न शिशुं तथा॥

पैरों से न छूने योग्य चाणक्यनीति/7/6

Pādābhyāṁ na spṛśedagniṁ, guruṁ Brāhmaṇameva ca |
Naiva gāñca kumāriṁ ca, na vṛddhaṁ na śiśuṁ tathā ||

Cāṇkyaniti / 7 / 6

Not to be touched with feet

पैरों से आग, गुरु, ब्राह्मण, गाय, कुमारी, वृद्ध स्त्री-पुरुष तथा छोटे बच्चे को नहीं छूना चाहिए।

One should not touch the following things with feet :- (1) fire, (2) a teacher, (3) a Brahmana, (4) a cow, (5) a virgin, (6) an old man or a woman and (7) a baby.

(948)

पादाहतं यदुत्थाय, मूर्धानमधिरोहति।
स्वस्थादेवापमानेऽपि, देहिनस्तद्वरं रजः॥

अपमानित जीवन — निन्दनीय शिशुपालवध/2/46

Pādāhataṁ yadutthāya, mūrdhānamadhirohati |
Svasthādevāpamāne'pi, dehinastadvaraṁ rajaḥ ||

Śiśupāla. / 2 / 46

Condemnable life of the degraded

अपमान होने पर भी जो शान्त रहता है, उस प्राणी से वह धूल ही अच्छी है, जो ठोकर खाकर ठोकर मारने वाले के सिर पर उड़कर चढ़ जाती है; अर्थात् अपमान का बदला लेने वाला निकम्मे बैठे रहने वाले व्यक्ति से कहीं अच्छा है।

The dust which flies upon the head of the person who kicks it, is better than that person who doesn't react against the person who insults him.

(949)

पादाहतोऽपि दृढदण्डसमाहतोऽपि,
यं दंष्ट्रया स्पृशति तं किल हन्ति सर्पः।
कोऽप्येष एव पिशुनोऽग्रमनुष्यधर्मः,
कर्णे परं स्पृशति हन्ति परं समूलम्॥

चुगलखोर साँप से भी भयानक पञ्च./मित्रभेद/250

Pādāhato'pi dṛḍhadaṇḍasamāhato'pi,
Yaṁ daṁṣṭrayā spṛśati taṁ kila hanti sarpaḥ |
Ko'pyeṣa eva piśuno'gramanuṣyadharmaḥ,
Karṇe paraṁ spṛśati hanti paraṁ samūlam ||

A backibiter Pañca. / Mitrebhe. / 250
more dangerous than a snake

पैर से कुचला हुआ और मजबूत डण्डे से चोट खाया हुआ भी साँप अपना दाँत चुभो कर केवल उसे ही मारता है। परन्तु मानवता से हटा हुआ कोई चुगलखोर साँप से भी बढ़कर है, जो स्पर्श तो किसी के कान से करता है, परन्तु जड़ सहित मारता किसी और को ही है। भावार्थ यह है कि चुगलखोर उल्टी-सीधी बातों से किसी को दूसरे के विरुद्ध भड़का कर उसे नष्ट करवा देता है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Trodden with feet and attacked with a strong club, a snake if touches any body with its poisonous tooth, then he is killed, but there is such an inhuman backbiter person who touches one's ear and kills another one. It means that a backbiter provokes a person against another and causes his death.

(950)

पानमक्षस्तथा नार्यो, मृगया गीतवादितम्।
एतानि युक्त्या सेवेत, प्रसङ्गो ह्यत्र दोषवान्॥

शासक के लिए त्याज्य महाभारत शा० प०/140/26

Pānamakṣastathā nāryo, mṛgayā gīta-vāditam |
Etāni yuktyā seveta, prasaṅgo hyatra doṣavān ||

Mahābhā. / Śānti. / 140 / 26

To be avoided by the ruler

मद्यपान, जुआ, स्त्रियाँ, शिकार, गाना-बजाना इनका सन्तुलित रूप में ही उपभोग करना चाहिए, इनकी लत पड़ जाना खराब होता है।

One should be careful when he enjoys the following things — (1) drinking of wine, (2) gambling, (3) women, (4) hunting, (5) singing and playing on instruments. One should take enjoyment reasonably and should not be given into them.

(951)

पापान्निवारयति योजयते हिताय,
गुह्यं निगूहति गुणान् प्रकटीकरोति।
आपद्गतं च न जहाति ददाति काले,
सन्मित्रलक्षणमिदं प्रवदन्ति सन्तः॥

श्रेष्ठ मित्र के चिह्न नीतिशतक/69

Pāpānnivārayati yojayate hitāya,
Guhyaṁ nigūhati guṇān prakatīkaroti |
Āpadgataṁ ca na jahāti, dadāti kāle,
Sanmitralakṣaṇamidaṁ pravadanti santaḥ ||

Qualities of a good friend Nītiśataka / 69

अच्छा मित्र पाप-कर्म से हटाता है, अच्छे काम में प्रवृत्त करता है, रहस्य को गुप्त रखता है, गुणों को प्रकट करता है, विपदा में पड़े हुए का साथ नहीं छोड़ता, समय पड़ने पर सहयोग देता है। सज्जनों ने अच्छे मित्र के ये ही लक्षण बताये हैं।

A good friend keeps his friend away from sins, directs towards good, keeps secrets concealed, proclaims qualities of the friend, does not desert him in adversity and provides timely help. These are the characteristics of a sincere friend as mentioned by the wise persons.

(952)

पावका नः सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती।
यज्ञं वष्टु धियावसुः॥

उत्तम वाणी की कामना ऋ./1/3/10

Pāvakā naḥ sarasvatī vājebhirvājinīvatī |
Yajñaṁ vaṣṭu dhiyāvasuḥ ||

Desire of good speech Ṛg. / 1 / 3 / 10

हमारी वाणी पवित्र हो और ज्ञान द्वारा प्रभाव-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शालिनी बने। यह बुद्धि और कर्म से मिलकर बसाने वाली तथा उपकार के कार्यों को करने वाली हो।

May our speech be pure and clear! May it be effective with the help of knowledge! Associated with intellect and practice, it should help others to live happily and it may be busy in doing good works!.

(953)

पिबन्ति नद्यः स्वयमेव नाम्भः,
स्वयं न खादन्ति फलानि वृक्षाः।
नादन्ति सस्यं खलु वारिवाहाः,
परोपकाराय सतां विभूतयः॥

सज्जनों की सम्पत्तियाँ नीतिशास्त्र / 66

Pibanti nadyaḥ svayameva nāmbhaḥ,
Svayaṁ na khādanti phalāni vṛkṣāḥ।
Nādanti sasyaṁ khalu vārivāhāḥ,
Paropakārāya satāṁ vibhūtayaḥ॥

The wealth of the good Nītiśāstra / 66

नदियाँ पानी स्वयं नहीं पीतीं, वृक्ष स्वयं फल नहीं खाते और न बादल अनाज खाते हैं। इस प्रकार सज्जनों का वैभव परोपकार के लिए ही होता है।

The rivers do not drink their own water, the trees do not eat their own tasty fruits and the clouds do not eat the crops themselves. So the prosperity of the good people is for helping others.

(954)

पिण्डे पिण्डे मतिर्भिन्ना, कुण्डे कुण्डे नवं पयः।
जातौ जातौ नवाचारा, नवा वाणी मुखे मुखे॥

प्राय सबमें भेद होता है अज्ञात

Piṇḍe piṇḍe matirbhinnā, kuṇḍe kuṇḍe navaṁ payaḥ।
Jātau jātau navācārā, navā vāṇī mukhe mukhe॥

Difference is every where Unknown

प्रत्येक व्यक्ति का सोचने का ढंग अलग-अलग होता है। प्रत्येक जलाशय के जल में भी अन्तर होता है। प्रत्येक जाति का रहन-सहन का ढंग भिन्न-भिन्न होता और प्रत्येक व्यक्ति के मुख से बात प्रकट करने का ढंग भी अलग-अलग होता है। इस प्रकार सर्वत्र विविधता दीखती है।

Every person thinks in his own way. Every water-tank has different taste. The culture of every caste seems different and also the speech of every person differs. In this way we see difference in every field of this world.

(955)

पितरं चाप्यवज्ञाय मातरं च नराधिप।
गुरुं च भरत-श्रेष्ठ नरकं प्रतिपद्यते॥

नरक में जाने के कारण सुभाषितावलि / 2987

यो विषादं प्रसहते विक्रमे समुपस्थिते।
तेजसा तस्य हीनस्य पुरुषार्थो न सिद्ध्यति॥

वा. रामा./किष्किन्धा/64/10

निराश व्यक्ति सफल नहीं होता

Yo viṣādaṁ prasahate vikrame samupasthite |
Tejasā tasya hīnasya puruṣārtho na siddhyati ||

Vā. Rā. / Kiṣkindhā / 64 / 10

Disappointed never gets success

जो व्यक्ति साहस दिखाने के समय निराशा में उलझा रहता है, वह व्यक्ति निस्तेज है। अतएव उसका परिश्रम सफल नहीं हुआ करता।

One who becomes disappointed at the time of bravery, is spiritless. So his efforts never get success.

(1220)

योऽहिंसकानि भूतानि, हिनस्त्यात्मसुखेच्छया।
स जीवंश्च मृतश्चैव, न क्वचित् सुखमेधते॥

अहिंसक प्राणियों के घातक को दण्ड मनु./5/45

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Yo'hiṁsakāni bhūtāni, hinastyātmasukhecchayā |
Sa jīvaṁśca mṛtaścaiva, na kvacit sukhamedhate ||

Bad result for Manu. / 5 / 45
who kills harmless creatures

जो व्यक्ति अपने सुख को पाने की इच्छा से अहिंसक प्राणियों को मारता है, वह जीते हुए भी और मर कर भी कहीं सुख प्राप्त नहीं कर सकता।

One who for gaining his own happiness kills harmless creatures, does not obtains happiness in life and even after death also.

(1221)

यो हि भृत्यो नियुक्तः सन् भर्त्रा कर्मणि दुष्करे।
कुर्यात् तदनुरागेण तमाहुः पुरुषोत्तमम्॥

श्रेष्ठ नौकर वा. रामा./युद्धकाण्ड/1/7

Yo hi bhṛtyo niyuktaḥ san bhartrā karmaṇi duṣkare |
Kuryāt tadanurāgeṇa, tamāhuḥ puruṣottamam ||

Best servant Vā. Rāmā / Yuddha. / 1 / 7

स्वामी द्वारा अति कठिन कार्य में भी लगाए जाने पर जो नौकर उस कार्य को पूर्ण प्रीतिपूर्वक करता है, उसे पुरुषोत्तम कहा जाता है।

The servant who is given tough work to do by his master and who does it with complete devotion and happily, is called the best man.

(1222)

यो हि मित्रेषु कालज्ञः सततं साधु वर्त्तते।
तस्य राज्यं च कीर्तिश्च प्रतापश्चापि वर्धते॥

वा. रामा./किष्किन्धा/10

मित्रों से सद्व्यवहार का सुफल

Yo hi mitreṣu kālajñaḥ satataṁ sādhu varttate |
Tasya rājyaṁ ca kīrtiśca pratāpaścāpi vardhate ||

Good result Vā. Rā. / Kiṣkindhā / 10
to behave justly with friends

जो समय की परख करने वाला, मित्रों के साथ लगातार सद्व्यवहार करता है, उसका राज्य, यश और प्रताप सभी वृद्धि को प्राप्त होते हैं।

One who realising the time behaves well with his friends, his kingdom, fame and glory—all grow.

(1223)

यौ धर्मौ जगतो नेत्रौ यत्र सर्वं प्रतिष्ठितम्।
आदित्यचन्द्रौ ग्रहमभ्युपेतो महाबलौ॥

प्रत्येक संकटों को देखता है वा. रामा./अरण्य./66/11

Yau dharmau jagato netrau yatra sarvaṁ pratiṣṭhitam |
Ādityacandrau grahamabhyupeto mahābalau ||

Vā. Rā. / Araṇya. / 66 / 11

Every one faces adversities

संसार को धारण करने वाले, सब पदार्थों को दिखाने वाले और जिनके आधार पर यह संसार चल रहा है, वे महाबली सूर्य और चाँद भी ग्रहों द्वारा ग्रसे जाते हैं।

The sun and the moon which are the supports of this world, which help to show the things and due to which this world is going on, those powerful sun and moon also become the prey of eclipses.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(1224)

यौवनं धनसम्पत्तिः प्रभुत्वमविवेकिता।
एकैकमप्यनर्थाय किमु यत्र चतुष्टयम्॥

अनर्थ के कारण हितोपदेश / प्र. 4

Yauvanaṁ dhanasampattiḥ prabhutvamavivekitā |
Ekaikamapyanarthāya kimu yatra catuṣṭayam ||

Hitopadeśa / Pra. 4

Causes of adversities

जवानी, धन-दौलत, स्वामित्व और अविवेक — इनमें से एक-एक भी वस्तु मनुष्य के पतन का कारण बन जाती है और एक ही स्थान पर स्थित इन चारों का समूह तो निश्चित रूप से मनुष्य को ले डूबता है।

Youth, wealth, ownership and absence of discrimination, each one out of these becomes the source of degradation and when the group of all these four is found at one place, the fall is certain.

र = Ra

(1225)

रक्तत्वं कमलानां सत्पुरुषाणां परोपकारित्वम्।
असतां च निर्दयत्वं स्वभावसिद्धं त्रिषु त्रितयम्॥

स्वाभाविक गुण सुभाषितावलि /251

Raktatvaṁ kamalānāṁ satpuruṣāṇāṁ paropakāritvam |
Asatāṁ ca nirdayatvaṁ svabhāvasiddhaṁ triṣu tritayam ||

Natural qualities Subhāṣitāvali / 251

लाल कमलों की ललाई, सत्पुरुषों की परोपकारिता और असत् पुरुषों की निर्दयता- ये तीनों बातें स्वभाव-सिद्ध होती हैं।

Redness of the red lotuses, helpfulness of good persons and cruelty of bad persons are natural in them.

(1226)

रङ्कं करोति राजानं, राजानं रङ्कमेव च।
धनिनं निर्धनं चैव निर्धनं धनिनं विधिः॥

विधाता के कार्य चाणक्यनीति/10/5

Raṅkaṁ karoti rājānaṁ, rājānaṁ raṅkameva ca |
Dhaninaṁ nirdhanaṁ caiva, nirdhanaṁ dhaninaṁ vidhiḥ ||

Works of the destiny Cā. Nīti / 10 / 5

विधाता कंगाल को बादशाह और बादशाह को कंगाल तथा धनी को निर्धन और निर्धन को धनी बना देता है।

Fortune changes a bankrupt person into a king and a king into a bankrupt person. In the same way it changes a rich person into a poor person and a poor man into a richman.

(1227)

रत्नैर्महाब्धेस्तुतुषुर्न देवाः,
न भेजिरे भीमविषेण भीतिम्।
सुधां विना न प्रययुर्विरामं,
न निश्चितार्थाद्विरमन्ति धीराः॥

नीतिशतक/79

महापुरुष निश्चित कार्य करके ही रुकते हैं

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Ratnairmahābdhestutuṣurna devāḥ,
Na bhejire bhīmaviṣeṇa bhītim ।
Sudhāṁ vinā na prayayurvirāmaṁ,
Na niścitārthādviramanti dhīrāḥ ॥

Nītiśataka / 79

The great complete their determination

महासमुद्र से प्राप्त रत्नों से देवताओं की तुष्टि नहीं हुई, न ही वे भयंकर विष से भयभीत हुए। अमृत की प्राप्ति तक वे तनिक भी नहीं रुके। धीर-जन जिस चीज के लिए अपना मन बना लेते हैं, उसे प्राप्त करके ही छोड़ते हैं; बीच में नहीं रुकते।

At the time of the churning of the Milk-ocean, the celestial beings were not satisfied merely with the possession of the precious jewels, nor they were struck with fear from the deadly poison. They did not stop till they got the nectar. The greatman do not take rest until they get their desired thing.

(1228)

रथस्यैकं चक्रं भुजगयमिता सप्त तुरगाः,
निरालम्बो मार्गश्चरणविकलः सारथिरपि।
रविर्यात्येवान्तं प्रतिदिनमपारस्य नभसः,
क्रिया-सिद्धिः सत्त्वे भवति महतां नोपकरणे॥

आत्मबल की उत्कृष्टता भोजप्रबन्ध/169

Rathasyaikaṁ cakraṁ bhujagayamitā sapta turagāḥ,
Nirālambo mārgaścaraṇavikalaḥ sārathirapi ।
Raviryātyevāntaṁ pratidinamapārasya nabhasaḥ,
Kriyā siddhiḥ sattve bhavati mahatāṁ nopakaraṇe ॥

Bhojaprabandha / 169

Superiority of will-power

सूर्य के रथ का एक ही पहिया है, उसके सातों घोड़े साँप रूपी लगामों से नियंत्रित हैं, रास्ता निराधार है और उसके सारथि अरुण के पाँव नहीं हैं, फिर भी सूर्य प्रतिदिन इस विशाल आकाश के पार तक जाता है। इससे सिद्ध होता है कि बड़ों के आत्मबल में ही सफलता छिपी होती है, साधनों का उतना महत्त्व नहीं होता।

The chariot of the sun has only one wheel and his seven horses are controlled by the serpents, the path is supportless and the driver Aruṇa is also feetless. In such circumstances the sun crosses sky every day. It proves that the will-power of the greatmen has more importance than instruments.

(1229)

रमणीयोऽपि देशः सुभिक्षः क्षेम एव च।
कुदेश इति विज्ञेयो यत्र क्लेशैर्विदह्यते॥

क्लेश पूर्ण स्थान ही कुदेश है सौन्दरनन्द/15/48

Ramaṇīyo'pi deśaḥ subhikṣaḥ kṣema eva ca ।
Kudeśa iti vijñeyo, yatra kleśairvidahyate ॥

A place Saundarananda / 15 / 48
full of adversities is a bad place

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जहाँ मनुष्य कष्टों से सन्तप्त हो जाए, उस सुन्दर, कल्याणकारी तथा धनधान्य से भरपूर देश को भी कुदेश ही समझना चाहिए।

In spite of the beauty, availability of edibles and all other facilities, if in such a country a man burns with the fire of vices, then that country is bad, and not a good one.

(1230)

रविनिशाकरयोर्ग्रहपीडनम्,
गजभुजङ्गविहङ्गमबन्धनम् ।
मतिमतां च विलोक्य दरिद्रताम्,
विधिरहो बलवानिति मे मतिः ॥

विधाता ही बलवान् है पञ्च./मित्रसम्प्राप्ति/22

Raviniśākarayorgrahapīḍanam,
Gajabhujaṅgavihaṅgamabandhanam ।
Matimatāṁ ca vilokya daridratām,
Vidhiraho balavāniti me matiḥ ॥

Pañca. / Mitrasam. / 22

Only destriny is powerful

सूर्य और चन्द्रमा को भी ग्रहों से पीड़ित होते तथा हाथियों, साँपों और पक्षियों के बन्धन और बुद्धिमानों की दरिद्रता को देखकर मेरे मन में यही विचार आता है कि विधाता ही बलवान् है।

Seeing the eclipses of the sun and the moon, the trapping of the elephants, snakes and birds and the poverty in the wisemen, I think that it is the fate which is most powerful.

(1231)

रसायनं तु तज्ज्ञेयं यज्जराव्याधिनाशनम् ।
यथा हरीतकी दन्ती गुग्गुलुश्च शिलाजतु ॥

रसायन का लक्षण भावप्रकाश/मिश्रप्रकरण/229

Rasāyanaṁ tu tajjñeyaṁ yajjarāvyādhināśanam ।
Yathā harītakī dantī gugguluśca śilājatu ॥

Bhāvapra. / Misra. / 229

Definition of alchemy

जो बुढापे और रोगों को नष्ट करे, उसे ही रसायन समझना चाहिए, जैसे हरड़, दन्ती, गूगल और शिला-जीत।

A medicine which keeps off the old age and diseases is called alchemy, as yellow marabalan, dantī, guggulu and śilājatu.

(1232)

रसायनमयी शीता परमानन्ददायिनी ।
नानन्दयति कं नाम साधुसंगतिचन्द्रिका ॥

साधु-संगति का लाभ सुभाषितावलि / 206

Rasāyanamayī śītā paramānandadāyinī ।
Nānandayati kaṁ nāma sādhusaṁgati-candrikā ॥

Subhāṣitāvali / 206

Adventage of a good company

जो रसायनरूप है, शीतल है और परमानन्द देने वाली है, ऐसी श्रेष्ठ लोगों की संगति रूपी चाँदनी भला किसे आनन्दमग्न नहीं कर देती? अर्थात् सभी को आनन्द में डुबो देती है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

The company of noble persons is like an alchemy, cool and producer of super bliss. Whom will not such company make happy which is equal to the moonlight?

(1233)

रसायनानां विधिवच्चोपयोगः प्रशस्यते।
शस्यते देहवृत्तिश्च, भेषजैः पूर्वमुद्धृतैः॥

चरक/विमानस्थान/3/18

स्वास्थ्य के लिए रसायनों का प्रयोग

Rasāyanānāṁ vidhivaccopayogaḥ praśasyate।
Śasyate dehavrittiśca, bheṣajaiḥ pūrvamuddhṛtaiḥ॥

Caraka. / Vimāna. / 3 / 18

Use of alchemies for health

रसायनों का प्रयोग नियमानुसार करना ही अच्छा होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पूर्व निर्दिष्ट दवाइयाँ भी अच्छी होती हैं।

The alchemies should be taken methodically. Besides, the medicines stated already are also useful for the health of the body.

(1234)

रहस्यभेदो याच्ञा च, नैष्ठुर्यं चलचित्तता।
क्रोधो निःसत्यता द्यूतमेतन्मित्रस्य दूषणम्॥

मित्र के अवगुण हितोपदेश/मित्रलाभ/98

Rahasyabhedo yacñā ca, naiṣṭhuryaṁ calacittatā।
Krodho niḥsatyatā dyūtametanmitrasya dūṣaṇam॥

Hitopa. / Mitralāba. / 98

Demerits of a friend

निम्नलिखित बातें मित्र के अवगुण होती हैं :- (1) रहस्य को खोल देना, (2) माँगते रहना, (3) क्रूरता, (4) चञ्चलचित्तता, (5) क्रोध, (6 झूठ बोलना और (7) जुआ खेलना। अच्छे मित्र में ये दोष नहीं होने चाहिए।

The following things are the disqualities of a friend :- (1) disclosing of secret, (2) begging, (3) brutality, (4) unsteadiness of mind, (5) anger, (6) telling a lie and (7) gambling. These disqualities should not be in a good friend.

(1235)

राजन् दुधुक्षसि यदि क्षितिधेनुमेताम्,
तेनाद्य वत्समिव लोकममुं पुषाण।
तस्मिंश्च सम्यगनिशं परिपुष्यमाणे,
नानाफलं फलति कल्पलतेव भूमिः॥

शासक का कर्त्तव्य नीतिशतक/42

Rājan dudhukṣasi yadi kṣitidhenumetām,
Tenādya vatsamiva lokamamuṁ puṣāṇa।
Tasmiṁśca samyaganiśaṁ paripuṣyamāṇe,
Nānāphalaṁ phalati Kalpalateva bhūmiḥ॥

Duty of the ruler Nītiśataka / 42

राजन्! यदि तुम पृथ्वी रूपी गाय से दूध रूपी धन प्राप्त करना चाहते हो, तो आज से इसके बछड़े रूप मानव-समूह का पालन-पोषण करो। मनुष्यों के अच्छी प्रकार पुष्ट होने से यह भूमि कल्प-लता के समान तुम्हें अनेक प्रकार के फल प्रदान करेगी।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

O king, if you want to milk the cow of land, then nourish the public, which is like a calf of the land. When this calf will be nourished well, the land will give you all kinds of things like the different fruits of 'Kal-palata', the divine creeper.

(1236)

राजपत्नी गुरोः पत्नी मित्रपत्नी तथैव च।
पत्नी-माता स्वमाता च पञ्चैताः मातरः स्मृताः॥

पाँच माताएँ चाणक्यनीति/5/23

Rājapatnī guroḥ patnī mitrapatnī tathaiva ca |
Patnimātā svamātā ca pañcaitāḥ mātaraḥ smṛtāḥ ||

Five mothers Cā. Nīti / 5 / 23

राजा की पत्नी (रानी), गुरु की पत्नी, मित्र की पत्नी, अपनी पत्नी की माता (सास) तथा अपनी माँ – ये पाँचों माताएँ कहलाती हैं।

The following five ladies should be considered as mothers :- (1) the king's wife, (2) teacher's wife, (3) friend's wife, (4) the mother-in-law and (5) own mother.

(1237)

राजा घृणी ब्राह्मणः सर्वभक्षः,
स्त्री चावशा दुष्प्रकृतिः सहायः।
प्रेष्यः प्रतीपोऽधिकृतः प्रमादी,
त्याज्या इमे यश्च कृतं न वेत्ति॥

त्याज्य व्यक्ति हितोपदेश/सुहृद्भेद/182

Rajā ghṛṇī Brāhmaṇaḥ sarvabhakṣaḥ,
Strī cāvaśā duṣprakṛtiḥ sahāyaḥ |
Preṣyaḥ pratipo'dhikṛtaḥ pramādī,
Tyājyā ime yaśca kṛtaṁ na vetti ||

To be abandoned Hitopa. / Suhṛdbha / 182

निम्नलिखित लोगों से पृथक् हो जाना या उन्हें पृथक् कर देना चाहिए :- (1) क्रूर राजा, (2) सब कुछ खाने वाला ब्राह्मण, (3) वश में न रहने वाली नारी, (4) बुरे स्वभाव वाला सहायक, (5) विरोधी पत्रवाहक, (6) लापरवाही करने वाला अधिकारी और (7) कृतघ्न व्यक्ति।

Leave the following persons or get rid of them :- (1) a cruel king, (2) the Brahmana who eats everything, (3) disobedient wife, (4) bad natured helper, (5) a letter carrier who is against, (6) careless office-bearer and (7) the ungrateful person.

(1238)

राजा तुष्टो हि भृत्यानां मानमात्रं प्रयच्छति।
ते तु सम्मानितास्तस्य प्राणैरप्युपकुर्वते॥

प्रशंसनीय सेवक भोजप्रबन्ध/17

Rājā tuṣṭo hi bhṛtyānāṁ mānamātraṁ prayacchati |
Te tu sammānitāstasya prāṇairapyupakurvate ||

Admirable servants Bhojaprabandha / 17

राजा प्रसन्न होने पर नौकरों को सम्मान या इनाम

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देता है, परन्तु वे सम्मानित होने पर प्राण तक भी देकर उसका भला करते हैं।

If the king pleases, he gives honour or awards to the servants, but the honoured servants help the king even by sacrificing their lives.

(1239)

राजा राष्ट्रं यथाऽऽपत्सु द्रव्यौघैरपि रक्षति।
राष्ट्रेण राजा व्यसने रक्षितव्यस्तथा भवेत्॥

राजा तथा राष्ट्र के कर्त्तव्य महाभा./शान्ति./130/31

Rājā rāṣṭram yathā'patsu dravyaughairapi rakṣati |
Rāṣṭreṇa rājā vyasane rakṣitavyastathā bhavet ||

Mahābhā. / Śānti. / 130 / 31

Duties of the ruler and the nation

जैसे राजा किसी भी संकट के आने पर प्रजा की सब प्रकार से, धन आदि द्वारा रक्षा करता है, उसी प्रकार प्रजा का भी कर्त्तव्य है कि राजा पर संकट आने की स्थिति में उसकी सब प्रकार से रक्षा करे।

As the king protects his subjects in all difficulties with money and other things, so it is the duty of the public to save their king, when he is in difficulty.

(1240)

राज्ञि धर्मिणि धर्मिष्ठाः, पापे पापाः समे समाः।
राजानमनुवर्त्तन्ते, यथा राजा तथा प्रजा॥

जैसा राजा, वैसी प्रजा चाणक्यनीति/13/8

Rājñi dharmiṇi dharmiṣṭhāḥ, pāpe pāpāḥ same samāḥ |
Rājānamanuvarttante, yathā rājā tathā prajā ||

Cā. Nīti / 13 / 8

As the king, so are his subjects

यदि राजा धार्मिक है, तो लोग भी धार्मिक होते हैं और यदि राजा पापी है तो लोग भी पापी बन जाते हैं। लोग प्रायः राजा की ही नकल किया करते हैं। इसलिए जैसा राजा होता है, वैसी ही प्रजा होती है।

If a king is religious, the public becomes religious and if the king is sinful, the public becomes sinful. Generally, the public follows his king. So it is said, "As is the king, so are his subjects."

(1241)

राज्यं तिष्ठति दक्षस्य, संगृहीतेन्द्रियस्य च।
आर्तस्य बुद्धिमूलं हि विजयं मनुरब्रवीत्॥

श्रेष्ठ शासक के गुण महाभा./शान्तिपर्व/112/19

Rājyaṁ tiṣṭhati dakṣasya, saṁgṛhītendriyasya ca |
Ārtasya buddhimūlaṁ hi vijayaṁ manurabravīt ||

Mahābhā. / Śānti. / 112 / 19

Admirable qualities of a king

मनु कहते हैं कि जो राजा निपुण तथा जितेन्द्रिय है, उसी का राज्य स्थिर रहता है। संकट आने पर वही बुद्धि द्वारा विजय प्राप्त कर सकता है।

Manu says, "The king who is expert and controller of his senses, can make his kingdom stable. In difficulties, he can be victorious on account of his wisdom."

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(1242)

राज्यं सुसम्पदो भोगाः कुले जन्म सुरूपता।
पाण्डित्यमायुरारोग्यं धर्मस्यैतत् फलं विदुः॥

धर्म के फल क्षेमेन्द्र – उपदेश प्रकरण / 4

Rājyaṁ susampado bhogāḥ kule janma surūpatā |
Paṇḍityamāyurārogyaṁ dharmasyaitat phalaṁ viduḥ ||

Updeśaprakarana / 4

Result of good deeds

राज्य, भरपूर सम्पत्ति, भोग, अच्छे कुल में जन्म, रूपवान होना, पाण्डित्य, दीर्घायु तथा नीरोगता – धर्म के ये फल माने जाते हैं।

Kingdom, enough wealth, enjoyments, birth in a good family, beauty, learning, long life and good health - these are considered to be the fruits of Dharma.

(1243)

रात्रिं रात्रिमप्रयातं भरन्तोऽ-
श्वायेव तिष्ठते घासमस्मै।
रायस्पोषेण समिषा मदन्तो,
मा ते अग्ने प्रतिवेशा रिषाम॥

हम कभी दरिद्र न हों अथर्व./19/55/1

Rātriṁ ratrimaprayātaṁ bharanto'-
śvāyeva tiṣṭhate ghāsamasmai |
Rāyaspoṣeṇa samiṣā madanto,
mā te agne prativeśā riṣāma ||

Atharva. / 19 / 55 / 1

May we not see poverty!

हे प्रभो! जैसे घोड़े के लिए खाने-पीने का प्रबन्ध किया जाता है, उसी प्रकार प्रति रात्रि तक न समाप्त होने वाले धनधान्य को गृहस्थाश्रम में हम भरते रहें। अन्न-सहित पुष्टिकारक सब प्रकार के धन से आनन्दित होते हुए हम, तेरे उपासक, दरिद्रता के कारण कभी दुःखी न हों।

O God, we householders should be careful for edibles in our houses as a horseman manages for his horse before the commencement of night. We must manage all the things before the beginning of every night. With corns we should have such money which nourishes the family. In this way, with all the riches we enjoy the house life and we, your devotees, should never suffer due to poverty.

(1244)

रात्रिर्गमिष्यति भविष्यति सुप्रभातम्,
भास्वानुदेष्यति हसिष्यति पंकजश्रीः।
इत्थं विचिन्तयति कोशगते द्विरेफे,
हा! हन्त! हन्त! नलिनीं गज उज्जहार॥

भाग्यचक्र सुभाषितरत्न / 233 / 7

Ratrirgamiṣyati bhaviṣyati suprabhātam,
Bhāsvānudeṣyati hasiṣyati paṅkajaśrīḥ |
Itthaṁ vicintayati kośagate dvirephe,
Hā! Hanta! Hanta! Nalinīṁ gaja ujjahāra ||

Subhāśitā Ratna. / 233 / 7

Wheel of the fate

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कमल की कली में बन्द हुआ भौंरा यह सोच ही रहा था कि "रात बीत जाएगी, सुन्दर सवेरा होगा, सूर्य निकलेगा, कमल की शोभा खिल उठेगी," यह सोचते-सोचते ही, बहुत दुःख की बात है कि एक हाथी ने उस कमल को ही उखाड़ फेंका। भाव यह है कि मनुष्य भविष्य की योजनाएँ बनाता रहता है, परन्तु कालरूपी हाथी उन्हें पूरा नहीं होने देता।

A black-bee shut in a bud of a lotus, was thinking, "The night will end, a nice morning will take place, the sun will rise and the beauty of the bloomed lotus will come out." When it was thinking in this way, it is very sad that an elephant uprooted the plant of lotus. The sense is this, "Man proposes and God disposes."

(1245)

रामस्य व्रजनं बलेर्नियमनं पाण्डोः सुतानां वनम्,
वृष्णीनां निधनं नलस्य नृपते राज्यात्परिभ्रंशनम्।
नाट्याचार्यकमर्जुनस्य पतनं सञ्चिन्त्य लङ्केश्वरम्,
सर्वं कालवशाज्जनोऽत्र सहते कः कं परित्रायते॥

सभी काल के अधीन है पञ्चतन्त्र./लब्धप्रणाश/230

Rāmasya vrajanaṁ balerniyamanaṁ Pāṇḍoḥ sutānāṁ vanam,
Vṛṣṇīnāṁ nidhanaṁ Nalasya nṛpate rājyāt paribhraṁśanam।
Nāṭyācāryakamarjunasya patanaṁ sañcintya Laṅkeśvaram,
Sarvaṁ kālavaśātjano'tra sahate kaḥ kaṁ paritrāyate॥

Pañca. / Labdha. / 230

All depends on the time

राम के वनगमन को, बलिराजा के विष्णु द्वारा बन्धन को, पाण्डवों के वनवास को, यादवों के सर्वनाश को, राजा नल के राज्य से च्युत होने को, नाट्याचार्य के रूप में अर्जुन के पतन को और लङ्का के राजा रावण के विनाश को सोचकर यही परिणाम निकलता है कि सभी लोग काल के अधीन होकर सभी कष्ट सहते हैं; कोई किसी को काल से बचा नहीं सकता।

After seeing the exile of Rāma, trapping of Bali by Vishnu, forest-living of Pandavās, destruction of Yadavas, dethroning of king Nala, demotion of Arjuna, a dance-teacher and the death of Rāvana, it may be said that every man has to tolerate everything produced by time and nobody can save anybody against it.

(1246)

रूपयौवनसम्पन्ना विशालकुलसम्भवाः।
विद्याहीना न शोभन्ते, निर्गन्धा इव किंशुकाः॥

विद्या का महत्त्व हितोपदेश/प्रस्तावना/39

Rūpa-yauvana-sampannā viśālakulasambhavāḥ।
Vidyāhīnā na śobhante nirgandhā iva kiṁśukāḥ॥

Hitopa. / Pra. / 39

Importance of knowledge

सौन्दर्य और जवानी से सम्पन्न तथा ऊँचे कुल में भी जन्म लेने वाले व्यक्ति बिना विद्या के उसी प्रकार शोभा नहीं पाते जिस प्रकार सुगन्ध से रहित ढाक के सुन्दर फूलों की कोई शोभा नहीं होती।

The persons who are physically

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

beautiful, young and born in a noble family but without knowledge are not honoured as the beautiful but smell-less flowers of 'Dhaka' have no value.

(1247)

रे रे! चातक! सावधान-मनसा मित्र क्षणं श्रूयता-
मम्भोदा बहवो हि सन्ति गगने सर्वे तु नैतादृशाः।
केचिद् वृष्टिभिरार्द्रयन्ति वसुधां गर्जन्ति केचिद् वृथा,
यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः॥

सभी उदार नहीं होते नीतिशतक/47

Re re cātaka sāvadhānamanasā mitra kṣaṇaṁ śrūyatām-,
ambhodā bahavo hi santi gagane, sarve tu naitādṛśāḥ |
Kecid vṛṣṭibhirārdrayanti vasudhāṁ garjanti kecid vṛthā,
Yaṁ yaṁ paśyasi tasya tasya purato mā brūhi dīnaṁ vacaḥ ||

All are not generous Nītiśataka / 47

हे मित्र चातक! सावधान मन से तनिक सुनो कि आकाश में बादल तो बहुत हैं, परन्तु सभी बरसने वाले नहीं। कुछ तो वर्षा से भूमि को तर कर देते हैं, परन्तु कुछ यों ही गरजते रहते हैं। इसलिए जिस-जिस को देखो, सभी के सामने दीन होकर मत गिड़गिड़ाओ। भाव यह है कि संसार में उदारतापूर्वक दान देने वाले बहुत कम लोग हैं; धन के अभिमानी तो बहुत हैं। अतः आवश्यकता पड़ने पर किसी उदार से ही याचना करनी चाहिए; प्रत्येक से नहीं।

O friend chataka, listen for a moment with attentive mind. There are many clouds in the sky but all donot bring rain. Some of them make the earth wet with rain, while others thunder in vain; therefore you should not make a piteous cry before everyone, whom you see.

The idea in this stanza is that there are a few generous people in this world but some are such rich people who never help the needy. Therefore, one should not indiscriminately beg before every person in a piteous manner. Such begging is extremely degrading.

(1248)

रोहति सायकैर्विद्धं छिन्नं रोहति चासिना।
वचो दुरुक्तं बीभत्सं न प्ररोहति वाक्क्षतम्॥

पञ्च./काकोलूकीय/107

कठोर वाणी का घाव भयंकर होता है

Rohati sāyakairviddhaṁ chinnaṁ rohati cāsinā |
Vaco duruktaṁ bībhatsaṁ na prarohati vākkṣatam ||

Pañca. / Kāko. / 107

The wound of harsh words is dreadful

बाणों से हुआ घाव भर जाता है और तलवार से कटा हुआ स्थान भी ठीक हो जाता है, परन्तु वाणी से किया हुआ भयंकर घाव कभी ठीक नहीं हो पाता; अर्थात् वाणी से कहा हुआ कटु वचन सदा ही दुखाता रहता है।

The wound made by arrows grows up and the cut made by a sword also recovers but the wound made by dreadful bitter words never heals. It means that bitter words are painful forever.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ल = La

(1249)

लक्ष्मीवन्तो न जानन्ति प्रायेण परवेदनाम्।
शेषे धराभराक्लान्ते, शेते नारायणः सुखम्॥

धनवान् दूसरों के कष्ट नहीं समझते अज्ञात

Lakṣmīvanto na jānanti prāyeṇa paravedanām |
Śeṣe dharābharāklānte śete Nārāyaṇaḥ sukham ||

Unknown

The rich never feel the pains of others

धनवान् लोग प्रायः दूसरों की पीड़ा का अनुभव नहीं करते। देखो, लक्ष्मीपति विष्णु भगवान् अपने भार से व्याकुल हुए शेषनाग पर आराम से शयन करते हैं। (बेचारे शेषनाग के कष्ट की उन्हें चिन्ता नहीं, क्योंकि वे धनी हैं, लक्ष्मीपति हैं।)

The rich never feel the trouble of others. Nārāyaṇa, who is the husband of the goddess of wealth sleeps on Śeṣanāga troubling him by his burden, and doesnot care about the pain caused to poor Śeṣa.

(1250)

लङ्कापतेः सङ्कुचितं यशो यद्,
यत्कीर्तिपात्रं रघुराजपुत्रः।
स सर्व एवादिकवेः प्रभावो,
न कोपनीयाः कवयः क्षितीन्द्रैः॥

कवियों का महत्त्व विक्रमाङ्कदेवचरित/1/27

Laṅkāpateḥ saṅkucitaṁ yaśo yad,
yatkīrtipātraṁ Raghurājaputraḥ |
Sa sarva evādikaveḥ prabhāvo,
Na kopanīyāḥ kavayaḥ kṣitīndraiḥ ||

Greatness of poets Vikramāṅka. / 1 / 27

लंकापति का यश जो नष्ट हुआ और राम कीर्ति के पात्र बने, यह सब आदिकवि का ही प्रभाव है। राजाओं को चाहिए कि कवियों को नाराज न करें।

It is due to Ādikavi Valmīki that all the glory of Rāvaṇa contracted while Rāma earned his good name. So kings should not displease poets.

(1251)

लज्जागुणौघजननीं जननीमिव स्वा-
मत्यन्तशुद्धहृदयामनुवर्तमानाम्।
तेजस्विनः सुखमसूनपि संत्यजन्ति,
सत्यव्रत-व्यसनिनो न पुनः प्रतिज्ञाम्॥

सत्यव्रती प्रतिज्ञा को निभाते हैं नीतिशतक/100

Lajjāguṇaughajananīṁ jananīmiva svām-
atyantaśuddhahṛdayāmanuvartamānām |
Tejasvinaḥ sukhamasūnapi saṁtyajanti,
Satyavrata-vyasanino na punaḥ pratijñām ||

Nitiśataka / 100

True persons keep their words

सच्चाई के व्रत के व्रती तेजस्वी लोग अपने प्राणों को तो छोड़ सकते हैं, परन्तु ऐसी प्रतिज्ञा को कभी नहीं त्यागते, जो लज्जा आदि अनेक गुणों को जन्म देती है, जो अत्यन्त पवित्र अपनी माता

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

के समान है और जो सदा उनके हृदय में घर बनाये रहती है।

The glorious persons and the men of principle of truth may sacrifice even their lives but they never abandon their promise, which is the source of many merits like bashfulness, which is like their mother who has pure mind for them and remains always in their hearts.

(1252)

लभेत सिकतासु तैलमपि यत्नतः पीडयन्,
पिबेच्च मृगतृष्णिकासु सलिलं पिपासार्दितः।
कदाचिदपि पर्यटन् शशविषाणमासादयेत्,
न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत्॥

अभिमानी मूर्ख को समझाना असम्भव है नीतिशतक/4

Labheta sikatāsu tailamapi yatnataḥ pīḍayan,
Pibecca mṛgatṛṣṇikāsu salilaṁ pipāsārditaḥ।
Kadācidapi paryaṭan śaśaviṣāṇamāsādayet,
Na tu pratiniviṣṭamūrkhajanacittamārādhayet॥

It is impossible to make understand a proud fool Nītiśataka / 4

हो सकता है कि बहुत दबाने से रेत से भी तेल निकल आए, हो सकता है कि प्यास से व्याकुल व्यक्ति कहीं मरुमरीचिका से भी पानी प्राप्त कर पी ले और यह भी सम्भव है कि कोई घूमता-फिरता व्यक्ति कहीं पर खरगोश के सींग प्राप्त कर ले, तो भी अपनी बात पर अड़े हुए मूर्ख व्यक्ति के चित्त को समझा पाना असम्भव है। भाव यह है कि अन्य असम्भव बातें यदि सम्भव हो भी जायें, तो भी दुराग्रही व्यक्ति को नहीं समझाया जा सकता।

It may be possible that one gets oil from sands by crushing them, it may be possible that a thirsty person obtains water from mirages and it may be possible that one finds the horn of a hare at some place wandering there, but it is quite impossible to make a fool understand who is prejudiced. The sense is that impossible things may be possible, but the prejudiced person cannot be made understand.

(1253)

लाङ्गूलचालनमधश्चरणावपातं,
भूमौ निपत्य वदनोदरदर्शनं च।
श्वा पिण्डदस्य कुरुते, गजपुङ्गवस्तु,
धीरं विलोकयति चाटुशतैश्च भुङ्क्ते॥

नीच और श्रेष्ठ में अंतर नीतिशतक/23

Lāṅgūlacālanamadhaścaranāvapātaṁ,
būmau nipatya vadanodaradarśanaṁ ca।
Śvā piṇḍadasya kurute, gajapuṅgavastu,
dhīraṁ vilokayati cāṭuśataiśca bhuṅkte॥

Nītiśataka / 23

Difference between the low and the great

कुत्ता अपने स्वामी के आगे पूँछ हिलाता है, उसके चरणों में जा गिरता है, जमीन पर लेट कर मुँह और पेट दिखाता है पर गजराज चुपचाप देखता रहता है और अनेक बार आग्रह करने के

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बाद खाता है। तात्पर्य यह है कि ओछे लोग खुशामद करके जो कुछ प्राप्त करते हैं, गम्भीर लोगों को वही वस्तु ग्रहण करने के लिए दूसरे आग्रह करते हैं।

A dog wags its tail, falls at the feet of its master and lies down flat on the ground to show its mouth and stomach to the man who feeds it, but the noble elephant looks with a calm and steady glance upon the face of its master and accepts its food after a series of soothing and flattering entreaties. It means that the thing which low persons get by flattery, that is given to the great persons with a strong request.

(1254)

लुब्धमर्थेन गृह्णीयात्, स्तब्धमञ्जलिकर्मणा।
मूर्खं छन्दानुरोधेन, यथार्थवादेन पण्डितम्॥

वश में करने की विधियाँ चाणक्यनीति/6/12

Lubdhamarthena gṛhṇīyāt, stabdhamañjalikarmaṇā।
Mūrkhaṁ chandānurodhena, yathārthavādena paṇḍitam॥

Methods to control Cā. Nīti / 6 / 12

लोभी व्यक्ति को धन देकर, अहंकारी को हाथ जोड़कर और नम्रता दिखाकर, मूर्ख को मनमानी करने की स्वतन्त्रता देकर और सत्य बोलकर समझदार व्यक्ति को अपने अनुकूल बनाना चाहिए।

The greedy person should be given some money, the proud person be shown humility with folded hands, a fool be given to do things according to his will and a wiseman be told true things in order to win their favour.

(1255)

लुब्धस्य नश्यति यशः पिशुनस्य मैत्री,
नष्टक्रियस्य कुलमर्थपरस्य धर्मः।
विद्याबलं व्यसनिनः कृपणस्य सौख्यं,
राज्यं प्रमत्तसचिवस्य नराधिपस्य॥

नाश के कारण पञ्च. / काको. / 210

Lubdhasya naśyati yaśaḥ piśunasya maitrī,
Naṣṭakriyasya kulamarthaparasya dharmaḥ।
Vidyābalaṁ vyasaninaḥ kṛpaṇasya saukhyaṁ,
Rājyaṁ pramattasacivasya narādhipasya॥

Pañca. / Kāko. / 210

Causes of destruction

लालची लोगों के यश का नाश हो जाता है, पीठ पीछे निन्दा करने वालों की मैत्री नष्ट हो जाती है, अकर्मण्य का परिवार नष्ट हो जाता है, धन के लोभी का धर्म नष्ट हो जाता है, शराब-जुए आदि बुरे व्यसनों से विद्या की शक्ति नष्ट हो जाती है, कंजूस का सुख नष्ट हो जाता है और ऐसे राजा का राज्य नष्ट हो जाता है, जिसके मंत्री लापरवाह होते हैं।

Reputation is destroyed of a greedy person, friendship of a backbiter, family of one who has given up action, virtue of one who is greedy for wealth, power of learning of one who is given to evil things, happiness of a miser person and kingdom

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

of the king whose ministers are careless.

(1256)

लुब्धानां याचकः शत्रुः, मूर्खाणां बोधको रिपुः।
जारस्त्रीणां पतिः शत्रुश्चौराणां चन्द्रमाः रिपुः॥

कौन किस का शत्रु है चाणक्यनीति/9/6

Lubdhānāṁ yācakaḥ śatruḥ, mūrkhāṇāṁ bodhako ripuḥ।
Jārastrīṇāṁ patiḥ śatruścaurāṇām candramāḥ ripuḥ॥

Whose is enemy of who Cā. Nīti / 9 / 6

लोभी व्यक्ति का भिखारी, मूर्खों का समझाने वाला, व्यभिचारिणी स्त्रियों का पति और चोरों का चाँद शत्रु होता है।

A beggar is an enemy of greedy persons, an advisor is an enemy of fools, husband is an enemy of an adulteress and the moon is enemy of thieves.

(1257)

लोकानुग्रहकर्तारः प्रवर्धन्ते नरेश्वराः।
लोकानां संक्षयाच्चैव क्षयं यान्ति न संशयः॥

पञ्च./मित्रभेद/169

शासकों की उन्नति और अवनति के कारण

Lokānugrahakartāraḥ pravardhante nareśvarāḥ।
Lokānāṁ saṁkṣayāccaiva kṣayaṁ yānti na saṁśayaḥ॥

Causes of Pañca. / Mitrabhe. / 169
progress and down fall of rulers

जो राजा प्रजाओं पर कृपा करते हैं, वे ही उन्नति करते हैं और जो प्रजा का विनाश करते हैं, निःसन्देह उनका भी नाश हो जाता है।

The kings, who are kind to their subjects, make progress but who destroy the public are destroyed by themselves certainly.

(1258)

लोकान्तरं सुखं पुण्यं तपोदानसमुद्भवम्।
सन्ततिः शुद्धवंश्या हि परत्रेह च शर्मणे॥

उत्तम संतान का लाभ रघुवंश/1/69

Lokāntaraṁ sukhaṁ puṇyaṁ tapodānasamudbhavam।
Santatiḥ śuddhavaṁśyā hi paratreha ca śarmaṇe॥

Raguva. / 1 / 69

Advantage of good offspring

तप और दान से बनाया गया परलोक सुखकारी और पवित्र होता है। जो सन्तान श्रेष्ठ कुल में जन्म लेती है, वह इस लोक में भी और परलोक में भी सुख का कारण बनती है।

The other world which is produced by penance and donation is pure and gives happiness. The generation which takes birth in a noble family is the source of happiness in this and in the next world also.

(1259)

लोके सुखं परजनाय हितोपदेशः।
तद्वत्समाचरणमेव परन्तु दुःखम्॥

पर-उपदेश कुशल बहुतेरे सूक्तिमुक्तावली/47

Loke sukhaṁ parajanāya hitopadeśaḥ।
Tadvatsamācaraṇameva parantu duḥkham॥

Sūktimktāvati / 47

To teach others is an easy job

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संसार में दूसरे को हित का उपदेश देना बहुत सरल है परन्तु उसके अनुसार आचरण करना कठिन है।

It is easy to advise others for their welfare, but to act according to that advice is really very difficult.

(1260)

लोभः प्रतिष्ठा पापस्य, प्रसूतिर्लोभ एव च।
द्वेषक्रोधादिजनको लोभः पापस्य कारणम्॥

लोभ से हानियाँ भोजप्रबन्ध./1

Lobhaḥ pratiṣṭhā pāpasya, prasūtirlobha eva ca |
Dveṣakrodhādijanako lobhaḥ pāpasya kāraṇam ||

Bhojprabandha / 1

Disadvantages of greed

लोभ ही पाप का आधार है और लोभ ही पाप को जन्म देता है। द्वेष और क्रोध आदि को उत्पन्न करने वाला लोभ ही सब पापों की जड़ है।

It is greed which is the base of all sins. It is only greed which produces sins. Enmity, rage and other demerits are produced by greed. Therefore greed is the root of all sins.

(1261)

लोभश्चेदगुणेन किं, पिशुनता यद्यस्ति किं पातकैः,
सत्यं चेत्तपसा च किं, शुचि मनो यद्यस्ति तीर्थेन किम्।
सौजन्यं यदि किं गुणैः, सुमहिमा यद्यस्ति किं मण्डनैः,
सद्विद्या यदि किं धनैरपयशो यद्यस्ति किं मृत्युना॥

नीतिशतक/51

निन्दनीय अवगुण और प्रशंसनीय गुण

Lobhaścedagunena kiṁ, piśunatā yadyasti kiṁ pātakaiḥ,
Satyaṁ cettapasā ca kiṁ, śuci mano yadyasti tīrthena kim |
Saujanyaṁ yadi kiṁ guṇaiḥ, sumahimā yadyasti kiṁ maṇḍanaiḥ,
Sadvidyā yadi kiṁ dhanairapayaśo yadyasti kiṁ mṛtyunā ||

Condemnable demerits and admirable merits Nītiśataka / 51

यदि लालच है तो अन्य अवगुणों से क्या; चुगलखोरी यदि है तो पापों से क्या? सच्चाई यदि है तो तप से क्या? मन यदि शुद्ध है तो तीर्थ से क्या? सज्जनता यदि है तो गुणों से क्या? यदि सुयश है, तो आभूषणों से क्या? उत्तम विद्या यदि है तो धन से क्या और अपयश यदि है तो मृत्यु से क्या?

If there is greed, no need of other vices. If there is backbiting, no need of other sins. If there is truth, no need of separate penance. If there is pure mind, no need of pilgrimages. If there is humanity, no need of other merits. If there is good fame, no need of other ornaments. If there is good education, no need of riches and if there is ill fame, no need of death.

(1262)

लोभात्क्रोधः प्रभवति, क्रोधाद् द्रोहः प्रवर्तते।
द्रोहेण नरकं याति, शास्त्रज्ञोऽपि विचक्षणः॥

लोभ पापों का मूल भोजप्रबन्ध/2

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Lobhāt krodhaḥ prabhavati, krodhād drohaḥ pravartate |
Droheṇa narakaṁ yāti, śāstrajño'pi vicakṣanaḥ ||

Bhojapra. / 2

Greed is the rool of all sins

लोभ से क्रोध का जन्म होता है, क्रोध से शत्रुता पैदा होती है और शत्रुता से शास्त्रों का विद्वान् और चतुर पुरुष भी नरक में पहुँच जाता है; अर्थात् बहुत दुःख प्राप्त करता है।

Greed produces anger, anger gives birth to enmity and due to enmity even a scholar of scriptures and very clever person falls into hell. It means he has to suffer many troubles.

(1263)

लोभेन बुद्धिश्चलति, लोभो जनयते तृषाम्।
तृषार्तो दुःखमाप्नोति, परत्रेह च मानवः ॥

लोभ बुद्धिनाशक हितोपदेश/मित्रलाभ/140

Lobhena buddhiścalati, lobho janayate tṛṣām |
Tṛṣārto duḥkhamāpnoti, paratreha ca mānavaḥ ||

Hitopa. / Mitralābha / 140

Greed destroys intellect

लोभ के कारण बुद्धि चंचल हो उठती है, लोभ तृष्णा को उत्पन्न करता है, तृष्णा से व्याकुल मनुष्य इस लोक तथा परलोक में भी दुःख को प्राप्त करता है।

Due to greed intellect begins to waver. It is greed which produces desires and a man whose desires never fulfil, suffers many troubles in this world and in other also.

(1264)

लौकिकं वैदिकं वाऽपि तथाऽऽध्यात्मिकमेव च।
आददीत यतो ज्ञानं, तं पूर्वमभिवादयेत् ॥

ज्ञानदाता को अभिवादन मनु./2/117

Laukikaṁ vaidikaṁ vā'pi, tathā'dhyātmikameva ca |
Ādadīta yato jñānaṁ, taṁ pūrvamabhivādayet ||

Manu. / 2 / 117

Greet the preacher

सांसारिक, वैदिक अथवा आध्यात्मिक ज्ञान जिससे प्राप्त करना हो, ज्ञान-प्राप्ति से पूर्व छात्र को उसे सादर नमस्कार करना चाहिए।

A student must first salute kneeling to such a person from whom he desires to obtain worldly, Vaidika or spiritual knowledge.

(1265)

लौकिकानां हि साधूनामर्थं वागनुवर्तते।
ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति ॥

ऋषियों की वाणी उत्तररामचरित / 1 / 10

Laukikānāṁ hi sādhūnāmarthaṁ vāganuvartate |
Ṛṣīṇāṁ punarādyānāṁ vācamartho'nudhāvati ||

Speech of sages Uttara Rāma. / 1 / 10

लौकिक साधुओं की वाणी कथनीय अर्थ का अनुसरण करती है, परन्तु पुरातन ऋषियों की वाणी के पीछे कथनीय अर्थ चला करते थे; अर्थात् वे जो कुछ कह देते थे, वही हो जाता था।

In the case of worldly wise saints, their speech follows facts. But in the case of premeval sages, the facts followed their speech.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

व = Va

(1266)

वक्रोऽपि पङ्कजनितोऽपि दुरासदोऽपि,
व्यालाश्रितोऽपि विफलोऽपि सकण्टकोऽपि।
गन्धेन बन्धुरसि केतक पुष्पजेन,
ह्येको गुणः खलु निहन्ति समस्तदोषान्॥

एक ही गुण सब दोषों का नाशक (वृद्धचाणक्य)

Vakro'pi paṅkajanito'pi durāsado'pi,
Vyālāśrito'pi viphalo'pi sakaṇṭako'pi।
Gandhena bandhurasi ketaka puṣpajena,
Hyeko guṇaḥ khalu nihanti samastadoṣān॥

Only one good quality removes all faults (Vṛddhacāṇakya)

हे केवड़े, टेढ़ा होने पर भी, कीचड़ में उत्पन्न होने पर भी, दुष्प्राप्य होने पर भी, सर्पों द्वारा घिरे होने पर भी, फल रहित होने पर भी और काँटेदार होने पर भी, तुम्हारे फूलों से उत्पन्न सुगन्ध के कारण तुम (सबके) मित्र हो गये हो। ठीक ही है कि एक भी बड़ा गुण सब अवगुणों का नाश कर देता है।

O pandarnus, though your plant is curved, you grow in mud, you are rare, surrounded by snakes, have no fruit, and are full of thorns, yet the fragrance produced by your flowers is so good, that even this one quality covers all your demerits.

(1267)

वचस्तत्र प्रयोक्तव्यं यत्रोक्तं लभते फलम्।
स्थायी भवति चात्यन्तं रागः शुक्लपटे यथा॥

वचन का उचित प्रयोग पञ्च./मित्रभेद/32

Vacastatra prayoktavyaṁ yatroktaṁ labhate phalam।
Sthāyī bhavati cātyantaṁ rāgaḥ śukla-paṭe yathā॥

Pañca. / Mitrabhe. / 32

Just use of the word

अपनी बात वहीं कहनी चाहिए, जहाँ उसके कहने से कुछ लाभ हो। तभी उसका प्रभाव देर तक रहता है, जैसे सफेद कपड़े पर रंग स्थायी रूप से चढ़ जाता है।

One should give his opinion where he gets its result, due to which its impression becomes permanent as any colour on a white cloth remains permanently.

(1268)

वज्रलेपस्य मूर्खस्य नारीणां कर्कटस्य च।
एको ग्रहस्तु मीनानां नीलीमद्यपयोस्तथा॥

हठ के पक्के पञ्च./लब्धप्रणाश/7

Vajralepasya mūrkhasya nārīṇāṁ karkaṭasya ca।
Eko grahastu mīnānāṁ nīlīmadyapayostathā॥

Pañca. / Labdha. / 7

Those who stick on their obestinacy

कठोर लेप, मूर्ख, नारियों, केंकड़े, मछलियों, नीले रंग और शराबी की पकड़ अथवा हठ दृढ़ होते हैं अर्थात् ये जिस स्थान या बात पर अड़ जाते हैं, वहीं दृढ़ हो जाते हैं।

The following things stick to a place or to their obstinacy - (1) a mixture of

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

hard plaster, (2) food, (3) women, (4) crabs, (5) fish, (6) blue colour and (7) a drunkard.

(1269)

वनानि दहतो वह्नेः, सखा भवति मारुतः।
स एव दीपनाशाय, कृशे कस्यास्ति सौहृदम्॥

दुर्बल का कोई साथी नहीं पञ्च./काकोलूकीय/57

Vanāni dahato vahneḥ, sakhā bhavati mārutaḥ।
Sa eva dīpanāśāya, kṛśe kasyāsti sauhṛdam॥

No friend of the poor Pañca. / Kāko. / 57

वायु जंगल को जलाने वाली भयंकर आग की तो मित्र (सहायक) बन जाती है, परन्तु वही बेचारे दुर्बल दीपक को बुझा देती है। सच है कि दुर्बल का कोई साथी नहीं होता।

Air helps the strong forest fire to spread, but it extinguishes the poor earthen lamp. So it is said that there is nobody who helps the poor.

(1270)

वनेऽपि दोषाः प्रभवन्ति रागिणाम्,
गृहेऽपि पञ्चेन्द्रियनिग्रहस्तपः।
अकुत्सिते कर्मणि यः प्रवर्त्तते,
निवृत्तरागस्य गृहं तपोवनम्॥

हितोपदेश/सन्धि./84

कर्म की पवित्रता ही वाञ्छनीय है

Vane'pi doṣāḥ prabhavanti rāgiṇām,
Gṛha'pi pañcendriyanigrahastapaḥ।
Akutsite karmaṇi yaḥ pravarttate,
Nivṛttarāgasya gṛhaṁ tapovanam॥

Hitopa. / Sandhi. / 84

Purity of work is desirable

रागी लोग वन में जाकर भी दोषों से घिर जाते हैं और घर में रहता हुआ भी व्यक्ति पाँचों इन्द्रियों को वश में करता हुआ तप कर सकता है। जो व्यक्ति श्रेष्ठ कर्मों में लगा रहता है, और राग से रहित है, उसके लिए तो घर ही तपोवन है।

Passionate persons even living in a forest commit many sins, while a person who controls his senses performs penance even in his house. For one who performs good work and has no passions, even the house for him is the practice place of penance like a forest.

(1271)

वनेऽपि सिंहा मृगमांसभक्ष्याः,
बुभुक्षिता नैव तृणं चरन्ति।
एवं कुलीना व्यसनाभिभूताः,
न नीतिमार्गं परिलङ्घयन्ति॥

पञ्चतन्त्र/लब्धप्रणाश/55

संकटों में भी कुलीन श्रेष्ठ मार्ग नहीं छोड़ते

Vane'pi siṁhā mṛgamāṁsabhakṣyāḥ,
Bubhukṣitā naiva tṛṇaṁ caranti।
Evaṁ kulīnā vyasanābhibhūtāḥ,
Na nītimārgaṁ parilaṅghayanti॥

Pañca. / Labdha. / 55

Even in adversity great person never quit good path

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मृगों का मांस खानेवाले वन में रहनेवाले शेर, भूखे होने पर भी घास नहीं खाते। ठीक इसी प्रकार संकटों से घिर जाने पर भी ऊँचे वंश के लोग न्याय-मार्ग का उल्लंघन नहीं करते।

Even the lions who eat the flesh of deer, never eat grass in spite of keen hunger. In the same way the noble persons, even facing adversities, never abandon the right path.

(1272)

वने रणे शत्रुजलाग्निमध्ये,
महार्णवे पर्वतमस्तके वा।
सुप्तं प्रमत्तं विषमस्थितं वा,
रक्षन्ति पुण्यानि पुराकृतानि ॥

शुभकर्म ही सर्वत्र रक्षा करते हैं नीतिशतक/89

Vane raṇe śatrujalāgnimadhye,
Mahārṇave parvatamastake vā |
Suptaṁ pramattaṁ viṣamasthitaṁ vā,
Rakṣanti puṇyāni purākṛtāni ||

Nītiśataka / 89

Good deeds protect every where

कोई व्यक्ति वन में हो या युद्ध के मैदान में हो, या शत्रु, जल अथवा अग्नि के मध्य में भी हो, महासागर में हो अथवा पहाड़ की चोटी पर हो, सोया हो या पागल हो गया हो अथवा संकटों से भी घिरा हो, तो भी पूर्व जन्म में उसके द्वारा किए गए शुभ कर्म उसको बचा ही लेते हैं।

A man who did good works in the previous life, such works save him in forest, in wars, among the enemies, in water or in fire, in ocean or on the top of a mountain, whether he remains asleep, is mad or surrounded by adversities.

(1273)

वयं येभ्यो जाताश्चिरपरिगता एव खलु ते,
समं यैः संवृद्धाः स्मृतिविषयतां तेऽपि गमिताः।
इदानीमेते स्मः प्रतिदिवसमापन्नपतनाः,
गतास्तुल्यावस्थां सिकतिलनदीतीरतरुभिः ॥

लम्बी आयु की समस्याएँ वैराग्यशतक/34

Vayaṁ yebhyo jātāścirapariga tā eva khalu te,
Samaṁ yaiḥ saṁvṛddhāḥ smṛtiviṣayatāṁ te'pi gamitāḥ |
Idānīmete smaḥ pratidivasamāpannapatanāḥ,
Gatāstulyāvasthāṁ sikatilanadītīratarubhiḥ ||

Problems of long age Vairāgyaśataka / 34

जिनसे हमारा जन्म हुआ था, वे तो बहुत पूर्व ही संसार से विदा हो चुके हैं। जिनके साथ हम बड़े हुए, वे भी अब स्मरण करने योग्य हो गये हैं; अर्थात् संसार में नहीं है। इस समय हमारी दशा ऐसी है कि हम प्रतिदिन जरा-जीर्ण होते जा रहे हैं। जैसी नदी के रेतीले तट पर उगे पेड़ों की दशा होती है, वही दशा हमारी भी है; पता नहीं किस समय नदी की बाढ़ में वे पेड़ बह जाए और किस समय हम भी संसार से विदा हो जाएँ।

Those who had given us birth, left this world very long before. Those with whom we grew up also have

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

gone from this world. Now our bodies are decaying day by day and we have come to the state of the trees who have grown at the sandy shore of a river. Nobody knows when the flooded river takes them away and so it is also unknown when we also leave this world.

(1274)

वयमिह परितुष्टा वल्कलैस्त्वं दुकूलैः,
सम इह परितोषो निर्विशेषो विशेषः।
स तु भवति दरिद्रो यस्य तृष्णा विशाला,
मनसि तु परितुष्टे कोऽर्थवान् को दरिद्रः॥

सन्तोष ही सबसे बड़ा धन है वैराग्यशतक/45

Vayamiha parituṣṭā valkalaistvaṁ dukūlaiḥ,
Sama iha paritoṣo nirviśeṣo viśeṣaḥ।
Sa tu bhavati daridro yasya tṛṣṇā viśālā,
Manasi tu parituṣṭe ko'rthavān ko daridraḥ॥

Vairāgyaśatak / 45

Contentment is the greatest wealth

हम महात्मा लोग तो वृक्ष की छाल पहन कर ही प्रसन्न हैं और तुम धनी लोग बढ़िया वस्त्र पहनकर प्रसन्न हो। तुम्हारे वस्त्र हमारे वल्कल से भले ही विशेष दिखाई देते हों, परन्तु हम-तुम में सन्तोष बराबर है। गरीब तो वह होता है, जिसकी कामनाएँ बढ़ी हुई हैं। यदि मन में कामनाएँ नहीं हैं और वह संतुष्ट है, तो धनी और निर्धन में कोई अन्तर नहीं है।

We saints are happy even in the bark-clothes while you are happy in the precious garments. Though there is a difference in both type of clothes, yet the satisfaction of both is equal. Really he is poor who has many desires, but if there is no desire in one's mind, then there is no any difference between the rich and the poor.

(1275)

वयोरूपगुणैर्हीनमपि कुर्यात् सुदर्शनम्।
व्यायामं कुर्वतो नित्यं विरुद्धमपि भोजनम्॥

व्यायाम के लाभ सुश्रुत/चिकित्सा/44

Vayorūpaguṇairhīnamapi kuryāt sudarśanam।
Vyāyāmaṁ kurvato nityaṁ viruddhamapi bhojanam॥

Suśruta / Cikitsā / 44

Advantages of physical exercise

जो व्यक्ति व्यायाम करता है, चाहे वह आयु, सौन्दर्य तथा अन्य गुणों से रहित भी हो, सुन्दर दिखाई देने लगता है और उल्टा-सीधा खाया हुआ भी उसे पच जाता है।

The person who takes exercise regularly becomes worth looking, though he may be without required age, beauty and other merits. Any kind of good or bad food taken by him becomes easily digestive for him.

(1276)

वरं न राज्यं, न कुराजराज्यम्,
वरं न मित्रं, न कुमित्रमित्रम्।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वरं न शिष्यो, न कुशिष्यशिष्यो-
वरं न दाराः न कुदारदाराः ॥

इनका न होना ही भला है चाणक्यनीति/6/13

Varaṁ na rājyaṁ, na kurājarājyam,
Varaṁ na mitraṁ, na kumitramitram |
Varaṁ na śiṣyo, na kuśiṣyaśiṣyo,
Varaṁ na dārāḥ, na kudāradārāḥ ||

Cā. Nīti / 6 / 13

The absence of these things is better

भले ही राज्य न हो, परन्तु बुरा राज्य नहीं होना चाहिए। भले ही कोई मित्र न बने, परन्तु दुष्ट व्यक्ति मित्र नहीं होना चाहिए। भले ही कोई शिष्य मिले या न मिले, परन्तु बुरा शिष्य नहीं होना चाहिए। भले ही कोई पत्नी बने या न बने, परन्तु बुरी पत्नी नहीं होनी चाहिए।

Even there is no administration, that is better than a bad one. If one has no friend, that is better than a bad friend. If the teacher has no pupil, that is better than having a bad pupil. And if one has no wife, that is better than a bad wife.

(1277)

वरं पर्वतदुर्गेषु भ्रान्तं वनचरैः सह।
न मूर्खजनसम्पर्कः सुरेन्द्रभवनेष्वपि ॥

मूर्खों से सम्पर्क महान् हानिकारक नीतिशतक/13

Varaṁ parvatadurgeṣu bhrāntaṁ vanacaraiḥ saha |
Na mūrkhajanasamparkaḥ Surendrabhavaneṣvapi ||

Nitiśataka / 13

Contact with fools is much harmful

इन्द्र के भवनों में भी मूर्ख जनों की संगति की अपेक्षा पहाड़ों के दुर्गम स्थानों पर जंगली लोगों के साथ घूमना कहीं अच्छा है।

It is better to wander in the difficult hilly regions with the forestmen than to have contact of fools in the palaces of Indra, the king of gods.

(1278)

वरं मौनं कार्यं, न च वचनमुक्तं यदनृतम्,
वरं क्लैब्यं पुंसां, न च परकलत्राभिगमनम्।
वरं प्राणत्यागो, न च पिशुनवाक्येष्वभिरुचिः,
वरं भिक्षाशित्वं, न च परधनास्वादनसुखम् ॥

हितोपदेश/मित्रलाभ/135

बुरे कामों से बचने का प्रयत्न करना चाहिए

Varaṁ maunaṁ kāryaṁ, na ca vacanamuktaṁ yadanṛtam,
Varaṁ klaibyaṁ puṁsāṁ, na ca parakalatrābhigamanam |
Varaṁ prāṇatyāgo, na ca piśunavākyeṣvabhirucih,
Varaṁ bhikṣāśitvaṁ, na ca paradhanāsvādanasukham ||

Hitopa. / Mitrabhe. / 135

झूठ बोलने की अपेक्षा चुप रह जाना अच्छा है। पराई स्त्रियों से सम्पर्क रखने की अपेक्षा नपुंसक हो जाना कहीं अच्छा है। चुगलखोरों की बातों का मजा लेने की अपेक्षा मर जाना अच्छा है। और, दूसरे के धन द्वारा सुख प्राप्त करने की कामना करने से भीख माँग कर खा लेना अच्छा है।

To remain silent is better than to tell a lie. To remain impotent is better than to have contact with the wives of others. It is better to die than to take interest in the talks of back-biters. And, to eat by begging is

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

better than to desire enjoyment with the money of others.

(1279)

वरं वनं व्याघ्रगजेन्द्रसेवितं,
द्रुमालयं पक्वफलाम्बुभोजनम्।
तृणानि शय्या परिधानवल्कलं,
न बन्धुमध्ये धनहीनजीवनम्॥

धनहीन जीवन - निन्दनीय हितोपदेश/मित्रलाभ/151

Varaṁ vanaṁ vyāghragajendra sevitaṁ,
Drumālayaṁ pakvaphalāmbubhojanam।
Tṛṇāni śayyā paridhānavalkalaṁ,
Na bandhumadhye dhanahīnajīvanam॥

Hitopa. / Mitralābha / 151

Life without money is condemnable

बन्धुओं के मध्य निर्धन होकर जीवन बिताने की अपेक्षा बाघों और हाथियों से भरपूर जंगल में निवास, पेड़ों के मध्य पके फलों का भोजन, तिनकों की शय्या और वल्कल का पहनावा कहीं अच्छा है।

It is better to live in the forest where tigers and big elephants live, to eat ripe fruits of the trees, to sleep on the bed of straws and to wear clothes• made of a tree bark, than to live among relatives without having money.

(1280)

वरमेको गुणी पुत्रो न च मूर्खशतान्यपि।
एकश्चन्द्रस्तमो हन्ति न च तारागणोऽपि च॥

गुणवान् एक पुत्र भी पर्याप्त है चाणक्यनीतिः / 4/6

Varameko guṇī putro, na ca mūrkhaśatānyapi।
Ekaścandrastamo hanti na ca tārāgaṇo'pi ca॥

Cā. Nīti / 4 / 6

Only one virtous son is better

एक गुणवान् पुत्र सैकड़ों मूर्ख पुत्रों से कहीं अच्छा है। एक ही चाँद अंधेरे को दूर करता है, परन्तु सैकड़ों तारे नहीं।

A meritorious son is better than hundred foolish ones. Only one moon removes the darkness, but hundreds of stars cannot do this work.

(1281)

वरयेत् कुलजां प्राज्ञो नीरूपामपि कन्यकाम्।
All good deeds are practised with devotion but not with abundance of money. We know that the sages who had nothing, went to the heaven on account of their devotion.

(1409)

श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं, तत्परः संयतेन्द्रियः।
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति॥

शान्ति प्राप्त करने की विधि महाभा./भीष्मपर्व/28/30

Śraddhāvāṁllabhate jñānaṁ, tatparaḥ saṁyatendriyaḥ |
Jñānaṁ labdhvā parāṁ śantimacireṇādhigacchati ||

Mahābhā. / Bhīṣma. / 28 / 30

Method to gain peace

श्रद्धावान् और जितेन्द्रिय व्यक्ति ही आध्यात्मिक ज्ञान को प्राप्त कर सकता है। इस ज्ञान को प्राप्त कर के ही वह अतिशीघ्र परम शान्ति पा लेता है।

Only a devotee and controller of his senses can get spiritual knowledge. After obtaining this knowledge, he gets real bliss and peace very soon.

(1410)

श्रमक्लमपिपासोष्णशीतादीनां सहिष्णुता।
आरोग्यं चापि परमं, व्यायामादुपजायते॥

व्यायाम के लाभ सुश्रुत/चिकित्सास्थान/24/40

Śramaklamapipāsoṣṇaśītādīnāṁ sahiṣṇutā |
Ārogyaṁ cāpi paramaṁ, vyāyāmādupajāyate ||

Suśruta / Ci. / 24 / 40

Advantages of Physical exercise

थकान, प्यास, गर्मी और सर्दी आदि को सहने की क्षमता तथा पूर्ण स्वास्थ्य भी व्यायाम द्वारा प्राप्त हो जाते हैं।

Weariness, thirst, heat and cold can be tolerated by the person who takes physical exercise regularly. It is the exercise, which gives full health to one's body.

(1411)

श्रियममृतनिधानं नायकोऽप्योषधीनाम्,
अमृतमयशरीरः कान्तियुक्तोऽपि चन्द्रः।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भवति विगतरश्मिर्मण्डले प्राप्य भानोः,
परसदननिविष्टः को लघुत्वं न याति ॥

दूसरे के घर में जाने से हानि चाणक्यनीति/15/14

Śriyamamṛtanidhānaṁ nāyako'pyoṣadhīnām,
Amṛtamayaśarīraḥ kāntiyukto'pi candraḥ |
Bhavati vigataraśmirmaṇḍale prāpya bhānoḥ,
Parasadananiviṣṭaḥ ko laghutvaṁ na yāti ||

Cā. nīti / 15 / 14

Harm to go to other's house

शोभा से परिपूर्ण, अमृत का भण्डार, ओषधियों का नायक, अमृत से पूर्ण शरीर वाला और चमक-दमक से पूर्ण भी चन्द्रमा जब सूर्य के घेरे के पास पहुँचता है, तो उसकी किरणें समाप्त हो जाती हैं। भला ऐसा कौन व्यक्ति है, जो दूसरे के घर में जाकर लघुता को प्राप्त नहीं करता? अर्थात् दूसरे के यहाँ जाने से सभी का मान घट जाता है।

The moon which is full of beauty, the store of nectar, leader of herbs, having body full of nectar and brilliancy, when reaches the circumference of the sun, loses its rays. Who is such a person, who does not lose his respect after reaching the house of others? Really, all persons lose their respect, if they go to the house of others.

(1412)

श्रुतं प्रज्ञानुगं यस्य प्रज्ञा चैव श्रुतानुगा।
असम्भिन्नार्यमर्यादः पण्डिताख्यां लभेत सः ॥

ज्ञान और कर्म का सामंजस्य महाभा./उद्योग/33/29

Śrutaṁ prajñānugaṁ yasya, prajñā calva śrutānugā |
Asambhinnāryamaryādaḥ paṇḍitākhyāṁ labheta saḥ ||

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 29

Co-operation of knowledge and practice

जिसका शास्त्रज्ञान बुद्धि के अनुकूल होता है, और बुद्धि सुने हुए शास्त्र के अनुकूल होती है तथा जो श्रेष्ठ पुरुषों की मर्यादा का उल्लंघन नहीं करता, वही 'पण्डित' कहलाने योग्य है।

The person whose knowledge is according to his intellect and intellect works according to his knowledge taken from holy books and who does not leave the path of the good persons is called 'Paṇḍit', the wisest man.

(1413)

श्रुतिस्मृत्युदितं धर्ममनुतिष्ठन् हि मानवः।
इह कीर्तिमवाप्नोति, प्रेत्य चानुत्तमं सुखम् ॥

धर्म पर चलने के लाभ मनु./2/9

Śrutismṛtyuditaṁ dharmamanutiṣṭhan hi mānavaḥ |
Iha kīrtimavāpnoti, pretya cānuttamaṁ sukham ||

Manu. / 2 / 9

Advantages to practise dharma

वेदों और धर्मशास्त्रों द्वारा बताए गये कर्तव्यों का पालन करता हुआ ही मनुष्य इस संसार में यश को और परलोक में अनुपम सुख को प्राप्त करता है।

The person who follows the duties advised by the Vedas and holy books, gets fame in this world and after

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

death in the next world enjoys incomparable happiness.

(1414)

श्रुत्वा धर्मं विजानाति, श्रुत्वा त्यजति दुर्मतिम्।
श्रुत्वा ज्ञानमवाप्नोति, श्रुत्वा मोक्षमवाप्नुयात्॥

सुनने के लाभ चाणक्यनीति/6/1

Śrutvā dharmaṁ vijānāti, śrutvā tyajati durmatim |
Śrutvā jñānamavāpnoti, śrutvā mokṣamavāpnuyāt ||

Advantages of hearing Cā. nīti / 6 / 1

मनुष्य सुनकर ही धर्म के तत्त्व को समझता है, सुनकर ही दुष्ट भावों का त्याग करता है, सुनकर ही ज्ञान को प्राप्त करता है। अतः सदुपदेशों को सुनकर ही मोक्ष को प्राप्त करें।

One knows the reality of religion by hearing, relinquishes bad ideas by hearing and gets knowledge by hearing. So a man should obtain salvation by hearing spiritual preachings.

(1415)

श्रुत्वा स्पृष्ट्वा च दृष्ट्वा च, भुक्त्वा घ्रात्वा च यो नरः।
न हृष्यति ग्लायति वा, स विज्ञेयो जितेन्द्रियः॥

जितेन्द्रिय कौन है मनु./2/98

Śrutvā spṛṣṭvā ca dṛṣṭvā ca, bhuktvā ghrātvā ca yo naraḥ |
Na hṛṣyati glāyati vā, sa vijñeyo jitendriyaḥ ||

Manu. / 2 / 98

Who is the winner of senses

जो व्यक्ति सुनकर, छूकर, देखकर, खाकर और सूँघकर न प्रसन्न होता है और न दुःखी, उसे ही जितेन्द्रिय समझना चाहिए।

The person who neither becomes happy nor unhappy after touching, looking, eating and smelling deserves to be called controller of senses.

(1416)

श्रूयतां धर्मसर्वस्वं श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।
आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्॥

धर्म का सार पञ्च./काकोलूकीय/100

Śrūyatāṁ dharmasarvasvaṁ, śrutvā caivāvadhāryatām |
Ātmanaḥ pratikūlāni pareṣāṁ na samācaret ||

Substance of Dharma Pañca. / Kāko. / 100

धर्म के सार को सुनो और निश्चय करो कि जो व्यवहार स्वयं को पसन्द नहीं है, वह दूसरों से न किया जाए।

Listen to the essence of religion and make up your mind that one should not behave with others in such a way which he does not like with himself.

(1417)

श्रेयांसि बहुविघ्नानि भवन्ति महतामपि।
अश्रेयसि प्रपन्ने तु क्वापि यान्ति विनायकाः॥

कल्याण के मार्ग में विघ्न सुभाषितावलि / 3427

Śreyāṁsi bahuvighnāni bhavanti mahatāmapi |
Āśreyasi prapanne tu kvāpi yānti vināyakāḥ ||

Subhāśitāvali / 3427

Obstacles in auspicious works

अच्छे कामों के करने में महान् व्यक्तियों को

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भी बहुत विघ्नों का सामना करना पड़ता है। जब कोई संकट आ जाता है, तो पथ-प्रदर्शक भी दृष्टि-गोचर नहीं होते।

Even the great men have to face many obstacles while doing good works. At the time of any adversity even the advisers are not seen there.

(1418)

श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः परधर्मात् स्वनुष्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥

कर्त्तव्य-पालन में ही कल्याण गीता/3/35

Śreyān svadharmo viguṇaḥ paradharmāt svanuṣṭhitāt |
Svadharme nidhanaṁ śreyaḥ paradharmo bhayāvahaḥ ||

Performance of own duty is advantageous Gītā / 3 / 35

अच्छी तरह आचरण में लाये गये दूसरे के कार्य से गुणरहित भी अपना कार्य अत्युत्तम है। अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए मृत्यु भी हो जाए तो अच्छा है, क्योंकि दूसरे का कर्त्तव्य भयावह होता है, (क्योंकि उसे उसका अभ्यास नहीं होता)।

The duty of one's own is better than to carry on other's duty well, inspite of being devoid of merits. If one dies performing his own duty that is for his welfare, as other's duty is dreadful for the person who is not accustommed to do that.

(1419)

श्रोत्रं श्रुतेनैव न कुण्डलेन,
दानेन पाणिर्न तु कङ्कणेन।
विभाति कायः करुणापराणाम्,
परोपकारैर्न तु चन्दनेन॥

श्रेष्ठ व्यक्तियों के आभूषण नीतिशतक/72

Śrotraṁ śrutenaiva na kuṇḍalena,
Dānena pāṇirna tu kaṅkaṇena |
Vibhāti kāyaḥ karuṇāparāṇām,
Paropakārairna tu candanena ||

Ornament of the great Nītiśataka / 72

श्रेष्ठ और दयालु व्यक्तियों के कान ज्ञान की बातों से शोभित होते हैं, कुण्डलों से नहीं। उनके हाथ की शोभा दान देने से होती है, कङ्गन धारण करने से नहीं। उनका शरीर परोपकार से शोभा पाता है, चन्दन के लेप से नहीं।

The ears of great and kind persons are decorated by hearing good things but not with ear-rings. Their hands are beautified by giving alms but not with bangles. Their body is decorated by the help given to others but not with powder of sandalwood.

(1420)

श्लाघ्यः स एको भुवि मानवानां,
स उत्तमः सत्पुरुषः स धन्यः।
यस्यार्थिनो वा शरणागता वा,
नाशाभिभङ्गाद्विमुखाः प्रयान्ति॥

प्रशंसनीय जीवन हितोपदेश/मित्रलाभ/190

Ślāghyaḥ sa eko bhuvi mānavānāṁ,
Sa uttamaḥ satpuruṣaḥ sa dhanyaḥ |
Yasyārthino vā śaraṇāgatā vā,
Nāśābhibhaṅgādvimukhāḥ prayānti ||

Admirable life Hitopa. / Mitrabhe. / 190

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वह उत्तम पुरुष श्रेष्ठ और धन्य है और संसार में मनुष्यों में वही एकमात्र प्रशंसनीय है, जिसके पास से माँगने वाले अथवा शरण में आए हुए लोग निराश होकर उल्टे पाँव नहीं चले जाते।

He is the best, the highest and adorable man in this world among human beings, from whom the beggars or the persons wanting shelters don't go back disappointed.

(1421)

श्लिष्टा क्रिया कस्यचिदात्मसंस्था,
सङ्क्रान्तिरन्यस्य विशेषयुक्ता।
यस्योभयं साधु स शिक्षकाणाम्,
धुरि प्रतिष्ठापयितव्य एव॥

प्रशंसनीय शिक्षक मालविकाग्निमित्र/1/16

Ślisṭā kriya kasyacidātmasaṁsthā,
Saṅkrāntiranyasya viśeṣayuktā |
Yasyobhayaṁ sādhu sa śikṣakāṇām,
Dhuri pratiṣṭhāpayitavya eva ||

Admirable teacher Mālavikāgni. / 1 / 16

किसी की ज्ञानपूर्ण क्रिया अपने तक ही सीमित रहती है और किसी दूसरे की क्रिया अपने ज्ञान को दूसरे तक पहुँचाने में समर्थ होती है। जो कला का पर्याप्त ज्ञान भी रखता है और उसे दूसरों तक पहुँचा भी सकता है, वही शिक्षकों के ऊँचे पद पर स्थापित करने के योग्य होता है।

Some kind of people have sufficient knowledge and can show that practically also which remains limited upto them. The other kind of people have less knowledge but they can transfer their knowledge to others.

The person who possesses sufficient knowledge and can transfer it to others is apt for the high post of teachers; he is the best teacher.

(1422)

श्लोकेन वा तदर्धेन तदर्धादक्षरेण वा।
अवन्ध्यं दिवसं कुर्यात् दानाध्ययनकर्मभिः॥

दिन की सफलता के साधन चाणक्यनीति/2/13

Ślokena vā tadardhena tadardhādakṣareṇa vā |
Avandhyaṁ divasaṁ kuryāt dānādhyayana-karmabhiḥ ||

Cā. nīti / 2 / 13

Means to make the day useful

मनुष्य को चाहिए कि प्रतिदिन एक नये श्लोक, अथवा आधे अथवा चौथाई अथवा कम से कम एक अक्षर का स्वाध्याय करे तथा दान और अध्ययन आदि के कार्यों से दिन को सफल बनाए। तात्पर्य यह है कि मनुष्य को प्रतिदिन कुछ-न-कुछ स्वाध्याय और 'दान अवश्य करना चाहिए।

A man should study a new verse daily or its half or one fourth or one Akṣara and then by giving alms and doing study etc. should make his day useful. It means that a man should study and give alms at least upto lowest quantity to make the day useful.

(1423)

श्वःकार्यमद्य कुर्वीत पूर्वाह्णे चापराह्णिकम्।
न हि प्रतीक्षते मृत्युः कृतमस्य न वा कृतम्॥

समय को मत चूको महाभा./शान्ति/175/15

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Śvaḥkāryamadya kurvīta pūrvāhṇe cāparāhṇikam |
Na hi pratīkṣate mṛtyuḥ kṛtamasya na vā kṛtam ||

Mahābhā. / Śānti / 175 / 15

Don't avoid due time

मनुष्य को चाहिए कि वह कल का कार्य आज और दोपहर के बाद का कार्य दिन के पहले पहर में ही कर ले। मृत्यु इस बात की प्रतीक्षा नहीं करती कि अमुक् व्यक्ति ने अपना कार्य पूरा किया है या नहीं।

One should do his next day's work today and the work of afternoon just before noon. The death never waits whether the work has been done or not.

ष = Ṣa

(1424)

षट्कर्णो भिद्यते मन्त्रश्चतुष्कर्णः स्थिरो भवेत्।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन षट्कर्णं वर्जयेत्सुधीः ॥

रहस्य की रक्षा पञ्च./मित्रभेद/104

Ṣaṭkarṇo bhidyate mantraścatuṣkarṇaḥ sthiro bhavet |
Tasmāt sarvaprayatnena ṣaṭkarṇaṁ varjayet sudhīḥ ||

To save secret Pañca. / Mitrabhe. / 104

छः कानों में अर्थात् तीन व्यक्तियों में पहुँची हुई रहस्य की बात सबमें फैल जाती है और चार कानों अर्थात् दो व्यक्तियों में कही हुई वहीं बात गुप्त रहती है। अतः बुद्धिमान् को चाहिए कि वह छः कानों में बात न पहुँचाए।

A secret said to three persons gets disclosed and it remains hidden if it is told only to two persons. Therefore a wise man never should tell any secret among three persons.

(1425)

षडिमानि विनश्यन्ति, मुहूर्त्तमनवेक्षणात्।
गावः सेवा कृषिर्भार्या, विद्या वृषलसङ्गतिः ॥

उपेक्षा से नाश महाभा./उद्योग/33/91

Ṣaḍimāni vinaśyanti, muhūrttamanavekṣaṇāt |
Gāvaḥ sevā kṛṣirbhāryā, vidyā vṛṣalasaṅgatiḥ ||

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 91

Loss due to ignoring

निम्नलिखित छह वस्तुओं की कुछ देर भी उपेक्षा करने से ये नष्ट हो जाती हैं :- (1) गौएँ, (2) सेवा, (3) खेती, (4) पत्नी, (5) विद्या और (6) नीच व्यक्ति का साथ।

If these things are ignored even for a little time, they are spoiled or ended :- (1) cows, (2) service, (3) farming, (4) wife, (5) learning and (6) the company of a mean fellow.

(1426)

षडिमान् पुरुषो जह्यात्, भिन्नां नावमिवार्णवे।
अप्रवक्तारमाचार्यमनधीयानमृत्विजम् ॥
अरक्षितारं राजानं, भार्यां चाप्रियवादिनीम्।
ग्रामकामं च गोपालं, वनकामं च नापितम् ॥

त्याज्य — छह व्यक्ति महाभा./उद्योगपर्व/33/84-85

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Ṣaḍimān puruṣo jahyāt, bhinnāṁ nāvamivārṇave ।
Apravaktāramācāryamanadhīyānamṛtvijam ॥
Arakṣitāraṁ rājānaṁ, bhāryāṁ cāpriyavādinīm ।
Grāmakāmaṁ ca gopālaṁ, vanakāmaṁ ca nāpitam ॥

Mahābhā. / Udyoga. / 33 / 84-85

To be abandoned these six

जैसे टूटी नौका को समुद्र में ही छोड़ दिया जाता है, उसी प्रकार जो आचार्य अच्छा प्रवक्ता न हो, जो पुरोहित स्वाध्याय न करता हो, जो राजा रक्षा न करता हो, कठोर बोलने वाली पत्नी, गाँव में ही रहने की इच्छा करने वाले ग्वाले और वन में घूमने के इच्छुक नाई को छोड़ देना चाहिए।

As broken boat is left into the sea, in the same manner the following six persons should be deserted :- (1) the teacher who is not a good orator, (2) the priest who does not study, (3) the king who does not protect, (4) the wife who speaks bitterly, (5) the cowherd who wants to stay in the village and (6) the barber who wants to remain in the forest.

(1427)

षडेव तु गुणाः पुंसा, न हातव्याः कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः ॥

न छोड़ने योग्य गुण महाभा./उद्योगपर्व/33/86

Ṣaḍeva tu guṇaḥ puṁsā, na hātavyāḥ kadācana ।
Satyaṁ dānamanālasyamanasūyā kṣamā dhṛtiḥ ॥

Mahābhā. / Udyoga. / 33 / 86

Not abandonable qualities

मनुष्य को ये छः गुण कभी नहीं छोड़ने चाहिए :- (1) सत्यवादिता, (2) दान, (3) पुरुषार्थ, (4) दूसरे की वृद्धि में प्रसन्न रहना, (5) सहन-शीलता और (6) धैर्य।

A man should not abandon the following six qualities :- (1) truthfulness, (2) charity, (3) activity, (4) feeling of happiness on seeing other's prosperity, (5) tolerance and (6) patience.

स = Sa

(1428)

सं पूषन् विदुषा नय।
यो अञ्जसाऽनुशासति य एवेदमिति ब्रवत्॥

निर्भ्रम विद्वान् की चाह ऋ./6/54/1

Saṁ pūṣan viduṣā naya ।
Yo añjasā'nuśāsati, Ya evedamiti bravat ॥

Desire of doubtless teacher Ṛg. / 6 / 54 / 1

हे पुष्टिकारक ईश्वर या विद्वान्! जो वस्तु जैसी हो उसे उसी रूप में जो उपदेश करे, जो सत्य के अनुकूल ही शिक्षा दे अर्थात् यथार्थ रूप से बताए, उससे हमारा साक्षात्-रूप से सम्पर्क करा कर हमारी उन्नति कीजिए।

O promoter God or the head of the institution! Please, make our contact

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

with such a teacher who can explain the reality of things, so that there remains no doubt.

(1429)

संसारयति कृत्यानि सर्वत्र विचिकित्सते।
चिरं करोति क्षिप्रार्थे, स मूढो भरतर्षभ॥

मूढ़ में अवगुण महाभा./उद्योग/33/34

Saṁsārayati kṛtyāni, sarvatra vicikitsate।
Ciraṁ karoti kṣiprārthe, sa mūḍho Bharatarṣabha॥

Mahābhā. / Udyoga / 33 / 34

Demerits in a fool

हे भरतवंशियों में श्रेष्ठ धृतराष्ट्र! जो व्यक्ति कार्यों को बिखेर डालता है, प्रत्येक कार्य को संदेह की दृष्टि से देखता है और शीघ्र करने योग्य कार्यों को करने में देर लगा देता है, वह मूढ़ (मन्दमति) कहलाता है।

O, the best of Bharata dynesty (Dhṛtarāṣṭra), the person who uselessly spreads his work, remains doubtful in all works and gets late in doing the work which should be done soon, is called dull minded.

(1430)

संसार-विषवृक्षस्य द्वे एव रसवत्फले।
काव्यामृतरसास्वादः सङ्गमः सुजनैः सह॥

दो अमृतमय फल हितोपदेश/1/146

Saṁsāra-viṣavṛkṣasya dve eva rasavatphale।
Kāvyāmṛtarasāsvādaḥ, saṅgamaḥ sujanaiḥ saha॥

Two nectarlike fruits Hitopa. / 1 / 146

संसार रूपी विषवृक्ष के केवल दो ही सरस फल हैं – (1) काव्य के अमृत रूपी रस का आस्वादन और (2) सत्सङ्गति करना।

There are only two delicious fruits of the world which is a poisonous tree; (1) the taste of a literary books, which is like the juice of nectar and (2) the company of good persons.

(1431)

सकृज्जल्पन्ति राजानः सकृज्जल्पन्ति पण्डिताः।
सकृत्कन्याः प्रदीयन्ते त्रीण्येतानि सकृत् सकृत्॥

एक बार के कार्य स्कन्दपुराण मा. को./8/61/3

Sakṛjjalpanti rājānaḥ, sakṛjjalpanti paṇḍitāḥ।
Sakṛtkanyāḥ pradīyante, triṇyetāni sakṛt sakṛt॥

Skandapu. Mā. Ko. / 8 / 61 / 3

Works to be done once

राजा एक ही बार बोलते हैं, पण्डित भी एक ही बार बोलते हैं और कन्याएँ भी एक ही बार दी जाती हैं। ये तीन चीजें केवल एक-एक बार ही होती हैं।

The kings speak but once, so do the learned people and girls also are given away but once. All these three happen but once.

(1432)

सकृत् सतां संगतं लिप्सितव्यम्,
ततः परं भविता भव्यमेव।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नातिक्रमेत् सत्पुरुषेण संगतम्,
तस्मात् सतां संगतं लिप्सितव्यम्॥

सज्जनों की संगति का लाभ अज्ञात

Sakṛt satāṁ saṅgataṁ lipsitavyam,
Tataḥ paraṁ bhavitā bhavyameva।
Nātikramet satpuruṣeṇa saṅgatam,
Tasmāt satāṁ saṅgataṁ lipsitavyam॥

Unknown

Advantage of good company

सज्जनों की मित्रता की कामना एक बार ही करनी पड़ती है। उसके बाद तो उत्तम लाभ ही प्राप्त होता रहता है। श्रेष्ठ लोगों की मित्रता कभी टूटा नहीं करती। अतएव सज्जनों की ही मित्रता की कामना करनी चाहिए।

The friendship of good persons is wished only once. After that one obtains best advantages. The friendship of good persons remains permanent. Therefore one must desire the friendship of good ones only.

(1433)

सकृदपि दृष्ट्वा पुरुषं प्राज्ञास्तुलयन्ति सारफल्गुत्वम्।
हस्ततुलयापि निपुणाः पलपरिमाणं विजानन्ति॥

बुद्धिमान् परीक्षक सुभाषितावलि / 240

Sakṛdapi dṛṣṭvā puruṣaṁ prājñāstulayanti sāraphalgutvam।
Hastatulayāpi nipuṇāḥ palaparimāṇaṁ vijānanti॥

Wise examiners Subhāśitāvali / 240

बुद्धिमान् पुरुष किसी व्यक्ति को एक बार ही देख कर उसके सारासार की विवेचना या परख कर लेते हैं। चतुर मनुष्य हाथ के अन्दाजे से ही किसी वस्तु की मात्रा को समझ लेते हैं।

Wise men determine the usefulness or uselessness of a person as they see him even for first time. The experts can say the weight of things even with their hands which work as balances.

(1434)

सकृद्दुष्टं च यो मित्रं पुनः सन्धातुमिच्छति।
स मृत्युमुपगृह्णाति, गर्भमश्वतरी यथा॥

शत्रु बने मित्र से सन्धि पञ्च./लब्धप्रणाश/12

Sakṛddusṭaṁ ca yo mitraṁ punaḥ sandhātumicchati।
Sa mṛtyumupagṛhṇāti, garbhamaśvatarī yathā॥

Pañca. / Labdha. / 12

Treaty with an enemy

एक बार बिगड़े हुए मित्र से जो फिर मित्रता करना चाहता है, उसकी मृत्यु उसी प्रकार हो जाती है, जैसे खच्चर गर्भ को धारण करके मर जाती है। (खच्चर संकर से पैदा होती है और गर्भ-योग्य नहीं रहती)।

A man who wishes to make again the person his friend, whose friendship has been ended, he invites death for himself, as a female mule dies due to its pregnancy.

(1435)

सखा गरीयान् शत्रुश्च कृत्रिमस्तौ हि कार्यतः।
स्यातामभित्रे मित्रे च सहजप्राकृतावपि॥

अच्छे और बुरे मित्र शिशुपालवध/2/36

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Sakhā garīyān śatruśca kṛtrimastau hi kāryataḥ ।
Syātāmamitre mitre ca sahajaprākṛtāvapi ॥

Good and bad friends Śiśupāla. / 2 / 36

उपकार तथा अपकार से बने हुए नकली मित्र और शत्रु, उन मित्रों और शत्रुओं से अच्छे होते हैं जो सम्बन्धजन्य या प्राकृतिक होते हैं। भाव यह है कि कृत्रिम मित्र तो मित्र ही है, परन्तु सम्बन्ध-जन्य मित्र शत्रु बन सकता है, ऐसे ही कृत्रिम शत्रु शत्रु ही रहता है, परन्तु सम्बन्धजन्य शत्रु मित्र भी बन सकता है।

The artificial friends and enemies who come into existence due to some favour and harm respectively, are better than those who are natural or relative. The sense is that a person who becomes a friend due to some favour remains always as a friend, but a relative may become some time an enemy. In the same way the person who becomes an enemy due to some harm, remains enemy always, but a relative enemy may be friend again.

(1436)

सङ्क्षेपात्कथ्यते धर्मो, जनाः, किं विस्तरेण वः।
परोपकारः पुण्याय, पापाय परपीडनम्॥

धर्म का सार पञ्च./काकोलूकीय/99

Saṅkṣepāt kathyate dharmo, janāḥ, kiṁ vistareṇa vaḥ ।
Paropakāraḥ puṇyāya, pāpāya parapīḍanam ॥

Substance of dharma Pañca. / Kāko. / 99

हे लोगो! ध्यान से सुनो, संक्षेप में धर्म का लक्षण समझो, विस्तार से तुम्हें क्या मतलब है? दूसरों का भला करना ही धर्म है और दूसरों को दुःख देना ही पाप है।

Listen people, carefully. Understand briefly about morality and sin. There is no use of explaining it more. To help others is morality and to harm others is sin.

(1437)

सङ्गः सर्वात्मना त्याज्यः स चेत्त्यक्तुं न शक्यते।
स सद्भिः सह कर्त्तव्यः, सतां सङ्गो हि भेषजम्॥

सत्संगति का लाभ हितोपदेश/4/56

Saṅgaḥ sarvātmanā tyājyaḥ, sa cettyaktuṁ na śakyate ।
Sa sadbhiḥ saha karttavyaḥ, satāṁ saṅgo hi bheṣajam ॥

Hitopa. / 4 / 56

Advantage of good company

संग का सर्वथा परित्याग करना चाहिए, पर यदि वह छोड़ा नहीं जा सकता तो वह सज्जनों के साथ ही करना चाहिए, क्योंकि सज्जनों का संग ही दुःखों की औषध है।

Attachment should be given up by all means. If it cannot be given up, it should be made with good people only, The company of good is a medicine in troubles.

(1438)

संहतिः श्रेयसी पुंसां, स्वपक्षे च विशेषतः।
तुषैरपि परिभ्रष्टा न प्ररोहन्ति तण्डुलाः॥

संगठन का लाभ हितो. / मित्रलाभ / 26

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Saṁhgatiḥ śreyasī puṁsāṁ, svapakṣe ca viśeṣataḥ ।
Tuṣairapi paribhraṣṭā na prarohanti taṇḍulāḥ ॥

Hitopa. / Mitralābha. / 26

Advantage of unity

परस्पर मेल बढ़ाने में ही कल्याण है, विशेषत: अपने जैसे व्यक्तियों से। यदि धान के छिलके अलग कर दिये जाएँ तो चावल पैदा नहीं हो सकते। इसलिए तुच्छ साथियों का भी महत्त्व होता है।

Union is beneficial for men, especially with those which are of their standard. Rice seeds when separated from their chaff, do not grow. So, even unity of lower persons is useful.

(1439)

सक्तुमिव तितउना पुनन्तो यत्र धीरा मनसा वाचमक्रत।
अत्रा सखाय: सख्यानि जानते, भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताधिवाचि ॥

आदर्श अध्यापक ऋग्./10/71/2

Saktumiva tita-unā punanto yatra dhīrā manasā vācamakrata ।
Atrā sakhāyaḥ sakhyāni jānate, bhadraiṣām lakṣmīrnihitādhivāci ॥

Ideal teachers Ṛg. / 10 / 71 / 2

जब गम्भीर विद्वान् मन से विचार करते हुए चलनी से छाने हुए सत्तुओं के समान वाणी के प्रत्येक शब्द को बोलते हैं, तब इस विषय में विद्या से प्रेम रखने वाले विद्वान् शब्द और अर्थ के स्थायी सम्बन्ध को जान लेते हैं। इस प्रकार एक-एक शब्द को स्पष्ट करने वाले विद्वानों की वाणी में कल्याणमयी लक्ष्मी-रूपी विद्या स्थित होती है।

As a meal of parched grain is cleaned particle by particle, in the same way the scholars think every word carefully with their mind and then speak them with their tongue. Such persons who love education and utter every word carefully, know the relation between the words and their meanings. In this way the scholars who possess the wealth of education in their tongue are very useful for the pupils.

(1440)

सज्जना एव साधूनां प्रथयन्ति गुणोत्करम्।
पुष्पाणां सौरभं प्रायस्तन्वते दिक्षु मारुता: ॥

सज्जनों द्वारा गुणों का प्रसारण सुभाषितावलि / 287

Sajjanā eva sādhūnāṁ prathayanti guṇotkaram ।
Puṣpāṇāṁ saurabhaṁ prāyastanvate dikṣu mārutāḥ ॥

Subhāśitāvali / 287

Propagation of good qualities

सज्जन लोग ही श्रेष्ठ व्यक्तियों के गुण-समूह को विख्यात करते हैं। पुष्पों की सुगन्ध का चारों ओर प्रसार प्राय: हवाएँ ही किया करती हैं।

It is the good people who make famous the merits of the noble people. It is air, which spreads everywhere the fragrance of flowers.

(1441)

स जीवति गुणो यस्य, धर्मो यस्य स जीवति।
गुणधर्मविहीनो यो जीवनं तस्य निष्फलम् ॥

सफल और निष्फल जीवन चाणक्यराजनीतिशास्त्र/1/23

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Sa jīvati guṇo yasya, dharmo yasya sa jīvati |
Guṇa-dharmavihīno yo, jīvanaṁ tasya niṣphalam ||

Cā. Rājanīti. / 1 / 23

Successful and failed life

जीवन सफल उसी का है, जो गुणवान् और धार्मिक है। जो गुणहीन और धर्म-विहीन है, उसका जीवन तो व्यर्थ है।

Only his life is succesful who earns merits and performs good deeds. The life of a person who has neither merits nor performs good deeds is useless.

(1442)

सत्काव्यभूषणा वाणी, रजनी चन्द्रभूषणा।
सुशीलभूषणा नारी, लक्ष्मीर्विनयभूषणा॥

विविध भूषण सुभाषितावलि / 3431

Satkāvyabhūṣaṇā vaṇī, rajanī candra-bhūṣaṇā |
Suśīlabhūṣaṇā nārī, lakṣmīrvinayabhūṣaṇā ||

Different ornaments Subhāśitāvali / 3431

वाणी की शोभा श्रेष्ठ कविताओं से होती है, रात की शोभा चाँद से होती है, नारी की शोभा सुशीलता से होती है और धन-दौलत की शोभा नम्रता से होती है।

Good poems beautify one's language, the moon beautifies the night, a lady gets beautification by good nature and the beauty of wealth is politeness.

(1443)

सत्यं न मे धनविनाशगताऽस्ति चिन्ता,
भाग्यक्रमेण हि धनानि पुनर्भवन्ति।
एतत्तु मां दहति नष्टधनश्रियो मे,
यत्सौहृदानि सुजने शिथिलीभवन्ति॥

निर्धनता से बड़ी हानि चारुदन्त/1/5

Satyaṁ na me dhanavināśagatāsti cintā,
Bhāgyakrameṇa hi dhanāni punarbhavanti |
Etattu māṁ dahati naṣṭadhanaśriyo me,
Yat sauhṛdāni sujane śithilībhavanti ||

Cārudutt / 1 / 5

Serious harm due to poverty

मैं सच कहता हूँ कि मुझे धन के नाश की कोई चिन्ता नहीं है। भाग्य के फेर से धन फिर मिल जाया करता है। मुझे विशेष दुःख इस बात का है कि मेरी धन-सम्पत्ति चले जाने पर सज्जन लोगों के प्रति मेरी मित्रता शिथिल होती जा रही है।

Truly, I am not worried with the loss of the wealth. Wealth may be earned again when the fortune is favourable. The thing which burns me is that due to my loss of wealth, my friendship with good people is deteriorating.

(1444)

सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो,
ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति।
सा नो भूतस्य भव्यस्य
पत्न्युरुं लोकं पृथिवी नः कृणोतु॥

पृथ्वी के लिए धारक गुण अथर्व./12/1/1

Satyaṁ bṛhadṛtamugraṁ dīkṣā tapo,
brahma yajñaḥ pṛthivīṁ dhārayanti |

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Sā no bhūtasya bhavyasya patnyu-
ruṁ lokaṁ pṛthivī naḥ kṛṇotu ॥

Athava. / 12 / 1 / 1

Qualities to protect the land

बढ़ा हुआ सत्य-ज्ञान और उग्र सत्य-व्यवहार, आत्म-निग्रह, ज्ञान, व्रत-पालन, देव-पूजा, संगठन और उदारता - ये गुण ही पृथ्वी अर्थात् राष्ट्र को धारण करते हैं। यह पृथ्वी ही बीते हुए और होने वाले कार्यों को पालने वाली है। यह पृथ्वी स्वतन्त्रता-पूर्वक हमारे विचरण के योग्य बने।

Promoted truth and its determined practice, self control, knowledge, obeying of rules and principles, respect of learned people, unity and generosity are the supporters of this earth or nation. This earth develops the work which have finished and also which are planned for future. May this earth be fit for our independent movement!

(1445)

सत्यं मनोरमाः कामाः सत्यं रम्या विभूतयः।
किन्तु मत्ताङ्गनापाङ्गभङ्गलोलं हि जीवितम् ॥

जीवन की नश्वरता सुभाषितावलि / 3266

Satyaṁ manoramāḥ kāmāḥ, satyaṁ ramyā vibhūtayaḥ |
Kintu mattāṅganāpāṅgabhaṅgalolaṁ hi jīvitam ॥

Unstability of life Subhāśitāvali / 3266

हमारी कामनाएँ बहुत सुन्दर हैं, धन-सम्पत्ति भी बहुत मनोरम हैं, यह तो सत्य है, किन्तु जीवन तो मदमाती युवतियों के कटाक्ष के समान चञ्चल है।

Our desires are very beautiful and wealths are attractive, but our life is as unsteady as the side glances of an intoxicated lady's are.

(1446)

सत्यं माता पिता ज्ञानं, धर्मो भ्राता दया सखा।
शान्तिः पत्नी क्षमा पुत्रः, षडेते मम बान्धवाः ॥

महात्माओं के सम्बन्धी नीतिशास्त्र/3

Satyaṁ mātā pitā jñānaṁ, dharmo bhrātā dayā sakhā |
Śānthi patnī kṣamā putraḥ, ṣadete mama bāndhavāḥ ॥

Relatives of spiritual people Nītiśāstra / 3

सत्य मेरी माता है, ज्ञान पिता है, धर्म भाई है, दया मित्र है, शान्ति पत्नी है और क्षमा पुत्र है - ये छः मेरे सम्बन्धी हैं।

Truth is my mother, knowledge is my father, Dharma is my brother, kindness is my friend, tranquility is my wife and forbearance is my son. In this way these six are my relatives.

(1447)

सत्यं स्वर्गस्य सोपानं पारावारस्य नौरिव।
न पावनतमं किञ्चित्सत्यादध्यगमं क्वचित् ॥

सत्य से श्रेष्ठ कुछ नहीं है अज्ञात

Satyaṁ svargasya sopānaṁ pārāvārasya nauriva |
Na pāvanatamaṁ kiñcit satyādadhyagamaṁ kvacit ॥

Nothing is better than the truth Unknown

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जैसे सागर पार करने के लिए जलयान या नौका आवश्यक होती है, उसी प्रकार सत्य स्वर्ग तक पहुँचने की सीढ़ी है। मैंने सत्य से अधिक पवित्र कोई भी वस्तु कहीं भी नहीं देखी।

Truth is a stair-case leading to heaven as a boat is for crossing the ocean. I did not know anything anywhere more sacred than truth.

(1448)

सत्यमस्तेयमक्रोधः शौचं धीर्धृतिर्दमः।
संयतेन्द्रियता विद्या धर्मः सर्व उदाहृतः॥

धर्म के अंग याज्ञवल्क्यस्मृति/3/4/66

Satyamasteyamakrodhaḥ śaucaṁ dhīrdhṛtirdamaḥ।
Saṁyatendriyatā vidyā dharmaḥ sarva udāhṛtaḥ॥

Yajña. smṛ. / 3 / 4 / 66

Constituents of Dharma

सत्याचरण, चोरी न करना, क्रोध न करना, पवित्रता, सोचकर कार्य करना, संकट में धैर्य रखना, मन का संयम, इन्द्रियों का संयम, ज्ञान-प्राप्ति - ये सभी मिलकर धर्म माने जाते हैं।

Practice of truth, keeping off theft, keeping off anger, cleanliness, thoughtfulness, control on the mind, control on the senses and getting education - all these are collectively called 'Dharma'.

(1449)

सत्यमेव जयते नानृतम्,
सत्येन पन्था विततो देवयानः।
येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामाः यत्र,
तत्सत्यस्य परमं निधानम्॥

सत्य का परम निधान—ईश्वर मुण्डकोपनिषद्/3/1/6

Satyameva jayate nānṛtam,
satyena panthā vitato devayānaḥ।
Yenākramantyṛṣayo hyāptakāmāḥ Yatra,
tat satyasya paramaṁ nidhānam॥

Muṇḍkopa. / 3 / 1 / 6

Supreme shelter of the truth – God

सत्य की ही विजय होती है, सत्य द्वारा ही मुक्ति तक फैला हुआ मार्ग सुलभ होता है और पूर्ण कामनाओं वाले ऋषि लोग सत्य द्वारा ही जिस तक पहुँचते हैं, वह परमेश्वर ही सत्य का सबसे उत्कृष्ट आश्रय है।

It is the truth, that ever wins. The path which leads to the salvation is obtained through the truth only and the saints whose all desires have been completed, reach upto God who is the supreme abode of the truth, with the help of the truth only.

(1450)

सत्याऽनृता च परुषा प्रियवादिनी च,
हिंस्रा दयालुरपि चार्थपरा वदान्या।
नित्यव्यया प्रचुर-नित्यधनागमा च,
वाराङ्गनेव नृपनीतिरनेकरूपा॥

राजनीति के अनेक रंग नीतिशतक/43

Satyānṛtā ca paruṣā priyavādinī ca,
Hiṁsrā dayālurapi cārthaparā vadānyā।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nityavyayā pracuranityadhanāgamā ca,
Vārāṅganeva nṛpanītiranekarūpā ॥

Many colours of politics Nītiśataka / 43

राजनीति वेश्या के समान विविध रूपों को धारण करती है। सच बोलना और झूठ भी बोलना, कठोर बोलना और मीठा भी बोलना, हिंसक बनना और दयालु भी हो जाना, धनेच्छु होना और उदार भी बन जाना, प्रतिदिन खर्च करते रहना और प्रतिदिन खूब धन भी प्राप्त करना – इस प्रकार इसके ये अनेक रूप हैं।

The politics is like a harlot which assumes different forms. It is truthful and yet false, it is harsh and yet sweet speaking, it is violent yet merciful, it is parsimonious yet liberal and it is incurring expenditure and yet realising large sums of money.

(1451)

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

रक्षा के साधन महाभारत/उद्योगपर्व/34/35

Satyena rakṣyate dharmo, vidyā yogena rakṣyate ।
Mṛjayā rakṣyate rūpaṁ, kulaṁ vṛttena rakṣyate ॥

Mahābhā. / Udyoga. / 34 / 35

Means to protect

धर्म की रक्षा सत्य से, विद्या की रक्षा अभ्यास से, रूप की रक्षा शुद्धि से और कुल की रक्षा चरित्र से होती है।

Virtue is preserved with truthfulness, learning with practice, beauty with cleanliness and the family is preserved with character.

(1452)

सत्सङ्गतेर्भवतिसाधुता खलानाम्,
साधूनां न खलसङ्गतेः खलत्वम्।
आमोदं कुसुमभवं मृदेव धत्ते,
मृद्गन्धं न हि कुसुमानि धारयन्ति॥

सत्संगति का प्रभाव चाणक्यनीति/12/7

Satsaṅgaterbhavati sādhutā khalānām,
Sadhūnāṁ na khalasaṅgateḥ khalatvam ।
Āmodaṁ kusumabhavaṁ mṛdeva dhatte,
Mṛdgandhaṁ na hi kusumāni dhārayanti ॥

Effect of good company Cā. nīti. / 12 / 7

सत्संगति से दुष्टों में श्रेष्ठ भाव आ जाते हैं, परन्तु कुसङ्गति का सज्जनों पर दुष्प्रभाव नहीं पड़ा करता। फूलों में उत्पन्न सुगन्ध को मिट्टी तो धारण कर लेती है, परन्तु फूल मिट्टी के गन्ध को धारण नहीं किया करते।

A company of good persons makes the bad persons good, but the bad company has no bad effect on good people. The fragrance of flowers is adopted by soil but the smell of soil doesn't have any effect on flowers.

(1453)

सदसस्पतिमद्भुतं प्रियमिन्द्रस्य काम्यं सनिं मेधामयासिषम् स्वाहा॥

ईश्वर के गुण यजु./32 /13

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Sadasaspatimadbhutaṁ priyamindrasya kāmyaṁ saniṁ medhāmayāsiṣam svāhā ।

Qualities of God Yaju. / 32 / 13

परमात्मा ही सकल संसार, हमारी सभाओं और हमारे शरीरों का स्वामी है। वह अनुपम है और आत्मा द्वारा कामना करने योग्य है। वह सभी को कर्मानुसार फल दे रहा है। मैं अपनी धारणावती बुद्धि और शुभ कर्मों के द्वारा उसकी ओर बढ़ रहा हूँ।

God is the master of the whole world and also our society and bodies. He is strange and loving. It is He Who is desirable by ourselves. He gives results to everybody according to one's works. I am reaching to Him with my intellect and good actions.

(1454)

सद्भावेन हरेन्मित्रं सम्भ्रमेण च बान्धवान्।
स्त्रीभृत्यान् प्रेमदानाभ्यां दाक्षिण्येनेतराञ्जनान्॥

आकर्षक विधियाँ कामन्दकीय नीतिसार/3 /33

Sadbhāvena harenmitraṁ, sambhrameṇa ca bāndhavān ।
Strībhṛtyān premadānābhyāṁ, dākṣiṇyenetarāñjanān ॥

Attractive methods Kāmandkiya. / 3 / 33

सद्भाव से मित्र को, आदर से बन्धुजनों को, प्रेम से स्त्री को, नौकर-चाकरों को कुछ ले-देकर और शालीनता से अन्य लोगों को वश में करना चाहिए।

One should win over a friend with goodwill, the kinsmen with due respect, the woman with love, attendants with gifts and the other people with generosity.

(1455)

सद्यः फलति गान्धर्वं मासमेकं पुराणकम्।
वेदा फलन्ति कालेषु ज्योतिर्वैद्यौ निरन्तरम्॥

लाभ-प्राप्ति के समय अज्ञात

Sadyaḥ phalati gāndharvaṁ, māsamekaṁ purāṇakam ।
Vedā phalanti kāleṣu, jyotirvaidyau nirantaram ॥

Times to achieve advantages Unknown

गायन तत्काल, पुराण एकमास में और वेद दीर्घ-काल में फलप्रद होते हैं; परन्तु ज्योतिष और वैद्य सभी समयों में लाभकर होते हैं।

Music is fruitful at once, the Puraṇas become fruitful in one month, the Vedas show their effect at due time and astrology and the doctors are always useful.

(1456)

सन्ततिर्नास्ति वन्ध्यायाः, कृपणस्य यशो न हि।
कातरस्य जयो नैव, मद्यपस्य न सद्गतिः॥

निन्दनीय व्यक्ति हिङ्गुलप्रकरण/21/3

Santatirnāsti vandhyāyāḥ, kṛpaṇasya yaśo na hi ।
Kātarasya jayo naiva, madyapasya na sadgatiḥ ॥

Condemnable persons Hiṅgula / 21 / 3

बाँझ की सन्तान नहीं होती, कंजूस को यश नहीं मिलता, कायर को विजय प्राप्त नहीं होती और शराबी की सद्गति नहीं होती।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

A barren women has no child, a miser gets no fame, a coward obtains no victory and a drunkard has no happy life.

(1457)

सन्तप्तायसि संस्थितस्य पयसो नामापि न ज्ञायते,
मुक्ताकारतया तदेव नलिनीपत्रस्थितं राजते।
स्वातौ सागरशुक्तिकुक्षिपतितं तन्मौक्तिकं जायते,
प्रायेणाधम-मध्यमोत्तमगुणः संवासतो जायते॥

संगति का प्रभाव पञ्च./मित्रभेद/194

Santaptāyasi saṁsthitasya payaso nāmāpi na jñāyate,
Muktākāratayā tadeva nalinīpatrasthitaṁ rājate।
Svātau sāgaraśuktikukṣipatitaṁ tanmauktikaṁ jāyate,
Prāyeṇādhama-madhyamottamaguṇaḥ saṁvāsato jāyate॥

Pañca. / Mitrabhe. / 194

Effect of the company

यदि पानी की बूँद तपे हुए लोहे पर पड़े तो उसका नामोनिशान भी मिट जाता है। वही बूँद यदि कमल के पत्ते पर हो तो मोती जैसी दिखाई देती है। स्वाति नक्षत्र के अवसर पर यदि मेघ की एक भी बूँद सीप के पेट में चली जाए, तो वह मोती ही बन जाती है। इस प्रकार प्रायः देखा जाता है कि नीच, मध्यम या उत्तम संगति के अनुसार ही बुरे, मध्यम तथा उत्तम गुणों का जन्म होता है।

If a drop of water falls upon a heated iron piece, it loses its existence. If the same drop comes on a leaf of a lotus, it looks like a pearl. If a drop of cloud goes into the belly of an oyster at the time of the star 'Svāti', it gets the form of a pearl. So it is often seen that bad, medium or good merits are produced according to the company one gets.

(1458)

सन्तानवाहीन्यपि मानुषाणां,
दुःखानि सम्बन्धिवियोगजानि।
दृष्टे जने प्रेयसि दुःसहानि,
स्रोतःसहस्रैरिव सम्प्लवन्ते॥

दुःखों की उग्रता का समय उत्तररामचरित / 4 / 8

Santānavāhīnyapi mānuṣāṇāṁ,
Duḥkhāni sambandhiviyogajāni।
Dṛṣṭe jane preyasi duḥsahāni,
Srotaḥsahasrairiva saṁplavante॥

Uttararāma. / 4 / 8

Time of bursting of pains

सम्बन्धीजन के विनाश से उत्पन्न निरन्तर बहते हुए भी मनुष्यों के दुःख किसी प्रिय व्यक्ति के सामने आ जाने पर दुःसह होकर मानो हजारों धाराओं में फूट कर बहने लगते हैं।

Sorrows of men produced from the loss of a kinsman flow continuously, but whenever a dear person comes to sight, they become such intolerable as if they begin to flow in thousands of streams.

(1459)

सन्ति पुत्राः सुबहवो दरिद्राणामनिच्छताम्।
नास्ति पुत्रः समृद्धानां विचित्रं विधिचेष्टितम्॥

विधाता की विचित्र गति महाभारत शा.प./28/24

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Santi putrāḥ subahavo daridrāṇāmanicchatām |
Nāsti putraḥ samṛddhānāṁ, vicitraṁ vidhiceṣṭitam ||

Mahābhā. / Śānti. / 28 / 24

Strange system of fortune

गरीबों के न चाहते हुए भी अनेक पुत्र हो जाते हैं, परन्तु अमीरों के पुत्र प्रायः होते ही नहीं। दैव की लीला विचित्र है।

The poor, though having no desire, get many sons, but on the other hand the rich have no son generally. Strange is the course of destiny.

(1460)

सन्ति वै पुरुषाः शूराः, सन्ति कापुरुषास्तथा।
उभावेतौ दृढौ पक्षौ दृश्येते पुरुषान् प्रति॥

वीरों और कायरों की स्थिति महाभा./उद्योग/4/2

Santi vai puruṣāḥ śūrāḥ, santi kāpuruṣāstathā |
Ubhāvetau dṛḍhau pakṣau dṛśyete puruṣān prati ||

Mahābhā. / Udyoga / 4 / 2

Place of the brave and cowards

कुछ पुरुष बहादुर होते हैं और कुछ कायर। ये दोनों रूप सभी स्थानों पर पुरुषों में देखे जाते हैं।

There are some brave persons, while some are cowards. These two forms may be seen everywhere.

(1461)

सन्तोषामृततृप्तानां यत्सुखं शान्तचेतसाम्।
कुतस्तद्धनलुब्धानामितश्चेतश्च धावताम्॥

सन्तोष का महत्त्व पञ्च./मित्रसम्प्राप्ति/149

Santoṣāmṛtatṛptānāṁ, yatsukhaṁ śāntacetasām |
Kutastaddhanalubdhānāmitaścetaśca dhāvatām ||

Pañca. / Mitrasam. / 149

Greatness of contentment

सन्तोष-रूपी अमृत से सन्तुष्ट रहने वाले शान्तचित्त वालों को जो सुख प्राप्त होता है, वह सुख धन के लोभी इधर-उधर दौड़ने वाले लोगों को कैसे प्राप्त हो सकता है? अर्थात् वह सुख उन्हें नहीं मिल सकता।

The happiness which is obtained by such people who are calm-minded and remain contented with the nectar of contentment, can never be obtained by those people who run from one place to the other in the desire of money.

(1462)

समानी प्रपा सह वोऽन्नभागः,
समाने योक्त्रे सह वो युनज्मि।
सम्यञ्चोऽग्निं सपर्य -
तारा नाभिमिवाभितः॥

प्रेम के साधन अथर्व./3/30/6

Samanī prapā saha vo'nnabhāgaḥ,
samāne yoktre saha vo yunajmi |
Samyañco'gniṁ saparya-
tārā nābhimivābhitaḥ ||

Means to love Atharva. / 3 / 30 / 6

प्रभु मानवमात्र को उपदेश दे रहे हैं — "हे मनुष्यो! तुम्हारा जलपान आदि का स्थान और भोजन

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आदि का स्वरूप भी समान होना चाहिए। मैं तुम्हें सवारी के एक जैसे साधन प्राप्त करने की प्रेरणा देता हूँ। तुम लोग संगठित होकर यज्ञ-हवन आदि द्वारा अग्नि का वैसे ही सेवन करो जैसे रथ-चक्र की नाभि के चारों ओर सभी अरे संगठित होकर स्थित होते हैं।''

God advises the men, "O dear human beings, your place of water drinking and also your food should be similar. I suggest you to have vehicles, similar. All of you be united to perform havana-yajña etc. and get advantages from fire in such a way as spokes remain united with the axle in a wheel.

(1463)

समानी व आकूतिः, समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो, यथा वः सुसहासति॥

संगठन का ढंग ऋ./10/191/4

Samānī va ākūtiḥ, samānā hṛdayāni vaḥ।
Samānamastu vo mano, yathā vaḥ susahāsati॥

Method to protect unity Ṛg./10/191/4

हे मनुष्यो! तुम्हारे सङ्कल्प एक-समान हों, तुम्हारे हृदय एक जैसे हों और मन द्वारा तुम्हारा मनन ऐसा हो कि तुम्हारा संगठन सदा सुस्थिर रहे।

O men! Your determinations should be similar, your hearts should work similarly and thinking of minds should be similar in such a way as your unity should always remain permanent.

(1464)

समाने शोभते प्रीतिः, राज्ञि सेवा च शोभते।
वाणिज्यं व्यवहारेषु, दिव्या स्त्री शोभते गृहे॥

शोभा के स्थल चाणक्यनीति/2/20

Samāne śobhate prītiḥ, rājñi sevā ca śobhate।
Vāṇijyaṁ vyavahāreṣu, divyā strī śobhate gṛhe॥

Places of beauty Cā. nīti./2/20

प्रेम समान व्यक्तियों में ही अच्छा लगता है, राजा की सेवा अच्छी होती है, लेन-देन में व्यापार अच्छा होता है और सुन्दर स्त्री घर की शोभा होती है।

Love is justified in equal persons. The king's (government's) service is good. In occupations business is the best and a beautiful lady beautifies the house.

(1465)

समानो मन्त्रः समितिः समानी,
समानं मनः सह चित्तमेषाम्।
समानमन्त्रमभिमन्त्रये वः,
समानेन वो हविषा जुहोमि॥

संगठन के सूत्र ऋ./10/191/3

Samāno mantraḥ samitiḥ samānī,
samānaṁ manaḥ saha cittameṣām।
Samānamantramabhimantraye vaḥ,
Samānena vo haviṣā juhomi॥

Principles of unity Ṛg./10/191/3

हे मनुष्यो! तुम्हारा मनन-चिन्तन एक जैसा हो,

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तुम्हारी समिति समान हो और तुम्हारा मन और चित्त भी एक जैसा हो। मैं तुम्हें समान मन्त्र-ज्ञान से मन्त्र-युक्त बनाता हूँ और एक समान देय पदार्थों से सम्पन्न करता हूँ।

O men! May your thoughts and considerations be similar! May your committee have equal opinion! May your thinking and recognition be similar! I make you possess equal secret knowledge and give you similar things to help to each other.

(1466)

समूलघातमघ्नन्तो परान्नोद्यन्ति मानिनः।
प्रध्वंसितान्धतमसस्तत्रोदाहरणं रविः॥

शत्रु का पूर्ण विनाश आवश्यक शिशुपालवध/2/33

Samūlaghātamaghnanto parānnodyanti māninaḥ।
Pradhvaṁsitāndhatamasastatrodāharaṇaṁ raviḥ॥

Śiśupāla / 2 / 33

To uproot the enemy positively

स्वाभिमानी लोग जब तक शत्रुओं का पूर्णतः उन्मूलन नहीं कर देते, वे विश्राम नहीं करते। अन्धकार को पूर्णतः नष्ट कर देने वाला सूर्य ही इसका प्रबल दृष्टान्त है।

Till the self-respectful persons don't uproot their enemies, they have no rest. The sun who destroys the darkness fully is its good example.

(1467)

सम्पत्सु महतां चेतो भवत्युत्पलकोमलम्।
आपत्सु च महाशैलशिलासंघातकर्कशम्॥

बड़ों में विचित्रता नीतिशतक/6

Sampatsu mahatāṁ cheto bhavatyutpalakomalam।
Āpatsu ca mahāśailaśilāsaṁghātakarkaśam॥

Peculiarity in the great Nītiśatak / 6

महान् पुरुषों का हृदय समृद्धि के समय तो कमल के समान कोमल होता है परन्तु वही आपत्तिकाल में महान् पर्वत के शिला-समूह के समान कठोर हो जाता है।

The mind of greatmen becomes as mild as a flower in the time of their prosperity, but during any adversity it becomes so hard as a multitude of rocks.

(1468)

सम्पत्तौ च विपत्तौ च महतामेकरूपता।
उदये सविता रक्तो रक्तश्चास्तमये तथा॥

सुख-दुख में समानता पञ्च./मित्रसम्प्राप्ति/7

Sampattau ca vipattau ca mahatāmekarūpatā।
Udaye savitā rakto raktaścāstamaye tathā॥

Pañca. / Mitrasam. / 7

Equality in weal and woe

सम्पत्ति हो या विपत्ति, दोनों दशाओं में महान पुरुष एक जैसे ही दिखाई देते हैं; जैसे सूर्य उदय होते समय भी और डूबते समय भी लाल ही होता है।

During prosperity or adversity the greatmen remain undisturbed; as the sun when rises or when it sets is seen red in the both cases.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(1469)

सम्पदा सुस्थिरम्मन्यो भवति स्वल्पयाऽपि यः।
कृतकृत्यो विधिर्मन्ये न वर्धयति तस्य ताम्॥

हीन मनुष्य शिशुपालवध/2/32

Sampadā susthirammanyo bhavati svalpayā'pi yaḥ |
Kṛtakṛtyo vidhirmanye na vardhayati tasya tām ||

Low person Śiśupāla / 2 / 32

जो व्यक्ति थोड़ी सी भी धन-दौलत प्राप्त करके सन्तुष्ट हो जाता है, विधाता उसके इस चिन्तन से अपना कर्त्तव्य पूरा समझ लेता है (कि मैंने इसकी इच्छा पूरी कर दी है), अतः वह उसकी सम्पत्ति को और अधिक नहीं बढ़ाता।

A man who becomes satisfied after getting even very little wealth, the fate thinks its own duty completed and so it does not increase his wealth more.

(1470)

सम्पदि यस्य न हर्षो विपदि विषादो रणे च भीरुत्वम्।
तं भुवनत्रय-तिलकं जनयति जननी सुतं विरलम्॥

दुर्लभ व्यक्ति हितोपदेश/मित्रलाभ/33

Sampadi yasya na harṣo, vipadi viṣādo raṇe ca bhīrutvam |
Taṁ bhuvanatrayatilakaṁ janayati jananī sutaṁ viralam ||

Rare person Hitopa. / Mitralābha / 33

सम्पत्ति आने पर जिसे प्रसन्नता नहीं होती, विपत्ति के समय जो दुःखी नहीं होता और युद्ध के मैदान में जो डरता नहीं, तीनों लोकों में श्रेष्ठतम ऐसे किसी विरले पुत्र को ही माता जन्म देती है, अर्थात् ऐसे लोग बहुत कम होते हैं।

The son who neither feels happiness in prosperity, nor feels sadness in adversity and nor feels fear in the battle-field, is the best among the three worlds and is born rarely to any mother.

(1471)

सम्भोजनं सङ्कथनं सम्प्रश्नोऽथ समागमः।
ज्ञातिभिः सह कार्याणि, न विरोधः कथञ्चन॥

सम्बन्धियों से सद्व्यवहार महाभा. / उद्योग. / 39 / 24

Sambhojanaṁ saṅkathanaṁ sampraśno'tha samāgamaḥ |
Jñātibhiḥ saha kāryāṇi na virodhaḥ kathañcana ||

Mahābhā. / Udyoga / 39 / 24

Behaviour with relatives

अपने सम्बन्धियों के साथ मिलकर भोजन, वार्त्तालाप, विचार-विमर्श और मेल-जोल करना चाहिए और उनसे विरोध कभी भी नहीं करना चाहिए।

One should have meals, consultation, dialogue and unity with his relatives but never have enmity against them.

(1472)

सभां वा न प्रवेष्टव्यम्, वक्तव्यं वा समञ्जसम्।
अब्रुवन् विब्रुवन् वापि, नरो भवति किल्विषी॥

सभासद् के कर्त्तव्य मनु./8/13

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Sabhāṁ vā na praveṣṭavyam, vaktavyaṁ vā samañjasam |
Abruvan vibruvan vāpi, naro bhavati kilviṣī ||

Manu. / 8 / 13

Duties of the member of an assembly

या तो सभा में प्रवेश नहीं करना चाहिए या यदि प्रवेश किया जाए, तो उचित सत्य ही बोलना चाहिए। सत्य न बोलने वाला अथवा असत्य बोलने वाला मनुष्य पाप का भागी होता है।

Either one should not assemble in the meeting or if he assembles, he must tell the justified truth. The person who does not speak or speaks lies becomes a sinner.

(1473)

सम्भ्रमः स्नेहमाख्याति वपुराख्याति भोजनम्।
आचारः कुलमाख्याति देशमाख्याति भाषणम्॥

संकेतों से गुणों का बोध नराभरण/52

Sambhramaḥ snehamākhyāti, vapurākhyāti bhojanam |
Ācāraḥ kulamākhyāti, deśamākhyāti bhāṣaṇam ||

Narābharaṇa / 52

Knowing of qualities by signs

सम्मान में व्याकुलता प्रेम को प्रकट करती है, शरीर भोजन के स्वरूप को बताता है, रहन-सहन का ढंग खानदान का बोधक होता है और बोलने का ढंग निवास-स्थान को बताता है।

The confusion in respect shows love, physique tells about one's food, the attitude and behaviour shows one's family and way of speaking expresses one's native place.

(1474)

सर्पः क्रूरः खलः क्रूरः, सर्पात्क्रूरतरः खलः।
मन्त्रौषधिवशः सर्पः, खलः केन निवार्यते॥

दुष्ट और साँप (चाणक्यशतक)

Sarpaḥ krūraḥ khalaḥ krūraḥ, sarpāt krūrataraḥ khalaḥ |
